
RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 94
लखनऊ, शनिवार, 22 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सिंधु सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन के सेमीफाइनल में

स्पोर्ट्स-12

भाजपा ने जारी की 85 उम्मीदवारों की एक और सूची

# असीम अरुण, रामवीर, अदिति और नितिन अग्रवाल को टिकट


असीम अरुण


रामवीर उपाध्याय


अदिति सिंह


नितिन अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तीसरे तथा चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों के लिए पार्टी उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा ने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हाथरस के कद्दावर नेता रामवीर उपाध्याय को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस छोड़ने वाली अदिति सिंह के साथ ही समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल नितिन अग्रवाल को भी टिकट मिला है।

कानपुर के पुलिस कमिश्नर पद को छोड़कर वीआरएस लेने वाले आइपीएस अधिकारी असीम अरुण को भी भाजपा ने मैदान में उतारा है। भाजपा ने तीसरे व चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्र के लिए शुक्रवार को सूची जारी की है। भाजपा की इस चौथी लिस्ट में अदिति सिंह, नितिन अग्रवाल और असीम अरूण का नाम शामिल है। कुल 85 प्रत्याशियों की सूची में 15 महिलाओं को टिकट दिया गया है।

औरैया की बिधूना विधानसभा सीट पर भाजपा ने विधायक विनय शाक्य की बेटी रिया शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। विनय शाक्य पिछले दिनों ही स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में भाजपा छोड़कर सपा में गए हैं। रिया ने अपने चाचा पर आरोप लगाया था कि उनके पिता को बंधक बनाकर रखा गया है। अब अगर विनय शाक्य इस सीट पर चुनाव लड़ते हैं तो मुकाबला रोचक होगा। सपा छोड़कर भाजपा में गए पूर्व विधायक व मुलायम सिंह यादव के साढ़ू प्रमोद गुप्ता को टिकट मिलने की चर्चा थी। वह इसी सीट पर 2012 में विधायक चुने गए थे। भाजपा प्रत्याशियों की तीसरी सूची में उन्नाव की पांच विधानसभा सीटों से पार्टी ने विधायकों को ही प्रत्याशी बनाया है। बांगमऊ से श्रीकांत कटियार, सफीपुर से बंबालाल ( शेष पेज 9 )

## कांग्रेस ने कहाः नया उत्तर प्रदेश बनाएंगे और 20 लाख रोजगार देंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को युवाओं के लिए घोषणापत्र जारी किया और कहा कि वह युवाओं की शक्ति के आधार पर नया उत्तर प्रदेश बनाएगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भर्ती विधानः युवा घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 20 लाख रोजगार देने, भर्ती प्रक्रिया को दुरुस्त करने और शिक्षा का बजट बढ़ाने समेत कई वादे किए गए हैं। कांग्रेस ने इस मौके पर मेरा जॉब मुझे मिलेगा... नामक गीत भी जारी किया। युवाओं पर आधारित घोषणापत्र जारी करते हुए प्रियंका गांधी ने ( शेष पेज 9 )

## केवल भाजपा ही कर सकती है सबको सुरक्षा देने का कार्यः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● हमने जो कहा सो कर के दिखाया और यह तब किया जब सोच ईमानदार और काम दमदार

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में चुनाव कैंपेन और थीम सांग का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमने जो कहाए सो कर के दिखाया और यह तब किया, जब सोच ईमानदार और काम दमदार है। न वंशवाद, न जातिवाद, न दंगा फसाद।

सबको सुरक्षा और सबको संवृद्धि देने का भाव यह कोई पैदा कर सकता है, तो केवल भाजपा कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल गंगा, निर्मल गंगा। भव्य और दिव्य कुंभ। राम लला हम आएंगेए मंदिर वहीं बनाएंगे। काशी विश्वनाथ धाम भी डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करके दिखाया है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश की बेटियों और माताओं को सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी भाजपा सरकार ने दिया। जो माफिया सत्ता का शागिर्द बनकर गरीबों, व्यापारियों, संभ्रांत लोगों ( शेष पेज 9 )


भाजपा में शामिल होने के बाद सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से आशीर्वाद लेतीं अपर्णा यादव

## भाजपा में शामिल होने के बाद लखनऊ लौटीं अपर्णा, मुलायम से लिया आशीर्वाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद अपर्णा बिष्ट यादव शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ लौटीं और अपने ससुर एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। अपर्णा ने शुक्रवार को मुलायम सिंह यादव का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा की। अपर्णा ने ट्वीट में कहा, भाजपा की सदस्यता लेने के बाद लखनऊआने पर पिताजी/नेताजी से आशीर्वाद लिया।

अपर्णा ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भाजपा की सदस्यता ग्रहण करके दिल्ली से लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मैं आप सबको धन्यवाद ज्ञापित करती हूं कि इतनी बड़ी संख्या में पधार कर आप सबने मेरा सम्मान बढ़ाया और उत्साहवर्धन किया। मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल हो गईं थीं। अपर्णा के भाजपा में शामिल होने पर उन्हें बधाई देते हुए समाजवादी पार्टी ( शेष पेज 9 )

## युद्ध स्मारक पहुंची अमर जवान ज्योति इंडिया गेट पर लगेगी बोस की प्रतिमा

● कांग्रेस समेत अनेक हस्तियों ने किया विरोध, अमर जवान ज्योति हटाने को बताया सैनिकों का अपमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली स्थित इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति का शुक्रवार को नवनिर्मित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में अखंड ज्योति में विलय कर दिया गया। हालांकि, सरकार के इस निर्णय का कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कुछ दिग्गजों और राजनेताओं ने विरोध किया और इसे शहीद सैनिकों का अपमान बताया।

एक संक्षिप्त सैन्य समारोह में इंडिया गेट पर दोपहर में अमर जवान ज्योति की लौ को लिया गया और लगभग 400 मीटर दूर युद्ध स्मारक में मिला दिया गया। एकीकृत रक्षा स्टाफ



के प्रमुख मार्शल बीआर कृष्णा ने परेड और सलामी सहित समारोह की अध्यक्षता की। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो उनके प्रति भारत के ऋणी होने के प्रतीक के रूप में है। यह घोषणा बोस की 125वीं जयंती से पहले की गई। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि जब तक प्रतिमा की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक प्रतिमा स्थल पर नेताजी का होलोग्राम लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं नेताजी की जयंती 23 जनवरी को होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण करूंगा। मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि ऐसे समय में जब पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मना रहा है, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ग्रेनाइट से बनी उनकी भव्य प्रतिमा इंडिया गेट पर लगाई जाएगी।


प्रतिमा को भव्य छत्र के नीचे स्थापित किया जाएगा जहां अमर जवान ज्योति की लौ प्रज्ज्वलित होती है। 1930 के दशक में सर एडविन लुटियन द्वारा शेष भव्य स्मारक के साथ बनाया गया था, छत्र में एक बार इंग्लैंड के पूर्व राजा जॉर्ज पंचम की एक मूर्ति रखी गई थी। 1960 के दशक प्रतिमा को बाद में मध्य दिल्ली के कोरोनेशन पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्ष 2019 में बनाया गया राष्ट्रीय युद्ध स्मारक अब सैन्य समारोहों और ( शेष पेज 9 )

## मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल ने भाजपा छोड़ी

● पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ेंगे चुनाव

**भाषा।** पणजी

**गोवा** के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ दी। उत्पल पर्रिकर ने घोषणा की कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। सत्तारूढ़ दल भाजपा ने पणजी सीट से मौजूदा विधायक अतानासियो मॉन्सरेट को मैदान में उतारा है, जिसका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक मनोहर पर्रिकर ने किया। पर्रिकर ने कहा, मेरे पास और कोई विकल्प नहीं बचा था। मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और मैं पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस्तीफा एक औपचारिकता थी, लेकिन भाजपा हमेशा मेरे दिल में



रहेगी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक मुश्किल विकल्प है, मैं यह गोवा के लोगों के लिए कर रहा हूं। मेरे राजनीतिक भविष्य को लेकर किसी को चिंता नहीं होनी चाहिए, वह गोवा के लोग करेंगे। पर्रिकर ने कहा कि भाजपा ने उन्हें अन्य विकल्प (पणजी के अलावा अन्य निर्वाचन क्षेत्रों) की पेशकश की थी। उन्होंने कहा, मैं उन मूल्यों के लिए लड़ रहा हूं, जिन पर मैं विश्वास करता हूं। पणजी के लोगों को निर्णय लेने दें। मैं अपनी पार्टी के साथ बातचीत नहीं कर सकता। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अन्य राजनीतिक दलों का समर्थन मांगेंगे, उन्होंने कहा कि उनके लिए एकमात्र मंच भाजपा है। पर्रिकर ने कहा, अगर भाजपा नहीं तो मैं निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ूंगा। मैं किसी अन्य राजनीतिक दल का चयन नहीं करूंगा।

## हरक सिंह रावत कांग्रेस में शामिल



**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** विधानसभा चुनाव से कुछ दिनों पहले पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे कुछ दिन पूर्व उन्हें भाजपा से निष्कासित किया गया था। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, विधायक दल के नेता प्रीतम सिंह और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में हरक सिंह रावत पार्टी में शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार हरक सिंह रावत के साथ उनकी पुत्रवधू अनुकृति भी कांग्रेस में शामिल हुईं। पिछले दिनों हरक सिंह रावत को उत्तराखंड सरकार से बर्खास्त और भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था।

## यूपी में कोरोना के 16456 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार जारी है। शुक्रवार को प्रदेश में 16456 नए मरीज सामने आए हैं। जबकि 22 मरीजों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण के वर्तमान में 95866 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शुक्रवार को गौतमबुद्ध नगर में 1465 गाजियाबाद में 778 मेरठ में 1020 वाराणसी में 673 केस मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,41,457 सैंपल की जांच की गयी।

प्रदेश में अब तक कुल 97462647 सैम्पल की जांच की गयी हैं। कल विभिन्न जनपदों से आरटीपीसीआर के लिए 123636 सैम्पल भेजे गये है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 17600 तथा अब तक 1797728 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 95866 एक्टिव मामले हैए जिनमे 93078 लोग होम आइसोलेशन में है। लगभग 1.5 प्रतिशत लोग ही अस्पताल में भर्ती है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 20 जनवरी 2022 को एक दिन में कुल 2612031 डोज दी गयी है, जिनमे 15 से ( शेष पेज 9 )

### देश में 235 दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक उपचाराधीन मरीज

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 3,47,254 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,85,66,027 हो गई। संक्रमण के कुल मामलों में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के 9,692 मामले भी शामिल हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 20,18,825 हो गई है, जो कुल मामलों का 5.23 प्रतिशत है। देश में 235 दिन में उपचाराधीन मरीजों की यह संख्या सर्वाधिक है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 94,774 की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 703 ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,037 | ↓ | 427 | |
| निफ्टी | 17,617 | ↓ | 139 | |
| सोना | 48,340 | ↑ | 29 | /10g |
| चांदी | 65,112 | ↑ | 634 | /kg |

### क्विक न्यूज

**लखीमपुर हिंसाः एसआईटी ने दूसरी प्राथमिकी के संबंध में आरोप पत्र दाखिल किया**

**लखीमपुर खीरी (उप्र)।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में दूसरी प्राथमिकी के संबंध में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी (एसपीओ) एस पी यादव ने बताया, एसआईटी ने प्राथमिकी संख्या 22012021 के संबंध में शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) मोना सिंह की अदालत में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। प्राथमिकी संख्या 220 के तहत गिरफ्तार किए गए सात आरोपियों में से पुलिस ने चार आरोपियों विचित्र सिंह, गुरविंदर सिंह, कमलजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए हैं।

## घरेलू हवाई यात्रा के दौरान सिर्फ एक हैंडबैग ले जा सकेंगे

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**घरेलू** हवाई यात्रा के दौरान यात्रियों को अब एक से अधिक हैंड बैगेज ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएक) को नियम को सख्ती से लागू करने के लिए कहा हैए जिसमें प्रति यात्री केवल एक हैंडबैग ले जाने की अनुमति है। सीआईएसएफ ने कहा है कि एक से अधिक केबिन हैंडबैग वाले यात्री हवाई अड्डों पर सुरक्षा चेक-इन काउंटरों पर अधिक समय रहने से जाम लगता है, जिससे साथी यात्रियों को देरी, भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता है। सीआईएसएफ भारत के सभी प्रमुख हवाई अड्डों की सुरक्षा करता है। दिलचस्प बात यह है कि बीसीएएस के अपने नियम यात्रियों को ( शेष पेज 9 )

## कई सोशल अकाउंट व 35 यूट्यूब चैनल ब्लॉक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भारत के खिलाफ फैलाया जा रहा था दुष्प्रचार, खुफिया अलर्ट पर चला केंद्र सरकार का चाबुक

● ब्लॉक किए गए सभी चैनल और अकाउंट पाकिस्तान से हो रहे थे संचालित

**खुफिया** इनपुट पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से इंटरनेट पर समन्वित तरीके से भारत विरोधी प्रचार और फर्जी खबरें फैलाने के जिम्मेदार 35 यूट्यूब चैनलों के साथ-साथ दो ट्विटर अकाउंट, दो इंस्टाग्राम अकाउंट, दो वेबसाइट और एक फेसबुक अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इन यूट्यूब चैनलों की कुल ग्राहक संख्या 1.20 करोड़ से अधिक थी और उनके वीडियो को 130 करोड़ से अधिक बार देखा गया था।

सरकार ने पिछले महीने भारत विरोधी फर्जी और विभाजनकारी समाचार और अन्य सामग्री फैलाने के लिए 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइटों को ब्लॉक किया था। चंद्रा के अनुसार, मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए गए सभी 35 यूट्यूब चैनल पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे और उनकी पहचान चार समन्वित दुष्प्रचार नेटवर्क का हिस्सा होने के रूप में की गई। इनमें फैसल तरार स्पीक्स, अपनी दुनिया टीवी, हकीकत की



दुनिया, शहजाद अब्बास, मेरा पाकिस्तान विद शहाब, खबर विद अहमद, एचआर टीवी, सबी काजमी, ऐसे टीवी नेटवर्क, साकिब स्पीक्स और सलमान हैदर ऑफिशियल शामिल हैं। अपनी दुनिया नेटवर्क 14 यूट्यूब चैनल संचालित करता है और तल्हा फिल्म्स नेटवर्क के 13 यूट्यूब चैनल हैं। चार चैनलों का एक सेट और दो अन्य चैनलों का एक सेट भी एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाते हुए पाया गया। चैनलों का इस्तेमाल कश्मीर, भारतीय सेना, भारत में अल्पसंख्यक समुदायों, राम मंदिर, जनरल बिपिन रावत आदि विषयों पर समन्वित तरीके से विभाजनकारी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया गया था। यूट्यूब पर पहचाने गए समूहों में से एक नया पाकिस्तान था। चैनलों का संयुक्त ग्राहक आधार 35 लाख से अधिक था और उनके वीडियो को 55 करोड़ से अधिक बार देखा गया था। नया पाकिस्तान समूह (एनपीजी) के कुछ यूट्यूब चैनल पाकिस्तानी समाचार चैनलों के एंकर द्वारा संचालित किए जा रहे थे। इन चैनलों पर बिपिन रावत की मौत के लिए सरकार जिम्मेदार है, बिपिन रावत की बेटी इस्लाम स्वीकार कर रही है, उत्तर कोरियाई सेना कश्मीर जा रही है जैसी बिल्कुल फर्जी और जहरीली सामग्री परोसी जा रही थी।

चंद्रा ने कहा कि इन यूट्यूब चैनलों के 1.20 करोड़ से अधिक ग्राहक आधार है। इन वीडियो को 130 करोड़ बार देखा गया, जो लगभग भारत की आबादी के बराबर है। हमारी खुफिया एजेंसियां ? स्थिति को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। ऐसे किसी भी फर्जी सामग्री फैलाने वाले चैनल या अकाउंट को फौरन ब्लॉक कर दिया जाएगा। भारतीय खुफिया एजेंसियां ? इन सोशल मीडिया अकाउंट्स और वेबसाइटों की बारीकी से निगरानी कर रही हैं और उन्हें तत्काल कार्रवाई के लिए मंत्रालय को भेज दिया है।

## दुराचार आरोपी को भरी कचहरी में गोलियों से भूना

**भाषा।** गोरखपुर

**उत्तर** प्रदेश के गोरखपुर जिले की अदालत के द्वार के सामने शुक्रवार को बलात्कार के एक आरोपी की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला था और वह एक मामले के लिए अदालत में आया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद द्वार पर मौजूद दो सुरक्षा गार्डों और वाहन स्टैंड प्रबंधक ने हमलावर को दबोच लिया। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं ने अदालत में घटना के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। बाद में अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया और सुरक्षा में चूक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। कैंट पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे दिलशाद हुसैन नामक व्यक्ति अपने वकील शंकर ( शेष पेज 9 )

# पहले पुलिस भागती थी अब अपराधी भागते हैं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पांच साल पहले जिस उत्तर प्रदेश में पुलिस अपराधियों के आगे-आगे भागती थी, आज वहीं पेशेवर माफिया भागता है और पुलिस दौड़ाती है। मुजफ्फरनगर दंगों का जो अपराधी मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होता था, वह आज जान की भीख मांग रहा है। कैराना से आमलोगों को पलायन के लिए मजबूर करने वाले आज खुद यूपी छोड़कर भागने पर मजबूर हैं और कैराना में मॉल खुल रहे हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्यमी बंधुओं से श्आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशश् विषय पर संवाद कर रहे थे। वर्चुअल माध्यम से हुए इस संवाद में उन्होंने व्यापारियों.उद्यमियों को भयमुक्त होकर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यूपी को एक ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखा है। यह सपना उद्यमियों के सहयोग से ही पूरा हो सकता है। वर्चुअल संवाद.समागम में सीएम ने पिछली सरकारों के दौरान उद्योग जगत की दुश्वारियों और बदहाल कानून.व्यवस्था का भी जिक्र किया तो कहा कि हर वर्ग के लिए भयमुक्त वातावरण केवल बीजेपी सरकार ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले यही सहारनपुर.मुजफ्फरनगर दंगों के लिए बदनाम था। कैराना से लोग पलायन को मजबूर थे और गाजियाबाद में व्यापारी.उद्यमी समाज रंगदारी और अपहरण से त्रस्त था। लेकिन आज बीजेपी सरकार ने अपराध और अपराधी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। नतीजतन आज कानून व्यवस्था सुदृढ हुई। यूपी के प्रति लोगों को सोच बदली। लाखों करोड़ का औद्योगिक निवेश आया। अकेले 66ए000 करोड़ का निवेश कोरोनाकाल में आया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूर्वांचल एक्सप्रेस.वेए दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वेए बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वेए बलिया लिंक एक्सप्रेस.वेए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस.वेए लखनऊ.कानपुर एक्सप्रेस.वे और गंगा एक्सप्रेस.वे बन के रूप में कनेक्टिविटी का संजाल बन रहा है। 2017 से पहले डेढ़ एयरपोर्ट एक्टिव थे आज 9 क्रियाशील हैं 12 नए बन रहे हैं और 75 शहरों के लिए हवाई उड़ान हो रही है। ज़िला मुख्यालय तक फोर लेन की सड़क है। आजादी से 2017 तक जिस यूपी में केवल 12 मेडिकल कॉलेज थे आज 35 बन रहे हैं। बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो या कि उद्योगों के लिए भूमि की उपलब्धताए सरकार ने हर ओर ध्यान दियाए नतीजा प्रदेश में उद्योग का ऐसा माहौल बना कि यूपी देश में निवेश के लिए सबसे अच्छा गंतव्य बन कर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने अपने कैराना दौरे की एक रोचक घटना भी सुनाई। उन्होंने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद कैराना के एक परिवार से भेंट हुई। वह लौटना चाहते थेए लेकिन डर रहे थे। मैंने कहा आइएए सरकार आपकी है। डरें नहीं। वो परिवार लौटा। अभी तीन माह पहले कैराना गया तो उस परिवार से फिर मिला। परिवार बहुत खुश था। वहां कक्षा 6 में पढ़ने वाली एक बेटी ने बताया कि और तो कोई दिक्कत नहीं पर पता चला है कि एक गुंडा जमानत पर छूटा है और चौराहे पर घूम रहा है। मैंने अधिकारियों से पूछा फिर अगले दिन सबने अखबारों में खबर पढ़ी कि वह गुंडा अपनी जमानत रद करवा कर फिर से जेल चला गया। सीएम ने यह प्रसंग सुनाकर बताया कि यूपी को ऐसी कानून.व्यवस्था की जरूरत थी और बीजेपी सरकार ही यह दे पाने में सक्षम है।

# कोरोना ने रोकी यलो फीवर की वैक्सीन, नहीं कर सकेंगे विदेश यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अफ्रीकी** व सेंट्रल.साउथ अमेरिकी देशों की यात्रा करने वाले लोगों से खबर जुड़ी है। कोरोना के चलते देश भर में यलो फीवर वैक्सीन की आपूर्ति न होने से जनवरी से इसका वैक्सीनेशन रोक दिया गया है। वैक्सीनेशन न होने के चलते 43 देशों की यात्रा करने के इच्छुक लोगों के मंसूबे फिर गए है।

नाइजीरिया, इजिप्ट, साउथ अफ्रीका, अल्जीरिया, केन्या, इथोपिया, ट्यूनेशिया, घाना, सुडान, लीबिया, युगांडा समेत आदि अफ्रीकी व सेंट्रल.साउथ अमेरिकी देशों की यात्रा से पहले संबंधित सेंटरों पर यलो फीवर की वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है। सेंटर से जारी वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र दिखाने पर ही इन देशों की यात्रा करने की अनुमति प्रदान की जाती है। एयरपोर्ट पर यह चेक किया जाता हैए ताकि यात्रा कर रहे व्यक्ति किसी प्रकार से यलो फीवर जैसी बीमारी के चपेट में न आ सकें। इसके लिए देश भर में केजीएमयू समेत 52 सेंटर बनाए गए हैं। केजीएमयू को यूपी के साथ.साथ उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, नेपाल का नोडल सेंटर नामित किया गया है। यहां सोमवारए गुरुवारए शनिवार को यलो फीवर का वैक्सीनेशन किया जाता है। केजीएमयू के वैक्सीन सेंटर इंचार्ज व एसपीएम विभाग के अध्यक्ष डॉ जमाल मसूद के मुताबिक यलो वैक्सीन दुनिया के तीन देशों में ही बनती है। यह देश निर्माण कर डब्लूएचओ को वैक्सीन देते हैं। डब्लूएचओ केंद्र सरकार को वैक्सीन देता है। इसके बाद केंद्र सरकार हिमाचल के कसौली की लैब में गुणवत्ता व मानकों की जांच करती है। यहां सही पाए जाने पर वैक्सीन सेंटरों को आपूर्ति की जाती है।कोरोना की तीसरी लहर आने से इस बार डब्लूएचओ को ही वैक्सीन नहीं मिल सकी है। इसकी जल्द आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

### यह है यलो फीवर

**यलो** फीवर (पीत ज्वर) की समस्या कर्क व मकर रेखाओं के बीच स्थित अफ्रीकी, अमेरिकी देशों में पाई जाती है। यलो फीवर इन देशों में संक्रामक रोग माना जाता हैए जो तीव्र गति से लोगों में फैलता है। इस रोग का कारण एक सूक्ष्म विषाणु है जोकि ईडीस ईजिप्टिआइ मच्छर के काटने से होता है। इससे बचने के लिए सरकार ने इन देशों की यात्रा से पहले वैक्सीनेशन अनिवार्य कर दिया है।

# भारी संख्या में हटायी गयी प्रचार सामग्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा आदर्श आचार संहिता को पालन कराने के लिये सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक कुल 48,99901 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी है जिसमें से सार्वजनिक स्थानों से 3642030 एवं निजी स्थानों से 1257871 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थानों से कुल 173835 तथा निजी स्थानों से 49363 प्रचार सामग्री हटाई गयी है। विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थानों से वाल राइटिंग के 11397 पोस्टर के 81143 बैनर के 55291 तथा 24922 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार निजी स्थलों से वाल राइटिंग के 3893 पोस्टर के 22538 बैनर के 14534 तथा 8398 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्षए शांतिपूर्ण, समावेशी एवं कोविड सुरक्षित मतदान कराने के लिए प्रदेश में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिसए आयकरए आबकारीए नारकोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा अब तक 672031 लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये। अब तक 281 लाइसेन्स जब्त किये गये तथा 862 लाइसेन्स को निरस्त किया गया है। इसी प्रकार सीआरपीसी0 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुये 2258406 लोगों को पाबन्द किया गया हैं।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अब तक विभिन्न धाराओं में 233 एफ आईआर दर्ज करायी गयी है, जिसमें से आज विभिन्न धाराओं में 44 एफआईआर दर्ज की गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4767 शस्त्रए 5003 कारतूसए 214 विस्फोटक एवं 109 बम बरामद किये गये। पुलिस विभाग द्वारा रेड डालकर अवैध शस्त्र बनाने वाले 90 केन्द्रों को अब तक सीज किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक10.43 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की 509899 लीटर मदिरा जब्त की गयी हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग एवं आयकर विभाग की कार्रवाई में अब तक लगभग 9.27 करोड़ रूपये से अधिक का कैश भी बरामद किया गया हैए जिसमें से 50.97 लाख रुपये का कैश आज बरामद किया गया है। इसी प्रकार नारकोटिक्स एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 18.18 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य का 6149 किग्रा गांजा भी जब्त किया गया है, जिसमें से 1ण्32 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 101 किग्रा. गांजा आज जब्त किया गया। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा अब तक 55.66 लाख रुपये मूल्य की 42.622 किग्रा की बहुमूल्य धातुएं बरामद की गयी।

# भाजपा राज में किसानों पर पड़ रही है दोहरी मारः अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने कहा ललितपुर में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर किसान की आत्महत्या विचलित करने वाली घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ महंगाई की मारए दूसरी ओर नुकसान का मुआवजा न मिलने से किसान बेहद परेशान। ललितपुर में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर किसान की आत्महत्या विचलित करने वाली घटना है। ललितपुर जनपद के कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी किसान फसल नष्ट होने से निराश था। 18 महीने पहले उसकी पत्नी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी थी।

उन्होंने कहा कि दावे बड़े.बड़े पर जमीन पर कुछ भी नहीं। सिर्फझूठ और फरेब से ही लोगों को भटकाने की कोशिशें जारी हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में किसान की आय दुगनी करने का वादा था। भाजपा सरकार का कार्यकाल कुछ महीने ही बचा है पर अभी तक इस दिशा में कुछ नहीं किया गया है। डबल इंजन सरकार के बावजूद किसान के फसल की एमएसपी दरों पर बिक्री नहीं हुई। किसान दर.दर भटकते रहे किन्तु कई जगहों पर तो क्रय केन्द्र ही नहीं खुले। किसान को खाद भी नहीं मिली। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में किसानों की मदद की जगह हर तरह से उन्हें अपमानित एवं प्रताड़ित किया जाता रहा है। लखीमपुर में किसान जब शांतिपूर्ण ढंग से अपना प्रदर्शन कर रहे थे उन पर भाजपाइयों ने गाड़ी चढ़ा दी जिसमें कई मौतें हुई। किसानों के खिलाफसाजिश में शरीक केन्द्र के गृहराज्यमंत्री को भाजपा नेतृत्व ने न पद से हटाया और नहीं उनके खिलाफकोई कार्यवाही की गई उल्टे उक्त व्यक्ति को सत्ता का संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के हर संघर्ष में साथ रही है। भाजपा जहां जुमले उछालती रही हैए समाजवादी ईमानदारी से किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशील रहे है। समाजवादी पार्टी की पिछली सरकार में भी किसानों को तमाम सुविधाएं दी गई थी और सिंचाई के हित में किए गए कई निर्णय रोक दिए गए। समाजवादी सरकार में मंडिया बन रही थी ताकि किसान अपनी फसल के लाभप्रद मूल्य पा सके। समाजवादी पार्टी अपने चुनाव घोषणा पत्र में इस बात का वादा किया गया है कि 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त होगी।

## पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा के लिए अटेवा के प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश से मिलकर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से अटेवा.पेंशन बचाओ मंच के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंटकर उन्हें पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। अटेवा प्रतिनिधियों ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की नौकरियों में 1 अप्रैल 2005 से शिक्षकों व कर्मचारियों को दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर बाजार आधारित नई पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई जो किसी के हित में नहीं है। यह व्यवस्था अन्यायपूर्ण है क्योंकि इसमें सरकार का पैसा प्राइवेट कम्पनियों के पास जमा हो रहा है। नई पेंशन व्यवस्था से प्रदेश के 13.37 लाख युवा शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इस व्यवस्था के खिलाफप्रदेश में शिक्षक-कर्मचारी सभी आक्रोशित हैं। अटेवा प्रतिनिधिमण्डल में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और अटेवा के प्रदेश महामंत्री नीरजपति त्रिपाठी शामिल थे। इनके अतिरिक्त भारत सिंह यादव अध्यक्ष लोण्निण्विण्ए अशोक कुमार प्रधान महासचिव चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ डॉ. राजेश कुमार मीडिया प्रभारी अटेवा रामेंद्र श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ डॉ. विनीत वर्मा अध्यक्ष लखनऊ विवि शिक्षक संघ जय प्रकाश मौर्य ने समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया।

## अमर जवान ज्योति का विलय शहीदों की शहादत पर कुठाराघातः पीएल पुनिया

**लखनऊ।** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में अमर जवान ज्योति की लौ को विलय करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश इलेक्शन कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने कहा कि अमर जवान ज्योति देश के वीर जवानों की शहादत की प्रतीक है। 1971 के भारत.पाक युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहसए शौर्यए बलिदान के प्रतीक स्वरूप इस अमर जवान ज्योति को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वीर शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में स्थापित किया था। लेकिन आज उसे बुझा दिया गया। इंडिया गेट पर 50 वर्षों से स्थापित अमर ज्योति को अब वॉर मेमोरियल ले जाया जा रहा है। मोदी सरकार का यह फैसला शहीदों की शहादत पर कुठाराघात है। देश में त्यागए बलिदान और शौर्य की प्रतीक पुरानी धरोहरों को बदला जा रहा है। उन्होंने कहाए सेंट्रल विस्टा जिसे मोदी महल कहना उचित होगा उसके निर्माण के लिए देश की अनेक धरोहरों को बदला जा रहा है।

# एसटीएफने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, दो तस्कर गिरफ्तार





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने शाहजहांपुर जिले में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करके अन्तर्राज्जीय स्तर पर अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफको जानकारी मिली कि थाना रामचन्द्रमिशन जनपद शाहजहांपुर क्षेत्र अर्न्तगत हरदोई मोड़ से रोजा मार्ग स्थित सरदार खां के बंदशुदा भट्ठे पर कुछ लोग चोरी छिपे अवैध शस्त्र, तमंचा का निर्माण कर बिक्री करते हैं। इस सूचना पर एसटीएफटीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामचन्द्रमिशन जनपद शाहजहांपुर की स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचकर अवैध असलहों का निर्माण करते हुए हरप्रीत सिंह और हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त हरप्रीत सिंह ने पूछताछ पर बताया कि अवैध अर्धनिर्मित तमंचा, नाल व बॉडी आदि लखनऊ से लाता है। जिसे असम्बेल करने के लिए उपकरण हरपाल सिंह लाता है। जिसकी मदद से अवैध असलहा तैयार कर एक तमंचा 10000 रुपये में बेंचता है। हरप्रीत सिंह इसके पूर्व भी थाना आशियानाए जनपद लखनऊ से जेल जा चुका है। मौके पर खड़ी मोटर साइकिल पैशन प्रो. यूपी 31 एसी. 6932 के बारे में बताया कि मांग कर लाये हैं।

# भारतीय आंबेडकर महासभा के कार्यकर्ता बसपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक समीकरण फिट करने के लिए नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का आना-जाना जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को अखिल भारतीय अंबेडकर महासभा टीम से जुड़े लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी लोगों ने बसपा सुप्रीमो मायावती को उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

लखनऊ स्थित पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के कार्यालय पर आज गौतमबुद्ध नगर से आए सपा के रामबीर सिंह जाटव ;पूर्व प्रभारी लोकसभाद्धए पूरन गौतम ;वरिष्ठ सपा नेताद्धए कांग्रेस के साहिल सैफी ;जिला सचिवद्धए राष्ट्रीय मजदूर मिशन पार्टी के मांगेराम रत्न ;राष्ट्रीय सचिवद्धए राजेंद्र कदम ;समाज सेवीद्ध और राहुल जाटव ;पूर्व जिला पंचायत सदस्यद्ध ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अलीगढ़ में पूर्व में बसपा से पदाधिकारी रहे कई लोगों ने पुनः बहुजन समाज पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। लखनऊ से बसपा के महासचिव ललित तिवारी ने लखनऊ स्थित कार्यालय पर सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं को बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता दिलवाई। वहीं बसपा प्रमुख के विकासशील विचारों से प्रेरित होकर गौतम बुद्ध नगर सपाए कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# रालोद की यूथ विंग ने शुरू किया डिजिटल प्रचार अभियान




**लखनऊ।** कोरोना के बढ़ते केसेस के बीच उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग की तरफसे दी गई वर्चुअल प्रचार की अनुमति के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की यूथ विंग ने डिजिटल प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि युवा रालोद के समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे प्रदेश में व हर विधान सभा पर डिजिटल प्रचार के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के द्वारा संकल्प पत्र में किये गये सारे वादे जनता के बीच व खासकर युवाओं के बीच ले जायेंगे। पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जनता के माध्यम से अपनी पार्टी का संकल्प पत्र तैयार किया गया है। जिसे प्रदेश के जनमानस ने स्वीकार किया है। इसमें युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से भाजपा द्वारा किये जा रहे झूठ व दुष्प्रचार को भी युवा रालोद जनता के बीच उजागर करेगा। विधान सभा की हर सीट पर युवा रालोद अपने डिजिटल अभियान के माध्यम से भाजपा सरकार के द्वारा युवाओं पर किये गये अत्याचार व अन्याय को भी रखेगा। भाजपा जिस तरह से युवाओं के बीच में धर्म और जाति का विष घोलने का काम कर रही है तथा हिन्दु मुस्लिम के बीच की खाई पैदा की है उस खाई को समाप्त करने का काम युवा रालोद करेगा। डिजिटल प्रचार अभियान में शषिकान्त को बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्तीए अयोध्या, बस्ती व विपिन को लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर, राजा भैया को बुलंदशहर, गाजियाबाद, अमरोहाए सचिन सरोहा को मेरठ, शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर तथा रामपाल सिंह को बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, अलीगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे, प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी सहित कई लोग मौजूद थे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा ग्रीन बुक जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या—71896 है कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा जिसको भी मेरा ग्रीन बुक मिले वो कृपया मो0 7255866235 पर सूचित करें।

सूचना

सूचना

एक विक्रय विलेख व लीज डीड दोनों दिनांकित 09.11.2004 जो वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जरिये अधिकृत अधोहस्ताक्षरी अनुसचिव द्वारा श्री दिवाकर द्विवेदी पुत्र स्व० शेषधर द्विवेदी निवासी फ्लैट नं० एल०बी० 3, बड़ी गैवी, वी०डी०ए० कालोनी, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो फ्लैट नं० एल०बी० 3, द्वितीय तल, बड़ी गैवी आवासीय योजना, बड़ी गैवी, वाराणसी प्रपोशनेट प्लीन्थ एरिया 42.48 वर्गमीटर व कॉमन लैण्ड एरिया 2.28 वर्गमीटर, के विक्रय से सम्बन्धित है जिसका पंजीयन उपनिबन्धन कार्यालय चतुर्थ वाराणसी में इंडेन्चर (सेल डीड) का बही सं० 1 खण्ड सं० 2117 पृष्ठ सं० 109 से 130 द०नं० 4130 दिनांक 09.11.2004 व लीज डीड का बही सं० 1 खण्ड सं० 2117 पृष्ठ सं० 69 से 88 द०नं० 4128 दिनांक 09.11.2004 के रूप में पंजीकृत है जो खो गया है इस विलेख विलेख व लीज डीड के सन्दर्भ में किसी व्यक्ति/संस्था के पास कोई सूचना या आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर आनन्द प्रकाश सिंह एडवोकेट एस.21/116ई–3, सुभाष नगर, मलदहिया, वाराणसी पर सूचित करें। मो०नं० 9450013575

# आप ने जारी की 33 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट

## ● एक पूर्व आईएएस, 2 डॉक्टर, 9 पोस्ट ग्रेज्युएट, 13 ग्रेज्युएट को बनाया उम्मीदवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी ने शुक्रवार को यूपी विधानसभा चुनाव में 33 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी। यूपी प्रभारी और आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह के साथ लखनऊ के गोमतीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रत्याशियों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट में योग्य उम्मीदवारों को स्थान दिया है जिन्होंने समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी तीसरी लिस्ट में 1 पूर्व आईएएसए 2 डॉक्टरए 9 पोस्ट ग्रेज्युएटए 13 ग्रेज्युएट उम्मीदवार हैं। प्रत्याशियों में 8 सामान्य वर्गए 4 मुस्लिम समुदायए 11 ओबीसीए 10 एससी वर्ग के उम्मीदवारों को स्थान दिया है।

संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी अभी तक 203 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। जो लोग पूछते हैं कि आम आदमी पार्टी का संगठन कहां हैघ् जो लोग पूछते हैं कि आपको अच्छे प्रत्याशी मिलेंगे भी या नहींघ् उनको मैं बता देना चाहता हूं सबसे योग्य प्रत्याशी अब तक आम आदमी पार्टी ने दिये हैं मात्र 200 प्रत्याशी और हैं जो आने वाले दिनों में हम लोग घोषणा करेंगे। 403 सीटों पर आम आदमी पार्टी यूपी में चुनाव लड़ेगी। इससे पहले उन्होंने पार्टी में कर्नल इंजीनियर अजय कुमार के शामिल होने की भी महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि आज की 33 लोगों की जो सूची है उसमें हमारे एक प्रत्याशी ऐसे हैं जो अनुसूचित जाति जन जाति आयोग के सचिव रहे हैं और पूर्व आईएएस हैंए 2 ऐसे हैं जो डॉक्टर हैंए 9 ऐसे जो पोस्ट ग्रजयुएट हैं और 13 ऐसे प्रत्याशी हैं जो ग्रेज्युएट हैं।

**लखनऊ कैंट से अजय कुमार व गोरखपुर ग्रामीण से वैभव शाही लड़ेंगे चुनावः** आम आदमी पार्टी ने लखनऊ कैंट से सामान्य वर्ग के अजय कुमारए गोरखपुर ग्रामीण से सामान्य वर्ग के वैभव शाही, कानुपर नगर से सत्येन्द्र कोरीए बरेली कैंट से शिवर नागवंशीए इटावा से डॉ शिव प्रताप सिंह राजपूतए आगरा की फ्तेहपुर सीकरी से नाजिर खानए बलिया शहर से अजय राय मुन्नाए बिजनौर की नगीना सीट से अर्जुन सिंह कोए जालौन के उरई सीट से दीपशिखाए कन्नौज से डॉ चंद्रकांत यादवए एटा से अर्जुन सिंह यादवए फ्तेहपुर के हुसैनगंज से अब्दुल राजिक को चुनावी मैदान में उतारा है।

संजय सिंह ने बताया कि कर्नल इंजीरियनर अजय कुमार ने नौ सेना में पंद्रह वर्षों भारत को उन्होंने अपनी सेवाएं दी। नौ सेना में कई पदों पर विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे।

## यूपी में प्रचार के लिए आम आदमी पार्टी ने 15 स्टार प्रचारकों की घोषणा की

**राज्य** सभा सांसद संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लिए 15 स्टार कम्पेनर बनाए गये हैं। जिनमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया राज्य सभा सासंद संजय सिंह, पंजाब आम आदमी पार्टी में पंजाब का चेहरा भगवत मान, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल, चुनाव प्रभारी सोमेन्द्र ढाका, सीवाईएसएस के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दूबे, माइनोरटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव, चुनाव प्रभारी और दिल्ली के विधायक सुरेन्द्र चौधरी और दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला, दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती शामिल हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे
सूचना संख्या- 6/2022
रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाड़ी सं. 82501/82502 लखनऊ जं.-नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी सं. 82501/82502 (तेजस एक्सप्रेस) लखनऊ जं. - नई दिल्ली-लखनऊ जं. की आवृत्ति 04 दिन से 03 दिन कर दिया गया है (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार)।

सप्ताह में तीन दिन दिनांकः 25.01.2022 से 15.02.2022 तक। (प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को)

नोटः दिनांक 16.02.2022 से आगे गाड़ी अधिसूचना संख्या 190/2021 दिनांक 13.07.2021 के अनुसार चलेगी। (सप्ताह में 4 दिन प्रत्येक शनिवार, रविवार, सोमवार एवं शुक्रवार)

कृपया ध्यान दें:- इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-170 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# राजधानी में 68 लाख से अधिक लाभार्थियों का हुआ टीकाकरण

## टीकाकरण में पहले स्थान पर लखनऊ, प्रयागराज दूसरे व आजमगढ़ तीसरे स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** से जंग में टीकाकरण को लेकर लखनऊ पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। लखनऊ में 68 लाख से अधिक लाभार्थियों का हुआ टीकाकरण हुआ है। वहीं 67 लाख से अधिक टीकाकरण करते हुए प्रयागराज द्वितीय स्थान पर और 59 लाख से अधिक टीकाकरण करते हुए आज़मगढ़ तृतीय स्थान पर है।

लखनऊ जनपद में शासन के निर्देशानुसार शहर में वृहद कोविड.19 टीकाकरण अभियान के कई फेजो का आयोजन किया गया। जिसके तहत जनपद में कुल 148 केंद्र ;सेशन साइट्सद्ध जिनमें 12 जनपद स्तरीय चिकित्सालयों तथा 19 नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रए 104 वर्क प्लेस सी0बी0सी0 सहित 7 अन्य केंद्रों पर लगातार टीकाकरण कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त जनपद में 15 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के लिये स्कूलों में भी टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि जनपद में अभी तक कुल 37ए86ए168 लाभार्थियों को प्रथम डोज़ व 28ए44ए799 लाभार्थियों को द्वितीय डोज़ और 44ए749 लाभार्थियों को प्रिकॉशन डोज़ ;जिनमे हेल्थ वर्करए फ्रंट लाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति सम्मिलित हैद्ध एवं 1ए63ए727 15वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को प्रथम डोज़ से संतृप्त किया जा चुका है। आगे भी टीकाकरण युद्ध स्तर पर जारी हैए और जल्द से जल्द जनपद को शत प्रतिशत टीकाकृत कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कुल 68 लाख 39 हज़ार 443 लाभार्थियों को कोविड 19 के टीके लगाए जा चुके है।जनपद में लगभग 100: से अधिक लोगो को प्रथम डोज़ए 72: लोगो को द्वितीय डोज़ और 51: 15वर्ष से 18वर्ष के बच्चों को प्रथम डोज़ लगाई जा चुकी है।

प्रकाश ने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की दिन रात की मेहनत के फ्लस्वरूप जनपद लखनऊ ने रिकार्ड टीकाकरण दर्ज कराते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने जनपद में प्रथम डोज़ सभी लगभग सभी लाभार्थियों को लगाई जा चुकी है और जल्द ही द्वितीय डोज़ से समस्त जनपदवासियों को संतृप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 से 18वर्ष के बच्चों के टीकाकरण के लिए भी विभिन्न अभियान चलाए जा रहे है। जिनके तहत स्कूलों व अन्य स्थानों पर विशेष टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष अभियानों के फ्लस्वरूप जनपद में अभी तक 51 फीसद 15वर्ष से 18वर्ष के बच्चों का टीकाकरण कराया जा चुका है।

## चुनाव ड्यूटी वालों को प्रीकॉशन डोज देने की तैयारी करें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चुनाव ड्यूटी वाले कार्मिकों को प्री.कॉशन डोज देने की तैयारी पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा कि कोविड प्रोटोंकाल का कडाई से पालन तथा हर दिन वैक्सीनेशन की क्षमता को 25 लाख से बढाकर 30 लाख किया जाये। कोविड प्रबंधन की बैठक में सीएम योगी को बताया गया कि प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। विगत तीन.चार दिनों से एक्टिव केस की संख्या में कमी आती जा रही हैए साथ हीए नए केस की संख्या के सापेक्ष अधिक मरीज उपचारित होकर मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। यह बेहतरी के संकेत हैं। विगत 24 घंटों में 2 लाख 41 हजार 457 कोरोना टेस्ट किए गएए जिसमें 16,142 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसी अवधि में 17,600 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 95 हजार 866 है। बैठक में अधिकारियों ने सीएम को यह भी बताया कि प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 24 करोड़ 42 लाख से अधिक डोज लगाई जा चुकी हैए साथ ही 9 करोड़ 74 लाख से अधिक सैम्पल की जांच भी हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग.टीकाकरण है। वैक्सीन की उपलब्धता के लिए भारत सरकार से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। सीएम ने कहा कि हेल्पलाइन के माध्यम से अस्पताल में उपचाराधीन कोविड पॉजिटिव लोगों के परिजनों से नियमित अंतराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे लोगों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्शए दवाएं आदि मुहैया कराई जाए। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर चौबीस घंटे क्रियाशील रखने के सीएम ने निर्देश दिये। होम आइसोलेशन के मरीजए निगरानी समितियों से संवादए एम्बुलेंस की जरूरत और टेलीकन्सल्टेशन के लिए पृथक.पृथक नम्बर जारी किए जाएं। सामान्य जन को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## राजधानी में कोरोना के 2604 मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण लगातार अपने पैर पसारते जा रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही शुक्रवार को कोरोना के 2604 केस मिले हैं। जबकि 2 मरीजों की मौत हुई है। जनपद लखनऊ में शुक्रवार को 2604 कोरोना पॉजिटिव रोगी पाये गये हैं। जिसमें 1586 पुरूष एवं 1018 महिला रोगी है। वहीं आज कुल 2528 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। उपचार के लिए भर्ती मरीजों में 2 रोगियों की आज मौत हो गई। दोनो मरीज पीजीआई मे भर्ती थे। इनमे से एक 59 वर्षीय पुरूष मरीज डायबिटीक मलाइटिस हाइपरटेंशन एवं क्रॉनिक किडनी डिजीज एवं एक 76 वर्षीय पुरूष मरीज हाइपरटेशन हार्ट डिजीज एवं बीपीएच से ग्रसित थे। आज जनपद के चिनहट 362 अलीगंज 349 आलमबाग 299 इन्दिरानगर 262 सरोजनीनगर 240 सिल्वर जुबली 157 एनके रोड 150 रेडक्रास 124ए ऐशबाग 69 एवं टूडियागंज 69 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं। इसके अतिरिक्त पॉजिटिव मरीजों के सापेक्ष ट्रेवल के 112 कान्टैक्ट के 1027 आईएलआई के 546 प्री-सर्जिकल के 75 एचसीडब्लू के 62 एएनसी के 4 एवं कमाण्ड हास्पिटल के 69 श्रेणियों में कोविड धनात्मक रोगी पाये गये।

### जीनोम सिक्वेंसिंग के 90 फीसद से ऊपर ओमीक्रोन के केस

**प्रसाद** ने बताया कि जीनोम सिक्वेसिंग के कुछ समय से जो परिणाम आ रहे हैए उससे ये पता चला है कि 90 प्रतिशत से अधिक मामले ओमीक्रोन के ही आ रहे है। इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यकतानुसार कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग कोविड टीकाकरण अवश्य करवाये। जिन लोगों ने अपनी पहली डोज ले ली है समय आने पर दूसरी डोज भी अवश्य ले।



सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते सात लोगों को वजीरगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

# चेकिंग के दौरान कार से बरामद हुई 12 लाख रुपए की नकदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चुनाव** आयोग के सख्त निर्देशों के बाद अब कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता भी बढ़ती नजर आ रही है। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुदर्शन सिंह की टीम ने क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के दौरान देवा रोड स्थित नेडा मोड़ के पास से एक संदिग्ध कार सवार को रोककर तलाशी ली तो पुलिस दंग रह गई। कार पुलिस ने 12 लाख रुपए की नकदी बरामद की। पुलिस के सवाल पर संदिग्ध शख्स जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने मजिस्ट्रेट मनुदेव बीकेटी की मौजूदगी में बरामद नकदी को सरकारी खजाने में जमा करा दिया। चुनाव आयोग के दिशा.निर्देशों का पालन करते हुए डीसीपी पूर्वी अमित कुमार आनंदए एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी व एसीपी अनूप कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी उपनिरीक्षक सुदर्शन सिंहए हेड कांस्टेबल राजेश कुमारए कांस्टेबल अजीत कुमार पासवान व कांस्टेबल अशोक कुमार गौतम के साथ देवा रोड स्थित नेडा मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इंस्पेक्टर का कहना है कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक संदिग्ध शख्स कार नंबर यूपी 32 एम ई 4400 बाराबंकी सीमा पार कर आ रहा हैए जिसके पास भारी मात्रा में संदिग्ध रकम है। इस सूचना पर पुलिस चौकन्ना हुई तेज़ रफ़्तार से आ रही संदिग्ध कार रूकने का इशारा कियाए लेकिन वह रफ्तार बढ़ा दी। यह माजरा देख पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध शख्स को संदिग्ध कार सहित पकड़ने के बाद आनन फानन में पुलिस ने अपने आलाधिकारियों को बताते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया। इंस्पेक्टर के मुताबिक तलाशी के दौरान कार से 12 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई है। पूछताछ में पकड़े गए शख्स ने अपना नाम गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित संजय गांधी पुरम निवासी उर्मिल कुमार सिंह बताया।

# आशुतोष टंडन व परिजनों के खिलाफ अर्जी दाखिल

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सूबे** के काबीना मंत्री आशूतोष टंडन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई है। अदालत में यह अर्जी आशूतोष टंडन के भाई की पुत्रवधु दिशा दंडन ने दाखिल की है। दिशा ने अपनी अर्जी में आशुतोष के साथ ही अपने पति अमित टंडन समेत परिवार के 10 सदस्यों को विपक्षी पक्षकार बनाया है। सभी विपक्षीगणों पर मारपीट व मानसिक प्रताड़ना का कथित आरोप लगाया है। साथ ही इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। अदालत ने फिलहाल इस अर्जी पर महिला थाना से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।

## हत्या में दोषी मुल्जिमों को आजीवन कारावास

**लखनऊ( विसं )।** फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष जज फूल चन्द्र कुशवाहा ने फिरौती के लिए एक वकील के पिता की हत्या करने के मामले में मुल्जिम अजय राजभर व शिव सिंह को दोषी करार दिया है। उन्होंने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए मुल्जिमों को 34 .34 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया है। 18 मईए 2016 को इस मामले की एफआईआर मृतक रघुराज सिंह यादव के पुत्र वकील सुरेंद्र सिंह यादव ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी व विशेष वकील सुनील कुमार द्विवेदी के मुताबिक सुरेंद्र के पिता से मुल्जिम आठ लाख की फिरौती मांग रहे थे। रकम नहीं मिलने पर गांव अनौरा स्थित उनके घर में ही उनकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर कमरे में बाहर से ताला लगा दिया था।

# किराना कारोबारी से लूटे डेढ़ लाख रूपये

## लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित नहीं लगा सुराग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोसाईगंज** थाना क्षेत्र के डाल खेड़ा गांव के पास गुरुवार की रात दुकान बंद कर घर जा रहे किराना कारोबारी केसर बक्श सिंह उर्फ केसरी को लाठी.डंडों व असलहों से लैस बदमाश ओवर टेक कर रोक लिया और लूटपाट शुरू कर दी। चार बदमाशों ने विरोध पर पीट.पीटकर लहुलुहान कर स्कूटी की डिग्गी में रखी डेढ़ लाख रुपए की नकदी व दुकान की चाभी लूट कर भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस हमेशा की तरह आस-पास में चेकिंग अभियान चलाया लेकिन बदमाश हाथ नहीं लग सके। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर लूट की धारा में मुक़दमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। छानबीन में जुटी पुलिस का दावा है कि जल्द ही लुटेरे पकड़ लिए जायेंगे।

# पूर्व प्रधान को मारी गोली, हमलावर गिरफ्तार



## सैरपुर थाना क्षेत्र का मामला, गोली लगने से बाल-बाल बचा पीड़ित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सैरपुर** थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते पूर्व प्रधान पर युवक ने गोली चला दी। हालांकि पीड़ित बाल-बाल बच गया है। घटना के बाद मौके से भागने की कोशिश कर रहे आरोपी युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचाए चार कारतूस और एक खोखा बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने बताया कि उमरभारी गांव निवासी पूर्व प्रधान रामनरेश यादव (55) शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे अपने प्लॉट की सफाई कर रहे थे।

आरोप है कि तभी गांव के ही रहने वाले सहजराम यादव और अनूप यादव आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अनूप यादव ने पिस्टल निकाल कर उस पर फायर कर दी। हालांकि उसके बैठ जाने की वजह से गोली ऊपर से निकल गई। जिससे वह बाल-बाल बच गया।

### भागने के प्रयास में खाई में गिरी कार

**पीड़ित** रामनरेश ने पुलिस को बताया कि गोली चलने के बाद हड़कंप मच गया। इस पर कुछ ग्रामीणों ने आरोपी अनूप को पकड़ने की कोशिश की। जिस पर वह एक राउंड हवा में फायरिंग कर लोगों को धमकाया और कार से भाग निकला।

कुछ दूर जाने पर सामने से ट्रैक्टर आते देख कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसके बाद लोगों ने उसे दबोच लिया। इंस्पेक्टर सैरपुर संजय कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश की बात सामने आई है।

# बगैर जांच कराए आ गई कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोहिया** संस्थान में कोरोना जांच के नाम पर मरीजों से खिलवाड़ हो रहा है। ताजा मामला बिना कोविड जांच कराए एक मरीज की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। रिपकरत पॉजिटिव आने के बाद मरीज के परिजन हतप्रभ हैं तो वहीं संस्थान प्रशासन ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

इंदिरानगर निवासी युवती को मंगलवार रात करीब 12 बजे अचानक पेट में दर्द उठा। परिजन उसे लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुंचे। इमरजेंसी में पंजीकरण कराया। डॉक्टर ने पेट दर्द से निजात के लिए इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद मरीज को दर्द से आराम मिला। तबीयत में सुधार पर कर्मचारी ने मरीज और उनके परिवार को कोविड जांच कराने की सलाह दी। बताया जांच मुफ्त हो रही है। नियमानुसार इलाज से पहले जांच करानी जरूरी है। परिवारीजन मरीज को लेकर कोविड पंजीकरण काउंटर पर पहुंचे। यहां जांच से पहले मरीज का पंजीकरण हुआ। लाइन लम्बी थी। कर्मचारी ने मरीज की हालत देखी तो उसने परिजनों को कोरोना जांच किट पकड़ाकर मरीज का नमूना लेने के लिए कहा। मगर परिजन बिना जांच का नमूना दिए ही मरीज को वापस घर लेकर चले आए। मगर बुधवार सुबह महिला मरीज की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव होने का मैसेज आ गया। जबकि आरोप है कि मरीज का नमूना न ही लिया और न ही जमा किया। कोविड कमांड सेंटर समेत अन्य जगह से फोन आने पर परिजन घबरा गए। फिलहाल संस्थान प्रशासन ने इससे अनभिज्ञता जताई है।

# मेकैनिक को अगवा कर कार लूटने का आरोप, पुलिस ने बताया संदिग्ध



**मोहनलालगंज।** पीजीआई के कल्ली पश्चिम में मुस्कान सर्विस सेण्टर में मैकेनिक नवनीत विश्वकर्मा ने शुक्रवार की शाम सेण्टर पर ईको स्पोर्ट्स कार से आए कुछ लोगों पर कार की खराबी दुरुस्त कराने के बहाने उसकी पिटाई कर अगवा करने और सर्विस सेण्टर से दूसरी कार लूट ले जाने का आरोप लगाया। नवनीत ने कार सवारों पर उसे मोहनलालगंज में छोड़कर भाग जाने का भी दावा किया। हालांकि इंस्पेक्टर मोहनलालगंज अखिलेश कुमार मिश्र ने घटनास्थल पीजीआई थानाक्षेत्र का होने और लूट के आरोप को संदिग्ध करार दिया। उधर इंस्पेक्टर पीजीआई डीपी सिंह ने बताया मुस्कान सर्विस सेण्टर के मालिक मुन्ना से मरम्मत के लिए आई कार सवारों से लेनदेन को लेकर दिन में कहासुनी हुई थी। शाम को कार लूट ले जाने का आरोप संदिग्ध है। कार सवार लोगों का पता लगाया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## दो मोबाइल के साथ चोरी गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी के मुताबिक चिनहट के बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी इदरीश ने लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया है। इस सूचना पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कस्बा चिनहट अजीत कुमार की टीम ने शुक्रवार को बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार व पक्का तालाब चिनहट निवासी निखिल को गिरफ्तार कर चोरी गए मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

# एकेटीयू से सम्बद्ध कालेजों ने मांगा 50 फीसद मैनेजमेंट कोटा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी कालेजों ने विवि से मैनेजमेंट कोटे को 50 फीसद तक करने की मांग की है। कालेजों का कहना है कि वर्तमान में प्रवेश जेईई के माध्यम से हो रहे हैं। सीटें काफी ज्यादा खाली रह जा रही हैं। ऐसे में सीधे प्रवेश के लिए मैनेजमेंट कोटे को 50 फीसद किया जाय। जिस पर कुलपति ने मैनेजमेंट कोटे को 50 प्रतिशत किए जाने के सम्बन्ध में उचित निर्णय के लिए शासन से समन्वय स्थापित करने की बात कही है। शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो पीके मिश्रा ने लखनऊ स्थित सम्बद्ध निजी संस्थानों के निदेशकों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य निजी सम्बद्ध संस्थानों की समस्याओं से अवगत होना तथा विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए उनके सुझाव प्राप्त करना रहा। बैठक में निदेशकों ने बताया कि संस्थानों में 20 प्रतिशत आल इंडिया कोटा जिसमें प्रदेश के बाहर के विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलवाने के लिए विवि को नेशनल स्कॉलरशिप फॉर्म भरवाए जाने की पहल करनी चाहिए। साथ ही फार्मेसी में शोध को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरिंग कोर्सेज की भांति प्रमोशन स्कीम शुरू किए जाने का सुझाव दिया। कुछ संस्थानों के निदेशकों ने वर्तमान में डिमांड में चल रहे फ़िल्म और फैशन जैसे कोर्सेज की शुरुआत किए जाने हेतु पहल विवि स्तर से पहल किये जाने की बात रखी। उपस्थित निदेशकों ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार के शुल्क भुगतानों केलिये विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पेमेंट के मात्र दो ऑप्शन हैंए जिसमें चालान और ऑनलाइन बैंकिंग है। अत: इसमें कार्ड और यूपीए पेमेंट के ऑप्शन एड किए जाने की बात रखी गई।

# योजनाओं के बेहतर परिणाम के लिए रोडमैप बनाना जरूरी: दुर्गाशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन और बेहतर कैसे कर सकते हैं इसके लिए विषय विशेषज्ञों की सलाह लेकर 'गवर्नेंस रिफार्म' कर सकते हैं, जो अच्छे काम हुए हैं उनको जनमानस से जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप बनाने की जरूरत है। मुख्य सचिव ग्राम्य विकास, पंचायती राजए ग्रामीण जलापूर्ति और राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभागों की कार्य संस्कृति में सुधार लाने के लिए गुड गवर्नेंस की तरफ बढ़ना होगा। विभागों में हो रहे अच्छे कामों को प्रदर्शित करना होगा जिससे जिनके लिए योजनाओं को संचालित किया जा रहा है उनको उनसे जोड़ सके। उन्होंने सबसे पहले इस बात पर जोर दिया कि कार्यालयों में साफ-सफाई, ई. फाइलिंग और सामान के रखरखाव को दुरुस्त करना होगा। क्योंकि इन बातों का ध्यान रखने से आने वाले आगंतुकों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। महात्मा गांधी नरेगा की समीक्षा में मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना में जिन लोगों से काम लिया जा रहा है उनके भुगतान को समयबद्ध तरीके से कराने पर ज्यादा जोर दिया जाए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मनरेगा के जरिए अब उन गांवों के विकास पर शहर की तरफ बढ़ रहे हैं उनका विस्तार शहरी व्यवस्था के तरह विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में लगभग 19 क्लस्टर बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना. ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान और पंचायती राज विभाग की समीक्षा में मुख्य सचिव ने कहा कि योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से उतारने के लिए कर्मचारियों को उत्साहित करने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने गांवों में बनाए जा रहे सामुदायिक शौचालयों की देखरेख और साफ सफाई के मानकों पर पूरा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजारए मेला लगने वाले स्थलों पर भी सामुदायिक शौचालय बनाए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि ग्राम सचिवालय के संचालन के लिए एक मैकेनिज्म बनाने की जरूरत हैए जिससे व्यवस्थाओं और योजनाओं को लागू कराने में आसानी हो सके।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

**संवाददाता।** निगोहां




**थाना** क्षेत्र के अमिलिहा खेडा़ गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे शुक्रवार की रात बीती बेखौफचोरो ने धावा बोलकर स्कूल के तीन कमरों की कुंडी तोडकर उसमे रखी शिक्षण सामग्री समेत हजारों की जरूरी चीजें उठा ले गए। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुचे प्रधानपति ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी वही सूचना मिलने पर निगोहां थाना अध्यक्ष मै फोर्स के साथ मौके पर पहुचकर मुआयना कर लौट आई। ग्राम पंचायत भगवानपुर प्रधान पति ओमप्रकाश सोनी ने बताया की शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे उन्हे ग्रामीणों द्वारा मजरा अमलिहा खेड़ा गांव स्तिथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोरी होने की सूचना मिली जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि स्कूल के तीन कमरों की कुंडी टूटी हुई है अंदर शिक्षण सामग्री समेत अन्य समान गायब थी चोरी की जानकारी निगोहां पुलिस को दी गई है जो जांच पड़ताल कर लौट गई। इसके अलावा चोरी की जानकारी स्कूल के अध्यापको को दे दी गई है शनिवार को गायब समान की पुष्टि कर थाने में तहरीर दी जाएगी।

# गोवंश पालन के लिए दी जाने वाली राशि बकाया न रहे: योगी

## ● रैन बसेरों में मुसाफिरों, निराश्रितों की सुविधाओं और जरूरतों का रखें ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोविड** से बचाव के इंतजामए शीतलहर और ओलावृष्टि की स्थिति में जिलों की व्यवस्थाओं की पड़ताल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को शुक्रवार की टीम.9 की उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निराश्रित गोआश्रय स्थलों में ठंड से बचाव किए जाएं और चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना और कुपोषित बच्चे वाले परिवारों को गोवंश पालन के लिए दी जाने वाली मासिक 900 की राशि बकाया न रहे। उन्होंने अधिकारियों से इसकी समीक्षा करते हुए समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों, गौशालाओं व रैन बसेरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय निराश्रित लोगोंए अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके इलाजए भोजन की व्यवस्था करें। इनमें अगर संक्रमण की पुष्टि हो तो अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाए।

सीएम ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि मुफ्त खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रदेश में सुचारु रखा जाए। एक भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित न रहे। रैन बसेरों में मुसाफिरोंए निराश्रितों की सुविधाओं और जरूरतों की पूरी व्यवस्था करें। सीएम ने कहा कि जिलों में कोविड ट्रेसिंगए टेस्टिंगए टीकाकरणए अस्पतालों की व्यवस्थाए गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की दुरुस्त कराएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जनपदों में इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ;आईसीसीसीद्ध को चौबीस घंटे एक्टिव रखा जाए। कोरोना की पहली और दूसरी लहर की तरह ही वहां नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। आईसीसीसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल मौजूद रहे।

## सरकार परखेगी गोआश्रय स्थलों की जमीनी हकीकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि छुट्टा गोवंश को संरक्षित करने की दिशा में बहुत अच्छा काम हुआ है। उन्होंने कहा कि गोआश्रय केन्द्रों की जमीनी हकीकत को परखने के लिये सरकार मुख्यालय से अफसरों की टीम भेजकर औचक निरीक्षण करेगीमुख्यसचिव शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारियोंए मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों तथा जिला पंचायतराज अधिकारियों के साथ बैठक कर गोआश्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा छुट्टा गोवंशों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छुट्टा गोवंशों को संरक्षित करने में पूरे प्रदेश में अच्छा काम हुआ है तथा वर्तमान में 5500 से अधिक गोआश्रय केन्द्रों में 8 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि कतिपय जिलों में छुट्टा गोवंशों से किसानों की तकलीफ एवं उनकी फसलों के नुकसान की शिकायतें मिलने पर 15 दिन का विशेष अभियान चलाया गयाए जिसमें करीब 1.50 लाख गोवंशों को पकड़कर आश्रय केन्द्रों में भेजा गया। उन्होंने कहा कि गोवंश आश्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं आदि के लिए सभी 75 जिलों को कुल 100 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों में गोवंशों के लिए शेडए चाराए भूसाए पानीए अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें तथा किसी भी जनपद से गोआश्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में कोई शिकायतें नहीं आनी चाहिए।श्री मिश्र ने कहा कि सहभागिता योजना में अ ब तक एक लाख से अधिक परिवारों को भरण.पोषण हेतु गोवंश प्रदान किये गये हैं। उन्होंने अधिकारियों से योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार कराकरए ऐसे परिवारों को जिनमें गर्भवती महिलाएं व कुपोषित बच्चे हैंए को सहभागिता योजना से दुधारू गोवंश प्रदान कर उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को 1 लाख से बढ़ाकर 2 लाख कर दिया गया है संशोधित लक्ष्य जिलों को भेजा जा रहा हैए तदनुसार लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी भी छुट्टा गोवंशों की शिकायतें आ रही हैं और वर्तमान संचालित गोआश्रय स्थलों में जगह नहीं है वहां पर जरूरत के अनुसार मनरेगा से अस्थाई गोआश्रय स्थल पूर्व की भांति बनवा दिये जायें तथा इनमें संरक्षित पशुओं के लिए चाराए भूसाए पानीए अलाव आदि की व्यवस्था पशुधन विभाग द्वारा की जाये। उन्होंने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में शीतलहर चल रही हैए ऐसे में किसानों को कोई तकलीफनहीं होनी चाहिए और न ही उनकी फसलों को छुट्टा गोवंशों के कारण कोई नुकसान होना चाहिए।

## विपरीत हालात में भी धान खरीद में बना नया रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** चुनावों की गहमागहमी और कड़ाके की ठंड के बीच प्रदेश में धान खरीद में तेजी से जारी है। किसानों को एमएसपी पर धान खरीद का वादा करने वाली योगी सरकार ने चालू सत्र में अब तक 8 लाख 68 हजार 232 किसानों से 55 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर भुगतान कर दिया गया है। धान की यह खरीद नया रिकार्ड है।

कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि शुक्रवार तक प्रदेश के 73 जिलों में 4621 क्रय केंद्रों पर खरीद जारी है। अब तक 8ए68ए232 किसानों को ?8ए289ण्56 करोड़ का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में कर दिया गया है। अद्यतन स्थिति के मुताबिक बकाया 1903ण्34 करोड़ का भुगतान अगले 72 घंटों में हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में कहा कि क्रय केंद्र पर आने वाले हर पात्र किसान से खरीद जरूर की जाए। साथ ही अगले 72 घंटों के भीतर सीधे किसानों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया जाए। उन्होंने केंद्रों पर ठंड से बचाव के इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश ने इस बार 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। पिछले साल यानी 2020.21 सत्र में राज्य ने करीब 67 लाख मीट्रिक टन धान रिकॉर्ड धान खरीद की थी।

राज्य में 1 अक्टूबर से धान की खरीद हो रही है और यह प्रक्रिया 28 फरवरी तक चलेगी। किसान फरवरी के अंत तक अपनी पैदावार खरीद केंद्रों पर लेजाकर बेच सकते हैं। इस बार सामान्य श्रेणी के धान की एमएसपी 1940 प्रति क्विंटल है जबकि ग्रेड.ए धान की एमएसपी 1960 रुपए तय की गई है।

# राष्ट्रवादी समतावादी पार्टी का भाजपा में विलय

## ● बसपा के सलमान जैदी सहित कई नेताओं ने थाम भाजपा का हाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** मुख्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रवादी समतावादी पार्टी ने भाजपा में अपना विलय कर लिया जबकि कई संगठनों ने बिना शर्त समर्थन दिया है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर से आने वाले बसपा के बड़े मुस्लिम चेहरे सलमान जैदी और मैनपुरी में सपा के मजबूत स्तम्भ रघुपाल सिंह भदौरिया सपा छोड़ कर भाजपा परिवार का हिस्सा बन गये। इसके साथ ही शाम को पार्टी कार्यालय में रिटायर्ड आईपीएस कुश सौरभ पासवान ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री पासवान बांसगाँव गोरखपुर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रह चुके हैं और इनकी पत्नी जिला पंचायत की सदस्या हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। डाण् वाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के स्तंभ और प्रदेश सचिव रहे श्री रघुपाल सिंह भदौरिया ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी के चुनाव अभियान को और मजबूती प्रदान की है। इसी तरह श्री जैदी मुजफ्फरनगर में बहुजन समाज पार्टी के बड़े नेता हैं। राजनीतिक परिवार से आने वाले जैदी की पत्नी ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैंए जबकि श्री जैदी 2017 के विधानसभा चुनाव में चरथावल से प्रत्याशी रह चुके हैं। इनको भाजपा में शामिल कराने के लिए केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान और प्रदेश सरकार में गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने सिफारिश की थी।

### इन दलों का मिला बिना शर्त समर्थन

प्रदेश भाजपा कार्यालय में किसान शक्ति जनतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम गुरू जीए मानवतावादी समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डाण् रामरघुबीर प्रजापतिए राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष श्री आनन्द कुमार मिश्र और हिन्दू युवा वाहिनी ;भारतद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुभव शुक्ला ने डाण् वाजपेयी को बिना शर्त समर्थन का पत्र सौंपा। सभी का स्वागत करते हुए डाण् वाजपेयी ने कहा कि समतावादी पार्टी पूर्वांचल के 25 जनपदों में निषाद समाज के लिए काम कर रही थी। इस पार्टी ने पिछड़ों और दलितों की पिच से सरकार बनाने के लिए भाजपा को बिना शर्त समर्थन दिया है।

# भाई को छुड़ाने को दुष्कर्म पीड़िता का कोतवाली में हाईवोल्टेज ड्रामा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**सामूहिक** दुष्कर्म की पीड़िता के जेल भेजे गये आरोपी की बहन से छेड़छाड़ के मुकदमें में फंसे भाई छुड़ाने के लिए विचलित पीड़िता ने शुक्रवार को कोतवाली में हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़िता ने मिट्टी का तेल छिड़कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। कोतवाली में हुए हाईवोल्टेज ड्रामे से सर्द मौसम में पसीना-पसीना हुई पुलिस ने पीड़िता को शांति भंग में गिरफ्तार कर अपनी जान बचायी।

कोतवाली फतेहगढ़ के कर्नलगंज चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी निवासी युवती ने कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमें में एक फंसे एक आरोपी की बहन ने पीड़िता के भाई के विरुद्ध छेड़छाड का मुकदमा दर्ज कराया। गत माह पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म में फंसे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं शुक्रवार को पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में फंसे पीड़िता के भाई को गिरफ्तारी कर ली। जिसकी जानकारी मिलते ही छेड़छाड़ का आरोप लगानें वाली युवती कोतवाली जा धमकी। इसी बीच भाई की गिरफ्तारी की खबर पाकर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता भी कोतवाली पंहुच गयी और उसने एक भाजपा नेता के इशारे पर परिवार का उत्पीड़न करानें का आरोप लगाते हुए भाई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया भाई को ना छोड़े जानें पर आत्मदाह की चेतावनी दी। पुलिस अभी माजरें को समझ पाती इससे पहले हंगामा कर रही पीड़िता नें छुपा कर लायी गयी मिट्टी के तेल की शीशी अपने ऊपर पलट ली। जिससे मौजूद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। हादसा होते देख पुलिस पसीने-पसीने हो गयी। महिला पुलिस कर्मियों की मदद से जैसे-तैसे उसे बचाकर कड़ी सुरक्षा में बैठाया गया। जानकारी मिलनें पर आलाधिकारी पंहुचे और आत्मदाह की कोशिश करनें के मामले में युवती की शांति भंग करनें के मामले में गिरफ्तारी करनें के आदेश दिये। क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह ने बताया की एक पक्ष नें सामूहिक दुष्कर्म के मामले एम् रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एक आरोपी जेल में है। जेल में बंद आरोपी की बहन नें पीड़िता की भाई के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। छेड़छाड़ के मामले में पुलिस नें आज जब आरोपी को गिरफ्तार किया तो उसकी बहन नें कोतवाली में आकर आत्मदाह का नाटक किया। उसकी भी शांति भंग करनें के आरोप में गिरफ्तारी कर ली गयी है। प्रकरण में भाजपा नेता की संलिप्तता अब तक की जाँच में साफनही है।

## समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का हुआ विरोध फूंके गये पुतले

**फर्रुखाबाद।** सपा ने कायमगंज से पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सर्वेश अम्बेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिसकी पुष्टि उन्होंने खुद की है। टिकट मिलने की भनक लगते ही उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध शुरू हो गया। कई जगह पुतले फूंककर इसका विरोध किया गया।दरअसल कायमगंज से पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, करन माथुर,रामविलास माथुर, संतोष दिवाकर, शशि दिवाकर, कन्हैया लाल कोरी, रामशरण कठेरिया भी दावेदारों की लाइन में थे। सपा ने सर्वेश अम्बेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। लेकिन उन्हें बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध भी शुरू हो गया है। विधान सभा कायमगंज के अचरा, गौरखेड़ा, खलवारा आदि जगहों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। अपने नेता को टिकट ना मिलने से खफा लोगों नें पुतले फूंक कर नारेबाजी की।

## सपा ने भाजपा के मंत्रियों, विधायकों व नेताओं पर लगाया आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

### ● मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर भाजपा सरकार के मंत्रियों विधायकों नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्राम प्रधान व ब्लॉक क कर्मचारियों पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदनए नई दिल्ली को सम्बोधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ को दिए गए ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भाजपा सरकार के मंत्रीए विधायकए नेताओंए कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानए ब्लाक कर्मचारियों द्वारा राज्य सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका को बूथ स्तर पर घर.घर वितरित किया जा रहा है। पुस्तिका पर प्रकाशित राज्य सरकार के लोगो को छिपाकर बड़ी संख्या में यह पुस्तिका बांटी जा रही है जो आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है तथा इससे चुनाव प्रभावित हो रहा है। राजेन्द्र चौधरी ने मांग की है कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्भीक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित इस पुस्तिका के वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साथ ही भाजपा एवं प्रशासनिक अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

### पूर्व विधायक आरएलडी छोड़कर सपा में शामिल

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक अशफाक अली खांए नौगवां सादात, अमरोहा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान को भेजा ड्राफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान जो कि गृह मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है। उसके लिए विवि के शिक्षकों व छात्रों से 9105 रूपये दान स्वरूप एकत्र करके डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रतिष्ठान के खाते में दान राशि भेजी है। यह धनराशि कोविड महामारी के दौरान गरीब असहाय पीड़ित लोगों के मदद में काम आयेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंहए छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो बीएस भदौरिया ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जन कल्याण के कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्य उत्तम व सराहनीय है।

## फांसी पर झूलता मिला छात्र का शव, हत्या का शक

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पिता** के साथ खेत गये किशोर का संदिग्ध हालत में शव आम में पेंड पर फंसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजनों ने नामजद लोगों पर साजिश के तहत हत्या कर शव लटकाये जानें का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को आत्महत्या मान रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के गाँव हकीकतपुर निवासी विजय सिंह का 15 वर्षीय पुत्र विनय कुमार शुक्रवार सुबह अपने पिता के साथ गन्ने के खेत पर काम करनें गया था। दो घंटे बाद पिता जब घर से खाना खानें चले आये तो विनय अपनी समर देखनें की कहकर चला गया। कुछ देर बाद जब विजय खेत पर वापस लौटे तो उन्हें विनय समर के आस-पास नजर नही आया। चिंता होनें पर विजय व उनके परिजन विनय की तलाश में जुट गये। कुछ देर बाद विजय के भतीजे रिंकू नें विनय का शव उदयवीर के आम के बाग में फंसी के फंदे पर लटका देखा। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को नीचे उतरवाया। पड़ताल में परिजनों नें पुलिस को बताया कि गाँव के ही नामजद लोगों से समर का पाइप तोड़ने को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर उन्हें और उनके परिवार सेनुकसान की भरपायी के लिए जबरन 1600 रूपये वसूले गये थे। उन्हें पूर्व विश्वास है की उनके बेटे की उपरोक्त लोगों नें साजिश के तहत हत्या कर दी और शव फंसी के फंदे पर लटका दिया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह नें बताया कि प्रारम्भिक जाँच में विनय द्वारा आत्महत्या किये जानें की बात सामने आयी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जायेगी। सीओ कायमगंज सोहराब आलम नें बताया कि परिजनों के आरोप की सत्यता जाँची जा रही है। साक्ष्य मिलने पर कार्यवाही होगी।

# मोहनलालगंज में पटरी दुकानदारों को स्थान चिन्हित होने का इंतजार



संवाददाता। मोहनलालगंज

**नगर** पंचायत बनने के बाद भी मोहनलालगंज में पटरी दुकानदारों को दुकानें लगाने के लिए स्थान चिन्हित नहीं हो सका है। लिहाजा अधिकांश दुकानदार कस्बे में हाईवे किनारे नाले और मऊ में सड़क पर दुकानें सजाकर रोजी.रोटी कमाने के लिए मजबूर रहते हैं। पटरी दुकानदारों के लिए सालों से यह समस्या बरकरार रहने के बावजूद भी अब तक चुनावी मुद्दा नहीं बन सकी है।


मोहनलालगंज को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुए साल भर से अधिक वक्त गुजर चुका है। लेकिन फुटपाथ और पटरी दुकानदारों के लिए स्थान चिन्हित कर बाजार बनाने का कार्य अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है। लिहाजा मऊ गांव की वर्षों पुरानी साप्ताहिक बाजार के लिए दुकानदार गांव के अन्दर संकरी सी सड़क पर दुकानें सजाने के लिए मजबूर रहते हैं। जिससे आवागमन बाधित होने से लोगों को खरीदारी करने में बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं मोहनलालगंज कस्बे में सब्जी व मसाला और कपड़ा समेत अन्य फुटपाथ दुकानदार पुराने पावर हाऊस और तहसील के आसपास रायबरेली हाईवे के नाले पर दुकाने लगाने को विवश रहते हैं। जहां पेयजल व शौचालय और रोशनी की सुविधा के लिए दुकानदार परेशान रहते हैं। वहीं अतिक्रमण मुक्ति अभियान के तहत पुलिस और प्रशासन की टीमें अक्सर उन्हें दुकानें समेटकर इधर.उधर कराती रहती हैं। लेकिन दुकानदारों की तमाम शिकायतों के बावजूद भी अब तक उनकी समस्या का स्थायी निदान नहीं कराया जा सका है। लिहाजा आमदनी जुटाने के लिए पटरी दुकानदारों को जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से न्याय की दरकार है।

**बदहाली का शिकार है लाखों**

**से बनी बाजार.....**-मोहनलालगंज के मऊ गांव में मिनी स्टेडियम के निकट वर्ष 2007.08 में तत्कालीन ग्राम पंचायत ने तकरीबन सात लाख की लागत से बाजार के लिए शेड व पेयजल का इंतजाम और टायलेट निर्माण कराकर बाजार परिसर का समतलीकरण भी कराया था। पंचायत की योजना बाजार को यहां शिफ्ट कर पटरी और फुटपाथ दुकानदारों को रोजगार और खरीदारों के लिए जाम के झाम से दूर बेहतर सुविधाएं देने की थी। लेकिन प्रशासन की योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। लिहाजा बाजार बदहाली का शिकार हो गई है।


### समस्या का निदान कराया जाएगा:ओम प्रकाश

**मोहनलालगंज** ब्लाक प्रमुख और भाजपा नेता ओमप्रकाश शुक्ल ने बताया फुटपाथ और पटरी दुकानदारों के लिए पंचायतों में मनरेगा और पंचायत निधि से बाजार हाट का निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत में भी फुटपाथ और पटरी दुकानदारों की समस्या का निदान कराया जाएगा। मोहनलालगंज से भाजपा विधायक बनने के बाद सभी तरह की समस्याओं के निराकरण में तेजी आएगी। भाजपा सरकार चौतरफा विकास कराने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है।




### सपा सरकार बनते ही इस समस्या का हल निकाला जाएगा:अम्बरीश

मोहनलालगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया पटरी और फुटपाथ दुकानदारों ने पुलिस द्वारा दुकानें हटवाने की शिकायत की थी। जिसके लिए अधिकारियों से बातचीत कर दुकानदारों को बेवजह परेशान नहीं करने के लिए कहा गया था। उसके बाद से फिलहाल कोई शिकायत नहीं मिली है। लेकिन पटरी दुकानदारों के लिए स्थान चिन्हित होना आवश्यक है। चुनाव बाद सपा सरकार बनते ही इस समस्या का हल निकाला जाएगा। बाजार के लिए स्थान चिन्हित कराकर वहां मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया मुहैया कराई जाएंगी।



# रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाएं

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दिया आदेश, कहा कि रेलवे प्रशासन विभाग की जमीन से अतिक्रमण रोकने में बुरी तरह विफल रहा



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने रेलवे के अधिकारियों को रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने बृहस्पतिवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि रेलवे प्रशासन रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण रोकने के अपने दायित्व का निर्वहन करने में बुरी तरह से विफल रहा है। पीठ ने कहा, रेलवे के अधिकारी रेलवे की जमीन पर कब्जेदारों को तत्काल नोटिस जारी करेंगे और उन्हें नोटिस जारी होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर जमीन खाली करने को कहेंगे। अदालत ने कहा, यदि कब्जेदार नोटिस जारी होने के बावजूद जमीन खाली नहीं करता है तो रेलवे के अधिकारियों के पास बलपूर्वक जमीन खाली कराने या अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त के लिए उचित कार्वाई करने का विकल्प खुला रहेगा। इस कार्य के लिए वे स्थानीय पुलिस की मदद ले सकते हैं। संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक या पुलिस आयुक्त से यह अपेक्षा की जाती है कि वह रेलवे के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पीठ ने रेलवे के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया कि खाली कराई गई जमीन पर कोई नया अतिक्रमण ना हो और अगर कोई अतिक्रमण होता है तो उसका विवरण, भूमि सीमा सत्यापन रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए और जितनी जल्दी हो सके, उस पर कार्वाई होनी चाहिए। पीठ ने एक रिट याचिका का निपटारा करते हुए कहा, हमें आशा और विश्वास है कि इन निर्देशों के अनुपालन से यह सुनिश्चित होगा कि इस प्रकार का कोई मामला सामने ना आए और रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण की समस्या का अंततः निदान हो जाए। यह याचिका प्रयागराज के अनूप कुमार मिश्रा ने दायर की थी जिसमें कहा गया कि रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। रेलवे के अधिकारियों को इसकी जानकारी है लेकिन वे अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कार्वाई नहीं कर रहे।

### 48 घण्टे के लिए सील हुआ न्यायालय परिसर

सोनभद्र। जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड-19 धनात्मक पाये जाने पर जनपद न्यायालय में कार्यरत रीडर समेत 4 कर्मचारी बृहस्पतिवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र के पत्र के क्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय के सम्पूर्ण परिसर को 48 घण्टे के लिए सील कर उसे सेनेटाइजेशन करने का निर्देश सम्बन्धितों को दिया है। साथ ही मामलों की सुनवाई इस दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा। 21 जनवरी, को सुनवाई हेतु सभी मामलों में अथवा अग्रिम दिनांक लगाये जाने हेतु 24 जनवरी,2022 की तिथि नियत की जाती है।

# मर्यादित भाषा का प्रयोग करें ओमप्रकाश राजभर

- कैबिनेट मंत्री ने कहा, लड़की हूँ लड़ सकती हूँ कहने वाली प्रियंका गांधी घर में ही नहीं लड़ पा रहीं



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रधानमंत्री** एवं मुख्यमंत्री सहित सभी व्यक्तियों के लिए मर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। राजभर को भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। यह बातें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में मीडिया से बातचीत में कहीं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा मुख्यमंत्री पर की गयी अमर्यादित टिप्पणी पर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री सिंह ने कहा कि राजभर को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के विषय में कोई बात कहने से पहले मर्यादित शब्दों का चयन कर लेना चाहिए। उनकी इस अमर्यादित टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब दे सकती है लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे। क्योंकि यह भाजपा का संस्कार नहीं है हो सकता है। ओम प्रकाश राजभर के ऐसे ही संस्कार हों और वह इसी में पले बढ़े हों। प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के सम्बन्ध में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा स्वयं अपने ही परिवार में घिरी हुई हैं। वह भाजपा को क्या घेरेंगी। उन्हें उनके भाई और मां ने ही घेर रखा है। लड़की हूँ लड़ सकती हूँ कहने वाली प्रियंका गांधी अपने घर में ही नहीं लड़ पा रही हैं।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बहरपुर गांव निवासी 23 वर्षीय राजेश पुत्र हरीसिंह बाइक से आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं बड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय श्यामलाल पुत्र लटोरा, मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी 42 वर्षीय प्रेमनारायण पुत्र घनाराम मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। मगझवां थाने के गिरवर गांव निवासी 20 वर्षीय गुड़िया पत्नी श्रीधर ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं कोतवाली के अकौना गांव निवासी 18 वर्षीय जीतेंद्र पुत्र रामबाबू ने जहर खरा लिया।

### बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के सैदपुर गांव में बच्चों को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस व कोतवली पुलिस ने दोंनो पक्षों से हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाया है। सैदपुर गांव निवासी लखनलाल पुत्र हरिसिंह, प्रमोद पुत्र हरिसिंह, पवन पुत्र प्रमोद ने बताया कि बच्चों को लेकर हुये विवाद में गांव की आकांक्षा पुत्री मंगल सिंह, कुलदीप पुत्र किशन कुमार व शिवम पुत्र सुदर्शन सिंह आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्हे लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। मारपीट से लखनलाल, प्रमोद, पवन गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष के कुलदीप, शिवम, आकांक्षा ने भी मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने कोतवाली में एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा जानमाल की धमकी व पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा लगाये जाने का युवक ने आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इटैलियाबाजा गांव निवासी वीरनारायण राजपूत पुत्र कल्लू ने बताया कि गांव के कुछ लोग उसे व उसके पिता को जान से मारने की धमकी और पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा में फंसने की धमकी दे रहे है। बताया कि 29 अक्टूबर और 26 दिसंबर 21 को उक्त लोगों ने रात करीब आठ बजे घर में आकर उसके पिता को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था। जिसकी उसके पिता ने जरिया थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि पुलिसा ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे उक्त लोगों के हौंसले बुलंद है। जरिया थानाध्क्ष ने बताया कि बताया कि पहले दोनों पक्षों का मामला दर्ज किया गया था। दोनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी। अभी उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है।

### युवक के साथ की मारपीट, कैमरा और रुपये छीने

**राठ (हमीरपुर)।** फोटो खीचने के लिये गये युवक के साथ दो युवकों ने कैमरा और रुपये छीन लिये। साथ ही युवक ने मारपीट मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के छोटी जुल्हेटी शिवम पैलेस निवासी योगेन्द्र पुत्र भूपसिंह ने बताया कि वह फोटो शूट का कार्य करता है। गुरूवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसे सेना रोड से दो अज्ञात युवक फोटो शूट कराने के बहाने से नवोदय विद्यालय और इंडस वैली पब्लिक स्कूल के पास ले गये। बताया कि वहां पर उसने अपना कैमरा फोटो शूट के लिये निकाला तो अज्ञात युवकों ने उसका कैमरा छीन लिया और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। आरोप लगाया कि विरोध करने पर उक्त युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी जेब में पड़े 9 हजार रुपये छीन लिये। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई है। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आपसी विवाद लग रहा है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### लघु शंका को बैठे वृद्ध की जेसीबी लोडर की टक्कर से मौत

**जगम्मनपुर (जालौन)।** रात के अंधेरे में सड़क के किनारे नाली पर लघु शंका निवारण को बैठे वृद्ध की जेसीबी लोडर की टक्कर लगने से मृत्यु हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर निवासी कृष्ण मुरारी तिवारी उम्र लगभग 63 वर्ष (अविवाहित) अपने बड़े भाई कृष्ण गोपाल के पुत्र गगन बिहारी के देखरेख में किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे थे। गुरुवार की रात लगभग 9 बजे कृष्ण मुरारी लघुशंका करने के लिए अपने कमरे से बाहर सड़क के किनारे नाली पर बैठकर बैठे थे उसी समय जेसीबी मशीन जिसे ग्राम जगम्मनपुर का ही एक युवक चलाता है उसी रास्ते से गुजरी, रास्ते के चबूतरों को बचाने के लिए जेसीबी के आगे का लोडर (सूपड़ा) ऊपर उठा हुआ था जिसके कारण चालक को नाली के किनारे बैठा वृद्ध नहीं दिखाई दिया और और बीमार रहने के कारण वृद्ध कृष्णमुरारी अपना बचाव करने के लिए उठ भी नही पाये परिणाम स्वरूप लोडर का धक्का लगने से वह आगे गिर पड़े जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी होने पर घायल कृष्ण मुरारी के परिजनों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया व घटना की सूचना जगम्मनपुर पुलिस चौकी को दी, पुलिस ने तत्काल मौके कर पहुंचकर जेसीबी को अपने नियन्त्रण में ले लिया। कुछ देर बाद जेसीवी मालिक की बुलैरो कार से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल के मृत होने की सूचना रात में ही जगम्मनपुर पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के तहत मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने की कार्रवाई

**कोंच(जालौन)।** विधानसभा आम चुनाव के तहत आगामी 10 फरवरी को होने वाले मतदान को शांति सुरक्षा व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने को लेकर स्थानीय प्रशासन अराजकतत्वों, समाज विरोधी लोगों लोगों पर पूरी तरह नकेल कसता हुआ दिखाई दे रहा है। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अब तक 950 लोगों के खिलाफ107/116 की कार्यवाही की है। 71 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट व 4 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही कर उन्हें नोटिस थमाकर जिला बदर कर दिया।वहीं 2 लोगों के खिलाफएचएस (हिस्ट्रीशीटर) की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गयी है। प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने कहा है कि शांतिपूर्ण मतदान में खलल डालने का मंसूबा पालने वालों को कड़ा सबक सिखाया जायेगा।

### सीएमओ को ज्ञापन सौंप मांग पूरी करने को कहा

**मौदहा (हमीरपुर)।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्क्स एसोसिएशन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप उन्हें पूरा करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्क्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रामजीवन सोनी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि कोविड-19 की रोकथाम व टीकाकरण कार्य में सभी कर्मचारी तन मन से कार्य में जुटे हुए हैं इसलिए उनके कार्य के दिन व घंटे निश्चित हों, कोविड-19 के काम में लगे हुए कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित अतिरिक्त मानदेय व प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए, कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश, अवकाश के दिन कर्मचारियों से काम लेने पर उन्हें अतिरिक्त मानदेय मिलना चाहिए तथा टीकाकरण कार्य में घर घर जाकर एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों टीकाकरण का कार्य संपन्न कर रही है लेकिन लाभार्थियों के घर ना मिलने पर लक्ष्य पूरा न होने पर किसी कर्मचारी के खिलाफकोई कार्यवाही नहीं की जानी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में नारायणदास कौशल, मूलचंद्र, दिनेश खरे, विनोद खरे, जगमोहन व मूलचंद प्रजापति आदि स्वास्थ्य कर्मी रहे।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत, सात गंभीर



**चित्रकूट।** अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मृत्यु हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मृत्यु हो गई। आठ सवारियों से भरा आटो पलटने से एक ने मौके पर दम तोडा, जबकि सात लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। पहला हादसा ब्लाक क्षेत्र के खोही मैनहाई में हुआ। बिहारा के हाउलीपुरवा के सन्ना (40) पुत्र गरीबदास घर से पूजा का सामान लेने हाउलीपुरवा गया था। दोपहर को बाइक से गांव लौटते समय बेकाबू पिकअप की ठोकर से उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। आक्रोशित परिजनों ने जाम लगा दिया। पिकअप चालक पिकअप समेत फरार हो गया। लोगों ने पिकअप चालक पर कार्यवाही और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। सूचना पर परिक्रमा मार्ग चौकी प्रभारी भागीरथ पाण्डेय ने कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुलवाया। मऊ तहसील क्षेत्र के पिपरोदर गांव का मिठाईलाल (42) पुत्र राजभवन आटो लेकर रैपुरा जा रहा था। आटो में सात सवारियां बैठी थीं। रामनगर मोड के पास तेज रफ्तार आटो अचानक पलट गया। हादसे में सभी सवारियां घायल हो गईं। डॉक्टरों ने मिठाईलाल को मृत घोषित कर दिया। अन्य सात घायलों का इलाज जारी है।

# दबंगों की पिटाई के बाद तीन दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, मंत्री ने कहा मिलेगा न्याय

**संवाददाता।** बकेवर (फतेहपुर)

**तीसरे दिन** भी युवक को खोजने में पुलिस नाकाम रही। लगातार पांडू नदी में रेस्क्यू जारी है। जिन आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी। मामले की जानकारी पाकर कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी रुसी गांव पहुंचे। उन्होंने पीडित परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव के रहने वाले युवक अभिषेक त्रिपाठी को पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने लाठी डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पिटाई के बाद से युवक लापता है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पांडु नदी में तीसरे दिन भी रेस्क्यू चलाया लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। परिजनों ने हत्या किये जाने की आशंका जताई है। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव को रूसी-परसदेपुर के मध्य पांडु नदी में फेंक दिया।

दोपहर बाद अभिषेक घर से नलकूप की ओर निकल गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शाम को रूसी गांव के ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी कि अभिषेक को पकड़कर कुछ लोग उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर रहे हैं और ईंट-पत्थर से हमला कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि आरोपियों की देवमई पुलिस (चौकी इंचार्ज) से गहरी सांठगांठ होने के चलते चुनाव के मौके पर युवक को जेल भेजने का तानाबाना बुन रही थी। जो पुलिस के गले का ही फांस बन गई है।

कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी भी रुसी गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने पुलिस की पोल खोल दी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह से वार्ता की और पीड़ित को न्याय दिये जाने की बात कही है।

बताया जाता है कि लापता युवक की पत्नी कल्पना त्रिपाठी जब बकेवर थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की तो पुलिस ने कहाकि अभिषेक को जिंदा या मुर्दा मिल जाने दो मुकदमा दर्ज कर लिया जायेगा और आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। वहीं इस मामले पर सीओ बिंदकी योगेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि लगातार पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम नदी में सर्च अभियान चला रही है और छिवली में नदी में पुल के जाल भी लगाया गया है। जिससे अगर कोई बहकर भी आता है तो पता चल सके।

उन्होंने परिजनों द्वारा हत्या किये जाने के आरोप को फिलहाल एक सिरे से नकार दिया है। उनका कहना है कि अभिषेक की खोज पूरी नहीं हो जाती सर्च अभियान चलता रहेगा। पुलिस इस मामले को लेकर अलग अलग बिंदुओ पर जांच कर रही है। फिलहाल अभी तक पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है।

# संदिग्ध परिस्थिति में जले दो सगे भाई, ताऊ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**प्रतापगढ़ ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भुन्ना का पुरवा भद्दिव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगे भाईयों की जलने से मौत हो गई ढ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मरने वालों के ताऊके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बताया कि थाना संग्रामगढ़ के भुन्ना का पुरवा भद्दिव की रहने वाली नीलम पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है, कि उसके जेठ अशोक कुमार पटेल ने आग लगाकर उसके बेटों इशांत (आठ) और कृष्णा (छह) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार नीलम का आरोप है कि सुबह जब वह शौच के लिए गई थी तभी उसके जेठ ने इस घटना को अंजाम दिया, उसने जेठ को मौके से भागते हुए भी देखा। शिकायत में कहा गया है कि उसके घर के दरवाजे की कुंडी बंद थी और धुआं निकल रहा था और जब तक वह घर में आई दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अशोक कुमार पटेल के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# कोविड टीके की दूसरी खुराक के लिए चलेगा मेगा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्तर प्रदेश** के वाराणसी में प्रशासन ने कोविड टीके की पहली डोज शत प्रतिशत लगाए जाने का दावा करते हुए कहा कि अब दूसरी डोज़ के लिए मेगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान में कैंप लगाकर टेम्पो, रिक्शा चालकों और नाविकों का टीकाकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य प्रशासन ने इसके साथ ही बताया कि बिना कोरोना टीका लगवाए लोग दुकान, माल और कार्यालय नहीं खोल सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग कार्यस्थलों पर जाकर टीका लगाएगा। प्रशासन इसके लिए प्रवर्तन दल बना रहा है जो प्रतिष्ठानों पर जाकर लोगों की टीका लगे होने की जाँच करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कोरोना वायरस रोधी टीका लगाने का अभियान तेजी से चल रहा है। वाराणसी ने लक्ष्य के मुताबिक कोविड की पहली डोज़ लगाने में 100 प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि हासिल कर ली है। दूसरी ड़ोज़ भी करीब 65 प्रतिशत से अधिक लगाई जा चुकी है। शेष लोगों को दूसरी ड़ोज़ लगाने के लिए प्रशासन नई योजना बना रहा है जिसे जल्दी ही लागू कर दिया जाएगा। वहीं 15 से 17 वर्ष तक के बच्चों को भी टीका लगाने का काम भी युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी वाराणसी, कौशल राज शर्मा ने बताया कि डोर टू डोर अभियान चलाकर अधिकतर लोगों को टीका लगाया जा चुका है। लेकिन दिन के समय बहुत से लोगों के घर से अपने कार्यस्थल पर जाने के कारण टीका नहीं लग पाया है। स्वास्थ्य विभाग के लोग अब दुकानों ,माल और कार्यालय में जाकर प्रत्एक कर्मचारी को टीके का सुरक्षा कवच देंगे। नाविकों ऑटो चालकों और रिक्शा चालकों का भी कैंप लगाकर टीकाकरण किया जाएगा।

प्रशासन ने लोगों से अपील भी की है की छूटे हुए लोग अपना टीका जल्दी लगवा लें अन्यथा वे अपनी दुकान नहीं खोल पाएंगे। प्रशासन इसके लिए प्रवर्तन दल भी बना रहा है जो दुकान,माल व कार्यालयों में जाकर जांच करेगा।

## टीकाकरण टीम से दुर्व्यवहार करने वाला नाविक गिरफ्तार

**बलिया ( भाषा )।** बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र में कोविड टीकाकरण के दौरान एक नाविक द्वारा टीकाकरण करने गई टीम के साथ कथित दुर्व्यवहार और हाथापाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी नाविक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। रेवती के खंड विकास अधिकारी अतुल कुमार दुबे ने पत्रकारों को शुक्रवार को बताया कि दो दिन पुराने वीडियो में दिखाई दे रहा युवक इसी क्षेत्र का नाविक है जो सरयू नदी में नाव चलाता है और लोगों को नदी के रास्ते नाव से लाने व ले जाने का काम करता है। उन्होंने बताया कि कोविड टीकाकरण टीम जब सरयू नदी के तट पर पहुंची तो वह टीम के साथ दुर्व्यवहार और हाथापाई करने लगा। अपर पुलिस अधीक्षक विजय त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी नाविक विपिन यादव भच्चर कटहा ग्राम का रहने वाला है, जिसे टीकाकरण टीम के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।इसके अलावा एक और वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिसमें दिखाई दे रहा है कि टीकाकरण टीम के पहुंचने पर एक युवक पेड़ पर चढ़ गया। टीकाकरण टीम के काफी प्रयास के बाद युवक को पेड़ से नीचे उतारा गया और टीका लगाया गया।

# जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापक मिले अनुपस्थित, रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण



**राठ ( हमीरपुर )।** बीएसए आरके श्रीवास्तव ने राठ व गोहांड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोहांड कस्तूरबा स्कूल में तैनात फुल टाइम शिक्षिका अनुपस्थित मिलीं तथा आनलाइन कक्षा संचालित नहीं मिली। जिस पर बीएसए ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं कुम्हरिया गांव में स्थित जूनियर हाईस्कूल में निरीक्षण के दौरान एक सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिलने पर एक माह का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को राठ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर दो फुल टाइम, दो पार्ट टाइम और एक लेखाकार पद खाली है। जिसे पूरा करना है। स्कूल बाथरूम में नमी पाई गई। इसके बाद गोहांड स्थित कस्तूरबा गांधी का निरीक्षण किया। जहां स्कूल की वार्डन साक्षी शर्मा अनुपस्थित पाई गई। बताया कि बिना किसी परमिशन के वह छुट्टी पर गई है। जिस पर पूछताछ की जायेगी। बताया इस विद्यालय की बिल्डिंग में भी नमी पाई गई। इसके बाद जूनियर हाईस्कूल का निरीक्षण किया। जहां सहायक अध्यापक अनुज तिवारी अनुपस्थित मिले है। जिनका वेतन रोकर कार्रवाई की जायेगी। बताया कि दोनों कस्तूरबा विद्यालयों की बिल्डिंग में नमी मिलने पर उनके दुरूस्तीकरण के लिये भी डीसी से बात की गई है।

# हाईवे किनारे से दो सैकड़ा भेड़ें व बकरियां लाद ले गये बदमाश



बदमाशों द्वारा वाहन से रौंदी गयी भेड़ें

**कोंच ( जालौन )।** कोंच सर्किल के थाना एट इलाके में हाईवे किनारे डेरों में बंद दो सैकड़ा भेड़ों व बकरियों को अज्ञात बदमाश डीसीएम व पिकप में लाद कर फरार हो गए। आवाज सुनकर जागे भेड़ मालिक जब उन बदमाशों से उलझ गया तो उसको लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने भागते समय करीब एक दर्जन भेड़ों को वाहन से रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चोरी हुई और मारी गई भेड़-बकरियों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। भेड़ मालिक की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल कर थाने को सूचना दी। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है जल्द ही मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

एट थाना क्षेत्र के कानपुर झांसी हाईवे एनटीपीसी प्लांट से कुछ दूरी पर खाली पड़ी जमीन पर झोपड़ी बनाकर भेड़ पालन का कार्य कर रहे केलम खान व सहयोगी कैलाश खान निवासी एट ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया कि वह रात में अपनी झोपड़ी में सो रहे थे और बगल में बने खुले बाड़े में करीब पांच सौ भेड़ों व बकरियों का झुंड रस्सियों से बंधा हुआ था। रात करीब 1 बजे डीसीएम व पिकप आई, उसमें सवार करीब एक दर्जन बदमाशों ने हाईवे किनारे वाहन खड़े कर भेड़ों को वाड़े से ले जाकर वाहनों में लादना शुरू कर दिया। भेड़ों और बकरियों की आवाजें सुनकर जब वह लोग जागे तो बदमाशों ने उन पर डंडा से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गए और उनको चुप रहने के लिए कहा कि अगर आवाज निकाली तो जान से मार देंगे। डर के मारे वह चुपचाप घायल अवस्था में झोपड़ी में बैठे रहे कुछ देर बाद जब डीसीएम व पिकप में भेड़ बकरियां लाद कर बदमाश भागने लगे तभी कुछ भेड़ें उनकी डीसीएम की चपेट में आ गईं जिन्हें रोंदते हुए वे मौके से फरार हो गए। घायल केलम खान चीखने चिल्लाने लगा तो आवाज सुनकर आसपास सो रहे परिजन भी जाग गए। केलम खान के मुताबिक भेड़ों और बकरियों की कीमत लाखों में है। घटना की सूचना उन्होंने यूपी डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी ने थाना पुलिस को पूरी जानकारी दी।

## गणेश चतुर्थी पर ढाई सौ रुपये पसेरी बिकी शकरकन्द

**चित्रकूट।** गणेश चतुर्थी पर्व पूरे रस्मो-रिवाज के साथ मनाया गया। पूरे दिन बाजार में शकरकन्द, सिंघाड़ा, गुड़, तिल व अन्य जरूरी सामान खरीदने को भीड़ बनी रही। सभी चौराहों पर गन्ने खूब बिके। देर रात को महिलाओं ने पूजन-पाठ कर व्रत तोड़ा। बाजार में शकरकन्द, गुड़ व सिंघाड़ा आदि सामग्री की जमकर बिक्री हुई। इस वर्ष शकरकन्द की आवक बाजार में कम होने से शकरकन्द दो सौ रूपये से ढाई सौ रूपये पसेरी तक बिकी। गणेश चतुर्थी पर्व पर पूजन सामग्री में शकरकन्द अनिवार्य होने के चलते लोगों ने मजबूरी में शकरकन्द आवश्यकतानुसार खरीदी। बताया गया कि इस बार समय से किसानों को खाद-पानी न मिलने से शकरकन्द की पैदावार ज्यादा नहीं हो सकी। तमाम किसानों ने शकरकन्द की फसल में खाद-पानी ज्यादा लगने की वजह से शकरकन्द की खेती से किनारा कर लिया।

# हर साल 250 करोड़ खर्च, फिर भी बदरंग गांवों की तस्वीर

**संवाददाता।** फतेहपुर

- बंदरबांट के चलते पानी की तरह विकास के लिए बहाया जाता है पैसा लेकिन विकास दिखता नहीं, सरकारी योजनाओं,आवास पर धन उगाही की शिकायतें आम

**इसे जिम्मेदारों** की मनमानी कहें या फिर उदासीनता कि हर साल गांवों के विकास के लिए दी जाने वाली करोड़ों रुपए की धनराशि के बावजूद विकास नजर नहीं आता। मनरेगा, केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि का अगर मोटा-मोटा हिसाब लगाया जाए तो जिले के 834 गांवों को हर साल करीब 250 करोड रुपए की धनराशि अवमुक्त की जाती है। बावजूद इसके गांवों की तस्वीर बदरंग ही है। आरोप है कि जनता की सेवा का दम भर कर आने वाले प्रधान, सचिव एवं खंड विकास अधिकारियों की तिकड़ी जो गुल खिला रही है उससे गांवों में विकास तो दिखाई नहीं पड़ रहा है लेकिन कर्ता-धर्ता खूब फल-फूल रहे हैं।

फतेहपुर जिले के 13 विकास खंडों की 834 ग्राम पंचायतों में सडक,जल निकासी, पीने के पानी, जल संचयन, सहित साफ-सफाई की मूलभूत जरूरतों को लेकर ग्रामीण हो-हल्ला करते नजर आते हैं। हर 5 साल में चुने जाने वाली गांवों की सरकार के मुखिया ग्रामीणों से विकास के वायदे जरूर करते हैं लेकिन विकास का वायदा कब टूट गया यह जनता को तब पता चलता है जब अपनी समस्याओं को लेकर वह जिम्मेदारों की चौखट तक बार-बार चक्कर काटती नजर आती है।

हकीकत यह है कि गांवों का विकास हो या न हो लेकिन जिम्मेदार खूब मौज में हैं। एक मोटे अनुमान में केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से जिले की ग्राम पंचायतों को करीब 115 करोड रुपए वार्षिक धनराशि विकास के लिए अवमुक्त की जाती है और 139 करोड के आस-पास की धनराशि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतें खर्च करती हैं।

हर साल गांवों के विकास के लिए दिया जाने वाला धन जाता कहां है। यह पता ही नहीं चल पाता। लोग समस्याओं का पिटारा लेकर घूमते हैं और जिम्मेदार वायदों का झुनझुना। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए भी गरीब जनता से वसूली की शिकायतें किसी से छिपी नहीं है। आवासों में धन उगाही तो मानो आम बात हो गई है। हकीकत यही है कि करोडों की गांवों को दी जाने वाली धनराशि हर साल पानी की तरह बहने के बावजूद गांवों के विकास की तस्वीर को उजला नहीं किया जा सका है। अभी भी गांवों की बदरंग तस्वीरें सामने आती हैं जबकि जिम्मेदार अपनी मस्ती में हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, सचिव एवं खंड विकास अधिकारियों के गठजोड के तिलिस्म को फिलहाल तोड पाने में आला अधिकारी भी नाकाम है। शिकवा शिकायतें होती रहती हैं और उनकी जांच भी लेकिन जिसे जो करना है वह करता वही है। आरोप है कि कमीशन के खेल के आगे सब बेबस नजर आते हैं। जिम्मेदारों की यही मनमानी ईमानदार मुखिया की साख पर बट्टा लगाने का भी काम कर रही है। सवाल यह खडा होता है कि अखिर जिम्मेदारों की बेपरवाही पर लगाम लगाएगा कौन। जिससे गांवों के गरीबों का भला हो सके और वह विकास दिखाई पडे जिसके लिए साल-दर-साल करोडों रुपए पानी की तरह बहाए जाते हैं।

## मद्य निषेध
### प्रबंधन की समस्या

**बिहार** को मद्य निषेध के प्रबंधन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पटना उच्च न्यायालय ने हाल ही में आश्चर्य प्रकट किया था कि राज्य पुलिस और एक्साइज़ अधिकारियों की 'शराब स्मगलरों के साथ मिलीभगत' है। इस बीच दिल्ली के साथ अपनी अलग समस्यायें हैं। उसकी नई एक्साइज़ नीति सरकार की इस घोषणा पर मौन है जिसके चलते मदिरापान की आयु 25 साल से घटा कर 21 की गई थी। इसका कारण है कि नगरनिगम चुनाव होने वाले हैं और विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया था। मध्य प्रदेश में भी नई एक्साइज़ नीति बनी है जिसमें हवाईअड्डों और मॉल में शराब की बिक्री के साथ एक करोड़ या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों के लिए घर पर बार लाइसेंस देने की व्यवस्था है। फरवरी के बाद शराब इसलिए भी सुर्खियों में रहेगी क्योंकि पुलिस चुनाव वाले राज्यों में छापे मार कर मतदाताओं को आकर्षित करने वाली अवैध शराब पकड़ेगी। लेकिन यह संकट केवल अवैध शराब बिजनेस का नहीं है। इसका संबंध नैतिकता बनान राजस्व की दुविधा से है जिसने भारत में शराब की बिक्री पर हो रही बहस पर कब्जा कर लिया है। नैतिकता पर हमेशा पैसे की जीत हुई है। भारत दुनिया में अधिकतम शराब बनाने और उपभोग करने वाला देश है। लगभग 10 मिलियन खुदरा दूकानों तथा 5 लाख से अधिक पबों से बिकने वाली शराब से हर वर्ष 2.6 ट्रिलियन राजस्व प्राप्त होता है। राज्यों में मदिरा पर टैक्स की लगभग समान दरें हैं। लगभग 600 मिलियन भारतीय मदिरापान की आयु से ऊपर हैं। लगभग 50 मिलियन भारतीयों की आयु 18-45 साल है और मदिरा उद्योग उन पर निशाना लगा रहा है। तेज शहरीकरण और लाभदायक जनसंख्या संरचना से मदिरा उद्योग फल-फूल रहा है। निम्न और उच्च मध्य वर्ग की खरीद



क्षमता में वृद्धि इसमें सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। आधुनिक प्रवृत्तियों और बदलते सामाजिक मानकों ने मदिरा उपभोग को परिवार परिवेशों में भी स्वीकार्य बना दिया है। आज पहले की तुलना में अधिक महिलायें शराब पी रही हैं। मदिरा उद्योग प्रथम और दूसरी श्रेणी वाले शहरों को लक्षित कर रहा है जहां मांग सर्वाधिक है। अब लोगों की पसंद गुणवत्तापूर्ण मदिरा पर केन्द्रित हो रही है तथा प्रीमियम व आयातित मदिरा की मांग बढ़ रही है। युवा वयस्कों के लिए बियर और वाइन आवश्यक पदार्थ तथा पसंदीदा पेय बन रहे हैं। भारत की विडंबना है कि मदिरा का बिजनेस तथा नैतिकता की लहरें समान रूप से पुरानी पड़ रही हैं। संविधान ने सरकार को 'मद्यनिषेध लागू करने' की सलाह दी है, पर देश की अर्थव्यवस्था सरकार से कहती है कि वह इससे मुंह मोड़ ले। इस प्रकार गुजरात तथा हाल ही में बिहार को छोड़ कर मद्य निषेध अधिकांशत: कागजों के बजाय सोच में है। हमारी पार्टियों और नेताओं के मन में पैदा अविश्वास के कारण इस मामले पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पा रहा है और हम आश्चर्यजनक स्थितियों का शिकार बनते हैं। 18 वर्षीय कोई नौजवान धूम्रपान कर सकता है और वोट दे सकता है, पर वह 25 वर्ष की आयु तक मदिरापान नहीं कर सकता है। मद्यनिषेध के पहले की तुलना में आज बिहार के नशेड़ी को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है क्योंकि उसे शराब लेने के लिए राज्य की सीमा तक जाना पड़ता है। समस्या का समाधान मदिरा पर प्रतिबंध लगाने के बजाय जिम्मेदारी से मदिरापान है। लेकिन सवाल है कि लोगों के लिए इसका निर्णय कौन करेगा? क्या राज्यों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं में हस्तक्षेप का अधिकार है? क्या वे मदिरापान पर उस स्थिति में नैतिक नियंत्रण लगा सकते हैं, जबकि वे इस बिजनेस से मिलने वाले राजस्व पर अत्यधिक निर्भर हैं? क्या यह कहना उचित होगा कि हम समस्या से दूर भाग रहे हैं?

# पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

## चरणजीत चन्नी, भगवंत मान, सुखवीर बादल और कैप्टेन अमरिंदर सिंह के नाम आने के बाद अब लगभग निश्चित है कि पंजाब में अचानक कोई और मुख्यमंत्री नहीं बनेगा।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के वरिष्ठ स्थानीय संपादक हैं)



**आम** आदमी पार्टी-आप ने कामेडियन से राजनेता बने भगवंत मान को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पार्टी के भीतर और बाहर लंबे समय से व्याप्त सस्पेंस समाप्त हो गया है क्योंकि इस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पसंद मनवाने का प्रयास कर रहे थे और उनकी संख्या बढ़ती जा रही थी। जहां तक प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री चेहरे का सवाल है, अब तक कांग्रेस संकेत दे रही थी कि वह चरणजीत सिंह चन्नी को पसंद करेगी जिन्होंने लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह के बाहर जाने के बाद मुख्यमंत्री बनने पर अपने संक्षिप्त कार्यकाल में खास छाप छोड़ी है। इसके बाद पंजाब चुनावों में तीसरा गंभीर आयाम शिरोमणि अकाली दल का है जहां नेतृत्व पहले से विरासत पर आधारित है और यह पार्टी अध्यक्ष सुखवीर सिंह बादल के पास आ गया है। उनके पिता प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर अब उनकी आयु 90 साल से अधिक है। हालांकि, पिछले पांच साल में वे कभी-कभी सार्वजनिक रूप से सामने आते रहे हैं, पर निश्चित रूप से उन्होंने अपने बेटे के लिए रास्ता खोला है। सुखवीर बादल 2012-2017 तक पार्टी के शासनकाल में उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं जब उसका भाजपा के साथ गठबंधन था। इस बार शिरोमणि अकाली दल ने विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर भाजपा के साथ दो दशकों से भी लंबा गठबंधन तोड़ दिया है और बहुजन समाज पार्टी के साथ गठजोड़ किया है। गठबंधन के सत्ता में आने पर बसपा को उप मुख्यमंत्री पद का प्रस्ताव किया गया है।

यदि पंजाब लोक कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सत्ता में आता है तो निश्चित रूप से पटियाला राजपरिवार के अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे, हालांकि सीट साझा समझौते के कारण उनकी नई पार्टी को भाजपा से कम सीटें मिलेंगी। लेकिन इस गठबंधन ने जमीन पर ज्यादा प्रयास नहीं किए हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति कोई आकर्षण नहीं है।

शहरी क्षेत्रों में भाजपा के प्रभावक्षेत्र वाले कुछ स्थान हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे दो अंकों में पहुंचता हुआ नहीं देख रहे हैं। हालांकि, हाल में वाम, दक्षिण व मध्य से कुछ आक्रामक संकेत जरूर मिल रहे हैं, पर राजनीतिक विश्लेषकों ने इस गठबंधन को सत्ता का गंभीर दावेदार नहीं माना है। उनका कहना है कि पटियाला राजपरिवार का कांग्रेस से अलग होकर चुनावों में उतरना राजनीतिक पुनर्जीवन के गंभीर प्रयास के बजाय ज्यादातर एक 'सत्ता से वंचित राजा का अहंकार' है। वर्तमान समय में टेली-वोटिंग अभियान के बाद पार्टी में लोकप्रिय मान को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के पीछे आप की रणनीति जनता में सालों से उनके प्रति जारी आकर्षण का लाभ उठाना है। टेली-वोटिंग के लिए एक फोन नंबर का प्रचार करना तथा मतदाताओं से मिस्ड काल, एसएमएस व वाट्सएप से संपर्क करने के लिए कहने से पार्टी को मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में सहायता मिलती है। इसमें राजनीतिक ताजगी का एक आश्चर्यजनक तत्व भी शामिल है। यह अपने किस्म की पहली कार्रवाई थी और ऐसे अनोखेपन से पार्टी को मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने में सहायता मिलती है। याद करें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'चाय पर चर्चा' तथा 2017 के विधानसभा चुनाव में अमरिंदर सिंह के अभियान 'कैप्टेन के साथ काफी' ने दोनों नेताओं को शिखर पर पहुंचाने में सहायता की थी। निश्चित रूप से इन लोकप्रिय नारों के पीछे रहे प्रशांत किशोर आजकल जैसे अध्ययन अवकाश पर हैं और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की विजय के बाद वे किसी के लिए ऐसे नारे नहीं गढ़ रहे हैं।

'आप दा सीएम' टेली-वोटिंग कार्यक्रम में 21 लाख लोगों ने अपनी राय आप द्वारा 13 जनवरी को वोटिंग के लिए दिए नंबर पर प्रकट की जिनमें से 93.3 प्रतिशत ने भगवंत मान को पंजाब के मुख्यमंत्री की अपनी पसंद बताया। निश्चित रूप से लक्ष्य और वास्तविकता के बीच अनेक बाधायें होती हैं और यह नियम किसी अन्य क्षेत्र के बजाय राजनीति पर ज्यादा लागू होता है। अब यह निश्चित है कि पंजाब में मुख्यमंत्री पद का और कोई उम्मीदवार अचानक सामने नहीं आएगा, जबकि पहले लगभग सभी पार्टियों का यही विश्वास था। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में आप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और उसने विपक्षी नेता का पद अकाली दल से छीन लिया था। लेकिन उस समय उसने कोई मुख्यमंत्री चेहरा सामने नहीं रखा था और निश्चित रूप से वह यह गलती 2022 में नहीं दुहराना चाहता था। दूसरी ओर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, हालांकि उसने 2017 में चुनाव के थोड़ा पहले ही कैप्टेन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। चूंकि निर्वाचन आयोग के कोविड-19 दिशानिर्देश के कारण किसी सार्वजनिक प्रचार अभियान की अनुमति नहीं है और कोई बड़ी रैली नहीं की जा सकती है, इसलिए कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व यानी राहुल व प्रियंका गांधी को अब तक चन्नी या सिद्धू के साथ मंच पर आने का मौका नहीं मिला है जिससे कोई अनुमान लगाया जा सके।

लेकिन कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल से संकेत दिया है कि चन्नी उसके उम्मीदवार हो सकते हैं। उसने बालीवुड अभिनेता तथा दानदाता सोनू सूद के साथ एक वीडियो क्लिप का साझा किया है जिसमें वे जनता से ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते दिखते हैं जो सामान्य पृष्ठभूमि से आया हो। इस प्रकार उनका संकेत चन्नी की ओर है। वीडियो में निवर्तमान मुख्यमंत्री के विजुअल हैं जिससे इस अनुमान को बल मिला है कि आलाकमान ने एक प्रकार से उनके नाम को अनुमति दे दी है। समझा जाता है कि फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में खामी पर पैदा विवाद में चन्नी की तार्किक व भावनात्मक अपील ने उनकी स्थिति मजबूत की है। इसके साथ ही चन्नी ने सुनियोजित ढंग से अपनी 'आम आदमी' वाली छवि बनाई है और इस प्रकार वे आप के वोटों में सेंधमारी करना चाहते हैं।

लेकिन कांग्रेस आलाकमान अच्छी तरह जानता है कि पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू बिना कोई विरोध किए अपने सिवा मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में किसी अन्य का नाम स्वीकार नहीं करेंगे। इसीलिए शायद वह कोई आधिकारिक घोषणा न कर फिलहाल शांति बनाए रखना चाहता है। उचित समय आने तक सबको खुश रखने के लिए 'सामूहिक नेतृत्व' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन सिद्धू आलाकमान से मुख्यमंत्री का नाम घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि 'दूल्हे बिना बारात कैसी'। स्पष्ट रूप से वे चुनाव अभियान को विवाह के जुलूस जैसा समझ रहे हैं जिसमें दूल्हा मुख्यमंत्री उम्मीदवार की तरह है। लेकिन ऐसा लगता है कि सबको खुश रखने की सर्वोच्च नेतृत्व की मजबूरियों के चलते इस 'शादी के जुलूस' में कोई 'दूल्हा' नहीं होगा। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस बाकी सबको संकेत देना जारी रखेगी कि चन्नी उसकी पसंद हैं। आश्चर्यजनक रूप से आप के टेली-वोटिंग अभियान में सिद्धू को दूसरा सर्वाधिक पंसदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताया गया है और पार्टी उनको तीन प्रतिशत से अधिक वोट देती है। इस सवाल पर पंजाब में बहुत से लोगों की दो व्याख्यायें हैं। पहला, सिद्धू आप में चले जाएंगे और दूसरा, आप ने टेली-वोटिंग की ऐसी विधि अपनाई जिसमें सिद्धू भी तस्वीर में आ गए। लेकिन राजनीतिक अनुमानों के बावजूद पार्टी की नजरों में सिद्धू का चेहरा उसके अपने मुख्यमंत्री चेहरे मान के बाद आता है। यह स्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं व केन्द्रीय नेतृत्व में समान रूप से स्वीकार्य है। इस प्रकार विभिन्न टीमों के कप्तान के रूप में भगवंत मान, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखवीर सिंह बादल तथा अमरिंदर सिंह के नाम सामने हैं। चुनाव परिणाम इनमें विजेता का निर्धारण करेंगे।

# बजट में व्यापार संबंधों पर ध्यान जरूरी

> वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**जब** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी तो उनके पास बातचीत करने के लिए एक कठिन संतुलन अधिनियम होगा। सबसे पहले, वह अपने पिछले साल के सपने बजट के खिलाफ होंगी, जिसे अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने सुधारवादी, साहसी और दूरदर्शी कहा था। यह तर्क दिया जा सकता है कि शोर-शराबे वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कोविड लहरों के घातक प्रभाव के दबाव और दबाव को देखते हुए, प्रस्तावित सुधारों में से कई बजट दस्तावेज़ में बने रहे। दूसरे, इस वर्ष का बजट उत्तर प्रदेश सहित महत्वपूर्ण राज्य चुनावों की पूर्व संध्या पर प्रस्तुत किया जाएगा, जो राज्य सभा की रूपरेखा तय करेगा, और इसलिए आने वाले महीनों में सुधारों को आगे बढ़ाने की सरकार की क्षमता। आरफॉर्मिस्ट नीति दस्तावेज जरूरी नहीं कि लोकलुभावन हो और इसलिए इसमें मतदाता अपील बहुत कम होती है। तीसरा, वह आबादी के एक बड़े हिस्से से बात करेंगी, जिनमें से कई ने महामारी के कारण अपनी आजीविका खो दी है, यहां तक कि वे ईंधन की कीमतों से प्रेरित मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं और जीवन रक्षक महामारी दवाओं पर खर्च बढ़ा रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि के खिलाफ विदेशी व्यापार संबंध, द्विपक्षीय या मुक्त व्यापार है, जिसे भारत ने निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया है, ताकि धन का प्रवाह बरकरार रहे। भारत वर्तमान में 16 मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहा है, जबकि व्यापारिक ब्लॉकों के साथ सात मौजूदा समझौतों का उन्नयन कर रहा है।




ब्रिटेन की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सचिव ऐनी मैरी ट्रेवेलियन कुछ दिनों पहले भारत में थीं, जब भारत और यूके ने मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू करने की घोषणा की। अगले साल के मध्य तक पूरा करने का लक्ष्य है। भारत चाहता है कि दोनों देशों के बीच पेशेवरों की मुफ्त आवाजाही पर प्रतिबंध हटा दिया जाए, वीजा शुल्क में कमी हो, भारत के कृषि हितों की रक्षा के लिए रेलिंग हो और इसके टीकों, पूर्व-मिश्रित चाय और कॉफी, यार्न आदि के लिए बेहतर पहुंच हो। बदले में ब्रिटेन ब्रिटिश व्हिस्की और कारों पर भारत द्वारा लगाए गए कष्टदायी शुल्क को कम करना चाहता है। हालांकि, चाल इस तरह के व्यापार सौदों के लाभों को घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाताओं को बेचने में निहित है। बजट की दौड़ में, भारत ने कई वर्षों में पहली बार अपनी संरक्षणवादी छवि को त्याग दिया है और भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शक्तिशाली व्यापारिक ब्लॉकों के साथ जुड़ने को तैयार है। जब बाहरी आर्थिक संबंधों की बात आती है, तो भारत के लिए प्रतिस्पर्धा में बढ़त लाने के लिए एनडीए सरकार ने अब तक समान जीएसटी, दिवाला और दिवालियापन संहिता, श्रम संहिता आदि जैसे घरेलू सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया था।

हालांकि, अब वापस ले लिए गए कृषि क्षेत्र के सुधारों के संभावित लाभों पर सभी घटकों को एक साथ एकजुट करने में विफलता भविष्य के खतरे का संकेत है। यदि वित्त मंत्री को भविष्य के व्यापार समझौते के अनुकूल बजट का अनावरण करना है, तो उन्हें भारत में कई आयातित सामानों के लिए उच्च सीमा शुल्क और अन्य करों पर बंद दरवाजे खोलने होंगे। अधिकांश आयातित उत्पादों पर ये उच्च शुल्क या कर घरेलू उपभोक्ताओं पर एक बड़ा बोझ पैदा करते हैं या, वे कई बार कम गुणवत्ता वाले घरेलू रूप से निर्मित समान वस्तुओं के लिए समझौता करते हैं।

इसमें से अधिकांश स्थानीय निर्माताओं और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए किया जाता है। इन दरवाजों को खोलने के लिए कोई भी कदम, एक मजबूत अर्थव्यवस्था से कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मुफ्त आवाजाही की अनुमति देता है, लगभग शून्य इनपुट शुल्क और करों पर, जबकि साझेदार देश में समवर्ती लाभ होते हैं, निश्चित रूप से एक लोकलुभावन कदम है और एक पुशबैक का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, पिछले साल के बजट में घोषित और 300 करोड़ से कम मूल्य के सेंट्रा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निजीकरण का प्रयास एक कानूनी चुनौती में चला गया है और सरकार एक अनुकूल फैसले के लिए जोर देने में जल्दबाजी नहीं करती है।

इसलिए, वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।

## आप की बात

### सुरक्षित रेल यात्रा

**इस** वर्ष जनवरी महीने प0 बंगाल के जलपाईगुड़ी में शाम को बीकानेर गोहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर कर एक दूसरे डिब्बो पर चढ़ गए। इस दुर्घटना में 9यात्रियों की मौत और 40 यात्री घायल हो गए।काफी वर्षो से रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। रेल में दुर्घटनाओं का कारण रेल पटरियां व सम्बंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एल एच बी कोचों की संख्या की जरूरत है। भारतीय रेलवे को यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिये और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आधुनिक कोचों के लिये भारी धनराशि की व्यवस्था को करना होगा। जर्मनी में विकसित यह कोच एन्टी टेलीस्कोपी माना जाता है।जो टकराने पर मुड़ते नही है।ये कोच स्टेनलेस स्टील और इनके भीतर की डिजाइन एल्युमिनियम से बनाई जाती है। जो टिकाऊ और अधिक यात्रियों को ले जाने मे सक्षम है। जो परंपरागत कोचों से हल्के होते है। जलपाईगुड़ी में घटी दुर्घटना ने सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता को उजागर किया है। भारत देश मे मॉनव संसाधन की कमी नही है। पटरियों की देखभाल के लिये खलासियों, रेलपथ निरीक्षकों की नियुक्तियां रेल मंत्रालय को करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### विचारणीय प्रश्न

**दुनिया** के सौ से ज्यादा अरबपति एक अपील लेकर सामने आए हैं। उनका कहना है कि उन पर जो टैक्स लगाया जा रहा है, वह काफी नहीं है। उनसे और ज्यादा टैक्स लिया जाए। इस अपील के पीछे कुछ ही दिनों पहले आई वह स्टडी रिपोर्ट है, जो बताती है कि दुनिया में अमीर और गरीब के बीच का अंतर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल चैरिटी ऑक्सफैम द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के दस सबसे अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति महामारी वाले उन दो वर्षों में दोगुना बढ़ाकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर कर ली, जब दुनिया के ज्यादातर लोग तरह-तरह की तकलीफों से गुजरते हुए गरीबी में और गहरे धंस गए। ऐसे में इन 102 अरबपतियों ने अपनी इस साझा अपील के जरिए यह बात उठाई है कि मौजूदा टैक्स सिस्टम न्यायपूर्ण नहीं है। इसे जानबूझकर ऐसा रखा गया है, जिससे अमीर और अमीर, गरीबी और गरीब होते जाएं। इसीलिए इस सिस्टम में बदलाव लाते हुए अमीरों पर और ज्यादा टैक्स लगाने की पहल की जानी चाहिए। सिर्फ टैक्स बढ़ा देना इस समस्या का समाधान नहीं है वही अमीर लोग जो अपील लेकर गए हैं ,खुद भी तो दान और सहायता के रूप में अपने हाथों से बड़ी धनराशि खर्च कर के गरीबों को राहत प्रदान कर सकते हैं। – **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### धारावाहिकों में बदलाव

**एक** वो समय था, जब शक्तिमान, हमलोग, चाण्क्य, साराभाई इत्यादि जैसे कार्यक्रम अपनी कहानियों द्वारा लोगों में? तालमेल तथा आत्मीयता बढ़ाने हेतु समाज को मनोरंजन के साथ नई सोच से रू-ब-रू कराने का कार्य किया करते थे और आज का यह समय है?, जब ऊल जलूल बातो के आधार पर कुछ धारावाहिक सिर्फ लोगों को भर्मित कर अपना लाभ देख रहे हैं। जहां रिस्तों में सामंजस्य बैठाकर मनोरंजन करना निर्माताओं का लक्ष्य हुआ करता था वह अब सिर्फ लड़ाई-झगड़े, रिस्तों में कड़वाहट दर्शाने तक ही सीमित रह गया है। आखिर क्या कारण है कि आज धारावाहिक मनोरंजन का मूल उद्देश्य भूल चुके हैं? शायद, टीआरपी की दौड़ में सबसे आगे निकलकर अपनी लोकप्रियता का डंका बजाना। कारण कुछ भी हो लेकिन ये साफ है की अब धारावाहिक निर्माता लोगो की ना सोचकर खुद के बारे में ज्यादा सोचने लगे हैं। आज जिस तरह से टीआरपी के लालच में मनोरंजन के नाम पर कुछ भी परोसा जा रहा है उस पर नकेल कसना जरूरी और अहम आवश्यकता है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यदि** जांच हुई होती तो दुनिया को पता चलता कि जो बाटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी बताकर मारे गए थे उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

– **मौला ताकीर रज़ा खान**
इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल प्रमुख

**चार** साल तक अलग रहने के बाद मैं परिवार के साथ एकजुट होने हेतु कहमती समय बिताना और सामान्य जीवन में वापस लौटना चाहता हूं।

– **एडवर्ड लेंग**
हांगकांग एक्टिविस्ट





**अमेरिका** में 5-जी स्थिति से पार पाने के लिए भारत हमारे वाहकों के साथ निकट समन्वय से काम कर रहा है।

– **अरुण कुमार**
डीजीसीए प्रमुख

# अमर जवान ज्योति पर गरमाई राजनीति

**भाजपा ने साधा राहुल पर निशाना**

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडिया** गेट पर अमर जवान ज्योति की मशाल को राष्ट्रीय समर स्मारक की ज्योति की मशाल के साथ मिलाए जाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दुख जताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्रियों से लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तक के नेताओं ने उन पर पलटवार किया और कहा कि जिन्होंने राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित नहीं की वह आज राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ा रहे हैं।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, बहुत दुख की बात है कि हमारे वीर जवानों के लिए जो अमर ज्योति जलती थी, उसे आज बुझा दिया जाएगा। कुछ लोग देशप्रेम और बलिदान नहीं समझ सकते- कोई बात नहीं हम अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति एक बार फिर जलाएंगे। इस ट्वीट के कुछ ही घंटों बाद इंडिया गेट पर स्थित



अमर जवान ज्योति का राष्ट्रीय समर स्मारक की लौ के साथ विलय कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए ट्वीट किया, जिन्होंने,जवानों द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक का प्रमाण मांगा, शहीदों को समर्पित प्रथम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि नहीं दी, सुना है वह आज राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ा रहे हैं। कोई कह दे उनसे, सच्चे राष्ट्रभक्त भारत के टुकड़े का नारा लगाने वालों का समर्थन नहीं करते। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी पर भ्रांति फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसा करने में कोई जवाब नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, अमर जवान ज्योति की शाश्वत लौ को बुझाया नहीं जा रहा है राहुल जी। उसका राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जल रही ज्योति में विलय किया जा रहा है। वही राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जिसका कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया था। राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने और सेना के शौर्य पर सवाल उठाने वाले आज देश प्रेम और बलिदान की बातें कर रहे हैं। देश के सैन्य मनोबल को कमजोर करते हुए राजनीति चमकाने की हड़बड़ी में कांग्रेस के युवराज से हमेशा गड़बड़ी हो ही जाती है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राहुल गांधी पर अनावश्यक विवाद पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें इतिहास की बुनियादी सच्चाई का ज्ञान नहीं है। इंडिया गेट पहले विश्व युद्ध में कुर्बानी देने वाले भारतीय सैनिकों का स्मारक है जबकि अमर जवान ज्योति 1971 में पाकिस्तान के



खिलाफ युद्ध में भारत की विजय में शहीद होने वाले सैनिकों की याद में बनाया है क्योंकि उस वक्त कोई समर स्मारक नहीं था। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने ट्वीट किया, अमर जवान ज्योति के संदर्भ में कई तरह की गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। सही बात यह है कि अमर जवान ज्योति की लौ को बुझाया नहीं जा रहा है। इसे राष्ट्रीय समर स्मारक की लौ के साथ मिलाया जा रहा है। अमर जवान ज्योति की स्थापना उन भारतीय सैनिकों की याद में की गई थी, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी 1972 को इसका उद्घाटन किया था।

## पीएफएस में कॉरपोरेट प्रशासन के मुद्दों की निष्पक्ष जांच होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पीटीसी** इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव के मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी की सहायक इकाई पीएफएस में कथित रूप से कॉरपोरेट प्रशासन के मुद्दों की निष्पक्ष जांच होगी, जहां सभी स्वतंत्र निदेशकों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया था। एक असामान्य घटनाक्रम के तहत पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज के सभी तीन स्वतंत्र निदेशकों ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीएफएस, के स्वतंत्र निदेशकों कमलेश शिवजी विकमसे, संतोष बी नायर और थॉमस मैथ्यू टी ने कंपनी में कॉरपोरेट प्रशासन के मुद्दों के आधार पर इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बोर्ड में शामिल मिश्रा ने कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 22 जनवरी (शनिवार) को और पीटीसी इंडिया के बोर्ड की बैठक 27 जनवरी (बृहस्पतिवार) को होगी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पत्रकारों से ये बाते कही।



शिमला के रिज पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के दौरान पुलिस कर्मी

### नड्डा ने आगरा में महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा मे शुक्रवार को संगठन की बैठक में शामिल होने आए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां राजेश्वर महादेव मंदिर मे पहुंच कर पूजा अर्चना की। भाजपा के एक नेता ने इसकी जानकारी दी। भाजपा नेता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा यहां आने के बाद सबसे पहले राजेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और इस प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि मंदिर मे विधि विधान के साथ महादेव की पूजा करने के बाद वह संगठन की बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। इस बीच, मिली जानकारी अनुसार पूर्व विधायक और राष्ट्रीय लोक दल के नेता कालीचरण सुमन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### गोवा चुनाव : पहले दिन तीन उम्मीदवारों ने पर्चा भरा

**पणजी।** गोवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के पहले दिन राज्य के दो पूर्व मंत्रियो सहित तीन लोगो ने शुक्रवार को पर्चा भरा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुणाल ने बताया कि तटवर्ती राज्य में 14 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा प्रत्याशियों व पूर्व मंत्रियों निलेश काबराल और गोविंद गौड़े ने क्रमशः कुर्चोरेम और प्रिओल विधानसभा सीटों से पर्चा भरा है। कुणाल ने बताया कि इन दोनों के अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकनपत्र दाखिल किया है। राज्य में 13 दिन पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सी-विजिल एप पर रोजाना औसतन 30 शिकायते दर्ज हो रही है।

### युवक ने पत्थर के खदान में कूद कर आत्महत्या की

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले मे एक युवक ने पत्नी से झगड़े के बाद नाराज होकर कल देर रात बाहिरग्राम इलाके मे स्थित एक पत्थर के खदान मे कथित रूप से कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मालहाड़ी थाना क्षेत्र के बाहिरग्राम निवासी 21 वर्षीय बुद्धू पंडित की बृहस्पतिवार देर शाम पत्नी से झगड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि इससे नाराज होकर पत्थर के खदान मे उसने कूद कर आत्महत्या कर ली।

### शुभम सोती मेमोरियल ट्रस्ट को एम्बुलेंस दान की

**लखनऊ।** आयुष्मान आधार परियोजना के तहतए आधार हाउसिंग ने शुभम सोती मेमोरियल ट्रस्टलखनऊ को अपनी सीएसआर पहल के तहत इंप्लीमेंटेंशन पार्टनर वाई-4 डी फाउंडेशनए पुणे के सहयोग से दान दी गई मोबाइल एम्बुलेंस का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपी द्विवेदी आरटीओ लखनऊ और अखिलेश त्रिपाठी निदेशक वेलसन मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल थे। ह्रषिकेश झा मुख्य लोक अधिकारी और प्रमुख सीएसआरए एएचएफएल,सुश्री अर्चना कोली एवीपीएचआर, एएचएफएल, और श्री मृदुल मिश्रा जोनल बिजनेस हेड यूपी1, एएचएफ एल आधार हाउसिंग फ इनेंस लिमिटेड की ओर से अतिथि थे और अभिषेक तिवारी सचिव वाई4डी फाउंडेशन वाई4डी फाउंडेशन की ओर से आए अतिथि थे। 6 एम्बुलेंस और डल झील में एक वाटर एम्बुलेंस के साथ ही एएचएफ एल द्वारा वाई4डी फ ाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर 8 एम्बुलेंस दान की जा रही हैं।


### कीमती घड़ियां चुराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले मे एक दुकान मे घुसकर चार लाख रुपए मूल्य से अधिक की घड़ियां चुराने के आरोप मे झारखंड के दो व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गोपनीय सूचना के आधार पर ठाणे पुलिस की अपराध इकाई-एक के एक दल ने शाह आलम फजलू शेख (53) और रुन्दल सिंह निरंजन सिंह (40) को बृहस्पतिवार को कल्याण रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया।

## आदि बद्री बांध के निर्माण से पुनर्जीवित होगी सरस्वती नदी : मनोहर लाल

**भाषा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शुक्रवार को कहा कि यमुनानगर के पास आदि बद्री बांध के निर्माण से पौराणिक सरस्वती नदी पुनर्जीवित होगी। इस बांध के निर्माण के लिए हरियाणा सरकार ने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के साथ एक समझौता किया है। पंचकुला में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की मौजूदगी में आदि बद्री बांध के निर्माण से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के मौके पर मनोहरलाल ने कहा, सरस्वती नदी के पुनर्जीवित होने से उससे जुड़ी



धार्मिक भावनाओं को भी नया जीवन मिलेगा। इससे संबंधित क्षेत्र तीर्थस्थल के रूप में भी विकसित हो सकेगा। यही नहीं, बांध के बगल में बनने वाली झील इलाके में पर्यटन को बढ़ावा देगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मकसद सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने के साथ ही भूमिगत जल के स्तर को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बांध के निर्माण से बारिश के मौसम में अत्यधिक बारिश से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने में भी मदद मिलेगी। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल और हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह ने अपने-अपने राज्य की तरफ से आदी बद्री बांध के निर्माण से जुड़े एमओयू पर दस्तखत किए। मालूम हो कि हरियाणा-हिमाचल सीमा के पास स्थित आदि बद्री को पौराणिक सरस्वती नदी का उद्गम स्थल माना जाता है। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा, मेरा 35 साल पुराना सपना साकार हो गया है।

## आदिवासी विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के** उदयपुर जिले के झाडोल थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को 25 वर्षीय विवाहित आदिवासी महिला के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी मोहन पारगी (22) को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म में शामिल दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता बृहस्पतिवार को कच्चे रास्ते से होकर अपने पीहर जा रही थी, उसी दौरान तीन बाइक सवार युवकों ने उसे रोका और एक युवक बाइक लेकर वहां से चला गया जबकि दो युवकों ने उसे खेत में सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीडिता जैसे-तैसे युवकों के चंगुल से छूटकर बिना साडी पहने थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (डी) (सामूहिक दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में 5029 नए मामले, आठ लोगों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 5029 नए मामले आए और आठ लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 193 और लोगों को संक्रमण मुक्त होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी गई है, वहीं 5808 लोगों ने घर में पृथक-वास की अवधि पूरी की। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में संक्रमण से आठ मरीजों की मृत्यु हुई है। संक्रमण से अब तक कुल 13,705 लोगों की मौत हुई है। नए मामलों के साथ संक्रमितों की कुल संख्या 10,86,207 हो गई है। रायपुर से 1183, दुर्ग से 712, राजनांदगांव से 278, बालोद से 113 मामले आए। वहीं, बस्तर में 185, कोंडागांव में 136, दंतेवाड़ा में 40 और लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। बाकी मामले अन्य जिलों से आए। राज्य में अब तक 10,41,746 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। फिलहाल 30,756 मरीज उपचाराधीन हैं।

### केरल में ओमीक्रोन के और 54 नए मामले

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में शुक्रवार को कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के 54 नए मामले आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, केरल में अभी तक ओमीक्रोन के 761 मामले आए हैं। ओमीक्रोन के 54 नए मरीजों में एक मूल रूप से कर्नाटक का रहने वाला है और यूएई से केरल आया था। विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आज संक्रमित हुए लोगों में से 35 कम खतरा वाले देशों से हैं जबकि सात ज्यादा खतरे वाले देशों से हैं। एक मरीज दूसरे राज्य से आया है जबकि 11 लोग अन्य मरीजों के संपर्क में आकर संक्रमित हुए हैं। विभाग ने कहा कि इनमें से आठ तिरुवनंतपुरम जिले से हैं। वहीं एर्नाकुलम, त्रिशूर, मलप्पुरम और कन्नूर से छह-छह, कोल्लम और कोट्टायम से पांच-पांच, अल्पुझा से चार, कोझिकोड से तीन, पलक्कड़ से दो जबकि वायनाड और कासारगोड से एक-एक मामले आए हैं।

### कर्नाटक में कोविड के 48,049 नए मामले, अकेले बेंगलुरु में 29,068 मामले

**बेंगलुरु,चेन्नइ,हैदराबाद।** कर्नाटक में कोविड-19 के मामलों का तेजी से बढ़ना जारी है। शुक्रवार को राज्य में 48,049 नए मामले सामने आए तथा 22 और लोगों की महामारी से मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। राज्य में आज सामने आए नए मामलों में 29,068 अकेले बेंगलुरु नगर से हैं, शहर में महामारी से और छह लोगों की मौत भी हुई है। बुलेटिन के मुताबिक राज्य में अभी कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,23,143 है। वहीं, आज संक्रमण दर 19.23 प्रतिशत दर्ज की गई। उधर, तमिलनाडु में शुक्रवार को संक्रमण के 29,870 नए मामले सामने आए ,जबकि 33 और लोगों की महामारी से मौत हो गई। एक मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक सर्वाधिक 7,038 नए मामले चेन्नई से हैं। वहीं,तेलंगाना में शुक्रवार को कोविड के 4,416 नए मामले सामने आए, जबकि महामारी से और दो लोगों की मौत हो गई। संक्रमण के सर्वाधिक।,670 मामले ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम से हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई, जिसमें आज शाम साढ़े पांच बजे तक के आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं।

### हाई कोर्ट ने टीएनएसईसी को शहरी निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने से रोकने से इनकार किया

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य निर्वाचन आयोग (टीएनएसईसी) को राज्य में शहरी निकायों के चुनाव कराने की तिथि अधिसूचित करने से रोकने के अनुरोध संबंधी एक जनहित याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम. एन. भंडारी एवं न्यायमूर्ति पी. डी.औदिकेसावलुकी की प्रथम पीठ ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि जब उच्चतम नयायालय ने तमिलनाडु को चुनाव कराने के लिए चार महीने का समय दिया है और यह अवधि 27 जनवरी को समाप्त हो जाएगी, तो ऐसे में चुनाव प्रक्रिया की अधिसूचना पर कैसे रोक लगाई जा सकती है। इसी कथन के साथ पीठ ने अनुरोध खारिज कर दिया। इस मामले की सुनवाई 24 जनवरी के लिए स्थगित कर दी गई। उस दिन इस पर प्रत्यक्ष सुनवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. एम नकीरन और एक अन्य की जनहित याचिकाओं में अदालत से तीसरी लहर के कारण कोविड-19 के मामलों में तीव्र वृद्धि के मद्देनजर शहरी निकायों के चुनाव को स्थगित करने का अनुरोध किया गया है।



रांची में कोविड-19 वैक्सीन की खुराक लेते हुए एक किशोर छात्र

## कठोर सजा की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**ट्रांसजेंडर के खिलाफ अपराधों का मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें ट्रांसजेंडर से संबंधित कानून के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है और उनके खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा देने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा, (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को) नोटिस जारी किया जाता है। इसे अन्य (लंबित) याचिकाओं के साथ संलग्न करें। शीर्ष अदालत चंडीगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिका में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 18 का हवाला देते हुए कहा गया है कि यह ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ अपराधों के लिए कम सजा प्रदान करती है। याचिका में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के खिलाफ अपराधों के वर्गीकरण की मांग की गई है और बंधुआ मजदूर (प्रथा उन्मूलन) अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सजा निर्धारित कररने की मांग की।

### उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई और पहले दिन छह उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।छह में से दो नामांकन निर्दलीय प्रत्याशियों ने जबकि एकएक उत्तराखंड क्रांति दल, कांग्रेस, बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रत्याशियों ने जमा किए।

## अनिल देशमुख की न्यायिक हिरासत बढ़ाना अवैध नहीं : अदालत

**भाषा।** मुंबई

मुंबई की विशेष पीएमएलए अदालत ने अपने आदेश में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख को धन शोधन मामले में तकनीकी आधार पर जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उनकी न्यायिक हिरासत का विस्तार अवैध नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय ने निर्धारित 60 दिन की अवधि में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। अदालत ने यह भी कहा है



कि आरोप पत्र दाखिल करने के बाद अपराध का संज्ञान लेना दंड प्रक्रिया संहिता के तहत निहित न्यायिक शक्ति का प्रयोग करने के लिए कोई आवश्यक शर्त नहीं है। तकनीकी आधार पर जमानत के लिए देशमुख की अर्जी को विशेष पीएमएलए न्यायाधीश आर एम रोकड़े ने 18 जनवरी को खारिज कर दिया था और विस्तृत आदेश शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। देशमुख ने अपनी अर्जी में कहा था कि धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उन्हें आगे की न्यायिक हिरासत में भेजने से पहले ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र का संज्ञान नहीं लिया और इसलिए वह तकनीकी आधार पर (डिफॉल्ट) जमानत के हकदार हैं।

### मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से हथियारों का जखीरा बरामद

**शिलांग।** मेघालय के दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स जिले में शुक्रवार को एक गड्ढे से हथियारों और गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर, बीएसएफ ने मेघालय पुलिस के सहयोग से लकमा नाला के पास घने जंगल में संयुक्त अभियान चलाया और जमीन में छिपाए गए हथियारों के जखीरे को बरामद किया गया। हथियारों को भारत-बांग्लादेश सीमा से डेढ़ किलोमीटर अंदर छिपाया गया था। इसमें अमेरिका में निर्मित रिवॉल्वर और 410 कारतूस बरामद किए गए।

## कांग्रेस का गुजरात सरकार पर कोविड-19 से मौतों, जांच आंकड़ों को छुपाने का आरोप

**भाषा।** अहमदाबाद

**कांग्रेस की** गुजरात इकाई ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर कोविड-19 महामारी का प्रबंधन करने में विफल रहने और राज्य में मौतों की संख्या और जांच के आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने गुजरात को प्रभावित करने वाली कोविड-19 सुनामी की श्रृंखला को तोड़ने के लिए पांच दिनों यानि 26 जनवरी तक के लिए गतिविधियों को बंद करने जैसे सख्त नियंत्रण उपायों को लागू करने की मांग की।कांग्रेस ने साथ ही यह भी मांग की कि राज्य सरकार गांवों, अस्पतालों और श्मशानों से मृतकों के वास्तविक आंकड़े एकत्र करे और मृत व्यक्तियों के परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करे।कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य सरकार कोविड-19 सुनामी को हल्के में ले रही है।उन्होंने कहा, अगर शनिवार, रविवार और 26 जनवरी सहित पांच दिनों के बंद की घोषणा करके सख्त नियंत्रण लगाया जाता है, तो यह कोविड-19 प्रसार की श्रृंखला को तोड़ने में मदद कर सकता है। पटेल ने कहा, हालांकि, भाजपा सरकार की इच्छाशक्ति की कमी के कारण, गुजरात के नागरिक पीड़ति हैं। भाजपा सरकार कोविड-19 महामारी के प्रबंधन में पूरी तरह से विफल रही है और मौत और जांच के आंकड़ों को छिपाने का सहारा ले रही है।

### केंद्र ने केरल से कोविड की मौत के आंकड़ों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने केरल से कोविड से हुई मौत के आंकड़ों के सामंजस्य पर स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध मे केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्य सरकार को एक पत्र लिखा है। पत्र मे भूषण ने कहा कि केरल ने 22 अक्टूबर, 2021 से अब तक कुल 20,563 कोविड मौतों की सूचना दी है। उन्होने राज्य सरकार का ध्यान मंत्रालय के 12 नवंबर, 2021 के पत्र और समीक्षा बैठकों के दौरान पुनरावृत्तियों की ओर आकर्षित किया, जहां राज्यों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई थी कि मृत्यु की तारीख सहित मौत के सभी आंकड़ों का अद्यतन किया जाए। भूषण ने प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) राजन एन. खोबरागड़े को संबोधित अपने पत्र में कहा, केरल पिछले साल 22 अक्टूबर से लगातार मौतों पर आंकड़ा प्रकाशित कर रहा है और केरल द्वारा अब तक कुल 20,563 मौतों की सूचना की गई है। यह देखा गया है कि पिछले 24 घंटों मे राज्य की वेबसाइट पर दैनिक बुलेटिन मे प्रकाशित होने वाली कोविड की मौत 24 घंटे से अधिक पुरानी मौतों का रिकॉर्ड भी प्रदान करती है जो इस आंकड़े के बारे मे अनिश्चितता की स्थिति पैदा करती है। पत्र मे कहा गया है, इसकी सराहना की जाएगी यदि राज्य मे रिपोर्टिंग तंत्र का पालन किया जाता है, जिसके तहत पुरानी मौतों को भी दैनिक मौतों के रूप मे सूचित किया जा रहा मामलों और मौतों की बढ़ती प्रवृति को देखते हुए, दैनिक आधार पर सटीक आंकड़ा संकलित करना महत्वपूर्ण है ताकि महामारी के मामलो और मृत्यु दर की गंभीरता को भी समझा जा सके।



भारतीय वायुसेना के अन्य लड़ाकू विमानों के साथ राफेल गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए रिहर्सल के दौरान इंडिया गेट पर उड़ान भरता हुआ

# केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे मुख्यमंत्री चन्नी

**भाषा**। चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को कहा कि वह आप नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। अवैध खनन मामले में चन्नी के भतीजे सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी करने के बाद केजरीवाल ने कांग्रेस नेता की ईमानदारी पर सवाल उठाए थे।

चन्नी ने आरोप लगाया कि दूसरों की छवि बिगाड़ने के लिए उन पर बेबुनियाद आरोप लगाना केजरीवाल की आदत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अतीत में देखा जा चुका है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को बाद में कैसे भाजपा नेता नितिन गडकरी, दिवंगत अरुण जेटली और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रम सिंह मजीठिया से माफी मांगनी पड़ी थी। अपने निर्वाचन क्षेत्र चमकौर साहिब में संवाददाताओं से बातचीत में चन्नी ने दावा किया कि आप नेता ने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कहा, मैं केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करूंगा। मैंने अपनी पार्टी से इस बाबत अनुमति मांगी है। मैं ऐसा करने को मजबूर हूं। वह मुझे बेईमान बताते फिर रहे हैं और अपने ट्विटर हैंडल पर भी इसका जिक्र किया है। ईडी के छापों के बाद विपक्षी दलों, खासकर आप ने चन्नी और कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है। दिन की शुरुआत में केजरीवाल ने कहा था कि चन्नी के भतीजे के घर से करोड़ों रुपए जब्त होते देख पंजाब की जनता स्तब्ध है। उन्होंने दावा किया था कि चन्नी अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में चमकौर साहिब सीट पर जीत नहीं दर्ज कर पाएंगे। केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चन्नी ने कहा, हुआ कुछ और है, पैसे किसी और के पास से मिले हैं, छापे कहीं और पड़े हैं, लेकिन केजरीवाल सोशल मीडिया पर ईडी की कार्वाई में जब्त नोटों की गड्डी के साथ मेरी फोटो लगाकर मुझे बेईमान बता रहे हैं। क्या उन्होंने तब खुद को बेईमान बताया था, जब उनका भांजा पकड़ा गया था। चन्नी ने सवाल किया, मेरे पास कौन सा पैसा आया? मेरी इसमें क्या गलती है? केजरीवाल मेरा नाम क्यों घसीट रहे हैं? पंजाब में दस जगहों पर छापे पड़े थे, जिसमें किसी और के पैसे जब्त हुए थे, केजरीवाल मुझे इस मामले से क्यों जोड़ रहे हैं?

## चमकौर साहिब में हार का सामना करेंगे चन्नी: अरविंद केजरीवाल

**चंडीगढ़**। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कुछ सर्वेक्षणों का हवाला देते हुए दावा किया कि अगले महीने होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को उनके निर्वाचन क्षेत्र चमकौर साहिब में हार का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि चन्नी के एक रिश्तेदार के ठिकानों पर हाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में करोड़ों रुपए की बरामदगी से लोग हैरत में हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि हमारा सर्वेक्षण दिखा रहा है कि चन्नी जी चमकौर साहिब से हार रहे हैं। टीवी पर ईडी के अफ़सरों को नोटों की इतनी मोटी-मोटी गड्डियां गिनते देख लोग हैरान हैं। पंजाब विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है, जिसमें चन्नी चमकौर साहिब सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हैं। केजरीवाल ने ईडी की छापेमारी पर कांग्रेस नेता को घेरने की कोशिश करते हुए बुधवार को कहा था कि चन्नी आम आदमी नहीं बेईमान आदमी हैं। आप संयोजक ने अपनी टिप्पणी के माध्यम से चन्नी के खुद को आम आदमी बताने के प्रयासों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। चन्नी पिछले साल पंजाब के मुख्यमंत्री बनने के बाद से खुद को एक आम आदमी दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट किया था, चन्नी आम आदमी नहीं, बेईमान आदमी हैं। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने मुख्यमंत्री से उनके रिश्तेदार के ठिकानों पर ईडी के छापे में भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में अवैध बालू खनन के संदर्भ में धनशोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को छापेमारी के दौरान 10 करोड़ रुपए नकद जब्त किए थे, जिनमें आठ करोड़ रुपए चन्नी के रिश्तेदार के यहां से मिले थे। ईडी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, छापेमारी के दौरान पंजाब में अवैध खनन और सम्पत्ति हस्तांतरण से जुड़े दस्तावेज, मोबाइल फोन, 21 लाख रुपए मूल्य से अधिक का सोना और 12 लाख रुपए कीमत की एक रोलेक्स घड़ी भी जब्त की गई है।

## पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास से 31 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाश अभियान चलाया और नियंत्रण रेखा के पास से 31 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के जरिए मादक पदार्थों की संभावित तस्करी की जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर भारतीय सेना ने पुलिस के साथ अग्रिम क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया। नियंत्रण रेखा के पास के क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में एकीकृत निगरानी ग्रिड ने मदद की। नियंत्रण रेखा के बेहद करीब क्षेत्र में तलाशी अभियान में लगभग 31 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया।



नई दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की ठंड को दूर करने के लिए अलावा तापती एक महिला

# प्रशासन को अब अरुणाचल के युवक की वापसी का इंतजार

● शीर्ष अधिकारियों को सभी जानकारियां दी गयी

**भाषा**। ईटानगर

**अरुणाचल** प्रदेश के सांसद तापिर गाव द्वारा चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक किशोर को अगवा करने की बात कहे जाने के दो दिन बाद अपर सियांग जिले के अधिकारियों ने कहा है कि शीर्ष अधिकारियों ने उनसे जो भी सूचनाएं मांगी थीं वो उन्होंने उपलब्ध करा दी हैं और वे अब 17 वर्षीय किशोर की वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

अपर सियांग के उपायुक्त शाश्वत सौरभ ने बताया कि जिले के जिडो गांव के मिराम तरोन नाम के इस किशोर को 18 जनवरी को सियुंगला क्षेत्र के जंगल से कथित रूप से अगवा कर लिया गया था, वह अपने दोस्त जॉनी यायिंग के साथ शिकार करने गया था।

सौरभ ने यह भी बताया कि उन्हें यायिंग से पता चला है कि जब बिशिंग गांव के समीप सियंगुला क्षेत्र में उन्हें चीनी सैनिकों ने घेरा था, तब करीब-करीब अंधेरा हो चला था। उन्होंने कहा कि यायिंग किसी तरह वहां से बच निकला लेकिन तरोन के बारे में अबतक पता नहीं चल पाया है। चूंकि यह जगह सेना के अधिकार क्षेत्र में आती है तो इस मामले से उच्चतर स्तर पर निपटा जाएगा। हमने शीर्ष अधिकारियों को सभी सूचनाएं दे दी हैं। बिशिंग भारत-चीन सीमा के समीप आखिरी भारतीय गांव है जो सियांग नदी की बाएं किनारे की तरफ है। यह गांव जिला मुख्यालय यिंगकियोंग से करीब 260 किलोमीटर दूर है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय ने युवक को घर वापस लाने के लिए पहले ही चीन के साथ राजनयिक वार्ता शुरू कर दी है। उन्होंने कहा था, मैं आशावान हूं कि कुछ दिनों में इस लड़के को छोड़ दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग इरिंग ने भी केंद्र से तरोन की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारा चीन से कोई लेना-देना नहीं है तथा विदेश मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय को तत्काल एवं उपयुक्त कदम उठाना चाहिए ताकि ऐसी घटना की भविष्य में पुनरावृति न हो। कल चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसे ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है और पीएलए सीमा की निगरानी करती है।



कोलकाता में शुक्रवार को ठंड और धुंधली सुबह के बीच कोविड के मामलों को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को एक रात के कर्फ्यू की समाप्ति के बाद हटाते पुलिसकर्मी

## पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन को कोरोना

**तिरुवनंतपुरम**। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। माकपा के 98 वर्षीय नेता को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह एक संक्रमित नर्स के सम्पर्क में आए थे, जो उनकी देखभाल कर रही थी। अच्युतानंदन के बेटे वीए अरुण कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह घर पर ही थ। दुर्भाग्यवश जो नर्स उनकी देखभाल कर रही थी, वह संक्रमित पाई गई और कल पिता भी संक्रमित पाए गए। उन्हें यहीं एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पूर्वोत्तर में दिल्ली से भेजा गया पैसा अब विकास के लिए खर्च किया जा रहा है: शाह

**भाषा**। अगरतला



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर किसी समय भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता था लेकिन अब दिल्ली से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल क्षेत्र के विकास के लिए किया जाता है। त्रिपुरा के 50वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर राज्यों में तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच की खाई को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में त्रिपुरा के विकास की योजना एक दृष्टि दस्तावेज लक्ष्य त्रिपुरा में रखी गई है। शाह ने कहा कि सड़कों, रेलवे के माध्यम से राज्य की कनेक्टिविटी के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया गया और पड़ोसी देश बांग्लादेश के माध्यम से बेहतर संपर्क के लिए पहल की गई। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में पूर्वोत्तर राज्य का प्रवेश द्वार होने की क्षमता है, उसे अब अगरतला-अखौरा रेलवे द्वारा देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 किलोमीटर लंबा अगरतला-अखौरा रेल संपर्क बनाया गया है जो कोलकाता तक पहुंचने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे मार्ग को बांग्लादेश रेलवे से जोड़ेगा।

शाह ने कहा कि त्रिपुरा के अंतिम राजा महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर ने फैसला किया था कि त्रिपुरा विभाजन के बाद भारतीय क्षेत्र में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब मुस्लिम घुसपैठिए विभाजन के बाद त्रिपुरा में प्रवेश कर रहे थे तो महाराजा की पत्नी महारानी कंचनप्रव देवी ने तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल से संपर्क किया था, जिन्होंने भारतीय संघ में त्रिपुरा को शामिल कराए जाने के संबंध में हस्तक्षेप किया था। उन्होंने कह कि महाराजा के योगदान का सम्मान करने के लिए मोदी सरकार ने अपनी नीति बदली और उनके नाम पर अगरतला हवाई अड्डे का नाम बदल दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 30 साल से चली आ रही ब्रू शरणार्थी समस्या का भी समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 37 हजार ब्रू लोग मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। केंद्र सरकार ब्रू लोगों को स्थाई रूप से बसने में सहायता करने के लिए उत्सुक है।

शाह ने कुछ साल पहले तक त्रिपुरा पर शासन करने वाली मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, दो दशकों से अधिक समय तक रहे कम्युनिस्ट शासन ने राज्य को सर्वांगीण विकास के मामले में पिछड़ा रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

उनका मुख्य एजेंडा राजनीतिक विरोधियों पर हमला करना था। भारतीय जनता पार्टी के लगभग 450 कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया, उनमें से कुछ त्रिपुरा में कम्युनिस्ट शासन के दौरान मारे गए थे।

## न्यायमूर्ति ने तेजपाल की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में पत्रकार तरुण तेजपाल की याचिका पर सुनवाई से शुक्रवार को खुद को अलग कर लिया। इस याचिका में तेजपाल ने मामले की सुनवाई बंद कमरे में कराने का अनुरोध किया है। उनका यह अनुरोध बंबई उच्च न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया था।

गोवा की एक अदालत ने इस मामले में तेजपाल को बरी कर दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। यह मामला न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सूचीबद्ध था। न्यायमूर्ति नागेश्वर राव ने कहा कि मैं इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर रहा हूं क्योंकि 2016 में मैं एक समय इस मामले में गोवा सरकार की ओर से पेश हो चुका हूं। इसको अगले सप्ताह किसी अन्य अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

# ट्रेड कॉरिडोर का केंद्र बन रहा है त्रिपुरा : प्रधानमंत्री

**भाषा**। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को त्रिपुरा की स्थापना के 50 साल पूरा होने के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि पूर्वोत्तर का यह राज्य आज ना सिर्फ नई बुलंदियों की तरफ बढ़ रहा है रहा है बल्कि वह ट्रेड कॉरिडोर का केंद्र भी बन रहा है।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा त्रिपुरा का इतिहास हमेशा से गरिमा से भरा रहा है और माणिक्य वंश के सम्राटों के प्रताप से लेकर आज तक एक राज्य के रूप में उसने अपनी भूमिका को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज हो या दूसरे समुदाय, सभी ने त्रिपुरा के विकास के लिए पूरी मेहनत के साथ, एकजुटता के साथ प्रयास किए हैं। मां त्रिपुरासुंदरी के आशीर्वाद से त्रिपुरा ने हर चुनौती का हिम्मत के साथ सामना किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा आज विकास की नई बुलंदी की तरफ बढ़ रहा है और वह अवसरों की धरती बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज त्रिपुरा के सामान्य जन की छोटी-छोटी जरूरतें पूरा करने के लिए डबल इंजन की सरकार निरंतर काम कर रही है। तभी तो विकास के अनेक पैमानों पर त्रिपुरा आज बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। आज बड़े संपर्क अवसंरचना के माध्यम से यह राज्य ट्रेड कॉरिडोर का हब बन रहा है।

उन्होंने कहा कि इतने दशकों तक जिस त्रिपुरा के पास शेष भारत से जुड़ने का सिर्फ एकमात्र जरिया रोड ही था उस त्रिपुरा में आज रोड के साथ-साथ रेल, हवाई, इनलैंड वॉटरवे जैसे अनेक माध्यम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के अनेक साल तक त्रिपुरा बांग्लादेश के चिटगांव बंदरगाह के लिए पहुंच सुनिश्चित करने की मांग कर रहा था जिसे केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रशासन में पारदर्शिता से लेकर आधुनिक अवसंरचना विकास तक आज जिस त्रिपुरा का निर्माण हो रहा है, वह आने वाले दशकों के लिए राज्य को तैयार करेगा।

## मणिपुर आज अहम पड़ाव पर, पीछे मुड़कर नहीं देखना अब: नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि इस सफर में कई उतार-चढ़ाव के बाद पूर्वोत्तर का यह राज्य एक अहम पड़ाव पर पहुंचा है, जहां से उसे पीछे मुड़कर नहीं देखना है। मणिपुर में विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने राज्य की जनता से यह अपील भी की कि जिन ताकतों ने लंबे समय से राज्य के विकास को अवरुद्ध किया, उन्हें फिर से सिर उठाने का वे कोई मौका ना दें। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की यात्रा के बाद आज मणिपुर एक अहम पड़ाव पर खड़ा है। मणिपुर ने तेज विकास की तरफ सफर शुरू कर दिया है। जो रुकावटें थीं, वो अब हट गई हैं, यहां से अब हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आजादी का 75वां वर्ष चल रहा है और यहां से इसके 100 वर्ष पूरा होने तक 25 वर्ष का जो सफर है, वह मणिपुर के लिए भी बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि जिन ताकतों ने लंबे समय तक मणिपुर के विकास को रोके रखा, उन्हें फिर सिर उठाने का अवसर ना मिले, यह हमें याद रखना है।

# मुंबई हवाईअड्डा पर काम करने वाला व्यक्ति, यात्री गिरफ्तार, 45 लाख रुपए कीमत के अमेरिकी डॉलर बरामद

**भाषा**। मुंबई

सीआईएसएफ ने मुंबई हवाई अड्डे से ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के एक कर्मचारी और दुबई जाने वाली उड़ान के एक यात्री को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों को 45 लाख रुपए कीमत के अमेरिकी डॉलर बरामद होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एविएक्सपर्ट ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के रितेश पारकर को सुरक्षा कर्मियों ने पहले टर्मिनल-2 पर पकड़ा और उसके कब्जे से 45 लाख रुपए कीमत का 60,000 अमेरिकी डॉलर बरामद किया था। अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी के पास हवाई अड्डे में प्रवेश का पास था और उसकी तलाशी में उसके कपड़े और मोजे से डॉलर बरामद हुआ। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में सीआईएसएफ कर्मियों को बताया कि यह नकदी छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दुबई जा रहे यात्री सुफियान शाहनवाज शेख को दी जानी थी। हालांकि, यात्री ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से सोमवार को संवाद करेंगे पीएम

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं से सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री एम महेंद्रभाई भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे।

भारत सरकार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बाल शक्ति पुरस्कार नवाचार, खेल, कला और संस्कृति, सामाजिक सेवा, स्कूली क्षेत्र और बहादुरी के क्षेत्र में असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को सम्मानित करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हर विजेता को एक लाख रुपए की नकद राशि और प्रमाणपत्र दिया जाता है।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री साल 2022 के बाल पुरस्कार विजेताओं को ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके डिजिटल प्रमाणपत्र देंगे।

# तृणमूल कांग्रेस विधायक ने सोशल मीडिया मंच से हटने का फैसला किया

भाषा। कोलकाता

**फेसबुक** पर नियमित लाइव होने की वजह से अपने प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा ने पार्टी नेतृत्व के निर्देश के बाद सोशल मीडिया के मंच से पांच महीने तक विराम लेने की घोषणा की है। इस बाबत उन्होंने फेसबुक पर यह जानकारी दी। मित्रा ने हाल में सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के कार्य करने की शैली को लेकर शिकायत की थी जिसके बाद उनका यह फैसला आया है।

पश्चिम बंगाल के पूर्व परिवहन मंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्षा ममता बनर्जी के विश्वस्त माने जाने वाले मित्रा ने बृहस्पतिवार को फेसबुक लाइव करते हुए कहा, मैं आज से 30 जून तक के लिए अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को निष्क्रिय करने जा रहा हूं। कमरहाटी से विधायक मित्रा ने कहा कि नहीं, फेसबुक अधिकारियों से मेरे खिलाफ कोई शिकायत नहीं की गई है, न ही मेरी लोकप्रियता कम हो रही है। मेरी टीआरपी बल्कि बढ़ रही है। लेकिन मैं इस मंच को छोड़ रहा हूं क्योंकि आलाकमान (पार्टी नेतृत्व) ने कुछ समय के लिए फेसबुक को छोड़ने को कहा है। मैं इस आदेश का अनुपालन करूंगा। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने पार्टी सदस्यों से कहा था कि वे अपनी शिकायतों को लेकर सार्वजनिक बयान और सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से बचे। उन्होंने यह भी कहा था कि सदस्यों को जरूरत पड़ने पर पार्टी की अनुशासन समिति से संपर्क करना चाहिए। मित्रा ने इस बयान के कुछ देर बाद ही फेसबुक के माध्यम से पूछा कि अनुशासन समिति दरअसल कहां से काम करती है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास स्थित हरीश चटर्जी स्ट्रीट कार्यालय तो सुरक्षा कारणों से पहुंच से दूर है और इसके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी अखिल भारतीय गतिविधियों में व्यस्त हैं।

## त्यागी और नरसिंहानंद की जमानत याचिका खारिज

**धर्म** संसद घृणा भाषण मामले के आरोपी जितेंद्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी तथा यति नरसिंहानंद की जमानत याचिकाएं हरिद्वार की दो अलग-अलग अदालतों ने खारिज कर दी है। त्यागी की जमानत याचिका अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज की। वहीं गाजियाबाद जिले के डासना मंदिर के मुख्य पुजारी नरसिंहानंद की याचिका मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नामंजूर कर दी। दोनों अदालतों ने मामले की सुनवाई वर्चुअल तरीके से की।

## भाजपा और तृणमूल कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू: माकपा

**कोलकाता**। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक ही सिक्के के दो पहलू बताते हुए शुक्रवार को कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी पर इसलिए विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि भाजपा के विरुद्ध लड़ाई में उनकी भूमिका कभी संदेह से परे नहीं रही है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा एक संयुक्त मोर्चा बनाने की कवायद को महत्वहीन करार देते हुए माकपा के प्रदेश महासचिव सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि बंगाल में सत्तारूढ़ दल उतना ही फासीवादी और अलोकतांत्रिक है जितनी भाजपा है।

तृणमूल नेताओं ने दावा किया था कि बनर्जी ने हाल में गोवा विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन के वास्ते सोनिया गांधी से संपर्क किया था लेकिन कांग्रेस ने इस पर प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।





कोयंबटूर में पोंगल समारोह के हिस्से के रूप में लोग जल्लीकट्टू कार्यक्रम में भाग लेते हुए

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 22 जनवरी, 2022



# बाजार में चौथे दिन भी गिरावट सेंसेक्स 427 अंक और लुढ़का

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 427 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। मुद्रास्फीति में तेजी के बीच मौद्रिक नीति को कड़ा किए जाने की चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में चौतरफा बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। कारोबारियों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से भी बाजार पर नकारात्मक असर पड़ा। हालांकि कारोबार के अंतिम घंटे में कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.44 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,037.18 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 139.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 17,617.15 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स शेयरों में बजाज फिनसर्व 5.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रही। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, भारतीय एयरटेल, एल एंड टी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली एचयूएल 2.58 प्रतिशत चढ़कर सर्वाधिक लाभ में रही। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में 18.68 प्रतिशत बढ़कर 2,300 करोड़ रुपए रहने की खबर से कंपनी के शेयर में मजबूती आई। इसके अलावा, मारुति, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और टीसीएस समेत कुछ कंपनियों में भी 1.89 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट से घरेलू बाजार नुकसान में रहा। सभी प्रमुख क्षेत्रों में कारोबार दबाव में रहा। मुद्रास्फीति को लेकर चिंता से वैश्विक बाजारों में कमजोर धारणा और कंपनियों के उम्मीद के मुकाबले हल्के तिमाही वित्तीय परिणाम से भी बिकवाली दबाव बढ़ा। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर बाधाएं और आगामी बजट को लेकर अनिश्चितताओं से बाजार में आने वाले दिनों में काफी अधिक उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 2,185.85 अंक यानी 3.57 प्रतिशत जबकि निफ्टी 638.60 अंक यानी 3.49 प्रतिशत नीचे आया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, सूचकांकों में इस सप्ताह करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की मुनाफा वसूली रही। बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ तेल और कच्चे माल की लागत में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वृद्धि रफ्तार धीमी पड़ने से निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.92 प्रतिशत लुढ़क कर 86.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 8 पैसे बढ़कर 74.43 पर पहुंच गई। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,679.84 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### शेयर बाजारों में बिकवाली जारी, चार दिन में निवेशकों की पूंजी 10.36 लाख करोड़ घटी

**भाषा।** नई दिल्ली

**शेयर** बाजारों में गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। बाजार में लगातार बिकवाली के बीच चार कारोबारी सत्रों में निवेशकों को 10.36 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 427.44 अंक या 0.72 प्रतिशत के नुकसान से 59,037.18 अंक पर आ गया। चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,271.73 अंक नीचे आया है। इन चार सत्रों में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 10,36,636.17 करोड़ रुपए घटकर 2,69,65,801.54 करोड़ रुपए पर आ गया है। सोमवार को बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,80,02,437.71 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

## देश में 2021 में शुरू हुए 2,250 से अधिक स्टार्टअप, जुटाए 24.1 अरब डॉलर: नैसकॉम-जिनोव रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** वर्ष 2021 में 2,250 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए जो इससे एक वर्ष पहले के मुकाबले 600 अधिक है। नैसकॉम और जिनोव की रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

भारतीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप परिवेश: सफलता का वर्ष शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया कि निवेशकों का भरोसा बढ़ने के साथ स्टार्टअप गहन प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहे हैं और कौशल युक्त लोगों को खोज रहे हैं। इसके साथ ही भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्टअप का आधार निरंतर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में स्टार्टअप ने 24.1 अरब डॉलर जुटाए जो कोविड से पहले के स्तर के मुकाबले दोगुना है। 2020 की तुलना में उच्च मूल्य वाले सौदे तीन गुना बढ़ गए जो निवेशकों के भरोसे को दिखाता है और बताता है कि सक्रिय एंजल निवेशक जोखिम लेने को तैयार हैं। स्टार्टअप में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अमेरिका से आ रहा है, बाकी की दुनिया की हिस्सेदारी भी इसमें बढ़ रही है। करीब 50 फीसदी सौदों में कम से कम एक निवेशक भारतीय मूल का है।

नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष ने कहा, भारतीय स्टार्टअप परिवेश का 2021 का प्रदर्शन सबूत है विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप के जुझारूपन और समर्पण का। इस परिवेश ने शानदार वृद्धि की और यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की वृद्धि में अहम योगदान देने वाली बन गई है। घोष ने कहा कि रिकॉर्ड तोड निवेश और यूनिकॉर्न कंपनियों (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) की संख्या बढ़ने के साथ भारतीय स्टार्टअप का भविष्य 2022 में और भी उज्ज्वल दिखाई दे रहा है। जिनोव के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पारी नटराजन ने कहा कि ब्रिटेन, अमेरिका, इजराइल और चीन की तुलना में 2021 भारतीय स्टार्टअप के लिए शानदार वर्ष रहा है जहां सौदों और स्टार्टअप की संख्या के मामले में वृद्धि दर सर्वाधिक रही।

### टाटा मोटर्स ने भूटान के बाजार में उतारी यात्री वाहनों की श्रृंखला

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों की नवीनतम श्रृंखला भूटान के बाजार में उतारी है। जारी बयान में कहा गया कि उसने अपने उत्पादों की श्रृंखला सामदेन व्हिकल्स के साथ मिलकर उतारी है जो भूटान में यात्री वाहनों का आधिकारिक डिस्ट्रिब्यूटर है। टाटा मोटर्स में यात्री वाहन के प्रमुख (अंतरराष्ट्रीय व्यापार) मयंक बालदी ने एक बयान में कहा, भूटान हमारी वृद्धि की रणनीति के लिए एक अहम बाजार है। नई पीढ़ी के बीएस6 यात्री वाहनों के साथ इस बाजार में हम अपनी जगह बनाने के लिए तैयार हैं। अब टाटा मोटर्स भूटान में नई पीढ़ी की टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी की खुदरा बिक्री करेगा।

## क्विक न्यूज

### रत्न, आभूषण निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 5.76 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिका, हांगकांग और थाईलैंड जैसे प्रमुख देशों में अच्छी मांग के चलते रत्न और आभूषण का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान 5.76 प्रतिशत बढ़कर 29.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि दिसंबर 2021 में निर्यात 29.49 फीसदी की वृद्धि के साथ 3.04 अरब डॉलर रहा। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने एक बयान में कहा, अमेरिका, हांगकांग, थाईलैंड और इजराइल जैसे प्रमुख व्यापार केंद्रों में अवकाश और त्योहारी मांग अधिक रही। यह रफ्तार वित्त वर्ष के अंत में भी जारी रहेगी और हम 41.67 अरब डॉलर के निर्यात के तय लक्ष्य के करीब पहुंच जाएंगे। बयान के अनुसार तराशे और पॉलिश वाले हीरों का निर्यात अप्रैल-दिसंबर 2021 के बीच 23 फीसदी बढ़कर 18 अरब डॉलर तथा स्वर्ण आभूषणों का निर्यात 25.41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### कलर्स ने नया टैलेंट शो लॉन्च किया

**मुंबई।** कलर्स चैनल नेहुनरबाज़ देश की शान के लिये एक मजबूत मार्केटिंग और डिजिटल आउटरीच तैयार की है। डिजिटल मोर्चे पर अभियान को फैन और इंफ्लूएंस को जोड़ने की दिलचस्प एक्टिविटीज के जरिये चलाया जायेगा। कलर्स, टीवी जगत से हुनर को सुर्खियों में लाने के लिये, हुनर आवर एक्टिविटी के माध्यम से प्लेटफॉर्म पर कई प्रतिभाशाली लोगों को बोलने का मौका दिया जायेगा। लॉन्च के दिन कलर्स टीवी सोशल मीडिया हैंडल 24 घंटे लंबे उत्सव में बदल जाएगाए जो पेज पर हर घंटे विभिन्न प्रकार के हुनर दिखायेगा और अंत में दर्शकों को शो के बड़े लॉन्च की ओर लेकर जायेगा। श्रेष्ठ हुनर को भी खुश होने का मौका दिया जायेगा। इंफ्लूएंसर को शामिल करने के तहत टॉप इंफ्लूएंसर अपने हुनर को दिखाते हुए वीडियो बनायेंगे और दर्शकों से कहा जायेगा कि वे टैलेंट का वीडियो अपलोड करें। इन वीडियोज को इंफ्लूएंसर्स द्वारा टकाटकए मौज़ए जोश और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ाया जायेगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने यूटिलिटी व्हीकल, द हिलक्स पेश

**मंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मशहूर हिलक्स को भारतीय बाजार में पेश किया ताकि एक बेजोड़ जीवन शैली के यूटिलिटी वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकें। एक ऐसे वाहन से जो ऑफरोडिंग एडवेंचर ड्राइव और मुश्किल क्षेत्रों के साथ रोजमर्रा के शहरी उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है। हिलक्स नाम है, जो हाई, और लक्जरी दो शब्दों से लिया गया है या मिलकर बना है। को दशकों से दुनिया भर के भिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक ,मजबूती और कठोरता के लिए जाना जाता है। लॉन्च ने भारत की मुश्किल सड़कों पर हिलक्स चलाने का अनुभव करने के इच्छुक कई एसयूवी शौकीनों का इंतजार खत्म कर दिया है। इस मौके पर टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता, योशिकी कोनिशी, टोयोटा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता जुराचार्ट जोंगसुक, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक, मसाकाजु योशिमुरा, टीकेएम कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड कस्टमर सर्विस तदाशी असजुमा और टीकेएम महाप्रबंधकए सामरिक व्यापार इकाई विसेलिन सिगामनी मौजूद थे।

### पांच भाषाओं में वेब सीरीज की तैयारी

**लखनऊ।** हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले एक प्रमुख वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले ने घोषणा की कि 2022 में वह 15 हंगामा ओरिजिनल्स को लॉन्च करेगा। इन ओरिजिनल्स के जरिए यह तमिलए तेलुगुए भोजपुरी और मराठी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में प्रवेश करने को तैयार है। प्रत्येक शो एक्सक्लूसिवली हंगामा प्ले पर रिलीज होगा और सभी हंगामा पार्टनर नेटवर्क्स पर उपलब्ध होगा। 2022 में हंगामा प्ले ओरिजिनल में उनकी लोकप्रिय ऑफरिंग्स. डैमेज्ड और रात्रि की यात्री के दो नए सीजन शामिल हैं। डैमेज्ड का तीसरा सीज़नए एक साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा है जो जनवरी में रिलीज़ होगा। रेड.लाइट एरिया की पृष्ठभूमि पर बना और बेहद सफल रहे शो रात्रि के यात्री अपने दूसरे सीजन में अपनी दिलचस्प कहानियों के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### एनएसई लगातार तीसरे वर्ष विश्व का सबसे बड़ा डेरीवेटिव्स एक्सचेंज

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़इंडिया लिमिटेड की संख्या में वर्ष 2021 में विश्व के सबसे बड़े डेरीवेटिव्स एक्सचेंज के रूप में उभरा है। इसे यह दर्जा डेरीवेटिव्स कारोबार संगठन, फ्यूचर्स इंडस्ट्री असोसिएशन द्वारा अनुरक्षित आँकड़ों के आधार पर मिला है। कैलेंडर वर्ष 2021 के लिए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़एक्सचेंजेज द्वारा अनुरक्षित आँकड़ों के अनुसार कारोबार की संख्या द्वारा नकद इक्विटीज में एनएसई को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ;एमडी एवं सीईओ विक्रम लिमये ने कहा कि एनएसई का ग्लोबल लीडर के रूप में उभरना और लगातार तीसरे साल विश्व में सबसे बड़ा डेरीवेटिव्स एक्सचेंज बनने के साथ.साथ कारोबारों की संख्या द्वारा नकद इक्विटीज में चौथा सबसे बड़ा एक्सचेंज होना हमारे और हमारे देश के लिए भारी गौरव की बात है।

### जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 69 प्रतिशत उछलकर 4,516 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर लगभग 69 प्रतिशत बढ़कर 4,516 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 पहले इसी तिमाही में यह 2,669 करोड़ रुपए था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 38,225 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 22,006 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी का खर्च भी बढ़कर 31,986 करोड़ रुपए पर आ गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह 18,120 करोड़ रुपए था।

### एचडीएफसी लाइफ को तीसरी तिमाही में 274 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 273.65 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 264.99 करोड़ रुपए पर रहा था। कंपनी की कुल आय हालांकि आलोच्य तिमाही में घटकर 14,222.22 करोड़ रुपए रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 21,126.80 करोड़ रुपए थी। एचडीएफसी लाइफ ने कहा, एक्साइड लाइफ के अधिग्रहण को लेकर एक जनवरी, 2022 को, कंपनी ने तरजीही आधार पर आपस में तय 685 रुपए प्रति शेयर मूल्य पर 8,70,22,222 इक्विटी शेयर जारी किए। साथ ही एक्साइड लाइफ के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के एवज में एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को शेष 725.98 करोड़ रुपए का नकद भुगतान किया।

## भारत का अगले वित्त वर्ष में 500 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य : डीजीएफटी अधिकारी

**कोलकाता।** भारत ने अगले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 500 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। अतिरिक्त विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने देश को विश्व व्यापार के बारे में नए सिरे से सोचने का सबक सिखाया है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए चंद्रा ने कहा कि दिसंबर, 2021 में निर्यात 37.8 अरब डॉलर रहा है, किसी एक महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। चंद्रा ने कहा, चालू वित्त वर्ष में हम 400 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य छूने को तैयार हैं। पहले नौ माह में देश का निर्यात 301.38 अरब डॉलर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2027 तक I,000 अरब डॉलर के निर्यात का है। उन्होंने कहा, आशंका थी कि कोविड-19 के कारण विदेश व्यापार में तेजी से गिरावट आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बल्कि महामारी ने हमें विश्व व्यापार के बारे में नए सिरे से सोचने को लेकर तैयार किया है।

## सरकारी योजना के तहत किसी भी विक्रेता रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने को स्वतंत्रः एमएनआरई

**भाषा।** नई दिल्ली

**नवीन और** नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि लोग खुद ही या अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता द्वारा रूफटॉप सोलर स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं और सरकारी योजना के तहत सब्सिडी का लाभ पाने के लिहाज से वितरण के लिए लगवाई गई प्रणाली की एक तस्वीर पर्याप्त है। पहले रूफटॉप योजना के तहत, परिवारों को योजना के तहत लाभ और सब्सिडी प्राप्त करने के लिए केवल सूचीबद्ध विक्रेताओं से ही रूफटॉप सोलर प्रणाली लगवाना होता था।

मंत्रालय के एक बयान के अनुसार रूफटॉप सोलर योजना को सरल बनाने का निर्णय केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह की अध्यक्षता में 19 जनवरी, 2022 को हुई समीक्षा बैठक में लिया गया था। बयान के मुताबिक, समीक्षा के बाद मंत्री ने रूफटॉप योजना को सरल बनाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सके। उन्होंने निर्देश दिया है कि अब से किसी भी परिवार के लिए किसी भी सूचीबद्ध विक्रेता से इस प्रणाली को छत पर लगवाना आवश्यक नहीं होगा। बयान में कहा गया है कि लोग अपने घरों में स्वयं भी रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर सकते हैं या अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता द्वारा इन्हें लगवा सकते हैं, और वितरण कंपनी को सिस्टम की एक तस्वीर के साथ स्थापित किए गए इंस्टॉलेशन के बारे में सूचित कर सकते हैं। रूफटॉप लगाने की सूचना या तो एक पत्र I आवेदन के माध्यम से या नामित वेबसाइट पर दी जा सकती है, जिसे प्रत्एक डिस्कॉम और केंद्र सरकार द्वारा रूफटॉप योजना के लिए शुरू किया गया है। वितरण कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि सूचना मिलने के 15 दिन के भीतर नेट मीटरिंग उपलब्ध करा दी जाए। सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी 3 किलोवाट क्षमता तक के पैनल के लिए 40 प्रतिशत और 3 किलोवाट से 10 किलोवाट तक की क्षमता के लिए 20 प्रतिशत है। इसे स्थापना के 30 दिन के भीतर डिस्कॉम द्वारा गृहस्वामी के खाते में जमा किया जाएगा।

### बैंकों, एनबीएफसी में 2025 तक ईवी के लिए 40,000 करोड़ का कर्ज देने की क्षमताः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के पास इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 2025 तक 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज देने की क्षमता है। वहीं 2030 इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उनका कर्ज 3.7 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग और रॉकी माउंटेन इंस्टिट्यूट इंडिया (आरएमआई) ने शुक्रवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैंकिंग शीर्षक की रिपोर्ट में देश में बिजलीचालित परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में खुदरा ऋण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र की पहचान के महत्व को रेखांकित किया गया है।

### द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए अमेरिका, भारत को बड़े लक्ष्य तय करने होंगे

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका भारत बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के नए अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा है कि अपने संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति कर चुके अमेरिका और भारत को इन्हें नए स्तर पर ले जाने तथा द्विपक्षीय कारोबार में 500 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल के लिए बड़े लक्ष्य तय करने चाहिए। केशप ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, यह दर्शाना आवश्यक है कि अमेरिका और भारत वैश्विक वृद्धि के वाहक हो सकते हैं, 21वीं सदी में समद्धि और वृद्धि के मॉडल हो सकते हैं।

उन्होंने अमेरिकी राजनयिक रहने के दौरान विदेश विभाग में विभिन्न पदों पर काम किया। पिछले वर्ष वह भारत में अमेरिकी मिशन में दूतावास प्रभारी रहे और बाइडन प्रशासन के कार्यकाल के पहले वर्ष में उन्होंने भारत-अमेरिकी संबंधों को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।

## इंदौर में शुरू होगा एशिया का सबसे बड़ा बायोः सीएनजी संयंत्र

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**देश के** सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में हर रोज 550 टन गीले कचरे से बायो-सीएनजी बनाने की क्षमता वाला संयंत्र पखवाड़े भर में नियमित उत्पादन शुरू कर सकता है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) से बनकर तैयार इस संयंत्र को एशिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी बायो-सीएनजी इकाई बताया जा रहा है। इंदौर नगर निगम (आईएमसी) की आयुक्त प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया, हमारे बायो-सीएनजी संयंत्र में सभी मशीनों का परीक्षण पूरा हो चुका है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इसमें अगले 15 से 20 दिन के भीतर पूरी क्षमता से नियमित उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एशिया के इस सबसे



बड़े बायो-सीएनजी संयंत्र में हर रोज 550 टन गीले कचरे से 18,000 किलोग्राम बायो-सीएनजी और बड़ी मात्रा में कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकेगी। पाल ने बताया कि इस संयंत्र में बनने वाली बायो-सीएनजी का इस्तेमाल आईएमसी की शहरी परिवहन बसों में किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आईएमसी के देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 15 एकड़ में फैला यह संयंत्र एक निजी कंपनी के लगभग 150 करोड़ के निवेश से स्थापित किया गया है।

### वॉलमार्ट ने भारतीय विक्रेताओं को अमेरिका बाजार में कारोबार करने के लिए आमंत्रित किया

**नई दिल्ली।** खुदरा क्षेत्र की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने भारत के चुनिंदा विक्रेताओं को कंपनी के ई-वाणिज्य मंच से जुड़ने और कारोबार करने के लिए आमंत्रित किया है। वॉलमार्ट के अनुसार वह हर महीने लगभग 12 करोड़ से अधिक अमेरिकी खरीदारों को सेवा प्रदान करती है। भारत पहले से ही वॉलमार्ट के लिए शीर्ष बाजारों में से एक है। कंपनी ने 2027 तक प्रत्एक वर्ष भारत से 10 अरब डॉलर डालर के निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वॉलमार्ट ने एक बयान में कहा, यह पहल भारतीय विक्रेताओं के साथ वॉलमार्ट के पिछले 20 वर्षों से जारी संबंधों का विस्तार है।

# पेज एक का शेष

### असीम अरुण...

दिवाकर, मोहान से बृजेश कुमार रावत, उन्नाव सदर से पंकज गुप्ता और पुरवा से अनिल सिंह का नाम शामिल हैं जबकि पार्टी ने एक मात्र 166.भगवंत नगर सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां से अभी तक विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित विधायक हैं। चर्चा है कि इस सीट पर भी पार्टी अभी प्रत्याशी का चयन नहीं कर पायी है। चरखारी से बृजभूषण राजपूत, महोबा सदर से राकेश गोस्वामी। कानपुर देहात जिले में अकबरपुर रनियां सीट से प्रतिभा शुक्ला व सिकंदरा सीट से अजीत पाल को टिकट फिर से दिया गया है। दोनों इसी सीट से विधायक हैं और अजीत पाल सूबे में राज्यमंत्री हैं वहीं भोगनीपुर व रसूलाबाद सीट पर अभी टिकट नहीं मिला है। भाजपा ने झांसी की चार में से तीन सीट पर प्रत्याशी घोषित किया है। झांसी से रवि शर्माए बबीना से राजीव सिंह श्पारीछाश् तथा गरौठा से जवाहर सिंह राजपूत का टिकट बरकरार है। अभी मऊरानीपुर के प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। ललितपुर के दोनों विधायकों को ही टिकट दिया गया है। ललितपुर से रामरतन कुशवाहा तथा महरौनी से मनोहर लाल पंत 'मन्नू कोरी' पार्टी के प्रत्याशी हैं। पीलीभीत में भाजपा ने चार विधायकों में दो को इस बार मैदान में नहीं उतारा है। डीएम के गनर से मारपीटए दुष्कर्म प्रकरण में विवादित बयान देने पर घिर चुके बरखेड़ा विधायक संजय सिंह गंगवार के स्थान पर स्वामी प्रवक्तानंद को प्रत्याशी बनाया गया। बीसलपुर के विधायक 73 वर्षीय रामसरन वर्मा के स्थान पर उनके बेटे विवेक वर्मा को टिकट दिया गया। शहर से विधायक संजय गंगवार और पूरनपुर से बाबूराम पासवान को इस बार भी टिकट दिया गया। शाहजहांपुर के तिलहर से सपा से आईं सलोना कुशवाहाए जलालाबाद से हरिप्रकाश वर्मा और ददरौल से विधायक मानवेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया गया। इसके अलावा हाथरस (अजा) से अंजुला माहोर सादाबाद से रामवीर उपाध्याय सिकंद्राराऊ से बीरेन्द्र सिंह राणाटूंडला (अजा) से प्रेमपाल सिंह धनगर जसराना से मानवेन्द्र सिंह लोधी फिरोजाबाद से मनीष असीजा शिकोहाबाद से ओमप्रकाश वर्मा निषाद, सिरसागंज से हरिओम यादव कासगंज से देवेन्द्र सिंह लोधी अलीगंज से सत्यपाल सिंह राठौरएटा से विपिन वर्मा डेविड मैनपुरी से जयवीर सिंह भोगांव से रामनरेश अग्निहोत्री पीलीभीत से संजय गंगवार बरखेड़ा से स्वामी प्रवक्तानन्द पूरनपुर (अजा) से बाबूराम पासवान बीसलपुर से विवेक वर्मा जलालाबाद से हरी प्रकाश वर्मा लितहर से सलोना कुशवाह ददरौल से मनवेन्द्र सिंह पलिया से हरविंदर रोमा साहनी निघासन से शशांक वर्मा गोला गोकरननाथ से अरविंद गिरि श्रीनगर (अजा) से मंजू त्यागी धौरहरा से विनोद शंकर अवस्थी लखीमपुर से योगेश वर्मा कस्ता से सौरभ सिंह सोनू मोहम्मदी से लोकेन्द्र प्रताप सिंह हरगांव से सुरेश राही लहरपुर से सुनील वर्मा सेवता से ज्ञान तिवारी महमूदाबाद से आशा मौर्य मिश्रिख (अजा) से राम कृष्ण भार्गव सवायजपुर से माधवेन्द्र प्रताप रानू शाहाबाद से रजनी तिवारी हरदोई से नितिन अग्रवाल गोपामऊ (अजा) से श्यान प्रकाश साण्डी (अजा) से प्रभाष वर्मा बिलग्राम मल्लावां से आशीष सिंह आशु बालामऊ (अजा) से रामपाल वर्मा संडीला से अलका आर्कवंशी बांगरमऊ से श्रीकांत कटियार सफीपुर (अजा) से बम्बा लाल दिवाकर मोहान (अजा) से बृजेश रावत उन्नाव से पंकज गुप्ता पुरवा से अनिल सिंह हरचंदपुर से राकेश सिंह रायबरेली से अदिति सिंह अमृतपुर से सुशील कुमार शाक्य फर्रुखाबाद से मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भोजपुर से नागेन्द्र सिंह राठौर छिबरामऊ से अर्चना पांडेय तिर्वा से कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज से असीम अरुण (आईपीएस) इटावा से सरिता भदौरिया विधून से रिया शाक्य दिबियापुर से लखन सिंह शाक्य अकबरपुर रनिया से प्रतिभा शुक्ला सिकंदरा से अजीत पाल बिल्हौर से राहुल बच्चा सोनकर बिठूर से अभिजीत सांगा कल्याणपुर से नीलिमा कटियार गोविंदनगर से सुरेन्द्र मैथानी सीसामऊ से सलिल विश्नोई आर्य नगर से सुरेश अवस्थी किदवई नगर से महेश त्रिवेदी कानपुर कैंट से रघुनंदन भदौरिया महाराजपुर से सतीश महाना माधोगढ़ से मूलचंद निरंजन उरई ;अजाद्ध से गौरी शंकर वर्मा बबीना से राजीव श्पारीक्षाश् झांसी नगर से रवि शर्मा गरौठा से जवाहर राजपूत ललितपुर से रामरतन कुशवाहा महरौनी ;अजाद्ध से मनोहर लाल पन्त श्मन्नू कोरीश् राठ ;अजाद्ध से मनीषा अनुरागी महोबा से राकेश गोस्वामी चरखारी से बृजभूषण राजपूत बबेरू से अजय पटेल नरैनी से ओममनी वर्मा बांदा से प्रकाश द्विवेदी फतेहपुर से विक्रम सिंह अयाह शाह से विकाश गुप्ता हुसैनगंज से रणवेन्द्र प्रताप सिंह धुन्नी तथा खागा से कृष्णा पासवान के नाम हैं।

### कांग्रेस ने...

परोक्ष रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी का चेहरा वह खुद हैं, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह चुनाव लड़ेंगी या नहीं। मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस की ओर से चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा, क्या आपको कोई दूसरा चेहरा नजर आ रहा है? घोषणापत्र जारी करने के मौके पर राहुल गांधी ने कहा, यह घोषणापत्र सिर्फ कांग्रेस की आवाज नहीं है। इसे बनाने के लिए उप्र के युवाओं से बात की है। उनके विचार इसमें डाले गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को एक दृष्टिकोण की जरूरत है और यह दृष्टिकोण उन्हें सिर्फ कांग्रेस पार्टी दे सकती है। राहुल गांधी ने कहा, हम नफरत नहीं फैलाते हैं। हम लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। हम युवाओं के जोश और शक्ति के साथ एक नया उत्तर प्रदेश बनाना चाहते हैं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने कहा, भर्ती विधान को बनाने के लिए युवाओं से बात की गई। इसे भर्ती विधान इसलिए कहा गया है क्योंकि उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या भर्ती की है।

### केवल भाजपा...

का जीना हराम करते थे। बहन-बेटियां जिन माफियाओं के कारण घर से बाहर नहीं निकल पाती थींए उन माफियाओं के घरों परए उनकी अवैध और अनैतिक कमाई पर बुलडोजर चलाने का भी काम किया है। आज मैं इस बात को कह सकता हूं कि हमने जो कहा था, सो कर दिखाया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्याए डॉण् दिनेश शर्मा और गोविंद शुक्ला आदि मौजूद थे। सीएम ने कहा कि पांच वर्ष पहले हम अपने संकल्प के साथ आगे बढ़े थेए तब हमने राष्ट्रवादए विकास और सुशासन के मार्ग से अंत्योदय के मार्ग को प्राप्त करने का एक संकल्प लिया था। भाजपा सरकार ने उन सभी संकल्पों को पूरा किया।

### भाजपा में...

के प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा था कि नेताजी (मुलायम) ने उन्हें (अपर्णा) समझाने की काफी कोशिश की थी। अपर्णा के भाजपा में शामिल होने के बारे में किए गए सवालों पर बुधवार को अखिलेश ने कहा था, मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दूंगा। इस बात की खुशी है कि हमारी समाजवादी विचारधारा का विस्तार हो रहा है। मुझे उम्मीद हैं कि हमारी विचारधारा वहां पहुंच कर संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम करेगी।

### युद्ध स्मारक...

शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का एकमात्र स्थान होगा। पिछले तीन वर्षों में अधिकांश सैन्य आयोजनों को इंडिया गेट से नए स्मारक में स्थानांतरित कर दिया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी 1972 को 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में कार्रवाई में मारे गए भारतीय सैनिकों के स्मारक के रूप में अमर जवान ज्योति का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 फरवरी, 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया था। स्मारक पर ग्रेनाइट की पट्टियों पर स्वर्ण अक्षरों में 25,942 सैनिकों के नाम अंकित किए गए हैं। यह स्मारक 40 एकड़ में फैला है और इसे 176 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

### यूपी में...

18 वर्ष के बच्चों को 381642 डोज दी गई। प्रदेश में कल 18 वर्ष से अधिक लोंगों को पहली डोज 142224331 दी गई जो उनकी जनसंख्या का 96.47 प्रतिशत है। 18 वर्ष से अधिक लोंगों को दूसरी डोज 92959038 दी गयी, जो उनकी जनसंख्या का 63.06 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को अब तक 7092929 वैक्सीन की प्रथम डोज दी गयी है, जो उनकी जनसंख्या का 50.61 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अब तक 652551 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। अब तक कुल 242928849 डोज दी जा चुकी है।

### देश में...

और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,88,396 हो गई। देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर घटकर 93.50 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में बृहस्पतिवार से ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में 4.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

### घरेलू हवाई...

एक हैंड बैगेज ले जाने की अनुमति देते हैं। मौजूदा नियम एक यात्री को एक लैपटॉप बैगए एक महिलाओं का हैंडबैग और एक कंबलए ड्यूटी.फ्री दुकानए छतरी से खरीदी गई उपहार वस्तुए छतरी और विमान में उचित मात्रा में पठन सामग्री सामान ले जाने की अनुमति देता है। बीसीएएस के महानिदेशक को लिखे पत्र मेंए सीआईएसएफ के आईजीध्एयरपोर्ट सेक्टर विजय प्रकाश ने बताया कि यह देखा गया है कि यात्री औसतन दो से तीन हैंडबैग स्क्रीनिंग प्वाइंट तक ले जाते हैं। इससे निकासी समय के साथ.साथ देरीए पीईएससी बिंदुओं पर भीड़भाड़ और यात्रियों को असुविधा होती है।

### दुराचार आरोपी...


शरण शुक्ला के बुलावे पर अदालत के द्वार पर पहुंचा। वकील के पहुंचने से पहले ही भागवत निषाद नाम के एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से दिलशाद के सिर में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सेवानिवृत्त सिपाही भागवत निषाद, पुत्र नंदलाल निषाद को हिरासत में लिया है लेकिन अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने बताया कि एक युवक की अदालत के द्वार पर गोली मारकर हत्या कर दी गई और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मृतक दिलशाद हुसैन गोरखपुर के बढलगंज के पटनाघाट तिराहा स्थित बीएसएफ के सेवानिवृत्त जवान भागवत निषाद के घर के सामने पंक्चर की दुकान चलाता था।

# बाइडन ने रूस को फिर चेताया, यूक्रेन सीमा पार की तो भुगतेगा

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर रूस को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर रूस की सेना यूक्रेन की सीमा पार करती है तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका ने आगाह किया कि यूक्रेन की सीमाओं के पास हजारों की संख्या में सैनिकों को जमा करने वाला रूस किसी भी वक्त आक्रमण कर सकता है। बाइडन ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने इरादे बिल्कुल स्पष्ट कर चुके हैं। बाइडन ने कहा, अगर रूसी इकाइयां यूक्रेन की सीमा पार करती हैं, तो उसे एक आक्रमण माना जाएगा। इसके गंभीर एवं समन्वित आर्थिक प्रभाव होंगे, जिसकी मैंने अपने सहयोगियों के साथ विस्तार से चर्चा की है और राष्ट्रपति पुतिन को इसकी स्पष्ट रूप से जानकारी दे दी है।

राष्ट्रपति ने आगाह किया, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि अगर पुतिन ने यह कदम उठाया तो, रूस को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। बाइडन ने एक दिन पहले ही आशंका जताई थी कि रूस, यूक्रेन में दाखिल होगा और आगाह किया था कि इसके रूस को भयंकर परिणाम भुगतने होंगे। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि वे साइबर हमलों, ग्रे-ज़ोन हमलों और रूसी सैनिकों द्वारा अपनी वर्दी नहीं पहनने जैसे कृत्यों के खिलाफ कार्वाई को लेकर तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस का आक्रमण करने के लिए प्रत्यक्ष सैन्य कार्वाई के अलावा अन्य उपायों का उपयोग करने का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, याद है जब लिटिल ग्रीन मेन डोनबास में दाखिल हो गए थे? वे उन लोगों से राबता रखते थे, जिन्हें रूस से सहानुभूति थी, जबकि वे कहते थे कि वहां रूस का कोई व्यक्ति मौजूद नहीं है। बिना वर्दी वाले रूस के सैनिकों को लिटिल ग्रीन मेन कहा जाता है। इन्होंने ही 2014 में क्रीमिया में रूस के कब्जे के लिए आधार तैयार किया था। बाइडन ने कहा, हमें इनका सामना एकजुटता से करने के लिए तैयार रहना होगा। रूस ने कथित तौर पर यूक्रेन से लगी सीमा पर करीब एक लाख सैनिक तैनात किए हैं, लेकिन लगातार वहां घुसपैठ की बात से इनकार कर रहा है। वहीं, अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने




बृहस्पतिवार को कुछ लोगों पर नए प्रतिबंध लगा दिए थे, जिन पर आरोप है कि वे यूक्रेन पर हमला करने में रूस की मदद कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, यह कार्वाई रूस के प्रभावित करने वाले नेटवर्क का मुकाबला करने और यूक्रेन को अस्थिर करने के लिए उसके खतरनाक एवं मौजूदा अभियान को बेनकाब करने के हमारे लंबे समय से चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी।

## सैन्य गतिविधि पर राजनयिक संकेत के बाद मादुरो, पुतिन ने की बातचीत

एपी। काराकस

**वेनेजुएला** के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर फोन पर बात की। मादुरो और पुतिन के बीच इस वार्ता के एक सप्ताह पहले यूक्रेन पर तनाव को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत में रूस के मुख्य वार्ताकार ने कहा था कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगी रूस की सीमा पर अपनी सैन्य गतिविधि कम नहीं करते हैं तो इस स्थिति में वह रूस द्वारा क्यूबा और वेनेजुएला को सैन्य हथियार भेजे जाने की संभावना की न तो पुष्टि करेंगे और न ही इससे इनकार करेंगे। मादुरो के कार्यालय ने एक



बयान में कहा कि पुतिन ने संप्रभुता की रक्षा और दक्षिण अमेरिकी देश के विकास में मदद के लिए अपना समर्थन जताया है। बयान में कहा गया है कि पुतिन और मादुरो ने दोनों देशों के बीच व्यापार में वृद्धि, वेनेजुएला की राजधानी काराकस और मास्को के बीच हवाई सेवा शुरू करने तथा रूस द्वारा वेनेजुएला को कोविड-19 टीकों की आपूर्ति की बात कही। मादुरो ने ट्वीट किया, हमने उच्चतम स्तर पर विभिन्न रणनीतिक क्षेत्रों में मौजूदा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की। यह रिश्ता हमारे लोगों की एकजुटता से मजबूत होता है। जिनेवा में अमेरिका के साथ वार्ता में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने 13 जनवरी को क्यूबा और वेनेजुएला के लिए सैन्य हथियार तैनात करने की संभावना की बात कही थी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने टिप्पणियों को निंदनीय बताते हुए खारिज कर दिया था। क्यूबा और वेनेजुएला में रूसी मिसाइल तैनाती की संभावना के बारे में पूछे जाने पर क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि रूस इस बारे में सोच रहा है कि मौजूदा स्थिति के संदर्भ में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। दिसंबर 2018 में रूस ने पश्चिमी देशों के दबाव के बीच मादुरो के प्रति समर्थन दर्शाने के लिए अपने दो परमाणु-सक्षम टू-160 बमवर्षक विमानों को वेनेजुएला भेजा था। रूस वेनेजुएला का एक प्रमुख राजनीतिक सहयोगी है, जिस पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका वेनेजुएला में 2018 के राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो के चुने जाने को वैध नहीं मानता है और इसके बजाय विपक्षी नेता जुआन गुएदो को देश के वैध नेता के रूप में मान्यता देता है।



पाकिस्तान के लाहौर में गुरुवार के बम विस्फोट की घेरा-बंद साइट पर मीडिया के सदस्य समचार चैनलों को धटना स्थल की जानकारी देते हुए

## बाइडन-किशिदा के बीच वार्ता में उत्तर कोरिया और चीन पर चर्चा की उम्मीद

**वाशिंगटन**। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा शुक्रवार को पहली औपचारिक वार्ता करेंगे और इस दौरान उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम तथा चीन के बढ़ते सैन्य प्रभाव पर बातचीत होने की उम्मीद है। उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम और लंबी दूरी की मिसाइलों के परीक्षण पर फिर से काम शुरू कर सकता है, जिन पर तीन साल से अधिक समय से विराम लगा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार देश के नेता किम जोंग उन ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के पोलितब्यूरो की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें अधिकारियों ने अमेरिकियों की शत्रुतापूर्ण चालबाजियों का मुकाबला करने के लिए उत्तर कोरिया की सैन्य क्षमताओं को तुरंत मजबूत बनाने के मकसद से नीतिगत लक्ष्य निर्धारित किए। अमेरिका और जापान दोनों देश ताइवान के प्रति चीन के आक्रामक रवैए को लेकर भी चिंतित हैं। चीन स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। वह जरूरत पड़ने पर ताइवान पर बलपूर्वक नियंत्रण हासिल करने की बात भी कई बार कह चुका है। हाल के महीनों में वह ताइवान के निकट कई बार सैन्य अभ्यास भी कर चुका है। साथ ही वह ताइवान के हवाई क्षेत्र में अनेक बार लड़ाकू विमान भी भेज चुका है। इसके अलावा जापान दक्षिण चीन सागर में हालिया वर्षों में चीन द्वारा सैन्य मौजूदगी बढ़ाए जाने और पूर्वी चीन सागर में तोक्यो द्वारा प्रशासित विभिन्न निर्जन टापुओं को लेकर चीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे विवाद को लेकर भी चिंतित है। चीन इन टापुओं पर अपना दावा जताता रहा है।

## रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद को उत्तर कोरिया के पांच अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगाने से रोका

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**रूस** और चीन ने उत्तर कोरिया द्वारा हाल में बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किए जाने को लेकर उसके पांच अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को रोक दिया। अमेरिका ने उत्तर कोरिया के इस कदम की आलोचना करते हुए देश के मिसाइल कार्यक्रम में इन अधिकारियों की भूमिका को लेकर इन पर प्रतिबंध लगाने की अपील की थी।

बीते दो सप्ताह में उत्तर कोरिया ने चार बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किए थे, जिसके संबंध में बृहस्पतिवार को बुलाई गई परिषद की आपात बैठक में अमेरिका ने परिषद के 15 सदस्यों से एक संक्षिप्त बयान जारी करने की अपील की। अमेरिका ने कहा कि इस बयान में यह कहा जाए कि ऐसे परीक्षण परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन हैं। अमेरिका ने कहा कि उत्तर कोरिया से परिषद के नियमों का पालन करने और परमाणु निरस्त्रीकरण से संबंधित संवाद में शामिल होने का आग्रह किया जाना चाहिए। बंद कमरे में हुई बैठक के बारे में राजनयिकों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि उत्तर कोरिया के पड़ोसी और सहयोगी चीन ने किसी भी तरह के वक्तव्य का विरोध किया। बैठक शुरू होने से पहले अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने आठ देशों का एक बयान पत्रकारों के सामने पढ़ा, जिसमें उत्तर कोरिया के गैरकानूनी व्यवहार को अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया गया था। इन आठ देशों में अमेरिका, अल्बानिया, ब्राजील, फ्रांस, आयरलैंड, जापान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन शामिल हैं। ग्रीनफील्ड ने पांच उत्तर कोरियाई लोगों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाने के प्रस्ताव को चीन और रूस द्वारा रोके जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि प्रतिबंधों का विरोध करने वाला कोई भी देश उत्तर कोरिया का रास्ता साफ कर रहा है।

## यूक्रेन संकट के बीच अमेरिका और रूस के शीर्ष राजनयिक कर रहे वार्ता

**जिनेवा (एपी)**। अमेरिका और रूस के शीर्ष राजनयिक शुक्रवार को यूक्रेन को लेकर महत्वपूर्ण वार्ता कर रहे हैं। यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जबकि कई सप्ताह से यूक्रेन को लेकर जारी गतिरोध के हिंसा के दौरा में पहुंचने की आशंका है और इस बात का लेकर चिंताएं है कि यूरोप के एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर पहुंच सकता है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव, रूस द्वारा यूक्रेन पर संभावित हमले की आशंका को टालने के मकसद से जिनेवा में यह वार्ता कर रहे हैं। मास्को सोवित संघ में पूर्व में शामिल रहे यूक्रेन के साथ अपने संबंधों को लेकर नाटो से रियायतों की मांग कर रहा है। ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को जिनेवा में होने वाली वार्ता में तत्काल कोई समाधान निकलने की उम्मीद नहीं रखने का संकेत दिया। यह वार्ता करीब दो घंटे चलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मुश्किल मुद्दों का समाधान जल्द नहीं होता। ब्लिंकन ने जोर देकर कहा कि वह शुक्रवार की वार्ता से नतीजों की उम्मीद नहीं करते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और उसके साझेदारों ने रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला होने की स्थिति में गंभीर नतीजे होने की चेतावनी दी है जिनमें रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध शामिल हैं। लेकिन उन्होंने जवाबी सैन्य कार्वाई की बात नहीं की है। वहीं, रूस ने यूक्रेन की सीमा पर करीब एक लाख सैनिकों की तैनाती की है। ब्लिंकन ने इस सप्ताह कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलकात की थी और उन्होंने ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों के साथ भी इस सप्ताह बर्लिन में बैठक की थी। ब्लिंकन की उन बैठकों के बाद लावरोव के साथ पहली आमने-सामने की बैठक हो रही है जिसे संवाद और समझौते की आखिरी कोशिश माना जा रहा है।


## भारतीय माने जा रहे एक परिवार के चार सदस्यों की अमेरिका कनाडा सीमा पर ठंड से मौत

भाषा। टोरंटा/न्यूयॉर्क

**अमेरिका** से लगी कनाडा की सीमा पर एक हृदय विदारक घटना में भारतीय माने जा रहे एक परिवार के चार सदस्यों की सर्द मौसम के चलते मौत हो गई, जिसमें एक नवजात शिशु भी शामिल है। हालांकि, इसे मानव तस्करी का संभावित मामला बताया जा रहा है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई।

मैनटोबा रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बृहस्पतिवार को बताया कि एमर्सन के नजदीक कनाडा-अमेरिका सीमा पर कनाडा की ओर बुधवार को चार शव मिले, जिनमें दो शव वयस्कों के, एक किशोर का और एक नवजात शिशु का है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह माना जा रहा है कि मृतक भारत से आए थे और कनाडा से अमेरिका की सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। आरसीएमपी के सहायक आयुक्त जेन मैक्लैची ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में अबतक मिली जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा, आज मैं जो जानकारी साझा करने जा रही हूं, वह कई लोगों के लिए सुनना मुश्किल है। यह निश्चित तौर पर हृदय विदारक हादसा है। जांच के बहुत ही शुरुआती दौर में लगता है कि सभी की मौत सर्द मौसम की वजह से हुई है। मैक्लैची ने कहा कि आरसीएमपी का मानना है कि चारों मृतक उस समूह का हिस्सा थे, जिन्हें सीमा के नजदीक अमेरिकी क्षेत्र से पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि चारों शव सीमा से नौ से 12 मीटर की दूरी पर मिले। खबर के मुताबिक मैनटोबा आरसीएमपी को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा रक्षा विभाग से बुधवार को जानकारी मिली कि एमर्सन के नजदीक लोगों का एक समूह सीमा पार कर अमेरिका में दाखिल हुआ है और एक वयस्क के हाथ में बच्चे के उपयोग की वस्तुएं हैं, लेकिन समूह में नवजात शिशु नहीं है। इसके तुरंत बाद सीमा के दोनों ओर तलाशी अभियान शुरू किया गया और दोपहर को वयस्क पुरुष, महिला और नवजात का शव मिला जबकि किशोर का शव कुछ देर बाद मिला। डिस्ट्रिक्ट ऑफ मिनिसोटा के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने बृहस्पतिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मामले में मानव तस्करी के आरोप में फ्लोरिडा के 47 वर्षीय व्यक्ति स्टीव शैंड को गिरफ्तार किया गया है।



टोक्यो में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए सुरक्षात्मक मास्क पहने हुए लोग

## सऊदी नीत गठबंधन के हवाई हमले के बाद यमन में इंटरनेट सेवाएं ठप

एपी। दुबई

**सऊदी** अरब के नेतृत्व वाले हवाई हमलों के बाद यमन में शुक्रवार को देशभर में इंटरनेट सेवाएं ठप पड़ गईं। एक संगठन ने यह जानकारी दी। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले हवाई हमलों में विवादित हुदयदाह शहर को निशाना बनाया गया था।

संगठन नेटब्लॉक्स ने बताया कि समस्या स्थानीय स्तर पर देर रात करीब एक बजे शुरू हुई, जिससे बाद में देश में इंटरनेट पहुंच को नियंत्रित करने वाली सरकारी टेलीयमन की सेवाएं भी प्रभावित हुईं। टेलीयमन अब हूती विद्रोही के नियंत्रण में है, जिन्होंने 2014 के अंत से यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर रखा है। नेटब्लॉक्स ने कोई विस्तृत जानकारी दिए बगैर कहा, दूरसंचार भवन पर हवाई हमले के बाद राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट संपर्क टूट गया। सैन डिएगो स्थित सेंटर फॉर एप्लाइड इंटरनेट डेटा एनालिसिस ने भी लगभग उसी समय पूरे यमन में इंटरनेट संपर्क के प्रभावित होने की जानकारी दी।

यमन की राजधानी सना पर कब्जा करने वाले हूती विद्रोहियों से जूझ रहे सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हुदयदाह के बंदरगाह के आसपास मिलिशिया के केन्द्रों को नष्ट करने के लिए सटीक हवाई हमले करने की बात स्वीकार की है। हालांकि, सऊदी ने एक दूरसंचार भवन को निशाना बनाने की बात स्वीकार नहीं की, जबकि उसने हुदयदाह को समुद्री डकैती और हूती विद्रोहियों के समर्थन के लिए ईरानी हथियारों की तस्करी का केन्द्र बताया। टेलीयमन, हुदयदाह बंदरगाह के पास समुद्र के अंदर बिछी फाल्कन केबल के जरिए यमन में इंटरनेट सेवा मुहैया कराता है।

## इजराइल के अटॉर्नी जनरल ने पेगासस स्पाईवेयर के दुरुपयोग की जांच शुरू की

भाषा। यरूशलम

**इज़राइली** स्पाइवेयर कंपनी एनएसओ समूह एक बार फिर विवादों में हैं और देश के अटॉर्नी जनरल ने अपने ही नागरिकों के खिलाफ पुलिस द्वारा जासूसी पेगासस तकनीक के कथित दुरुपयोग की जांच के लिए एक टीम बनाने की घोषणा की है। पुलिस पर उन लोगों की जासूसी करने का आरोप है जिनके अपराध करने का संदेह नहीं है। एनएसओ समूह पिछले साल सुर्खियों में आया था जब भारत सहित कई देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार की वकालत करने वालों, राजनेताओं और अन्य लोगों की जासूसी करने के लिए उसके पेगासस सॉफ्टवेयर के कथित उपयोग ने गोपनीयता से संबंधित मुद्दों पर चिंता पैदा कर दी थी। हारेत्ज अखबार की खबर के मुताबिक, इज़राइल के अटॉर्नी जनरल एविके मेंडेलब्लिट ने बृहस्पतिवार को पुलिस आयुक्त कोबी शबताई को सूचित किया कि वह जांच करने के लिए एक समिति का गठन करेंगे। इस समिति का गठन एक स्थानीय मीडिया की खबर से उपजे उस विवाद के बाद किया जा रहा है कि पुलिस एनएसओ के पेगासस स्पाइवेयर का उपयोग कर रही है, जो पीड़ित के संक्रमित फोन की संपूर्ण सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है। खबर के मुताबिक, यहां तक कि इजरायल के ऐसे नागरिकों पर भी डोजियर (आरोप-पत्र) बनाने के लिए इनका इस्तेमाल हो रहा था, जो आपराधिक आरोपों का सामना नहीं कर रहे थे। अखबार ने कहा कि जासूसी पर अन्वेषणात्मक खबर के प्रकाशन के बाद पुलिस ने स्पाईवेयर के इस्तेमाल की बात स्वीकार की है, लेकिन कहा कि हर मामले में इस्तेमाल से पहले अदालत से इसके लिए वारंट लिया गया था। खबर के मुताबिक, जांच समिति की अध्यक्षता डिप्टी अटॉर्नी जनरल अमित हारारी द्वारा की जाएगी और इसमें दो और सदस्य होंगे। मेंडेलब्लिट ने हालांकि, शबताई को लिखे अपने पत्र में कहा कि इस मामले की प्रारंभिक जांच में इजराइल पुलिस द्वारा अवैध, व्यवस्थित उपयोग के डर का कोई आधार नहीं मिला, और हम संतुष्ट हैं कि इज़राइल पुलिस कानून के तहत अपनी शक्तियों के आधार पर कार्य कर रही है। अटॉर्नी जनरल ने पुलिस से वो सभी वारंट उनके कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहे हैं, जिनके आधार पर बीते दो सालों के दौरान लोगों के संवाद को सुना गया। इस बीच, सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री ओमर बार-लेव ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पुलिस ने व्यवस्थित दृष्टिकोण से कानून के अनुसार काम किया।

## तालिबान अगले सप्ताह नार्वे के साथ करेगा बैठक

**कोपहेगन।** तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल नार्वे सरकार के साथ वार्ता के लिए ओस्लो की यात्रा करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल न केवल नार्वे प्रशासन तथा अन्य सहयोगी देशों के प्रतिनिधियों बल्कि प्रबुद्ध समाज के सदस्यों एवं अफगानिस्तान में मानवाधिकार की रक्षा के लिए काम करने वालों के साथ भी बैठक करेगा। नार्वे के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने तालिबान के प्रतिनिधियों को 23-25 जनवरी के दौरान ओस्लो की यात्रा करने का न्यौता दिया है। हालांकि इस बयान में यह नहीं बताया गया कि तालिबान के साथ बैठक में कौन-कौन सा देश हिस्सा लेगा। नार्वे की विदेश मंत्री एन्नीकेन हुटफेल्ट ने कहा, हम अफगानिस्तान की गंभीर स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उस देश में लाखों लोगों के लिए पूर्ण मानवीय त्रासदी है। उन्होंने कहा , यह बैठक तालिबान को वैधता या मान्यता देना नहीं है बल्कि हमें उनसे बात करनी चाहिए जो असल में आज देश चलाते हैं। उन्होंने कहा, हम राजनीतिक दशा को और भी भयंकर मानवीय त्रासदी में नहीं बदलने दे सकते हैं।

## इराक में आईएस बंदूकधारियों ने सेना के बैरक पर किया हमला, 11 सैनिकों की मौत

एपी। बगदाद

**इस्लामिक** स्टेट आतंकी समूह के बंदूकधारियों ने शुक्रवार तड़के उत्तरी बगदाद के एक पर्वतीय इलाके में सेना के बैरक पर हमला कर दिया, जिसमें 11 सैनिकों की मौत हो गई। हमले के वक्त सैनिक सो रहे थे। इराकी सेना और सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमला अल-अजीम जिले में हुआ, जो दियाला प्रांत में बकूबाह के उत्तर में स्थित खुला स्थान है।

हमले की परिस्थितियों के बारे में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि, नाम उजागर ना करने की शर्त पर दो अधिकारियों ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादी स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे बैरक में घुस गए और उन्होंने सैनिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। राजधानी बगदाद से करीब 120 किलोमीटर उत्तर में किया गया यह हमला, हाल के महीनों में इराकी सेना को निशाना बनाकर किए गए सबसे घातक हमलों में एक है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जहां हमला हुआ, वहां सैनिकों को भेजा गया है और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

इराकी सेना के बयान में कहा गया है, हम यह पुष्टि करते हैं कि जांबाज शहीदों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी और हमारी सैन्य टुकड़ियों का जवाब बहुत कड़ा होगा। बृहस्पतिवार शाम आईएस आतंकियों ने समूह के सदस्यों को छुड़ाने के लिए उत्तर पूर्व सीरिया में एक सबसे बड़े जेल पर हमला किया। हासाकेह शहर के ग्वेरान जेल पर नियंत्रण रखने वाले कुर्द बलों ने कहा कि जेल के बाहर एक कार बम विस्फोट होने और सुरक्षा बलों के साथ बंदूकधारियों की झड़प होने के दौरान कैदियों ने हिंसा की और जेल से भागने की कोशिश की। जेल में करीब 3,000 कैदी हैं। कुर्द नीत सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के प्रवक्ता फरहाद सामी ने बताया कि शुक्रवार को भी जेल के अंदर और उसके आसपास झड़पें जारी हैं।

## सीरिया के एक शहर में रॉकेट हमले में छह लोगों की मौत, 30 अन्य घायल

एपी। बेरूत

**तुर्की** समर्थित विपक्षी लड़ाकों के नियंत्रण वाले सीरियाई शहर पर बृहस्पतिवार को हुए रॉकेट हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हुए है। सीरियाई बचाव दल और एक युद्ध निगरानी समूह ने यह जानकारी दी। दोनों ने हमले के लिए अमेरिका समर्थित सीरियाई कुर्द बलों को जिम्मेदार ठहराया है। अफरीन शहर 2018 से तुर्की और उसके सहयोगी सीरियाई विपक्षी लड़ाकों के नियंत्रण में है। 2018 में तुर्की समर्थित एक सैन्य अभियान में सीरियाई कुर्द लड़ाकों और हजारों कुर्द निवासियों को क्षेत्र से बाहर धकेल कर दिया गया था। तभी से, अफरीन और आसपास के गांव तुर्की तथा तुर्की समर्थित लड़ाकों का निशाना रहे हैं। तुर्की अपनी सीमा से लगे सीरियाई क्षेत्र पर नियंत्रण करने वाले कुर्द लड़ाकों को आतंकवादी मानता है, जो तुर्की के भीतर कुर्द विद्रोहियों के साथ संबद्ध हैं। तुर्की ने सीरिया में तीन सैन्य हमले किए हैं, ज्यादातर उसने सीरियाई कुर्द मिलिशिया को अपनी सीमा से दूर भगाने के लिए किए हैं। व्हाइट हेल्मेट्स ने बताया कि इस रॉकेट हमले में अफरीन के एक रिहायशी इलाके में आग लग गई थी, जिसे उसके स्वयंसेवकों ने बुझा दिया है। व्हाइट हेल्मेट्स की एक वीडियो में बचावकर्मी आग में झुलसे शवों को क्षतिग्रस्त इमारत से बाहर निकालते नजर आ रहे हैं और कुछ अन्य लोग आग को बुझाते दिख रहे हैं। व्हाइट हेल्मेट्स एक सीरियाई नागरिक सुरक्षा संगठन है, जो विपक्ष के कब्जे वाले क्षेत्रों में सक्रिय है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एक युद्ध निगरानी संगठन) ने हमले में छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि की और बताया कि मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 30 अन्य लोग घायल हो गए हैं।

## पश्चिमी घाना में खनन विस्फोटक ले जा रहे ट्रक में विस्फोट, कम से कम 17 लोगों की मौत

एपी। अक्करा

**पश्चिमी** घाना में खनन संबंधी विस्फोटक लेकर जा रहे एक ट्रक में बाइक से टकरा जाने के बाद हुए विस्फोट में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जन भर लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के नगर निगम मुख्य कार्यकारी अधिकारी आइजैक दसमानी ने बताया कि दुर्घटना बृहस्पतिवार को प्रेस्तीया-सुनी घाटी जिले के खनन कस्बे बोगोसो के अपिआते में हुई। उन्होंने बताया कि वाहन पश्चिमी क्षेत्र में स्थित चिरानो सोने की खदान तक विस्फोटक लेकर जा रहा था। राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा के कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रमुख प्रॉस्पर बाह ने बताया, हमने आसपास के स्वास्थ्य केन्द्रों में 57 हताहतों को भेजा है। उन्होंने बताया कि कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं, उनमें वे लोग भी है जिन्होंने मौके पर पहुंचने का प्रयास किया और विस्फोट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट के कारण 500 की आबादी वाले अपिआते गांव को बहुत क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद स्थिति है। घाना के राष्ट्रपति नाना अद्दो दनक्वा अकुफो-अद्दो ने ट्वीट किया, यह बहुत दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और तकलीफदेह घटना है। उन्होंने कहा, मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं।

## बेलारूस में संवैधानिक संशोधनों के लिए होगा जनमत संग्रह

**कीव (एपी)**। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्सांद्र लुकाशेंको ने अगले महीने संवैधानिक संशोधनों पर एक जनमत संग्रह कराने का फैसला किया है, जो उन्हें तमाम विरोध प्रदर्शन के बीच सत्ता में अपनी पकड़ और मजबूत करने तथा 2035 तक पद पर बने रहने की अनुमति दे सकता है। बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको 1994 से सत्ता में हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने 27 फरवरी को जनमत संग्रह कराने की घोषणा की। संशोधन से वे नियम बहाल हो सकते हैं, जिसके तहत कोई व्यक्ति केवल दो बार पांच साल के लिए राष्ट्रपति पद पर बना रह सकता है। लुकाशेंको के कार्यकाल में ही इन नियमों को समाप्त किया गया था। हालांकि प्रतिबंध केवल नव निर्वाचित राष्ट्रपति के पद ग्रहण करने के बाद ही प्रभावी होंगे, जिससे लुकाशेंको को 2025 में अपने वर्तमान कार्यकाल की अवधि समाप्त होने के बाद दो और कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने का मौका मिल सकता है। अगस्त 2020 में आधिकारिक, किंतु विवादित परिणामों के अनुसार सत्तावादी राष्ट्रपति अलेक्सांद्र लुकाशेंको को छठे कार्यकाल के लिए विजेता घोषित किया गया था।

# सदाबहार है चाय

**माधव सारदा ने इस गर्म पेय की बिक्री में वृद्धि के कारणों को सूचीबद्ध किया।**



चाय भारत और दुनिया भर में सबसे पसंदीदा पेय पदार्थों में से एक है। लोगों ने प्राचीन काल से चाय का आनंद लिया है और इसे अपनी मूल संस्कृति के सबसे पोषित भागों में से एक मानते हैं। इस सुपर बेवरेज के प्रति भारतीयों के प्यार ने देश में चाय उद्योग को एक वफादार ग्राहक आधार दिया है, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से विकास हुआ है।

एक्सपर्टमार्केटसर्च डॉट कॉम के अनुसार, भारतीय चाय उद्योग के 2021-26 की अवधि में लगभग 4.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने और इस अवधि के अंत तक 1.40 मिलियन टन के अनुमानित मूल्यांकन तक पहुंचने की उम्मीद है।



भारत में चाय उद्योग के परिदृश्य को निर्धारित करने वाले कुछ रुझान इस प्रकार हैं-

## एक वेलनेस सुपरफूड के रूप में चाय

चल रही कोविड महामारी की स्थिति के कारण, सिद्ध स्वास्थ्य लाभ के साथ चाय का एक बड़ा पुनरुत्थान हो रहा है। हल्दी, अश्वगंधा, मोरिंगा, तुलसी आदि जैसे आयुर्वेदिक अवयवों के साथ प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली चाय और सुपरफूड बड़ी मांग में हैं।

न्यूमर रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 443 मिलियन भारतीय सहस्राब्दी हर महीने अपने स्वास्थ्य और कल्याण पर 4,000 रुपये से अधिक खर्च करते हैं। स्थापित कंपनियों और स्टार्ट-अप दोनों ने इस प्रवृत्ति को पकड़ लिया है और अभूतपूर्व वृद्धि देखी है।

## प्रीमियम चाय के लिए ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकता

वैश्वीकरण के आगमन और इंटरनेट की बढ़ती पैठ के साथ, उपभोक्ता मांग की जटिलताओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जैसे-जैसे वैश्विक बाधाओं को दूर करने और ई-कॉमर्स के आगमन के कारण उपलब्ध चाय की विविधता बढ़ी, समझदार ग्राहकों ने चाय ब्रांडों द्वारा पेश किए जा रहे उत्पादों में नवीनता और विविधता की तलाश शुरू कर दी।

ऐसे में प्रीमियम चाय की मांग बढ़ गई है। इन प्रीमियम चायों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली, विशेषता और स्वाद वाली चाय शामिल हैं। युवा पीढ़ी इनका लुत्फ उठा रही है।

**वैश्वीकरण के आगमन और इंटरनेट की बढ़ती पैठ के साथ, उपभोक्ता मांग की जटिलताओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है।**

## पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ पैकेजिंग

पिछले कुछ वर्षों में चाय की पैकेजिंग ने एक लंबा सफर तय किया है। पेय बाजार में आज के कई शीर्ष ब्रांडों के लिए स्टैंड अप पाउच पसंदीदा विकल्प बन गए हैं। चाय की पैकेजिंग के लिए स्टैंड-अप पाउच पत्तियों को ताजा रखते हैं और बाहरी तत्वों से बचाते हैं। जिपर पाउच बैग प्राकृतिक पत्तियों के लंबे शेल्फ जीवन को बनाए रखने में मदद करते हैं।

ये चाय पाउच रिसाइकिल करने योग्य, लैंडफिल फ्रेंडली हैं, और पारंपरिक बॉक्स या कार्टन की तरह फटते, फाड़ते या टूटते नहीं हैं। स्टैंड-अप पाउच का विस्तृत चेहरा आपकी कंपनी की ब्रांडिंग और डिज़ाइन के लिए एकदम सही सतह के रूप में कार्य करता है।

## बढ़ती ब्रांड चेतना

कॉरपोरेट इवेंट्स और त्योहारों पर चाय के पैकेज गिफ्ट करने का चलन बन गया है, ब्रांड चेतना चलन में है। लोग अब उत्तरोत्तर असंगठित क्षेत्र के उत्पादों के बजाय ब्रांडेड लेबल का चयन कर रहे हैं। इससे चाय के ब्रांडों में वैश्विक निवेश में वृद्धि हुई है, जिनकी कहानी कहने के लिए और एक स्केलेबल बिजनेस मॉडल के साथ है।

नीलसन की अंतर्दृष्टि के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता इन दिनों खाद्य लेबल को पहले से कहीं अधिक देखते हैं और उन उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने को तैयार हैं जो कटौती करते हैं, विशेष रूप से अतिरिक्त पोषक तत्वों वाले। वे विश्वसनीय ब्रांडों के प्रति भी अधिक वफादार होते हैं।

ब्रांड वरीयता में उछाल स्वास्थ्य और स्वच्छता कारकों के प्रति झुकाव के कारण भी आया है। चूंकि आम तौर पर लोग उम्मीद करते हैं कि कोई उत्पाद ब्रांडेड होने पर प्रीमियम और विश्वसनीय होगा।

## चाय बुटीक और कैफे की बढ़ती संख्या

चाय के स्टॉल पूरे भारत में एक आम दृश्य हैं, लेकिन वे आम तौर पर खंडित और असंगठित होते हैं। भारत भर में उभर रही चाय कैफे श्रृंखला उपभोक्ताओं को घर में खपत और सड़क के किनारे साधारण स्टॉल के बीच एक विकल्प दे रही है। आधुनिक कॉफी श्रृंखलाओं के समान चाय के आउटलेट वाली कई कंपनियां उभरी हैं, और धीरे-धीरे भारत में चाय उद्योग में क्रांति ला रही हैं। ये कंपनियां युवा भारतीयों को चाय के ढाबों के उन्नत संस्करण की पेशकश कर उनसे अपील करने की कोशिश कर रही हैं और उनके प्रयास रंग ला रहे हैं। इनमें से कुछ स्टार्ट-अप अब राष्ट्रीय श्रृंखलाएं हैं। ये टी चेन ओपन-एयर चाय विक्रेताओं के लिए एक बेहतर विकल्प हैं, जो उपभोक्ताओं को बैठने और स्नैक्स के साथ अधिक आरामदेह वातावरण प्रदान करते हैं।

**(लेखक एक विशेषज्ञ टी टेस्टर और गोल्डन टिप्स टी के प्रबंध निदेशक हैं।)**



# शाकाहारी बनाम पौधे आधारित आहार

**शब्द - शाकाहारी और पौधे-आधारित - अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं। आरती गिल ने सूक्ष्म अंतरों की ओर इशारा करते हुए सीधे समझाया।**

दुनिया भर में शाकाहार और पौधों पर आधारित जीवन की बढ़ती लोकप्रियता के साथ इन दोनों जीवन शैली के बारे में अभी भी बहुत भ्रम है। उनके बीच विभिन्न समानताओं के कारण लोग उनका परस्पर उपयोग करते हैं। लेकिन पौधे आधारित आहार शाकाहारी आहार के समान नहीं हैं। अनिवार्य रूप से, एक शाकाहारी आहार प्रत्येक पशु उत्पाद को आहार से हटा देगा। दूसरी ओर, पौधे-आधारित आहार में पूरी तरह से या अधिकतर पौधे-आधारित खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। कई विशेषज्ञों द्वारा पौधों पर आधारित आहार को एक स्वस्थ विकल्प के रूप में माना जाता है क्योंकि ये अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को खत्म करते हुए साबुत अनाज, ताजे फल और सब्जियां जैसे पौधे आधारित खाद्य पदार्थ खाने से अधिकतम पोषण प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।



शाकाहारी शब्द पहली बार 1944 में डोनाल्ड वाटसन द्वारा गढ़ा गया था, जो एक पशु अधिकार अधिवक्ता और वेगन सोसाइटी के संस्थापक थे। इसका अर्थ है एक व्यक्ति जो नैतिक कारणों से जानवरों और पशु-व्युत्पन्न उत्पादों से परहेज करता है। कोई व्यक्ति जो शाकाहारी आहार का अधिक बार पालन करता है, न केवल अपने आहार से बल्कि अपनी दैनिक जीवन शैली से भी जानवरों और पशु-व्युत्पन्न उत्पादों को समाप्त कर देता है। एक शाकाहारी आहार में केवल पौधे आधारित खाद्य पदार्थ होते हैं और डेयरी, मांस, मुर्गी पालन, मछली, अंडे और यहां तक ??कि शहद हर पशु उत्पाद को समाप्त कर देते हैं। अधिकांश लोग जो शाकाहारी बनते हैं वे आमतौर पर नैतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारणों से परिवर्तित होते हैं। अधिकांश स्वास्थ्य पोषण विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि सिर्फ इसलिए कि किसी चीज को शाकाहारी करार दिया जाता है, इसका सीधा मतलब यह नहीं है कि वह स्वस्थ है। शाकाहारी संस्कृति की लगातार बढ़ती लोकप्रियता ने शाकाहारी फास्ट-फूड जैसे शाकाहारी चिप्स, शाकाहारी कुकीज़ और बहुत कुछ की एक पूरी नई श्रेणी को जन्म दिया है। अन्य प्रकार के जंक फूड की तरह शाकाहारी जंक फूड में अधिक कैलोरी और कम पोषण होता है।

जबकि पौधे-आधारित शब्द का प्रयोग आमतौर पर आहार के संदर्भ में किया जाता है, लोगों की बढ़ती संख्या ने अपने जीवन के अन्य पहलुओं में अन्य पौधों पर आधारित उत्पादों को अपनाना शुरू कर दिया है क्योंकि पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ इनके कई लाभ हैं।

पौधे आधारित आहार में, मुख्य रूप से पूरे खाद्य पदार्थ खाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो शून्य या कम प्रसंस्करण से गुजर चुके हैं। भोजन जितना संभव हो अपनी प्राकृतिक और प्राचीन अवस्था में है। ये शरीर द्वारा बेहतर अवशोषित होते हैं और एडिटिव्स जैसे हानिकारक अवयवों की अनुपस्थिति के कारण लंबे समय तक खपत के लिए सुरक्षित होते हैं। पौधे आधारित आहार में सब्जियां, फल, साबुत अनाज (क्विनोआ, फारो, जौ, दलिया), पौधे आधारित तेल (एवोकैडो, जैतून, कैनोला), नट और बीज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

हरी सब्जियां और ताजे फल अपने मूल रूप में सबसे अच्छे रूप में खाए जाते हैं क्योंकि इनमें विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सिडेंट जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की एक बड़ी मात्रा होती है। बादाम और एवोकाडो जैसे पौधे आधारित वसा भी स्वस्थ वसा के उत्कृष्ट स्रोत हैं। यदि आपके पास हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास है या आपको शरीर से चेतावनी संकेत मिल रहे हैं, तो पौधे आधारित आहार पर स्विच करना सबसे अच्छा है; बस इसके अनगिनत लाभों के कारण।

चाहे आप पौधे पर आधारित हों या शाकाहारी, स्वस्थ शरीर के लिए दो कारकों को ध्यान में रखना चाहिए :

मैक्रो और माइक्रो की सही मात्रा के साथ संतुलित आहार का सेवन

स्वच्छ पोषण, हानिकारक रसायनों, एडिटिव्स, कृत्रिम मिठास के बिना

इन कारकों पर नज़र रखने से यह सुनिश्चित होगा कि आप अपने दैनिक आहार से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करें।

**(लेखक ओजिवा की सह-संस्थापक हैं)**



# लाल सिंह चड्ढा 14 अप्रैल को ही रिलीज होगी

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा 14 अप्रैल को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह जानकारी निर्माताओं ने शुक्रवार को दी और फिल्म रिलीज की तारीख में बदलाव की अटकलों को खारिज किया।

इस सप्ताह की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि लाल सिंह चड्ढा की रिलीज स्थगित कर दी गई है और यह 11 अगस्त को रिलीज हो सकती है।

सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए, फिल्म के निर्माता आमिर खान प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम के जरिए एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि फिल्म की रिलीज की तारीख में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

बयान में कहा गया, आमिर खान प्रोडक्शंस लाल सिंह चड्ढा की रिलीज की तारीख बैसाखी, 14 अप्रैल 2022 है। हम एक बार फिर उन सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने इस फिल्म को बनाने में हमारा समर्थन किया है। लाल सिंह चड्ढौ में करीना कपूर खान, मोना सिंह सहित अन्य कलाकार हैं।



# रेमो डि सूजा ने अपने साले जैसन वाटकिंस को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** नृत्य-निर्देशक तथा फिल्मकार रेमो डि सूजा ने शुक्रवार को अपने साले जैसन वाटकिंस के निधन पर शोक व्यक्त किया। वाटकिंस (42) ने बृहस्पतिवार को यहां मिल्लत नगर में अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी। डि सूजा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि वह अपने साले के निधन की खबर सुनकर दुखी हैं। उन्होंने लिखा, भाई आपने हमारा दिल तोड़ दिया। आपकी आत्मा को शांति मिले।

खबरों के अनुसार वाटकिंस एक नृत्य निर्देशक थे और कई परियोजनाओं में डि सूजा के साथ काम कर चुके थे। ओशिवारा पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है क्योंकि मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया है।

# आठ साल बाद टीवी पर वापसी करेंगे विक्रांत मेसी



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मेसी आठ साल बाद टीवी पर वापसी करेंगे। वह कहानी नवभारत की नाम की एक डॉक्युमेंटरी सीरीज की एंकरिंग करते नजर आएंगे, जो देश के इतिहास एवं विकास यात्रा में आने वाले अहम पड़ावों को बयां करेगी। टाइम्स नाउ नवभारत 26 जनवरी को एक विशेष एपिसोड के जरिए इस सीरीज की शुरुआत करेगा। मेसी के मुताबिक, वह इस सीरीज की एंकरिंग के लिए इसलिए राजी हुए, क्योंकि यह भारत के इतिहास का सटीक विवरण देती है।

अभिनेता ने कहा, मैं छोटे पर्दे पर लौटने के लिए इसलिए प्रेरित हुआ, क्योंकि वहां ज्ञानवर्धक सामग्री का भंडार है। जब हम देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, तब यह सीरीज मुझे टीवी पर वापसी कर अपने प्रशंसकों से संवाद करने का सबसे उपयुक्त मौका लगी। यह विस्तृत रिसर्च पर आधारित गैर-फिक्शन शो है। मैं अपनी जिंदगी में पहली बार ऐसा कोई शो कर रहा हूं। अपर्णा सान्याल के निर्देशन में बनी दस भागों वाली डॉक्युमेंटरी सीरीज कहानी नवभारत की 30 जनवरी से शुरू होगी। इसका प्रसारण हर रविवार को किया जाएगा। विक्रांत इससे पहले 2014 में प्रदर्शित कॉमेडी शो अजब गजब घर जमाई में छोटे पर्दे पर नजर आए थे।

# सुशांत राजपूत के जन्मदिन पर रिया चक्रवर्ती ने वीडियो पोस्ट किया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने शुक्रवार को सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपना एक पुराना वीडियो पोस्ट किया। शुक्रवार को दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत का 36वां जन्मदिन है।

34 वर्षीय अभिनेता 14 जून, 2020 को उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे।

सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने चक्रवर्ती पर अभिनेता को आत्महत्या के लिए उकसाने और उनकी संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। रिया चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर अपना और सुशांत का एक छोटा वीडियो साझा किया जिसमें वे कैमरे के लिए अजीबोगरीब पोज देते नजर आ रहे हैं।

29 वर्षीय अभिनेता ने पोस्ट को दिल वाली इमोजी के साथ कैप्शन दिया, आपकी बहुत याद आती है।

राजपूत के परिजनों द्वारा चक्रवर्ती के खिलाफ कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किए जाने के बाद, रिया चक्रवर्ती के खिलाफ उनके व्हाट्सएप चैट के आधार पर मादक पदार्थ की कथित खरीद को लेकर भी एक जांच शुरू की गई थी।



जांच की शुरुआत मुंबई पुलिस ने की थी जिसके बाद इसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) को अभिनेता की मौत के विभिन्न कोणों की जांच के लिए शामिल किया गया था। मेरे डैड की मारुतै और जलेबौ जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाली चक्रवर्ती ने राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में यहां 28 दिन जेल में बिताए थे।

# भारत की लगातार दूसरी हार, सीरीज गंवाई

## दक्षिण अफ्रीका ने वनडे मैच में सात विकेट से आसान जीत दर्ज की

### ●मलान ने 91 और डिकॉक ने 78 रन की बेहतरीन पारी खेली

**पार्ल।** भाषा

**सलामी** बल्लेबाज यानेमन मलान की 91 रन की पारी और पहले विकेट के लिए क्विंटन डिकॉक (78) के साथ 132 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में भारत को सात विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली।

मलान ने 108 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने डिकॉक के साथ शतकीय साझेदारी करने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा (35) के साथ दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। भारत ने ऋषभ पंत की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 85 रन (71 गेंद) से पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 287 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने 11 गेंद शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डिकॉक ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका को आक्रामक शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले ओवर में जसप्रीत बुमराह (37 रन पर एक विकेट) के खिलाफ चौका और फिर दूसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। भुवनेश्वर ने अपने पहले ओवर में ही 16 रन लुटा दिए।

डिकॉक ने 12वें ओवर में पहली गेंद पर एक रन लेकर 36 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 16वें ओवर में भुवनश्वर के खिलाफ चौका और फिर अपना तीसरा छक्का लगाकर टीम के रनों का शतक पूरा किया। इस बीच संभल कर बल्लेबाजी कर रहे मलान ने 22वें ओवर में शारदुल ठाकुर (35 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन एक रन लेकर 66 गेंद में करियर का तीसरा अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर डिकॉक को पगबाधा कर भारत को पहली सफलता दिलाई।



मलान और डिकॉक ने पहले विकेट की साझेदारी में 132 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरुआत दी

### स्कोर बोर्ड

**भारत** : लोकेश राहुल का वान डेर डुसेन बो मगाला 55, शिखर धवन का मगाला बो मार्कराम 29, विराट कोहली का बावुमा बो महाराज 00, ऋषभ पंत का मार्कराम बो शम्सी 85, श्रेयस अय्यर पगबाधा शम्सी 11, वेंकटेश अय्यर स्टं. डिकॉक बो फेहलुकवायो 22, शारदुल ठाकुर नाबाद 40, रविचंद्रन अश्विन नाबाद 25

अतिरिक्त: 20

कुल: 50 ओवर में छह विकेट पर: 287 रन

विकेट पतन: 1-63, 2-64, 3-179 , 4-183, 5-207 , 6-239

गेंदबाजी: एनगिडी 8-0-35-0, मगाला 8-0-64-1, मार्कराम 8-0-34-1,महाराज 9-0-52-1, फेहलुकवायो 8-0-44-1, शम्सी 9-0-57-2

**दक्षिण अफ्रीका:** यानेमन मलान बो बुमराह 91, क्विंटन डिकॉक पगबाधा शारदुल 78, तेंबा बावुमा का एवं बो चहल 35, ऐडन मार्कराम नाबाद 37, रेसी वान डर डुसेन नाबाद 37

अतिरिक्त: 10

कुल: 48.1 ओवर में तीन विकेट पर: 288 रन

विकेट पतन:1-132, 2-212, 3-214

गेंदबाजी: बुमराह 10-0-37-1, भुवनेश्वर 8-0-67-0, अश्विन 10-1-68-0, चहल 10-0-47-1, शारदुल 5-0-35-1, वेंकटेश 5-0-28-0, श्रेयस 0.1-0-1-0

मैदानी अंपायर ने भारत की अपील को नकार दिया थ लेकिन रिव्यू के बाद उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। डिकॉक ने 66 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 78 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने विकेट के पीछे भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय पारी के दौरान वेंकटेश अय्यर को स्टंप किया था। दोनों ने 34 वें ओवर में शारदुल ठाकुर के खिलाफ तीन चौकों की मदद से 14 रन बनाए। इसी ओवर में टीम के 200 रन पूरे हुए। बुमराह ने अगले ही ओवर में मलान को पवेलियन की राह दिखाई। मलान बुमराह की धीमी गेंद को पढ़ने में नाकाम रहे और गेंद उनके ग्लव्स को छूते हुए विकेट से टकरा गई। उन्होंने 108 गेंद में 91 रन बनाए।

युजवेंद्र चहल (47 रन पर एक विकेट) ने अगले ही ओवर में अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर बावुमा की 36 गेंद में 35 रन की पारी को खत्म किया। उन्होंने इस दौरान तीन चौके लगाए। पिछले मैच में नाबाद शतक लगाने वाले रेसी वान डर डुसेन (नाबाद 37) और एडेन मार्कराम (नाबाद 37) ने चौथे विकेट के लिए 74 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी।

भारतीय गेंदबाज एक बार फिर प्रभावित करने में नाकाम रहे। भुवनेश्वर ने आठ ओवर में 67 जबकि अश्विन ने 10 ओवर में 68 रन लुटाए। इससे पहले टॉस जीतने के बाद पंत और कप्तान केएल राहुल (79 गेंदों में 55 रन) ने 19 ओवर से भी कम में 115 रन की साझेदारी की। इस दौरान पंत ज्यादा आक्रामक रहे


लोकेश राहुल ने 55 रन बनाए

और उन्होंने मध्यम गति के गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहजता से रन बनाए। बीच के ओवरों में दोनों के विकेट श्रेयस अय्यर (14 गेंदों में 11 रन) और वेंकटेश अय्यर (33 गेंदों में 22 रन) रन बनाने के लिए जूझते दिखे।

पंत हालांकि एकदिवसीय अपना पहला शतक लगाने से चूक गए लेकिन पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने वाले ठाकुर (38 गेंद में नाबाद 40) ने अश्विन (24 गेंद में नाबाद 25 रन) के साथ 6.1 ओवर में 48 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

राहुल एक छोर पर संभल कर बल्लेबाजी कर रहे थे तो वहीं दूसरे छोर पर शिखर धवन (38 गेंद में 29 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। एडेन मार्कराम (34 रन पर एक विकेट) ने धवन को आउट कर एक बार फिर भारतीय सलामी साझेदारी को तोड़ा।

धवन और राहुल ने 63 रन की साझेदारी की। इसके बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली बिना खाता खोले ही केशव महाराज की गेंद पर पदार्पण कर रहे सिसांदा मगाला को आसान कैच थमा बैठे।

पंत ने क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के दोनों स्पिनरों महाराज (52 रन पर एक विकेट) और तबरेज शम्सी (57 रन पर दो विकेट) के खिलाफ असानी से बड़े शॉट लगाए। उन्होंने अपनी पारी 10 चौके और दो छक्के जड़े।

# भारत टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच पाकिस्तान से खेलेगा

### ●आईसीसी ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया

**भाषा।** दुबई

**भारतीय** क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाले टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया जिसका फाइनल 13 नवंबर को खेला जाएगा। भारत पिछले साल दुबई में टी-20 विश्व कप के मैच में पाकिस्तान से हार गया था। यह किसी भी प्रारूप के विश्व कप में भारतीय टीम की अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के हाथों पहली हार थी।

भारत सुपर-12 के ग्रुप दो का अपना दूसरा मैच 27 अक्टूबर को सिडनी में क्वालीफायर (ग्रुप ए का उप विजेता) से खेलेगा। इसके बाद वह 30 अक्टूबर को पर्थ में दक्षिण अफ्रीका और दो नवंबर को एडीलेड ओवल में बांग्लादेश से भिड़ेगा। भारतीय टीम सुपर-12 का अपना आखिरी मैच छह नवंबर को एमसीजी में ग्रुप बी के विजेता से खेलेगी। टूर्नामेंट का दूसरे दौर यानि सुपर-12 की शुरुआत 22 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन और मेजबान आस्ट्रेलिया तथा पिछली बार के उप विजेता न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच से होगी। यह मैच सिडनी में खेला जाएगा।

सुपर-12 में आस्ट्रेलिया को ग्रुप एक में विश्व में नंबर एक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान तथा ग्रुप ए के विजेता और ग्रुप बी के उप विजेता के साथ रखा गया है। सेमीफाइनल नौ और 10 नवंबर को क्रमश: सिडनी और एडीलेड ओवल में खेले जाएंगे। यह पहला अवसर होगा जबकि एडीलेड ओवल विश्व कप सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। फाइनल 13 नवंबर को एमसीजी में खेला जाएगा।

पहले दौर का शुरुआती मैच 2014 के चैंपियन श्रीलंका और नामीबिया के बीच 16 अक्टूबर को कार्डिनिया पार्क जिलांग में खेला जाएगा। ग्रुप ए की दो अन्य टीम क्वालीफाई करके आएंगी। दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज भी पहले दौर में खेलेगा। उसे स्कॉटलैंड और दो क्वालीफायर्स के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। इस ग्रुप के मैच होबार्ट में होंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सुपर-12 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) टीमों के मालिक शनिवार को वर्चुअल बैठक में लीग के आगामी चरण के लिए संभावित बैक-अप स्थलों पर चर्चा करेंगे। देश में कोविड-19 की तीसरी लहर के चलते इसकी नीलामी के स्थल पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में निर्धारित है। एक टीम अधिकारी ने कहा कि मालिको को चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है और यह वर्चुअल बैठक होगी। बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता इसे भारत में आयोजित करने की है लेकिन अगर कोविड-19 हालात खराब होते हैं तो इसके लिए एक बैक-अप योजना तैयार रखने की जरूरत है। आईपीएल 2020 का चरण संयुक्त अरब अमीरात में कराया गया था जबकि 2021 चरण का दूसरा हाफ यूएई में खेला गया था क्योंकि भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से टूर्नामेंट को निलंबित कर दिया गया था।

# अंडर-19 विश्व कप में जूनियर टीम की भिंड़त युगांडा से

**भाषा।** टारूबा (त्रिनिदाद)

**कई** क्रिकेटरों के कोविड-19 की चपेट में आने के कारण भारत के पास कमजोर युगांडा खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी में शनिवार को होने वाले अंतिम लीग मैच के लिए चुनने के लिए केवल 12 खिलाड़ी ही उपलब्ध होंगे क्योंकि यहां पृथकवास में चल रहे टीम के छह में से पांच सदस्य पॉजिटिव आए हैं।

टीमें- भारत: यश धुल (कप्तान), शेख राशिद (उप कप्तान), आराध्या यादव, दिनेश बाना, राज बावा, अनीश्वर गौतम, राजवर्धन हेंगारगेकर, हरनूर सिंह, मानव पारख, विक्की ओस्तवाल, अंगकृष रघुवंशी, रवि कुमार, गर्व सांगवान, सिद्धार्थ यादव, निशांत सिंधु, कौशल तांबे और वासु वत्स। युगांडा: पास्कल मुरुंगी (कप्तान), मुनीर इस्माइल (उप कप्तान), ब्रायन असाबा, इसहाक अटेगेका, जोसेफ बगुमा, साइरस काकुरु, क्रिस्टोफर किडेगा, रोनाल्ड लुटाया, जुमा मियाजी, मैथ्यू मुसिंगुज़ी, अकरम नुसुबुगा, एडविन नुवागाबा, पायस ओलोका, रोनाल्ड ओमारा और रोनाल्ड ओपियो।

### हरभजन सिंह कोविड-19 से संक्रमित, प्रथकवास पर गए

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उनका कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया है और वह घर पर ही पृथकवास पर हैं। पिछले महीने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 41 वर्षीय हरभजन में हल्के लक्षण हैं। हरभजन ने ट्वीट किया, कोविड के लिए मेरा परीक्षण पॉजिटिव आया है और मुझे हल्के लक्षण हैं। मैं घर पर ही पृथकवास पर हूं और हर तरह की जरूरी सावधानी बरत रहा हूं।

उन्होंने आगे कहा कि मैं मेरे संपर्क में आने वाले लोगों से जल्द से जल्द अपना परीक्षण करवाने का अनुरोध करता हूं।

# सिंधु महिला एकल के सेमीफाइनल में

**सैयद मोदी बैडमिंटन**

### ●एचएस प्रणय हारे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीवी** सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में इंट्री कर ली। टूर्नामेंट में टॉप सीड पीवी सिंधु ने एक घंटा पांच मिनट चले मैच में थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग को 11-21, 21-12, 21-17 से मात दी।

दूसरी ओर पांचवीं वरीय भारत के एचएस प्रणय का सफा क्वार्टर फाइनल में हार से खत्म हो गया। उन्हें फ्रांस के अर्नाड मर्केल ने 59 मिनट चले मैराथन मुकाबले में सीधे गेम में 21-19, 21-16 से हराया। इस मैच में मर्केल के खेल का एचएस प्रणय के पास कोई जवाब नहीं था। अर्नाड ने अपनी तेजी से जीत अपनी झोली में डाल ली। मर्केल की अब सेमीफाइनल में भारत के मिथुन




मंजूनाथ से टक्कर होगी। महिला एकल के मुकाबले में पवी सिंधु थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला गेम 11-21 से गंवा बैठी। सिंधु सुपानिदा के खिलाफ सहज नहीं नजर आई और अहम मौकों पर चूक उन्हें भारी पड़ी। दूसरे गेम में सिंधु ने वापसी करते हुए 21-12 से जीत दर्ज की। तीसरा गेम भी कांटे का रहा जिसमें थाई प्रतिद्वंद्वी ने कई मौकों पर बराबरी की। सिंधु ने हालांकि 17-16 से बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और सुपानिदा कातेथोंग को 21-17 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस तरह पीवी सिंधु ने दिल्ली में हुए इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में सुपानिदा कातेथोंग के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। सेमीफाइनल में सिंधु की भिंड़त पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया से होगी, जिन्होंने एक अन्य मैच में चेक रिपब्लिक की ट्रेजा सावाबिकोवा को 21-8, 21-14 से मात दी। मिक्स युगल के क्वार्टर फाइनल मुकाबलो में भारत के एमआर अर्जुन व त्रिशा जॉली की जोड़ी ने उलटफेर किया। इस जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फ्रांस की आठवीं सीड विलियम विलेगर व एन्ने ट्रान को 24-22, 21-17 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने कोर्ट पर शानदार जुगलबंदी व तेजी से प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को खूब छकाया।

महिला एकल में भारत की मालविका भनसोड ने आकर्षी कश्यप को 42 मिनट चले मैच में 21-11, 21-11 से मात दी।

### पठान बंधुओं के शानदार खेल से इंडियन महाराजा की आसान जीत

**भाषा।** मस्कट

**पठान** बंधुओं युसुफ और इरफान के शानदार खेल के दम पर भारतीय टीम इंडियन महाराजा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट में एशियन लायन्स को छह विकेट से हराया। युसुफ ने 40 गेंदों पर पांच छक्कों और नौ चौकों की मदद से 80 रन बनाए जबकि कप्तान मोहम्मद कैफ ने नाबाद 42 रन की पारी खेली जिससे इंडियन महाराजा ने 176 रन का लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते हुए ही हासिल कर दिया। एशियाई टीम की तरफ से शोएब अख्तर ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। महाराजा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। इरफान पठान ने अपने पहले ओवर में मोहम्मद हफीज (16) और मोहम्मद यूसुफ (एक) के विकेट निकाल दिए। उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए तथा बाद में 10 गेंदों पर नाबाद 22 रन की पारी भी खेली।

# नडाल और बार्टी चौथे दौर में, ओसाका बाहर

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी।** मेलबर्न

**स्पेन** के छठे वरीय राफेल नडाल ने आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के पुरुष एकल मुकाबले में कारेन खाचानोव की चुनौती समाप्त करते हुए चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में गत चैम्पियन नाओमी ओसाका उलटफेर का शिकार हुईं। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी ऐश बार्टी आराम से अगले दौर में पहुंच गईं।

रोलां गैरां के 13 बार के चैम्पियन नडाल ने 28वें वरीय खाचानोव को 6-3, 6-2, 3-6, 6-1 से पराजित किया। रिकार्ड 21वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब की कोशिश में जुटे नडाल का सामना इस दौर में पहली बार वरीय खिलाड़ी से हुआ।

नडाल को तीसरे सेट में थोड़ी परेशानी हुई जब रूस के छह फुट छह इंच लंबे खिलाड़ी ने उनकी सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली और यह सेट 57 मिनट में अपने नाम कर लिया, लेकिन 35 साल के नडाल ने जल्द ही संभलते हुए चौथे सेट में दो बार ओलंपिक रजत पदक विजेता की सर्विस तोड़ दी।

नडाल अभी रिकार्ड 20 पुरुष एकल खिताब के मामले में रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की बराबरी पर हैं। ओसाका तीसरे दौर में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से 4-6, 6-3, 7-6 से हारने के बाद बाहर हो गई।

20 साल की अनिसिमोवा ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में तीसरे सेट में टाईब्रेकर से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए और फिर ऐस लगाकर मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने ओसाका के 21 के मुकाबले 46 विनर्स लगाए। अनिसिमोवा ने मैच के पहले गेम में दो बार डबल फॉल्ट करके 13वीं वरीयता प्राप्त ओसाका को शुरुआती ब्रेक दिया।

अगले दौर में अनिसिमोवा का सामना बार्टी से होगा जिन्होंने 30वीं वरीय कैमिला जार्जी पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। यह मैच ओसाका-अनिसिमोवा के मैच से बाद में शुरू हुआ था लेकिन इससे पहले खत्म हो गया। बार्टी ने इसमें केवल आठ गेम गंवाए। विम्बलडन और 2019 फ्रेंच ओपन चैम्पियन बार्टी 1978 के बाद घरेलू चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली आस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में जुटी हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 15वीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में हराकर के चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबोरा क्रेसीकोवा से होगा जो पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके आगे बढ़ने में सफल रही। अजारेंका ने 17 विनर जमाए जबकि स्वितोलिना ने लगातार सहज गलतियां की। मेलबर्न पार्क में 2012 और 2013 में खिताब जीतने वाली अजारेंका ने यह मैच 6-0, 6-2 से जीता। क्रेसीकोवा ने 26वीं वरीयता प्राप्त एलेना ओस्टापेंकों से पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके 2-6, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई।

अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने 28वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से जबकि जेसिका पेगुला ने नूरिया परिजास डियाज को 7-6 (3), 6-2 से पराजित करके चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राडू एल्बोट पर 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और अब उनका सामना डेनिस शापोवालोव से होगा।

शापोवालोव ने 23वें नंबर के खिलाड़ी रेली ओपेल्का को 7-6, 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। विम्बलडन के उप विजेता माटियो बेरेटिनी ने 18 वर्षीय स्पेन के कार्लोस एल्काराज को 6-2, 7-6, 4-6, 2-6, 7-6 से शिकस्त दी। सर्बिया के मिओमीर केसमानोविच पहली बार मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे। उन्होंने 25वें वरीय लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7, 6-2, 7-5 से हराया। अब वह 17वें वरीय गेल मोंफिल्स के सामने होंगे जिन्होंने क्रिस्टियन गारिन की चुनौती 7-6, 6-1, 6-3 से समाप्त की।


रूसी खिलाड़ी कारेन खाचानोव पर जीत दर्ज करने के बाद खुशी जताते राफेल नडाल


ओसाका को हराने के बाद खुशी जतातीं अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा


हार के बाद निराश ओसाका


इलिना स्वितोलिना के खिलाफ खेलतीं विक्टोरिया अजारेंका

# आस्ट्रेलिया ने इंडोनेशिया को 18 गोलों से रौंदा

**महिला एशियाई कप**

### ●कप्तान सैम केर ने मारे पांच गोल

**भाषा।** मुंबई

**कप्तान** सैम केर (पांच गोल) के शानदार प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां एएफसी महिला एशियाई कप के अपने शुरूआती मैच में निचली रैंकिंग की इंडोनेशियाई टीम को 18-0 गोलों से रौंद दिया।

चेल्सी की स्ट्राइकर केर को हाल में फीफा की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की उप विजेता चुना गया था। उन्होंने टूर्नामेंट के इस चरण की पहली हैट्रिक की। मैच से पहले वह आस्ट्रेलिया के सर्वकालिक (महिला और पुरूष खिलाड़ियों में) शीर्ष गोल स्कोरर सूची में टिम काहिल से एक गोल पीछे थीं लेकिन मैच के बाद वह उनसे चार गोल आगे निकल गईं। उनके 105वें मैच में 54 गोल हो गए हैं। सबसे उंची और सबसे नीची रैंकिंग वाली टीमों के बीच ग्रुप बी का मैच पूरी तरह से एकतरफा साबित हुआ जिसमें 2010 की चैम्पियन ने इंडोनेशिया के खिलाफ इच्छानुसार गोल दागे। इंडोनेशिया की टीम 1989 में खेलने के बाद पहली बार टूर्नामेंट में जगह बना सकी है।

नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए ग्रुप बी के एक अन्य मैच में थाईलैंड की गोलकीपर डब्ल्यू बूनसिंग की 81वें मिनट में की गई गलती से फिलीपींस ने 1-0 गोल से जीत हासिल की। फिलीपींस के लिए चांडलर मैकडेनियल ने 20 गज की दूरी से शॉट लगाया लेकिन बूनसिंग इसे रोक नहीं सकी और यह दनदनाता हुआ गोल में पहुंच गया। यह थाईलैंड के खिलाफ पिछले 13 मैचों में फिलीपींस की पहली जीत है। केर इस साल के प्रतिष्ठित महिला बैलन डि ऑर पुरस्कार में तीसरे स्थान पर थीं। वह आस्ट्रेलिया के लिए गोल करने वाली आठ खिलाड़ियों में एक रहीं। यह आस्ट्रेलिया की एएफसी महिला एशियाई कप में सबसे बड़ी जीत है। केर ने नौंवे मिनट में एमिली वान एगमंड के पास पर अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। इस गोल से वह काहिल के रिकार्ड की बराबरी पर आ गईं। दो मिनट बाद उन्होंने फिर एमिली वान एगमंड के पास पर दूसरा गोल दाग दिया। केर ने फिर 26वें, 36वें और 54वें मिनट में अपने अन्य तीन गोल किए। एमिली वान एगमंड ने भी हैट्रिक करते हुए 39वें, 57वें, 59वें और 69वें मिनट में चार गोल कर डाले। रैंकिंग पर 11वें स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया के लिए हेले रासो (24वें, 88वें), एली कारपेंटर (34वें, 49वें) और किया सिमोन (68वें, 71वें) ने दो दो गोल किए। कैटलिन फूर्ड (14वें), मैरी फाउलर (17वें) और एवी लुईक (79वें) के नाम एक एक गोल रहे। रासो ने 20 साल में टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत का अंतिम 18वां गोल किया।

### मौजूदा चैंपियन अल्जीरिया अफ्रीकन कप से बाहर

**डोआला (कैमरून)।** मौजूदा चैंपियन अल्जीरिया का लचर प्रदर्शन जारी रहा और वह आइवरी कोस्ट से 3-1 गोल से हारकर अफ्रीकन कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग चरण से बाहर हो गया।

आइवरी कोस्ट की एकतरफा जीत का मतलब है कि खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा अल्जीरिया एक भी जीत दर्ज किए बिना ग्रुप ई में सबसे निचले स्थान पर रहकर बाहर हो गया। एक अन्य पूर्व चैंपियन घाना भी अपने ग्रुप में कोई मैच जीतने में नाकाम रहा और आखिरी स्थान पर रहने के कारण बाहर हो गया। अफ्रीका की इन दो शीर्ष टीम को जहां बाहर का रास्ता देखना पड़ा वहीं कोमोरोस और गाम्बिया पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहे।

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 94
लखनऊ, शनिवार, 22 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





सिंधु सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन के सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

## भाजपा ने जारी की 85 उम्मीदवारों की एक और सूची

# असीम अरुण, रामवीर, अदिति और नितिन अग्रवाल को टिकट


असीम अरुण


रामवीर उपाध्याय


अदिति सिंह


नितिन अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी। इस सूची में पार्टी ने 85 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इनमें 15 महिलाएं हैं। इसके साथ ही भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 194 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने पहली सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित 107 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इसके बाद पार्टी ने बरेली जिले की दो और सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व आईपीएस असीम अरूण को पार्टी ने कन्नौज विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सतीश महाना को महाराजपुर विधानसभा सीट से एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस से इस्तीफा देने वाली रायबरेली की सदर सीट से विधायक अदिति सिंह को पार्टी ने रायबरेली सदर से ही टिकट दिया है। ज्ञात हो कि भाजपा ने गोरखपुर शहर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को और कौशाम्बी जिले की सिराथू सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की थी।पार्टी ने पहली सूची में जिन 107 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी, उनमें से 105 सीटों पर पहले और दूसरे चरण में मतदान होना है। गोरखपुर में छठे चरण के तहत तीन मार्च को जबकि सिराथू में पांचवें चरण के तहत 27 फरवरी को मतदान होना है। पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में 20 विधायकों के टिकट भी काटे गए थे। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्ईय विधानसभा के लिए सात चरणों में मतदान होना है।

### कांग्रेस ने कहाः नया उत्तर प्रदेश बनाएंगे और 20 लाख रोजगार देंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को युवाओं के लिए घोषणापत्र जारी किया और कहा कि वह युवाओं की शक्ति के आधार पर नया उत्तर प्रदेश बनाएगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भर्ती विधानः युवा घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 20 लाख रोजगार देने, भर्ती प्रक्रिया को दुरुस्त करने और शिक्षा का बजट बढ़ाने समेत कई वादे किए गए हैं। कांग्रेस ने इस मौके पर मेरा जॉब मुझे मिलेगा... नामक गीत भी जारी किया। युवाओं पर आधारित घोषणापत्र जारी करते हुए प्रियंका गांधी ने परोक्ष रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी का चेहरा वह खुद हैं।

### केवल भाजपा ही कर सकती है सबको सुरक्षा देने का कार्यः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सीएम हमने जो कहा सो कर के दिखाया और यह तब किया जब सोच ईमानदार और काम दमदार

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में चुनाव कैंपेन और थीम सांग का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमने जो कहाए सो कर के दिखाया और यह तब किया, जब सोच ईमानदार और काम दमदार है। न वंशवाद, न जातिवाद, न दंगा फसाद। सबको सुरक्षा और सबको संवृद्धि देने का भाव यह कोई पैदा कर सकता हैए तो केवल भाजपा कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल गंगा, निर्मल गंगा। भव्य और दिव्य कुंभ। राम लला हम आएंगेए मंदिर वहीं बनाएंगे। काशी विश्वनाथ धाम भी डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करके दिखाया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश की बेटियों और माताओं को सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी भाजपा सरकार ने दिया। जो माफिया सत्ता का शागिर्द बनकर गरीबों, व्यापारियों, संभ्रांत लोगों का जीना हराम करते थे।


भाजपा में शामिल होने के बाद सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से आशीर्वाद लेतीं अपर्णा यादव

## भाजपा में शामिल होने के बाद लखनऊ लौटीं अपर्णा, मुलायम से लिया आशीर्वाद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद अपर्णा बिष्ट यादव शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ लौटीं और अपने ससुर एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। अपर्णा ने शुक्रवार को मुलायम सिंह यादव का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा की। अपर्णा ने ट्वीट में कहा, भाजपा की सदस्यता लेने के बाद लखनऊ आने पर पिताजी/नेताजी से आशीर्वाद लिया। अपर्णा ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भाजपा की सदस्यता ग्रहण करके दिल्ली से लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मैं आप सबको धन्यवाद ज्ञापित करती हूं कि इतनी बड़ी संख्या में पधार कर आप सबने मेरा सम्मान बढ़ाया और उत्साहवर्धन किया। मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल हो गईं थीं। अपर्णा के भाजपा में शामिल होने पर उन्हें बधाई देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा था कि नेताजी (मुलायम) ने उन्हें (अपर्णा) समझाने की काफी कोशिश की थी।

## युद्ध स्मारक पहुंची अमर जवान ज्योति इंडिया गेट पर लगेगी बोस की प्रतिमा

● कांग्रेस समेत अनेक हस्तियों ने किया विरोध, अमर जवान ज्योति हटाने को बताया सैनिकों का अपमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली स्थित इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति का शुक्रवार को नवनिर्मित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में अखंड ज्योति में विलय कर दिया गया। हालांकि, सरकार के इस निर्णय का कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कुछ दिग्गजों और राजनेताओं ने विरोध किया और इसे शहीद सैनिकों का अपमान बताया। एक संक्षिप्त सैन्य समारोह में इंडिया गेट पर दोपहर में अमर जवान ज्योति की लौ को लिया गया और लगभग 400 मीटर दूर युद्ध स्मारक में मिला दिया गया। एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख मार्शल बीआर कृष्णा ने परेड और सलामी सहित समारोह की अध्यक्षता की। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो उनके प्रति भारत के ऋणी होने के प्रतीक के रूप में है। यह घोषणा बोस की 125वीं जयंती से पहले की गई। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि जब तक प्रतिमा की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक प्रतिमा स्थल पर नेताजी का होलोग्राम लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं नेताजी की जयंती 23 जनवरी को होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण करूंगा। मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि ऐसे समय में जब पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मना रहा है, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ग्रेनाइट से बनी उनकी भव्य प्रतिमा इंडिया गेट पर लगाई जाएगी। प्रतिमा को भव्य छत्र के नीचे स्थापित किया जाएगा जहां अमर जवान ज्योति की लौ प्रज्वलित होती है। 1930 के दशक में सर एडविन लुटियन द्वारा शेष भव्य स्मारक के साथ बनाया गया था, छत्र में एक बार इंग्लैंड के पूर्व राजा जॉर्ज पंचम की एक मूर्ति रखी गई थी। 1960 के दशक प्रतिमा को बाद में मध्य दिल्ली के कोरोनेशन पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। वर्ष 2019 में बनाया गया राष्ट्रीय युद्ध स्मारक अब सैन्य समारोहों और शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का एकमात्र स्थान होगा।

## मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल ने भाजपा छोड़ी

● पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ेंगे चुनाव

**भाषा।** पणजी



**गोवा** के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ दी। उत्पल पर्रिकर ने घोषणा की कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। सत्तारूढ़ दल भाजपा ने पणजी सीट से मौजूदा विधायक अतानासियो मॉन्सरेट को मैदान में उतारा है, जिसका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक मनोहर पर्रिकर ने किया। पर्रिकर ने कहा, मेरे पास और कोई विकल्प नहीं बचा था। मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और मैं पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस्तीफा एक औपचारिकता थी, लेकिन भाजपा हमेशा मेरे दिल में रहेगी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक मुश्किल विकल्प है, मैं यह गोवा के लोगों के लिए कर रहा हूं। मेरे राजनीतिक भविष्य को लेकर किसी को चिंता नहीं होनी चाहिए, वह गोवा के लोग करेंगे। पर्रिकर ने कहा कि भाजपा ने उन्हें अन्य विकल्प (पणजी के अलावा अन्य निर्वाचन क्षेत्रों) की पेशकश की थी। उन्होंने कहा, मैं उन मूल्यों के लिए लड़ रहा हूं, जिन पर मैं विश्वास करता हूं। पणजी के लोगों को निर्णय लेने दें। मैं अपनी पार्टी के साथ बातचीत नहीं कर सकता। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अन्य राजनीतिक दलों का समर्थन मांगेंगे, उन्होंने कहा कि उनके लिए एकमात्र मंच भाजपा है। पर्रिकर ने कहा, अगर भाजपा नहीं तो मैं निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ूंगा। मैं किसी अन्य राजनीतिक दल का चयन नहीं करूंगा।

## हरक सिंह रावत कांग्रेस में शामिल



**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** विधानसभा चुनाव से कुछ दिनों पहले पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे कुछ दिन पूर्व उन्हें भाजपा से निष्कासित किया गया था। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, विधायक दल के नेता प्रीतम सिंह और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में हरक सिंह रावत पार्टी में शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार हरक सिंह रावत के साथ उनकी पुत्रवधू अनुकृति भी कांग्रेस में शामिल हुईं। पिछले दिनों हरक सिंह रावत को उत्तराखंड सरकार से बर्खास्त और भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था।

## यूपी में कोरोना के 16456 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार जारी है। शुक्रवार को प्रदेश में 16456 नए मरीज सामने आए हैं। जबकि 22 मरीजों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण के वर्तमान में 95866 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शुक्रवार को गौतमबुद्ध नगर में 1465 गाजियाबाद में 778 मेरठ में 1020 वाराणसी में 673 केस मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,41,457 सैंपल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 97462647 सैम्पल की जांच की गयी हैं। कल विभिन्न जनपदों से आरटीपीसीआर के लिए 123636 सैम्पल भेजे गये है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 17600 तथा अब तक 1797728 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 95866 एक्टिव मामले हैए जिनमे 93078 लोग होम आइसोलेशन में है। लगभग 1.5 प्रतिशत लोग ही अस्पताल में भर्ती है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 20 जनवरी 2022 को एक दिन में कुल 2612031 डोज दी गयी है, जिनमे 15 से 18 वर्ष के बच्चों को 381642 डोज दी गई।

### देश में 235 दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक उपचाराधीन मरीज

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 3,47,254 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,85,66,027 हो गई। संक्रमण के कुल मामलों में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के 9,692 मामले भी शामिल हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 20,18,825 हो गई है, जो कुल मामलों का 5.23 प्रतिशत है। देश में 235 दिन में उपचाराधीन मरीजों की यह संख्या सर्वाधिक है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 94,774 की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 703 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,88,396 हो गई।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,037 | ⬇ | 427 | |
| निफ्टी | 17,617 | ⬇ | 139 | |
| सोना | 48,340 | ⬆ | 29 | /10g |
| चांदी | 65,112 | ⬆ | 634 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### उच्च न्यायालय ने रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रेलवे के अधिकारियों को रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रितिकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने बृहस्पतिवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि रेलवे प्रशासन रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण रोकने के अपने दायित्व का निर्वहन करने में बुरी तरह से विफल रहा है। पीठ ने कहा, रेलवे के अधिकारी रेलवे की जमीन पर कब्जेदारों को तत्काल नोटिस जारी करेंगे और उन्हें नोटिस जारी होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर जमीन खाली करने को कहेंगे।

### संदिग्ध हालात में जलने से दो सगे भाइयों की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भुन्ना का पुरवा भद्दिव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगे भाईयों की जलने से मौत हो गई ढ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मरने वालों के ताऊ के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बताया कि थाना संग्रामगढ़ के भुन्ना का पुरवा भद्दिव की रहने वाली नीलम पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है, कि उसके जेठ अशोक कुमार पटेल ने आग लगाकर उसके बेटों इशांत (आठ) और कृष्णा (छह) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार नीलम का आरोप है कि सुबह जब वह शौच के लिए गई थी तभी उसके जेठ ने इस घटना को अंजाम दिया, उसने जेठ को मौके से भागते हुए भी देखा। शिकायत में कहा गया है कि उसके घर के दरवाजे की कुंडी बंद थी और धुआं निकल रहा था और जब तक वह घर में आई दोनों बच्चों की मौत हो गई थी।

## कई सोशल अकाउंट व 35 यूट्यूब चैनल ब्लॉक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भारत के खिलाफ फैलाया जा रहा था दुष्प्रचार, खुफिया अलर्ट पर चला केंद्र सरकार का चाबुक

● ब्लॉक किए गए सभी चैनल और अकाउंट पाकिस्तान से हो रहे थे संचालित



**खुफिया** इनपुट पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से इंटरनेट पर समन्वित तरीके से भारत विरोधी प्रचार और फर्जी खबरें फैलाने के जिम्मेदार 35 यूट्यूब चैनलों के साथ-साथ दो ट्विटर अकाउंट, दो इंस्टाग्राम अकाउंट, दो वेबसाइट और एक फेसबुक अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इन यूट्यूब चैनलों की कुल ग्राहक संख्या 1.20 करोड़ से अधिक थी और उनके वीडियो को 130 करोड़ से अधिक बार देखा गया था।

सरकार ने पिछले महीने भारत विरोधी फर्जी और विभाजनकारी समाचार और अन्य सामग्री फैलाने के लिए 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइटों को ब्लॉक किया था। चंद्रा के अनुसार, मंत्रालय द्वारा ब्लॉक किए गए सभी 35 यूट्यूब चैनल पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे और उनकी पहचान चार समन्वित दुष्प्रचार नेटवर्क का हिस्सा होने के रूप में की गई। इनमें फैसल तरार स्पीक्स, अपनी दुनिया टीवी, हकीकत की दुनिया, शहजाद अब्बास, मेरा पाकिस्तान विद शहाब, खबर विद अहमद, एचआर टीवी, सबी काजमी, ऐसे टीवी नेटवर्क, साकिब स्पीक्स और सलमान हैदर ऑफिशियल शामिल हैं। अपनी दुनिया नेटवर्क 14 यूट्यूब चैनल संचालित करता है और तल्हा फिल्म्स नेटवर्क के 13 यूट्यूब चैनल हैं। चार चैनलों का एक सेट और दो अन्य चैनलों का एक सेट भी एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाते हुए पाया गया। चैनलों का इस्तेमाल कश्मीर, भारतीय सेना, भारत में अल्पसंख्यक समुदायों, राम मंदिर, जनरल बिपिन रावत आदि विषयों पर समन्वित तरीके से विभाजनकारी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया गया था। यूट्यूब पर पहचाने गए समूहों में से एक नया पाकिस्तान था। चैनलों का संयुक्त ग्राहक आधार 35 लाख से अधिक था और उनके वीडियो को 55 करोड़ से अधिक बार देखा गया था। नया पाकिस्तान समूह (एनपीजी) के कुछ यूट्यूब चैनल पाकिस्तानी समाचार चैनलों के एंकर द्वारा संचालित किए जा रहे थे। इन चैनलों पर बिपिन रावत की मौत के लिए सरकार जिम्मेदार है, बिपिन रावत की बेटी इस्लाम स्वीकार कर रही है, उत्तर कोरियाई सेना कश्मीर जा रही है जैसी बिल्कुल फर्जी और जहरीली सामग्री परोसी जा रही थी।

चंद्रा ने कहा कि इन यूट्यूब चैनलों के 1.20 करोड़ से अधिक ग्राहक आधार है। इन वीडियो को 130 करोड़ बार देखा गया, जो लगभग भारत की आबादी के बराबर है। हमारी खुफिया एजेंसियां ? स्थिति को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। ऐसे किसी भी फर्जी सामग्री फैलाने वाले चैनल या अकाउंट को फौरन ब्लॉक कर दिया जाएगा। भारतीय खुफिया एजेंसियां ??इन सोशल मीडिया अकाउंट्स और वेबसाइटों की बारीकी से निगरानी कर रही हैं और उन्हें तत्काल कार्रवाई के लिए मंत्रालय को भेज दिया है।

### दुराचार आरोपी को भरी कचहरी में गोलियों से भूना

**गोरखपुर( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की अदालत के द्वार के सामने शुक्रवार को बलात्कार के एक आरोपी की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला था और वह एक मामले के लिए अदालत में आया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद द्वार पर मौजूद दो सुरक्षा गार्डों और वाहन स्टैंड प्रबंधक ने हमलावर को दबोच लिया। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं ने अदालत में घटना के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। बाद में अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया और सुरक्षा में चूक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। कैंट पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे दिलशाद हुसैन नामक व्यक्ति अपने वकील शंकर शरण शुक्ला के बुलावे पर अदालत के द्वार पर पहुंचा। वकील के पहुंचने से पहले ही भागवत निषाद नाम के एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से दिलशाद के सिर में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# पहले पुलिस भागती थी अब अपराधी भागते हैं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पांच साल पहले जिस उत्तर प्रदेश में पुलिस अपराधियों के आगे-आगे भागती थी, आज वहीं पेशेवर माफिया भागता है और पुलिस दौड़ाती है। मुजफ्फरनगर दंगों का जो अपराधी मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होता था, वह आज जान की भीख मांग रहा है। कैराना से आमलोगों को पलायन के लिए मजबूर करने वाले आज खुद यूपी छोड़कर भागने पर मजबूर हैं और कैराना में मॉल खुल रहे हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्यमी बंधुओं से श्आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशश् विषय पर संवाद कर रहे थे। वर्चुअल माध्यम से हुए इस संवाद में उन्होंने व्यापारियों.उद्यमियों को भयमुक्त होकर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यूपी को एक ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखा है। यह सपना उद्यमियों के सहयोग से ही पूरा हो सकता है। वर्चुअल संवाद.समागम में सीएम ने पिछली सरकारों के दौरान उद्योग जगत की दुश्वारियों और बदहाल कानून.व्यवस्था का भी जिक्र किया तो कहा कि हर वर्ग के लिए भयमुक्त वातावरण केवल बीजेपी सरकार ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले यही सहारनपुर.मुजफ्फरनगर दंगों के लिए बदनाम था। कैराना से लोग पलायन को मजबूर थे और गाजियाबाद में व्यापारी.उद्यमी समाज रंगदारी और अपहरण से त्रस्त था। लेकिन आज बीजेपी सरकार ने अपराध और अपराधी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। नतीजतन आज कानून व्यवस्था सुदृढ हुई। यूपी के प्रति लोगों को सोच बदली। लाखों करोड़ का औद्योगिक निवेश आया। अकेले 66ए000 करोड़ का निवेश कोरोनाकाल में आया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूर्वांचल एक्सप्रेस.वेए दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वेए बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वेए बलिया लिंक एक्सप्रेस.वेए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस.वेए लखनऊ.कानपुर एक्सप्रेस.वे और गंगा एक्सप्रेस.वे बन के रूप में कनेक्टिविटी का संजाल बन रहा है। 2017 से पहले डेढ़ एयरपोर्ट एक्टिव थे आज 9 क्रियाशील हैं 12 नए बन रहे हैं और 75 शहरों के लिए हवाई उड़ान हो रही है। ज़िला मुख्यालय तक फोर लेन की सड़क है। आजादी से 2017 तक जिस यूपी में केवल 12 मेडिकल कॉलेज थे आज 35 बन रहे हैं। बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो या कि उद्योगों के लिए भूमि की उपलब्धताए सरकार ने हर ओर ध्यान दियाए नतीजा प्रदेश में उद्योग का ऐसा माहौल बना कि यूपी देश में निवेश के लिए सबसे अच्छा गंतव्य बन कर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने अपने कैराना दौरे की एक रोचक घटना भी सुनाई। उन्होंने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद कैराना के एक परिवार से भेंट हुई। वह लौटना चाहते थेए लेकिन डर रहे थे। मैंने कहा आइएए सरकार आपकी है। डरें नहीं। वो परिवार लौटा। अभी तीन माह पहले कैराना गया तो उस परिवार से फिर मिला। परिवार बहुत खुश था। वहां कक्षा 6 में पढ़ने वाली एक बेटी ने बताया कि और तो कोई दिक्कत नहीं पर पता चला है कि एक गुंडा जमानत पर छूटा है और चौराहे पर घूम रहा है। मैंने अधिकारियों से पूछा फिर अगले दिन सबने अखबारों में खबर पढ़ी कि वह गुंडा अपनी जमानत रद करवा कर फिर से जेल चला गया। सीएम ने यह प्रसंग सुनाकर बताया कि यूपी को ऐसी कानून.व्यवस्था की जरूरत थी और बीजेपी सरकार ही यह दे पाने में सक्षम है।

# कोरोना ने रोकी यलो फीवर की वैक्सीन, नहीं कर सकेंगे विदेश यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अफ्रीकी** व सेंट्रल.साउथ अमेरिकी देशों की यात्रा करने वाले लोगों से खबर जुड़ी है। कोरोना के चलते देश भर में यलो फीवर वैक्सीन की आपूर्ति न होने से जनवरी से इसका वैक्सीनेशन रोक दिया गया है। वैक्सीनेशन न होने के चलते 43 देशों की यात्रा करने के इच्छुक लोगों के मंसूबे फिर गए है।

नाइजीरिया, इजिप्ट, साउथ अफ्रीका, अल्जीरिया, केन्या, इथोपिया, ट्यूनेशिया, घाना, सुडान, लीबिया, युगांडा समेत आदि अफ्रीकी व सेंट्रल.साउथ अमेरिकी देशों की यात्रा से पहले संबंधित सेंटरों पर यलो फीवर की वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है। सेंटर से जारी वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र दिखाने पर ही इन देशों की यात्रा करने की अनुमति प्रदान की जाती है। एयरपोर्ट पर यह चेक किया जाता हैए ताकि यात्रा कर रहे व्यक्ति किसी प्रकार से यलो फीवर जैसी बीमारी के चपेट में न आ सकें। इसके लिए देश भर में केजीएमयू समेत 52 सेंटर बनाए गए हैं। केजीएमयू को यूपी के साथ.साथ उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, नेपाल का नोडल सेंटर नामित किया गया है। यहां सोमवारए गुरुवारए शनिवार को यलो फीवर का वैक्सीनेशन किया जाता है। केजीएमयू के वैक्सीन सेंटर इंचार्ज व एसपीएम विभाग के अध्यक्ष डॉ जमाल मसूद के मुताबिक यलो वैक्सीन दुनिया के तीन देशों में ही बनती है। यह देश निर्माण कर डब्लूएचओ को वैक्सीन देते हैं। डब्लूएचओ केंद्र सरकार को वैक्सीन देता है। इसके बाद केंद्र सरकार हिमाचल के कसौली की लैब में गुणवत्ता व मानकों की जांच करती है। यहां सही पाए जाने पर वैक्सीन सेंटरों को आपूर्ति की जाती है।कोरोना की तीसरी लहर आने से इस बार डब्लूएचओ को ही वैक्सीन नहीं मिल सकी है। इसकी जल्द आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

### यह है यलो फीवर

**यलो** फीवर (पीत ज्वर) की समस्या कर्क व मकर रेखाओं के बीच स्थित अफ्रीकी, अमेरिकी देशों में पाई जाती है। यलो फीवर इन देशों में संक्रामक रोग माना जाता हैए जो तीव्र गति से लोगों में फैलता है। इस रोग का कारण एक सूक्ष्म विषाणु है जोकि ईडीस ईजिप्टिआइ मच्छर के काटने से होता है। इससे बचने के लिए सरकार ने इन देशों की यात्रा से पहले वैक्सीनेशन अनिवार्य कर दिया है।

# भारी संख्या में हटायी गयी प्रचार सामग्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा आदर्श आचार संहिता को पालन कराने के लिये सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक कुल 48,99901 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी है जिसमें से सार्वजनिक स्थानों से 3642030 एवं निजी स्थानों से 1257871 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थानों से कुल 173835 तथा निजी स्थानों से 49363 प्रचार सामग्री हटाई गयी है। विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थानों से वाल राइटिंग के 11397 पोस्टर के 81143 बैनर के 55291 तथा 24922 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार निजी स्थलों से वाल राइटिंग के 3893 पोस्टर के 22538 बैनर के 14534 तथा 8398 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्षए शांतिपूर्ण, समावेशी एवं कोविड सुरक्षित मतदान कराने के लिए प्रदेश में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिसए आयकरए आबकारीए नारकोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा अब तक 672031 लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये। अब तक 281 लाइसेन्स जब्त किये गये तथा 862 लाइसेन्स को निरस्त किया गया है। इसी प्रकार सीआरपीसी0 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुये 2258406 लोगों को पाबन्द किया गया हैं।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अब तक विभिन्न धाराओं में 233 एफ आईआर दर्ज करायी गयी है, जिसमें से आज विभिन्न धाराओं में 44 एफआईआर दर्ज की गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4767 शस्त्रए 5003 कारतूसए 214 विस्फोटक एवं 109 बम बरामद किये गये। पुलिस विभाग द्वारा रेड डालकर अवैध शस्त्र बनाने वाले 90 केन्द्रों को अब तक सीज किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक10.43 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की 509899 लीटर मदिरा जब्त की गयी हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग एवं आयकर विभाग की कार्रवाई में अब तक लगभग 9.27 करोड़ रूपये से अधिक का कैश भी बरामद किया गया हैए जिसमें से 50.97 लाख रुपये का कैश आज बरामद किया गया है। इसी प्रकार नारकोटिक्स एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 18.18 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य का 6149 किग्रा गांजा भी जब्त किया गया है, जिसमें से 1ण्32 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 101 किग्रा. गांजा आज जब्त किया गया। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा अब तक 55.66 लाख रुपये मूल्य की 42.622 किग्रा की बहुमूल्य धातुएं बरामद की गयी।

# भाजपा राज में किसानों पर पड़ रही है दोहरी मार: अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने कहा ललितपुर में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर किसान की आत्महत्या विचलित करने वाली घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ महंगाई की मारए दूसरी ओर नुकसान का मुआवजा न मिलने से किसान बेहद परेशान। ललितपुर में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर किसान की आत्महत्या विचलित करने वाली घटना है। ललितपुर जनपद के कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी किसान फसल नष्ट होने से निराश था। 18 महीने पहले उसकी पत्नी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी थी।

उन्होंने कहा कि दावे बड़े.बड़े पर जमीन पर कुछ भी नहीं। सिर्फझूठ और फरेब से ही लोगों को भटकाने की कोशिशें जारी हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में किसान की आय दुगनी करने का वादा था। भाजपा सरकार का कार्यकाल कुछ महीने ही बचा है पर अभी तक इस दिशा में कुछ नहीं किया गया है। डबल इंजन सरकार के बावजूद किसान के फसल की एमएसपी दरों पर बिक्री नहीं हुई। किसान दर.दर भटकते रहे किन्तु कई जगहों पर तो क्रय केन्द्र ही नहीं खुले। किसान को खाद भी नहीं मिली। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में किसानों की मदद की जगह हर तरह से उन्हें अपमानित एवं प्रताड़ित किया जाता रहा है। लखीमपुर में किसान जब शांतिपूर्ण ढंग से अपना प्रदर्शन कर रहे थे उन पर भाजपाइयों ने गाड़ी चढ़ा दी जिसमें कई मौतें हुई। किसानों के खिलाफसाजिश में शरीक केन्द्र के गृहराज्यमंत्री को भाजपा नेतृत्व ने न पद से हटाया और नहीं उनके खिलाफकोई कार्यवाही की गई उल्टे उक्त व्यक्ति को सत्ता का संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के हर संघर्ष में साथ रही है। भाजपा जहां जुमले उछालती रही हैए समाजवादी ईमानदारी से किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशील रहे है। समाजवादी पार्टी की पिछली सरकार में भी किसानों को तमाम सुविधाएं दी गई थी और सिंचाई के हित में किए गए कई निर्णय रोक दिए गए। समाजवादी सरकार में मंडिया बन रही थी ताकि किसान अपनी फसल के लाभप्रद मूल्य पा सके। समाजवादी पार्टी अपने चुनाव घोषणा पत्र में इस बात का वादा किया गया है कि 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त होगी।

## पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा के लिए अटेवा के प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश से मिलकर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से अटेवा.पेंशन बचाओ मंच के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंटकर उन्हें पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। अटेवा प्रतिनिधियों ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की नौकरियों में 1 अप्रैल 2005 से शिक्षकों व कर्मचारियों को दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर बाजार आधारित नई पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई जो किसी के हित में नहीं है। यह व्यवस्था अन्यायपूर्ण है क्योंकि इसमें सरकार का पैसा प्राइवेट कम्पनियों के पास जमा हो रहा है। नई पेंशन व्यवस्था से प्रदेश के 13.37 लाख युवा शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इस व्यवस्था के खिलाफप्रदेश में शिक्षक-कर्मचारी सभी आक्रोशित हैं। अटेवा प्रतिनिधिमण्डल में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और अटेवा के प्रदेश महामंत्री नीरजपति त्रिपाठी शामिल थे। इनके अतिरिक्त भारत सिंह यादव अध्यक्ष लोण्निण्विण्ए अशोक कुमार प्रधान महासचिव चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ डॉ. राजेश कुमार मीडिया प्रभारी अटेवा रामेंद्र श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ डॉ. विनीत वर्मा अध्यक्ष लखनऊ विवि शिक्षक संघ जय प्रकाश मौर्य ने समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया।

### अमर जवान ज्योति का विलय शहीदों की शहादत पर कुठाराघात: पीएल पुनिया

**लखनऊ।** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में अमर जवान ज्योति की लौ को विलय करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश इलेक्शन कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने कहा कि अमर जवान ज्योति देश के वीर जवानों की शहादत की प्रतीक है। 1971 के भारत.पाक युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहसए शौर्यए बलिदान के प्रतीक स्वरूप इस अमर जवान ज्योति को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वीर शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में स्थापित किया था। लेकिन आज उसे बुझा दिया गया। इंडिया गेट पर 50 वर्षों से स्थापित अमर ज्योति को अब वॉर मेमोरियल ले जाया जा रहा है। मोदी सरकार का यह फैसला शहीदों की शहादत पर कुठाराघात है। देश में त्यागए बलिदान और शौर्य की प्रतीक पुरानी धरोहरों को बदला जा रहा है। उन्होंने कहाए सेंट्रल विस्टा जिसे मोदी महल कहना उचित होगा उसके निर्माण के लिए देश की अनेक धरोहरों को बदला जा रहा है।

# एसटीएफने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, दो तस्कर गिरफ्तार





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने शाहजहांपुर जिले में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करके अन्तर्राज्जीय स्तर पर अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफको जानकारी मिली कि थाना रामचन्द्रमिशन जनपद शाहजहांपुर क्षेत्र अर्न्तगत हरदोई मोड़ से रोजा मार्ग स्थित सरदार खां के बंदशुदा भट्ठे पर कुछ लोग चोरी छिपे अवैध शस्त्र, तमंचा का निर्माण कर बिक्री करते हैं। इस सूचना पर एसटीएफटीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामचन्द्रमिशन जनपद शाहजहांपुर की स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचकर अवैध असलहों का निर्माण करते हुए हरप्रीत सिंह और हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त हरप्रीत सिंह ने पूछताछ पर बताया कि अवैध अर्धनिर्मित तमंचा, नाल व बॉडी आदि लखनऊ से लाता है। जिसे असम्बेल करने के लिए उपकरण हरपाल सिंह लाता है। जिसकी मदद से अवैध असलहा तैयार कर एक तमंचा 10000 रुपये में बेंचता है। हरप्रीत सिंह इसके पूर्व भी थाना आशियानाए जनपद लखनऊ से जेल जा चुका है। मौके पर खड़ी मोटर साइकिल पैशन प्रो. यूपी 31 एसी. 6932 के बारे में बताया कि मांग कर लाये हैं।

# भारतीय आंबेडकर महासभा के कार्यकर्ता बसपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक समीकरण फिट करने के लिए नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का आना-जाना जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को अखिल भारतीय अंबेडकर महासभा टीम से जुड़े लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी लोगों ने बसपा सुप्रीमो मायावती को उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

लखनऊ स्थित पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के कार्यालय पर आज गौतमबुद्ध नगर से आए सपा के रामबीर सिंह जाटव ;पूर्व प्रभारी लोकसभाद्धए पूरन गौतम ;वरिष्ठ सपा नेताद्धए कांग्रेस के साहिल सैफी ;जिला सचिवद्धए राष्ट्रीय मजदूर मिशन पार्टी के मांगेराम रत्न ;राष्ट्रीय सचिवद्धए राजेंद्र कदम ;समाज सेवीद्ध और राहुल जाटव ;पूर्व जिला पंचायत सदस्यद्ध ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अलीगढ़ में पूर्व में बसपा से पदाधिकारी रहे कई लोगों ने पुनः बहुजन समाज पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। लखनऊ से बसपा के महासचिव ललित तिवारी ने लखनऊ स्थित कार्यालय पर सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं को बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता दिलवाई। वहीं बसपा प्रमुख के विकासशील विचारों से प्रेरित होकर गौतम बुद्ध नगर सपाए कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# रालोद की यूथ विंग ने शुरू किया डिजिटल प्रचार अभियान




**लखनऊ।** कोरोना के बढ़ते केसेस के बीच उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग की तरफसे दी गई वर्चुअल प्रचार की अनुमति के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की यूथ विंग ने डिजिटल प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि युवा रालोद के समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे प्रदेश में व हर विधान सभा पर डिजिटल प्रचार के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के द्वारा संकल्प पत्र में किये गये सारे वादे जनता के बीच व खासकर युवाओं के बीच ले जायेंगे। पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जनता के माध्यम से अपनी पार्टी का संकल्प पत्र तैयार किया गया है। जिसे प्रदेश के जनमानस ने स्वीकार किया है। इसमें युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से भाजपा द्वारा किये जा रहे झूठ व दुष्प्रचार को भी युवा रालोद जनता के बीच उजागर करेगा। विधान सभा की हर सीट पर युवा रालोद अपने डिजिटल अभियान के माध्यम से भाजपा सरकार के द्वारा युवाओं पर किये गये अत्याचार व अन्याय को भी रखेगा। भाजपा जिस तरह से युवाओं के बीच में धर्म और जाति का विष घोलने का काम कर रही है तथा हिन्दु मुस्लिम के बीच की खाई पैदा की है उस खाई को समाप्त करने का काम युवा रालोद करेगा। डिजिटल प्रचार अभियान में शषिकान्त को बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्तीए अयोध्या, बस्ती व विपिन को लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर, राजा भैया को बुलंदशहर, गाजियाबाद, अमरोहाए सचिन सरोहा को मेरठ, शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर तथा रामपाल सिंह को बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, अलीगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद, राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे, प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी सहित कई लोग मौजूद थे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा ग्रीन बुक जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या–71896 है कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा जिसको भी मेरा ग्रीन बुक मिले वो कृपया मो0 7255866235 पर सूचित करें।

सूचना

सूचना

एक विक्रय विलेख व लीज डीड दोनों दिनांकित 09.11.2004 जो वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जरिये अधिकृत अधोहस्ताक्षरी अनुसचिव द्वारा श्री दिवाकर द्विवेदी पुत्र स्व० शेषधर द्विवेदी निवासी फ्लैट नं० एल०बी० 3, बड़ी गैवी, वी०डी०ए० कालोनी, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो फ्लैट नं० एल०बी० 3, द्वितीय तल, बड़ी गैवी आवासीय योजना, बड़ी गैवी, वाराणसी प्रपोशनेट प्लीन्थ एरिया 42.48 वर्गमीटर व कॉमन लैण्ड एरिया 2.28 वर्गमीटर, के विक्रय से सम्बन्धित है जिसका पंजीयन उपनिबन्धन कार्यालय चतुर्थ वाराणसी में इंडेण्चर (सेल डीड) का बही सं० 1 खण्ड सं० 2117 पृष्ठ सं० 109 से 130 द०नं० 4130 दिनांक 09.11.2004 व लीज डीड का बही सं० 1 खण्ड सं० 2117 पृष्ठ सं० 69 से 88 द०नं० 4128 दिनांक 09.11.2004 के रूप में पंजीकृत है जो खो गया है इस विलेख विलेख व लीज डीड के सन्दर्भ में किसी व्यक्ति/संस्था के पास कोई सूचना या आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर आनन्द प्रकाश सिंह एडवोकेट एस.21/116ई–3, सुभाष नगर, मलदहिया, वाराणसी पर सूचित करें। मो०नं० 9450013575

# आप ने जारी की 33 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट

### ● एक पूर्व आईएएस, 2 डॉक्टर, 9 पोस्ट ग्रेज्युएट, 13 ग्रेज्युएट को बनाया उम्मीदवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**आम** आदमी पार्टी ने शुक्रवार को यूपी विधानसभा चुनाव में 33 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी। यूपी प्रभारी और आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह के साथ लखनऊ के गोमतीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रत्याशियों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट में योग्य उम्मीदवारों को स्थान दिया है जिन्होंने समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी तीसरी लिस्ट में 1 पूर्व आईएएसए 2 डॉक्टरए 9 पोस्ट ग्रेज्युएटए 13 ग्रेज्युएट उम्मीदवार हैं। प्रत्याशियों में 8 सामान्य वर्गए 4 मुस्लिम समुदायए 11 ओबीसीए 10 एससी वर्ग के उम्मीदवारों को स्थान दिया है।

संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी अभी तक 203 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। जो लोग पूछते हैं कि आम आदमी पार्टी का संगठन कहां हैघ् जो लोग पूछते हैं कि आपको अच्छे प्रत्याशी मिलेंगे भी या नहींघ् उनको मैं बता देना चाहता हूं सबसे योग्य प्रत्याशी अब तक आम आदमी पार्टी ने दिये हैं मात्र 200 प्रत्याशी और हैं जो आने वाले दिनों में हम लोग घोषणा करेंगे। 403 सीटों पर आम आदमी पार्टी यूपी में चुनाव लड़ेगी। इससे पहले उन्होंने पार्टी में कर्नल इंजीनियर अजय कुमार के शामिल होने की भी महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि आज की 33 लोगों की जो सूची है उसमें हमारे एक प्रत्याशी ऐसे हैं जो अनुसूचित जाति जन जाति आयोग के सचिव रहे हैं और पूर्व आईएएस हैंए 2 ऐसे हैं जो डॉक्टर हैंए 9 ऐसे जो पोस्ट ग्रजयुएट हैं और 13 ऐसे प्रत्याशी हैं जो ग्रेज्युएट हैं।

**लखनऊ कैंट से अजय कुमार व गोरखपुर ग्रामीण से वैभव शाही लड़ेंगे चुनाव:** आम आदमी पार्टी ने लखनऊ कैंट से सामान्य वर्ग के अजय कुमारए गोरखपुर ग्रामीण से सामान्य वर्ग के वैभव शाही, कानुपर नगर से सत्येन्द्र कोरीए बरेली कैंट से शिवर नागवंशीए इटावा से डॉ शिव प्रताप सिंह राजपूतए आगरा की फतेहपुर सीकरी से नाजिर खानए बलिया शहर से अजय राय मुन्नाए बिजनौर की नगीना सीट से अर्जुन सिंह कोए जालौन के उरई सीट से दीपशिखाए कन्नौज से डॉ चंद्रकांत यादवए एटा से अर्जुन सिंह यादवए फतेहपुर के हुसैनगंज से अब्दुल राजिक को चुनावी मैदान में उतारा है।

संजय सिंह ने बताया कि कर्नल इंजीरियनर अजय कुमार ने नौ सेना में पंद्रह वर्षों भारत को उन्होंने अपनी सेवाएं दी। नौ सेना में कई पदों पर विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे।

### यूपी में प्रचार के लिए आम आदमी पार्टी ने 15 स्टार प्रचारकों की घोषणा की

**राज्य** सभा सांसद संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लिए 15 स्टार कम्पेनर बनाए गये हैं। जिनमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया राज्य सभा सासंद संजय सिंह, पंजाब आम आदमी पार्टी में पंजाब का चेहरा भगवत मान, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल, चुनाव प्रभारी सोमेन्द्र ढाका, सीवाईएसएस के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दूबे, माइनोरटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव, चुनाव प्रभारी और दिल्ली के विधायक सुरेन्द्र चौधरी और दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला, दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती शामिल हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे
सूचना संख्या- 6/2022
रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाड़ी सं. 82501/82502 लखनऊ जं.-नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी सं. 82501/82502 (तेजस एक्सप्रेस) लखनऊ जं. - नई दिल्ली-लखनऊ जं. की आवृत्ति 04 दिन से 03 दिन कर दिया गया है (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार)।

सप्ताह में तीन दिन दिनांकः 25.01.2022 से 15.02.2022 तक।
(प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को)

नोटः दिनांक 16.02.2022 से आगे गाड़ी अधिसूचना संख्या 190/2021 दिनांक 13.07.2021 के अनुसार चलेगी। (सप्ताह में 4 दिन प्रत्येक शनिवार, रविवार, सोमवार एवं शुक्रवार)

कृपया ध्यान दें:- इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-170 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अस्थायी बाड़ा बनाकर रखे जाएं छुट्टा पशु : मुख्य सचिव

● मुख्य विकास अधिकारी से मुख्य सचिव ने गो आश्रय स्थलों के व्यवस्थाओं के बारे में ली जानकारी



संवाददाता। मीरजापुर

प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने आज प्रदेश के सभी मुख्य विकास अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता कर जनपदों में बनाये गये गो आश्रय स्थलों एवं पशुओ के लिये अनुमन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रायः संज्ञान में आया है कि कुछ पशुपालक अपने जानवरों को खुला छोड़ दे रहे है एवं ग्रामीण क्षेत्रो में छुट्टा पशु किसानो की फसलों को नुकसान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि ऐसे छुट्टा पशुओ को पकड़कर यदि आवश्यकता हो ग्राम पंचायतों में अस्थायी पशु बाड़ा बनाकर रखा जाय। इसमें आना वाले व्यय मनरेगा के अन्तर्गत किया जायेगा। उन्होने कहा कि अस्थायी बाड़ा में पशुओ के चाराए भूषा व पेयजल की व्यवस्था मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जायेगा। मुख्य सचिव ने बताया कि पशु आश्रय स्थलों के रखरखाव पशुओं के लिये चाराए भूषाए खलीए पेयजल आदि के लिये धन की कमी नही होने दी जायेगीए इसके लिये प्रदेश के सभी जनपदों के लिये 100 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। अवमुक्त धनराशि में जनपद मीरजापुर को 01 करोड़ 20 लाख रूपया अवमुक्त की गयी। उन्होने कहा कि किसानो के फसलो का छुट्टा पशुओं से बचाने के लिये उन्हें पकड़कर बाड़ा में रखा जाय। उन्होने कहा कि अवमुक्त की गयी धनराशि का तत्काल सदुपयोग करते हुये सभी पशुआ आश्रय स्थलों में भूषाए खलीए पेयजल व दवायें आदि की व्यवस्था सुदृढ़ किया जाय। उन्होने कहा कि जो काश्तकार पशु आश्रय स्थल से पशुओं को लेकर पालना चाहता है तो उसे 09 सौ रूपया प्रतिमाह प्रति पशु की दर से दिये जाने का प्राविधान हैं। एक व्यक्ति अधिकतम 04 पशु ले सकता हैं। इसी प्रकार उन्होने कहा कि गॉव में कुपोषित बच्चों के अभिभावको को पशु आश्रय स्थल से एक दुधारू गाय दिया जाय उसे भी गाय की देख रेख करने के लिये 09 सौ रूपया प्रतिमाह की दर से देय होगा। उन्होने सभी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियोंध्ग्राम विकास अधिकारियो के द्वारा इन योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुये लोगो में जागरूकता लाने हेतु निर्देशित किया जाय। उन्होने कहा कि किसी भी दशा में छुट्टा पशुओं से किसानों के फसलों को बचाने के लिये समुचित प्रबन्ध किये जाय। मीरजापुर एनआईसी में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## आदर्श के एनसीसी कैडेटों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**वाराणसी।** कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज, ईश्वरगंगी वाराणसी में शुक्रवार को एनएनसी कैडेटों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत मिश्र ने हरी झंडीक दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं एनएनसी मेजर रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। मतदाता रैली ईश्वरगंगी से होकर रामकटोरा, जगतगंज, लहुराबीर, पिपलानी कटरा, कबीरचौरा, नरहरपुरा होते हुए विद्यालय प्रांगण में पहुँचा। ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूक एवं हाथ जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान कर रहे थे। मतदाता जागरूकता रैली में कालेज के वसंत कुमार मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ आनंद शंकर शुक्ला, डा हरदत्त शुक्ला, आशिष पाठक, लक्ष्मीकांत पांडेय, शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### धनखोर व बकुलिया की टीम ने कबड्डी खेल के साथ दिल जीता



**सोनभद्र।** बनवासी सेवा आश्रम संचालित जीवनशाला बकुलिया प्रांगण में अन्तर ग्राम पंचायत युवा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलकूद कार्यक्रम का शुरूआत धनखोर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार बरवें ग्राम प्रधान रामजीत व घघरी ग्राम प्रधान कृष्णानंद व विमलभाई, ओंकार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुरूआत किया। कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में धनखोर व बालिका वर्ग में बकुलिया की टीम बेहतर खेल प्रस्तुत कर विजेता रही। खेलकूद में कबड्डी के अतिरिक्त कुर्सी दौड़, व क्रान्ति गीत प्रतियोगिता हुआ। कुर्सी दौड़ में सुनीता प्रथम, फूलकुंवर दूसरे व सुनीता तीसरे स्थान पर रही व बालिका कुर्सी दौड में सीमा प्रथम, पुष्पा दूसरे व अंजली तीसरे स्थान पर रही। सदभावना क्रान्ति गीत प्रतियोगिता में सोनमती प्रथम, शान्ति द्वितीय व कुसुम देवी तृतीय स्थान प्राप्त की। सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित शौचालय प्रयोग करने का संकल्प लिए। आदिवासी शैला डांस टीम घघरी अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस सुअवसर पर पीआरपी कुंजल प्रसाद, कैलाश प्रसाद, शिक्षक आदित्य कुमार, रामनारायण रहे। मैच रेफरी शिवनारायण भाई व शिवपूजन रहे। संयोजन रामसुभग भाई ने किया।

### 48 घण्टे के लिए सील हुआ न्यायालय परिसर

**सोनभद्र।** जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड-19 धनात्मक पाये जाने पर जनपद न्यायालय में कार्यरत रीडर समेत 4 कर्मचारी बृहस्पतिवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र के पत्र के क्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय के सम्पूर्ण परिसर को 48 घण्टे के लिए सील कर उसे सेनेटाइजेशन करने का निर्देश सम्बन्धितों को दिया है। साथ ही मामलों की सुनवाई इस दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा। 21 जनवरी, को सुनवाई हेतु सभी मामलों में अथवा अग्रिम दिनांक लगाये जाने हेतु 24 जनवरी,2022 की तिथि नियत की जाती है, किन्तु न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय सिविल जज, सी0डी0 एवं न्यायालय सिविल जज, जू0डि0, राबर्ट्सगंज सोनभद्र के पीठासीन अधिकारी अपने अपने आवास पर अति आवश्यक मामलों की सुनवाई वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये करेंगें।

### कोविड बचाव व नियंत्रण को एनसीएल की मुहिम है जारी

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में कोविड से बचाव, नियंत्रण व इलाज के लिए लगातार कार्य चल रहा है।इस संबंध में सभी एनसीएल कर्मियों व संविदा कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं और साथ ही कंपनी में बड़े आयोजनों पर फिलहाल रोक लगी हुई है। कोविड टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है एनसीएल में कुल 11 स्वास्थ्य केन्द्रों पर 10 जनवरी से स्वास्थ्य व फ्रंट लाइन कर्मियों को लगातार कोविड वैक्सीन की प्रीकॉशनध्बूस्टर डोज लगाई जा रही है। अभी तक कुल 576 लोगों को यह डोज लगाई जा चुकी है।यही नहीं, भारत सरकार के निर्देशानुसार, एनसीएल के सभी वित्त पोषित व अन्य संबद्ध विद्यालयों में 3 जनवरी 2022 से लगातार 15 से 18 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण तेजी से चल रहा है। कंपनी में कुल 12 केन्द्रों पर अभी तक लगभग 4914 से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं जिनमें से 1180 टीके एनसीएल कर्मियों के बच्चों को लगे हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में स्थित कल्याण मण्डप मनोरंजनालयों व अन्य स्थानों को आइसोलेशन केन्द्रों के रूप में विकसित किया गया है। अभी तक इस तरह के कुल 11 केंद्र तैयार किए जा चुके हैं जिनमें लगभग 500 लोगों की देखभाल की व्यवस्था की गयी है।

### कोरोना गाइड लाइन का पालन जरूरीः सीओ

**सकलडीहा, चंदौली।** कोरोना महामारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार कवायद किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को टिमिलपुर स्थित सीएचसी केन्द्र के समीप लॉल पैथ कोरोना जांच केन्द्र का शुभारंभ किया गया। सीओ अनिरूद्ध सिंह ने जांच सेंटर का उद्घाटन करते हुए लोगों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए अपील किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए डिप्टी एसपी अनिरूद्ध सिंह ने कहा बेहतर स्वास्थ्य के लिये कोरोना गाइड लाइन का पालन जरूरी है। हर युवा और नागरिकों को दो गज की दूरी के साथ मास्क लगाना जरूरी है। इसके साथ समय समय पर सावधानी बरते हुए जांच सुविधा का लाभ लेना चाहिये। वही समाजसेवी विजय गुप्ताए मुकुंद सिंहए सत्यप्रकाश गुप्ताए हरिकुमार जायसवाल ने लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। अंत में जांच केन्द्र के निदेशक शिवदास जायसवाल ने विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर विक्कु गुप्ता, अर्जुन जायसवाल,दिलीप जायसवाल, जीयूत गुप्ता, आकाश, मुकेश, सुनील रस्तोगी, दिनेश रस्तोगी, सुनील गुप्त, नगडू, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को निष्पक्षए पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के अनुपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल ने स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष की तैयारी हेतु राजकीय पालीटेक्निक बथुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने से सम्बन्धित कार्यो का समय से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्राधानाचार्य राजकीय पालीटेनिक कालेज को समस्त कक्षों को खाली कराने तथा अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को समय से समस्म स्ट्रांग रूमध्मतगणना कक्षो को आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार तैयारी करने का निर्देश दिया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को वाहनो का ले आउट तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया तथा गाड़ियो के आवागमन के सम्बन्ध में ट्रैफिक पुलिस से यातायात व्यवस्था बनाये जाने हेतु एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समस्त कक्षो एवं स्कूल के मैदान की साफसफाई एवं समतलीकरण कराये जाने के साथ ही साथ रास्ते को ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय डिप्टी कलेक्टर श्री अश्वनी कुमारए अभिनीत कुमारए प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निकए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारीएए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाए अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी नन्हकू सिंह उपस्थित रहें।

### निगरानी समितियों को सौंपी कोविड मेडिसिन किट

**मिर्जापुर।** कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक बार फिर से निगरानी समितियों को सक्रिय किया गया है द्य इसके साथ ही उन्हें कोरोना के लक्षण वालों तक मेडिसिन किट पहुंचाने की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी के तहत जिले में सक्रिय निगरानी समितियों को गुरुवार को 10-10 मेडिसिन किट प्रदान की गई । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सिंघल ने बताया कि जिले में गुरुवार को 13020 किट का वितरण किया गया है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोरोना से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में जिले में 912 निगरानी समितियों का गठन किया गया है। हर समिति में चार सदस्य हैं । विभाग की ओर से हर समिति को 10.10 किट विभाग की ओर से मुहैया कराई गई है। इस तरह समितियों को 9120 किट उपलब्ध कराई गई हैं द्य इसी के साथ जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व 39 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी प्रति केन्द्र पर 100 कोविड मेडिसिन किट को उपलब्ध करा दिया गया है ।

### मऊ की टीम ने कानपुर की टीम को किया पराजित

**मऊ।** जिला क्रिकेट संघ मऊ एवं शारदा नारायण हॉस्पिटल मऊ के संयुक्त तत्वाधान में डॉण् भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में द्विपक्षीय वूमेन टी.20 सीरीज का फाइनल मैच खेला गया। इस दौरान कड़े मुकाबले में मऊ की टीम ने कानपुर की टीम को पराजित कर दिया। खेले गए फाइनल मैच के दौरान कानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। इस दौरान मऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाया। इसमें आदित्य गोंड ने 13 व साधना यादव ने 12 रनों का योगदान दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 67 रन ही बना सकी। इसमें निशी कश्यप ने सर्वाधिक 29 रन का योगदान किया। इस प्रकार से मऊ की टीम ने यह मुकाबला 11 रनों से जीत लिया। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि सब रजिस्टार घोसी सत्येंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि मुकेश सभरवालए डॉ अमितए गौतम जयसवाल प्रबंधक सेंट जेवियर स्कूल मऊए संदीप दुबे प्रिंसिपल सेंट जेवियर स्कूल मऊ ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया।

### मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन डीएम करेंगे

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर धाम यूथ फेस्टिवल के तहत काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब द्वारा 34वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता 22 से 31 जनवरी, 2022 तक डाक्टर सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा, वाराणसी में आयोजित की गयी है। खेल संयोजक कृष्ण बहादुर रावत के अनुसार 20-20 ओवर की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी वाराणसी कौशल राज शर्मा पूर्वाह्न 10:30 बजे करेंगे। उद्घाटन मुकाबला गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश एवं विद्याभास्कर एकादश के बीच खेला जायेगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबल लीग की शीर्ष दो टीमों के बीच 31 जनवरी को होगा।

### छात्र छात्राओं को लोकतंत्र में भागीदारी का दिलाया संकल्प

**सकलडीहा,चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में दूसरे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान कॉलेज प्रशासन के साथ छात्रों ने पूरे कस्बा में भ्रमण कर लोगों को मतदाता जागरूकता के तहत लोगों को मतदान करने के लिये जागरूक किया गया। इस मौके पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में महिला स्वीप आईकॉन डाण् सरिता मौर्या ने सभी छात्रों को मतदान के लिये संकल्पित कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर डाण् प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि जन जन का है अधिकार लोकतंत्र के पर्व में सारे काम छोड़कर सबसे पहले करे मतदान। तभी लोकतंत्र की परम्परा को पूरा किया जा सकता है। इसके पूर्व महिला स्वीप आईकॉन डा.सरिता मौर्या ने महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डाण् शमीम राईन और डा. दयानिधि सिंह यादव के नेतृत्व में छात्र छात्राओं को लेकर निर्भक और प्रलोभन से दूर रहते हुए स्वच्छ लोकतंत्र की स्थापना के लिये संकल्प दिलाया।

### अभ्यर्थियों को प्रवेश आनलाइन आवेदन से

**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपने आनलाइन आवेदन में अंकित फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ प्रशिक्षण योग्यता का मूल प्रमाण पत्र अथवा किसी भी सेमेस्टर के निर्गत अंक पत्र की मूल प्रतिए सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य,समक्ष अधिकारी द्वारा इण्टरनेट से प्राप्त अंक पत्र की प्रमाणित प्रतिए ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा। जिस अभ्यर्थियों के पास वैध प्रवेश पत्र, फोटो पहचान की पत्र की मूल प्रति एवं उल्लिखित प्रमाण नही होगा उसे किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। उन्होने यह भी बताया कि समस्त प्रतिभागियों को परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा 22 जनवरी 2022 से दिनांक 24 जनवरी 2022 तक मान्य होगी।

### बिरजू महाराज के निधन पर जताया शोक

**मिर्जापुर।** नगर के देवपुरवा मोहल्ले में माइनारटीज वेलफेयर सोसायटी की बैठक में कथक सम्राट पदम विभूषण बिरजू महाराज को श्रद्धांजलि दी गईद्य मोहम्मद अशफाक खान ने कहा कि उन्होंने अपनी कला का परचम देश में ही नहीं विदेशों में भी लहरायाद्य डॉक्टर ध्रुवजी पांडे ने कहा कि बिरजू महाराज अध्यात्म साहित्य के प्रेमी थे। साहित्यकार इरफान कुरैशी ने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के बाद बिरजू महाराज दूसरी हस्ती थी। अध्यक्षता अरुण मिश्रा ने की। इस दौरान वकील अहमद, आफाक अहमद, वसीम अहमद, नेमत खान, नईम भाई,अमानुल्लाह अंसारी, भोलानाथ, प्रशांत सिंह, संदीप दुबे, हिलाल अहमद, अमजद अली आदि रहे।

# माताओं ने किया पुत्र की दीर्घायु के लिए पूजन

● बड़ा गणेश व चिंतामणि गणेश सहित शहर के सभी मंदिरों में भोर में चार बजे से ही लाइन में लगकर किया दर्शन, रात्रि में चन्द्रोदय का दर्शन कर किया विधि-विधान से पूजा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**आशुतोष** की नगरी में पुत्र गणेश जी के मंदिरों में भोर से ही माताओं ने व्रत रखकर लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर, सोनारपुरा स्थित चिंतामणि गणेश, सिद्धि विनायक मंदिर, विघ्न विनायक मंदिर सहित सभी गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन के राजकीय अस्पताल कबीरचौरा तक लाइन लगी रही। महिला पुलिस ने बड़े ही शांति ढंग से श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन कराया। इस दौरान कबीरचौरा से लगायत मैदागिन तक दोंनों पटरियों पर फलाहार के दुकान, फल, गुब्बारे, बेसन की लड्डु व बूंदी की लड्डु, फल में केला, सेव, संतरा, बैर, पपीता, अनार तथा खिलौने की अस्थायी दुकान सजी थी। इस दौरान सुरक्षा की कमान एसीपी कोतवाली त्रिलोचन त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय सहित भारी फोर्स तैनात रहे। माताओं के दर्शन-पूजन में कोई रूकावट या दिक्कत न हो इसलिए महिला आरक्षी एवं महिला होमगार्ड की ड्यूटी लगायी गयी थी। दर्शन-पूजन का क्रम मंगला आरती 4बजे के बाद से मंदिर में दर्शन-पूजन शुरू हो गये जो देर रात तक चलता रहा। मंदिर के पुजारी पं0 राजेश तिवारी ने बताया कि रात साढ़े दस बजे लम्बोदर जी महराज की महाआरती हुई क्योंकि रात दस बजे के बाद कोरोना के कारण लॉकडाउन हो जा रहा है। सोनारपुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर के महंत पं0 सुब्बाराव शास्त्री ने भोर में पांच बजे गणेश जी की मंगला आरती करने के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खो दिया गया जो देर रात तक चलता रहा। रात दस बजे चिंतामणि गणेश जी की महाआरती करनेके बाद शयन कराया गया। व्रतती माताओं ने दिनभर व्रत रखकर रात में चन्द्रमा का दर्शन(चन्द्रोदय)रात्रि 8 बजकर 39 मिनट कर चन्द्रमा को अर्घ्य दिया उसके पश्चात छत या आंगन में गाय के गोबर से लेपकर गणेश-लक्ष्मी जी का पूजन विधि-विधान से किया। भोग में गणेश जी को काली तिल, गुड़, फलाहार में सिघाड़ा का हलुवा, पट्टी, फलाहार आलू, बेसन का लड्डु आदि भोग लगाने के बाद माताओं ने फलाहार कर अपना पारण किया। काशी की नगरी बाबा भोले नाथ के पुत्र लम्बोदर जी महराज के उत्पत्ति के अवसर पर शहर में जितने में गणेश मंदिर है, वहॉ शुक्रवार को दर्शन-पूजन को लेकर भारी भीड़ रही।

### मैदागिन से कबीरचौरा की तरफ यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहा

**वाराणसी।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बड़ा गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मैदागिन से कबीरचौरा एवं पिपलानी कटरा से मैदागिन की तरफकोई भी छोटे-बड़े वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा था। इस दौरान पिपलानी कटरा से ईश्वरगंगी की तरफ एवं मैदागिन से हरिश्चन्द्र कालेज होते हुए दारानगर की तरफ यातायात को डायवर्ट कर दिया गया था। यह नियम देर रात तक लागू रहा।

### कोरोना प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ीं

**वाराणसी।** बड़ा गणेश मंदिर में शुक्रवार को दर्शन-पूजन के दौरान महिलाओं ने प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई। इस समय कोरोना एक बार फिर चरम सीमा पर है उसके बावजूद प्रोटोकाल की सारी धज्जियां तोड़कर दर्शन-पूजन करने में लगी रही। महिलाओं का कहना था कि भगवान गणेश जी रक्षा करेगें। पूजा-अर्चन अगर मन से हो तो सारी पीड़ा खत्म हो जाती है और बला भी टल जाते हैं।

### सपा की वर्चुअल बैठक में एक-एक मतदाता से सम्पर्क करने पर जोर

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में वर्चुअल मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव अभय यादव ने किया। बैठक में 24 जनवरी को पार्टी कार्यालय पर कर्पूरी ठाकूर का जन्मदिन मनाये जाने पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नेताओं ने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैंण् इन सभी को तत्काल प्रभाव से हटाये बगैर स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीकए प्रभाव मुक्त,चुनाव सम्भव नहीं है। ,उन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान पदों से हटाए जाने की लिखित मांग चुनाव आयोग से किया जाए जिससे कि निष्पक्ष स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर नवनियुक्त युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव शिवगिरी व बाबा वाहिनी के जिलाध्यक्ष संदीप बिन्द व यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव एकराम का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।बर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लाठीराज की उल्टी गिनती शुरू हो गई। आगामी 10 मार्च को उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया तय हैए इसके लिए लोकतन्त्र में विश्वास रखने वाले सभी साथी एक.एक मतदाता से सम्पर्क करें। उनसे कहें कि सायकिल वाला बटन दबाकर भाजपा के प्रत्येक जुल्म का जवाब दें।

# जनपद के 23 मतदेय स्थलों के नाम किए गए संशोधित

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी** जिला निर्वाचन अधिकारी टीके शिबु ने कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के नाम में संशोधन सम्बन्धित जानकारी देने हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 23 मतदेय स्थलों के नाम संशोधन किया गया है। घोरावल विधान सभा-400 में 5 मतदेय, विधान सभा राबर्ट्सगंज-401 में 09 मतदेय स्थल, विधान सभा दुद्धी-403 में 09 मतदेय स्थलों के नाम में संशोधन किया गया है। यदि इस संशोधन से किसी प्रकार की असुविधा हो, तो अवगत करायें, जिस पर उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में कहा कि इस संशोधन प्रक्रिया से मुझे कोई आपत्ति नहीं है। बैठक के दौरान एडीएम राकेश सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, सपा के अनिल यादव, बसपा से कमलेश गौंड़ कांग्रेस सें फरीद अहमद मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश के बावजूद अजय राय को सुरक्षा न प्रदान करना ओछी राजनीति

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● कांग्रेसजनों ने प्रशासन से जताई नाराजगी

**बिना सुरक्षा** व्यवस्था कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी के खिलाफ गवाही देने के लिए एमपी एमएलए कोर्ट पहुंचे कांग्रेस के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक अजय राय, कोर्ट के आदेश के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था ना दिए जाने पर कांग्रेसजनों ने जताई नाराजगी। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा भाजपा के इशारे पर पूर्व विधायक अजय राय को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नही कराया गया।जबकी कोर्ट का आदेश है की श्री राय को सुरक्षा व्यवस्था दी जाए आज दिनांक 21 जनवरी को वाराणसी में जब कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी के खिलाफअपने भाई अवधेश राय जी के हत्याकांड के गवाह अजय राय जी बिना सुरक्षा के कोर्ट गए थे।यह सरकार पूर्ण रूप से अपराधियों से मिली हुई है।यह पहला मौका नही लगातार कई बार अजय राय जी के सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ हुआ है।श्री राय पांच बार के विधायक, पूर्व मंत्री व पार्टी के कद्दावर नेता के साथ पिंडरा क्षेत्र से प्रत्याशी है व कुख्यात अपराधी के खिलाफगवाह है ऐसे में मानिंद व्यक्ति को सुरक्षा न देना जिला प्रशासन की ओछी मानसिकता को दर्शाता है।मेरा सीधा आरोप भाजपा पर है हम कांग्रेसजन चेतावनी देते है अगर श्री राय को जान-माल का खतरा होता है तो इसका सीधा जिम्मेदार भाजपा व जिला-प्रशासन होगा।बार बार कोर्ट की अहवेलना की जा रही है।यह निंदनीय है श्री राय की लोकप्रियता जनप्रियता से शासन घबराई है।

### छूटे हुए लोगों के लिए चलेगा विशेष अभियान

**मिर्जापुर।** पोलियो अभियान की तरह कोविड टीकाकरण से छूटे व्यक्तियों का चिन्हाकंन करने के लिए 800 टीमों का गठन किया गया है। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि जनपद में पोलियो अभियान की तरह ही 24 से 29 जनवरी तक कोविड टीकाकरण से छूटे व्यक्तियों के चिन्हाकंन के लिए विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से 800 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 03 सदस्य होगे। इसके साथ कार्यक्रम की मानटिरिंग करने के लिए 250 सुपरवाइजरों को भी लगाया गया। इस सम्बन्ध में विभाग की ओर से शुक्रवार को समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों समेत सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व टीम को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जो 24 जनवरी से सभी इस कार्य में कोविड के नियमों के अनुसार कार्य शुरू कर देगे। इनको मास्क, सेनेटाइजर, चाक व नाम व पता भरने के लिए फार्म मिलेगा।

# समद ने मनवाया लोहा, दिखाई औरों को राह

संवाददाता। सोनभद्र



**जब तराशे जाओगे** तो देवता कहलाओगे शायर की ये पंक्तियां चोपन निवासी 16 वर्षीय युवा बॉलीबाल खिलाड़ी अब्दुल समद उर्फ सोमू से काफी हद तक इत्तेफाक रखती है। चोपन के ग्रेवाल क्लब में मात्र 10 साल की उम्र से वॉलीबॉल के कोड में उतरने वाला नैसर्गिक रूप से प्रतिभावान नन्हा बालक कभी पीछे मुड़कर नही देखा। जिला वालीबाल संघ के सचिव रविन्द्र दुबे के कुशल नेतृत्व में जनपद के उदयीमान वालीबाल खिलाड़ी कुछ ही साल में पहले जनपद फिर गैर जनपद और उसके बाद छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखण्ड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी काउंटर अटैकिंग में दर्शनीय स्ट्रोक्स के जरिये खासा सुर्खियों में आता चला गया। 25 अक्टूबर 2018 को उस समय हतोत्साहित हो गया था जब उसके सामने ही उसे साथ में लेकर खेलने वाले चौयरमैन इम्तियाज अहमद की ग्रेवाल क्लब में सुबह-सुबह प्रेक्टिस के लिए वार्म अप करते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना से मर्माहत सोमू महीनों ग्रेवाल क्लब नहीं गया था। बाद में साथी खिलाड़ी व कोच रविंद्र दुबे ने खेल के प्रति दृष्टिकोण व एकाग्रता का अंदाज विलक्षण रखने वाले ग्रेवाल क्लब के दैदीप्यमान नक्षत्र सोमू को एक बार फिर वॉलीबॉल कोड तक लाये। 7 जनवरी 2020 को रायपुर में आयोजित भारतीय खेल प्राधिकरण के फिजिकल ट्रायल के पूर्व समद वाराणसी के डीएलडब्लू में 2-3 माह तक जमकर पसीना बहाया। वॉलीबॉल के लिए आयोजित ट्रायल में कुल 49 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 14 बच्चे यूपी के थे जबकि सोनभद्र से एकमात्र समद ही था। 2 दिवसीय ट्रायल में शटल रनिंग, 800 मीटर दौड़, स्प्रिंट रनिंग, ब्राड जम्प, स्ट्रेट जम्प के अलावा मेडिकल टेस्ट हुआ, जिसमें 12 बच्चों का चयन किया गया। समद को उसके चयन की सूचना गुरुवार की शाम मोबाईल व ई-मेल से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कोच व कार्यालय द्वारा दी गई। सूचना मिलते ही जंगल में आग की तरह पूरे चोपन में खबर फैल गई। समद को बधाई देने कोच रविन्द्र दुबे, साथी खिलाड़ी, खेल जगत से जुड़े लोग, चेयरमैन फरीदा बेगम, उस्मान अली, वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी सहित अन्य सियासी सख्शियतें व गणमान्य व्यक्तियों ने अलग-अलग संसाधनों से उसको बधाईयां देकर हौसला अफ्जाई की। समद इसका श्रेय अपने पापा, मम्मी, भाई, मामू, कोच और साथी खिलाड़ियों को देकर भारतीय टीम की जर्सी पहनना अपना लक्ष्य बताते हैं।बताना मुनासिब होगा कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का गठन भारतीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए 9जी एशियाई खेलों के समय 1982 में किया गया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अकादमी ज्वाइन करने के लिय आपकी उम्र 12 -18 होनी चाहिय। ट्रायल में आपको स्टेमिना, स्पीड, स्ट्रेंथ, आदि आप जिस खेल से रिलेटेड ट्रायल लिया जाता है। ट्रायल क्लियर होने के बाद आपको खाना-पीना रहना पूरा खर्चा आपका स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया उठता है। इसकी अलावा आपको ट्रेनिंग से रेलेटेड सभी सुविधाऐं उपलब्ध करवाई जाती है।

### लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष ने बनाई नई कमेटी

**मिर्जापुर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष फैजान खान ने नगर कमेटी का गठन किया। जिसमें नगर उपाध्यक्ष मुस्तकीम खान, महासचिव वीरेंद्र कुमार यादव, नगर सचिव फरदीन आलम, नगर सचिव शुभम सिंह, नगर सचिव आसिफमंसूरी, नगर सचिव तौकीर खान, नगर सचिव आदिल अलीए को बनाया गया।

# भाजपा ने चार सीटों पर मौजूदा विधायकों पर लगाया दांव

**संवाददाता।** फतेहपुर



**भारतीय** जनता पार्टी हाईकमान ने तमाम कयासो पर विराम लगाते हुए जिले की चार विधान सभा सीटों पर मौजूदा विधायकों को पुनः चुनाव लडाने का ऐलान किया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के हवाले से संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं मु यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा प्रदेश की 85 सीटो पर घोषित किए गए प्रत्याशियो में जनपद की हुसैनगंज विधान सभा सीट से मौजूदा विधायक (राज्य मंत्री) रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह, खागा (सुरक्षित) सीट से मौजूदा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह शाह विधान सभा सीट से मौजूदा विधायक विकास गुप्ता बब्लू एवं जनपद की हाट सीट सदर विस से मौजूदा विधायक विक्रम सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है।

बताते चलें कि जिले की 02 सीट बिंदकी एवं जहानाबाद से पार्टी ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। बिंदकी से जहां करण सिंह पटेल विधायक (भाजपा) है, वहीं जहानाबाद सीट समझौते के चलते अपना दल के पास होने से जय कुमार जैकी विधायक है। यहां पर गौरतलब है कि इस चुनाव में भी भाजपा का अपना दल से समझौता है, किन्तु यह तय नहीं हो पाया है कि यह सीट किसके खाते में रहेगी। इन सीटों पर प्रत्याशियो की घोषणा में अभी दो-एक दिन का समय अनुमानित है।

### पार्टी ने एक ही बिरादरी के फिर बनाए दो प्रत्याशी

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार जिले में एक ही बिरादरी (क्षत्रिय) के दो प्रत्याशी उतारकर कई बडे जनाधार वाली जातियों के बीच एक अनबूझी पहेली छोड़ दी है। यह अलग बात है कि यह दोनों प्रत्याशी संबंधित सीटों से विधायक हैं। ज्ञातव्य रहे कि भाजपा ने हुसैनगंज सीट से प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह को लगातार चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। वे दो बार विधायक भी बने। वहीं सदर सीट से विक्रम सिंह को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। वे दो बार से विधायक हैं।

यह अलग बात है कि दोनों ही प्रत्याशी खासे लोकप्रिय हैं, बावजूद इसके एक जिले से एक जाति के दो प्रत्याशी की कवायद न टूटने से पार्टी से जुड़ी बड़ी जनाधार वाली जातियों में ब्राह्मण, लोधी, कायस्थ, मौर्या आदि से सम्बंधित दावेदारों को मायूसी हाथ लगी है। साथ ही यह सवाल भी प्रमुखता से खड़ा हुआ है कि जिस जाति का जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ साथ दो विधायक बनाया, एक को मंत्री बनाया और फिर दो टिकट दे दिया, तो क्या अन्य जातियों पर पार्टी को विश्वास नहीं है। बड़ी बात यह भी है कि जिन सीटों पर भाजपा क्षत्रिय प्रत्याशी घोषित करती रही है, वहा पर स बंधित बिरादरी की बाहुल्यता भी नहीं है, बावजूद इसके यह निर्णय लोगों में चर्चा का विषय है।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचन से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर विस्तार से की समीक्षा, दिये निर्देश

**संवाददाता।** कानपुर देहात




**विधान सभा** सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, शान्तिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्वाचन से सम्बन्धित प्रत्येक बिन्दु पर गंभीरता से विचार विमर्श करके सम्बन्धित को निर्देश दिये गये, इस क्रम में सर्वप्रथम मतदेय स्थलों पर विद्युत की व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसके तहत यह पाया गया कि सिकन्दरा, रसूलाबाद, अकबरपुर, भोगनीपुर विधान सभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था से सम्बन्धित कुछ कमियां विद्यमान है, जिलाधिकारी ने इन कमियों को शीघ्र अतिशीघ्र दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही इस बैठक के दौरान मतदेय स्थलों पर पानी, शौचालय, रैम्प, साफसफाई की व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी तक यदि यह कार्य पूर्ण नही होते है तो लापरवाह और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कर्मियों के वैक्सीनेशन के दोनो डोज अवश्य लग जाये, जिसका वैक्सीनेशन शेष रह जायेंगा उस पर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि हर एक मतदेय स्थल पर सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं दुरस्त कर ले, साथ ही इस बात को भी देख ले कि कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन हो रहा है की नही, उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदान कर्मियों के साथ ही ड्राइवर, क्लीनर इत्यादि के लिए भोजन की व्यवस्था अवश्य की जाये। परिवहन की समीक्षा करते हुए एआरटीओ ने बताया कि मतदान को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए 322 बड़ी बसों और 32 छोटी बसों की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने कहा कि साइनेज को स्पष्ट तौर पर लगाया जाये, साथ ही साइनेज स्पष्ट तौर पर दिखना चाहिए।

# फांसी पर झूलता मिला छात्र का शव, हत्या का शक

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**पिता** के साथ खेत गये किशोर का संदिग्ध हालत में शव आम में पेंड पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजनों नें नामजद लोगों पर साजिश के तहत हत्या कर शव लटकाये जानें का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को आत्महत्या मान रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के गाँव हकीकतपुर निवासी विजय सिंह का 15 वर्षीय पुत्र विनय कुमार शुक्रवार सुबह अपने पिता के साथ गन्ने के खेत पर काम करनें गया था। दो घंटे बाद पिता जब घर से खाना खानें चले आये तो विनय अपनी समर देखनें की कहकर चला गया। कुछ देर बाद जब विजय खेत पर वापस लौटे तो उन्हें विनय समर के आस-पास नजर नही आया। चिंता होनें पर विजय व उनके परिजन विनय की तलाश में जुट गये। कुछ देर बाद विजय के भतीजे रिंकू नें विनय का शव उदयवीर के आम के बाग में फांसी के फंदे पर लटका

देखा। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को नीचे उतरवाया। पड़ताल में परिजनों नें पुलिस को बताया कि गाँव के ही नामजद लोगों से समर का पाईप तोड़ने को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर उन्हें और उनके परिवार सेनुकसान की भरपायी के लिए जबरन 1600 रूपये वसूले गये थे। उन्हें पूर्व विश्वास है की उनके बेटे की उपरोक्त लोगों नें साजिश के तहत हत्या कर दी और शव फांसी के फंदे पर लटका दिया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह नें बताया कि प्रारम्भिक जाँच में विनय द्वारा आत्महत्या किये जानें की बात सामने आयी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जायेगी।

# भाई को छुड़ाने को दुष्कर्म पीड़िता का कोतवाली में हाईवोल्टेज ड्रामा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**सामूहिक** दुष्कर्म की पीड़िता के जेल भेजे गये आरोपी की बहन से छेड़छाड़ के मुकदमें में फंसे भाई छुडानें के लिए विचलित पीड़िता नें शुक्रवार को कोतवाली में हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़िता नें मिट्टी का तेल छिड़कर आत्मदाह करनें का प्रयास किया। कोतवाली में हुए हाईबोल्टेज ड्रामे से सर्द मौसम में पसीना-पसीना हुई पुलिस ने पीड़िता को शांति भंग में गिरफ्तार कर अपनी जान बचायी।

कोतवाली फतेहगढ़ के कर्नलगंज चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी निवासी युवती नें कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमें में एक फंसे एक आरोपी की बहन नें पीड़िता के भाई के विरुद्ध छेड़छाड का मुकदमा दर्ज कराया। गत माह पुलिस नें सामूहिक दुष्कर्म में फंसे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं शुक्रवार को पुलिस नें छेड़छाड़ के मामले में फंसे पीड़िता के भाई की गिरफ्तारी कर ली। जिसकी जानकारी मिलते ही छेड़छाड़ का आरोप लगानें वाली युवती कोतवाली जा धमकी। इसी बीच भाई की गिरफ्तारी की खबर पाकर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता भी कोतवाली पंहुच गयी और उसने एक भाजपा नेता के इशारे पर परिवार का उत्पीड़न करानें का आरोप लगाते हुए भाई की गिरफ्तारी पर सबाल उठाया भाई को ना छोड़े जानें पर आत्मदाह की चेतावनी दी। पुलिस अभी माजरे को समझ पाती इससे पहले हंगामा कर रही पीड़िता नें छुपा कर लायी गयी मिट्टी के तेल की शीशी अपने ऊपर पलट ली। जिससे मौजूद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। हादसा होते देख पुलिस पसीने-पसीने हो गयी। महिला पुलिस कर्मियों की मदद से जैसे-तैसे उसे बचाकर कड़ी सुरक्षा में बैठाया गया। जानकारी मिलनें पर आलाधिकारी पंहुचे और आत्मदाह की कोशिश करनें के मामले में युवती की शांति भंग करनें के मामले में गिरफ्तारी करनें के आदेश दिये। क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह ने बताया की एक पक्ष नें सामूहिक दुष्कर्म के मामले एम् रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एक आरोपी जेल में है। जेल में बंद आरोपी की बहन नें पीड़िता की भाई के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। छेड़छाड़ के मामले में पुलिस नें आज जब आरोपी को गिरफ्तार किया तो उसकी बहन नें कोतवाली में आकर आत्मदाह का नाटक किया। उसकी भी शांति भंग करनें के आरोप में गिरफ्तारी कर ली गयी है। प्रकरण में भाजपा नेता की संलिप्तता अब तक की जाँच में साफ नही है।

## कायमगंज सपा प्रत्याशी का हुआ विरोध फूंके गये पुतले

**फर्रुखाबाद।** सपा ने कायमगंज से पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सर्वेश अम्बेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिसकी पुष्टि उन्होंने खुद की है। टिकट मिलने की भनक लगते ही उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध शुरू हो गया। कई जगह पुतले फूंककर इसका विरोध किया गया।दरअसल कायमगंज से पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, करन माथुर,रामविलास माथुर, संतोष दिवाकर, शशि दिवाकर, कन्हैया लाल कोरी, रामशरण कठेरिया भी दावेदारों की लाइन में थे। सपा ने सर्वेश अम्बेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। लेकिन उन्हें बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध भी शुरू हो गया है। विधान सभा कायमगंज के अचरा, गौरखेड़ा, खलवारा आदि जगहों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। अपने नेता को टिकट ना मिलने से खफा लोगों नें पुतले फूंक कर नारेबाजी की।

## क्विक न्यूज

### शिवपाल की करीबी अर्चना राठौर पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** पुलिस के विरोधी दल के नेता रडार पर आ गये है। सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी पर मुकदमा दर्ज होनें के साथ ही प्रसपा नेता अर्चना राठौर पर भी आचार संहिता उलंघन के मामले में केस दर्ज किया गया है।दारोगा अजय कुमार ने कोतवाली में दर्ज करायी गयी एफआईआर में कहा कि भोजपुर विधान सभा की नेता व भावी प्रत्याशी अर्चना राठौर ने खिरिया मुकुंद में 15-20 लोगों के द्वारा मीटिंग कर आचार संहिता व कोविड प्रोटोकॉल का उलंघन किया गया। जिसके चलते उनके खिलाफ पुलिस नें उनके खिलाफधारा 171 (ग), 188, 269, 270, आपदा प्रबंधन की धारा 51, महामारी अधिनियम की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज की

### जेल में दो बंदियों सहित जिले में 69 नये कोरोना संक्रमित

**फर्रुखाबाद।** जनपद में कोरोना के नये 69 मामले सामने आये है। जिसमे जिला जेल फतेहगढ़ के दो बंदी भी शामिल है। दरअसल शुक्रबार को आयी कोरोना रिपोर्ट में विकास खंड शमसाबाद में एक, राजेपुर में चार, मोहम्मदाबाद में आधा दर्जन, कमालगंज में 9, कायमगंज में भी दो मरीज संक्रमित निकले है। विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र में कुल 22 नये संक्रमित निकले है। जिसमे दो बंदी जिला कारागार के संक्रमित है। दो दर्जन लोग अन्य भी संक्रमित मिले है। जिला जेल अधीक्षक भीम सेन मुकुंद नें बताया कि उनके सभी बंदियों के कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके है। इसके साथ ही तकरीबन 29 बंदी रक्षक खुद उनको मिलाकर बूस्टर डोज लगवा चुके है।

### सपा के पूर्व विधायक के पुत्र सहित 20 पर एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** सपा नेता अरशद जमाल सहित 15-20 लोग आचार संहिता उलंघन के मामले में फंस गये है। उनके खिलाफ कोतवाली पुलिस नें एफआईआर दर्ज की है। केतवाली मोहम्मदाबाद के दारोगा अजय कुमार नें दर्ज करायी गयी एफआईआर में कहा है कि सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी के पुत्र है। अरशद जमाल भोजपुर 195 विधान सभा से टिकट की सपा से दावेदारी कर रहे हैं। अरशद जमाल नें 15-20 लोगों के साथ दाऊदपुर में चुनाव सम्बन्धित मीटिंग की गयी। जिसमे आचार संहिता और कोविड-19 के प्रोटोकॉल का उलंघन किया गया। जिसके चलते कोतवाली पुलिस नें उनके खिलाफ171 (ग), 188, 269, 270, आपदा प्रबंधन की धारा 51, महामारी अधिनियम की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है। जाँच दारोगा अशोक कुमार को दी गयी है

### बीते 24 घंटे में मिले 61 कोरोना संक्रमित

**फतेहपुर।** जिले में कोरोना संक्रमितो की र तार थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले 24 घण्टे के दर यान जिले में 61 और कोरोना संक्रमित मिलने से कुल ऐक्टिव संक्रमितो की सं या 232 हों गई है। बताते चलें कि यह र तार पिछले लगभग दो सप्ताह से बदस्तूर जारी हैं, जिससे हडकंप मच गया हैं किन्तु अभी भी बडी सं या में लोग कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही भीड भाड वाले इलाकों में फिजिकल डिस्टेंस का कतई ध्यान नहीं रखा जा रहा है और बडे पैमाने में लोग बगैर मास्क के घूमते देखें जा सकते हैं। आज देर शाम जारी सरकारी विज्ञप्ति में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि कोरोना संक्रमितो की आज 61 की सं या को जोडकर कुल संक्रमित 232 हों गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जहां पर भी संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने जनपदवासियों से कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करने और जरूरी होने पर ही घर से निकलने की अपील की है। बताया गया कि कई लोग ठीक होकर घर भी जा रहे हैं।

### सीडीओ ने दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (कार्मिक/प्रशिक्षण) सौम्या पाण्डेय ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अधिकारियों/प्रथम मतदान अधिकारियों के पूर्व निर्धारित प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम (दिनांक 20, 21, 22 एवं 24 जनवरी 2022) को अग्रिम आदेशों तक स्थगित करते हुए समस्त कार्मिकों को निर्देशित है कि अधिकारी/ प्रथम मतदान अधिकारी के प्राप्त कराये गये ड्यूटी आदेशों को मूलरूप में जिला विकास कार्यालय के कक्ष संख्या 215 में तत्काल प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम की संशोधित पुनः नये स्तर से निर्धारित करते हुए प्रशिक्षण में सम्मिलित पीठासीन अधिकारियों/ प्रथम मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण ड्ूटी आदेश जारी/ निर्गत कराकर पुनः प्राप्त करायें जायेंगे।

### जमीनी विवाद को लेकर मां-बेटे को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जमीनी विवाद को लेकर मां बेटे को गांव के ही एक ही परिवार के तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम किशवापुर निवासी सत्येंद्र कटियार पुत्र रामआसरे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन उसके घर के सामने खाली मैदान में कंडे पाथने के विवाद को लेकर उसकी मां के साथ गांव की ही मंजू देवी, कुलदीप, दुर्गेश कटियार ने अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आने पर उसे भी मारपीट कर घर कर दिया। इस दौरान उसके जेब में रखे पैसे गिर गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एसपी के आदेश पर पिता-पुत्री से मारपीट का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत पांच दिन पूर्व रंजिश के चलते पिता पुत्री को गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिन घर के दरवाजे पर खेल रही मासूम किशोरी घर पर बिना बताए कहीं चली गई। काफी समय तक घर नहीं आई तो परिजनों ने काफी खोजबीन के पश्चात कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी उमेश शर्मा पुत्र गंगाचरण द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन की दोपहर उसकी दस वर्षीय पुत्री पुष्पा किसी अज्ञात के बहकावे में घर से चली गई। जब वह काफी समय बीत जाने पर भी घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी पास पडोस सहित रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# वैक्सीनेशन टीम को डोर टू डोर जाकर टीकाकरण करने के निर्देश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**शुक्रवार** को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से ब्लाक मोहम्मदाबाद के ग्राम रोहिला, खजुरी, ब्लाक कमालगंज के ग्राम महोई, ईसेपुर,झसी आदि का भ्रमण किया। कोविड-19 टीकाकरण कार्यो का पर्यवेक्षण करते हुए सभी को टीका लगवाकर अपने आप को सुरक्षित करने हेतु प्रेरित किया। वैक्सीनेशन टीम को डोर टू डोर जाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर बिना किसी दबाव, भय एवं प्रलोभवन के शांतिपूर्ण ढ़ग से कोविड प्रोटोकॉल नियमो का पालन करते हुए मतदान में भाग लें हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से मतदान केन्द्र के आसपास एकत्रित न हो। यदि कोई उपद्रवी तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही होगी । यदि कोई व्यक्ति शराब और पेट्रोल पर्ची का निरूशुल्क वितरण करके अपने पक्ष में मतदान के लिए जनसामान्य को प्रेरित करता है, तो ऐसे लोगो की शिकायत टोल फ्री नम्बर-1950ए 112 एवं सीविजिल एप मोबाइल में डाउनलोड करके भी कर सकते है, आपकी सूचना गोपनीय रखकर त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के नगला कैथन में देखा गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा कोविड टीकाकरण के प्रति जागरूक न होने के कारण टीका नहीं लगवा जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं वार्ड का भ्रमण कर सभी को जागरूक किया और अपने सामने ही कोविड टीकाकरण से छूटे हुए व्यक्तियों का टीकाकरण कराया।

# टीईटी परीक्षा के लिए आज पूर्वान्ह से लागू होगी धारा 144: जिला मजिस्ट्रेट

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**विशेष** सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तर प्रदेश (टी0ई0टी0). 2021 दिनांक 23.01.2022 के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उक्त परीक्षा सुचारू नकल विहीन, शान्तिपूर्ण एवं शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद में निम्न परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला मजिस्टेऊट जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि निम्न परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 23.01.2022 को प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:30 तक तथा द्वितीय पाली में मध्याहन 02:30 बजे से 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षाऐं अकबरपुर इण्टर कालेज, अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर, राजकीय महाविद्यालय, क्षेत्रीय इण्टर कालेज, फतेहपुर रोशनाई, श्री कृष्ण औण्इण्टर कालेज, मोहम्मदपुर, श्री रामस्वरूप ग्रामो0 महाविद्यालय पुखरायां, श्री रामस्वरूप ग्रामो0 इण्टर कालेज पुखरायाँ, विवेकानन्द राष्ट्रीय इण्टर कालेज पुखराया, नेहरू इण्टर कालेज रसधान, श्री मालवीय इण्टर कालेज, गुंगीसापुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, पुखरायॉ, आदर्श किसान इण्टर कालेज हासेमऊ, दयानन्द इण्टर कालेज बाढ़ापुर, नेहरू इण्टर कालेज शाहजहाँपुर, भारतीय विद्यापीठ इण्टर कालेज राजपुर, ग्राम विकास इण्टर कालेज बुधौली, श्री देवी सहाय ओंकार इण्टर कालेज डेरापुर, पटेल विद्यापीठ इण्टर कालेज, बरौर में होना है।

जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता धारा-144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था/ शांति व्यवस्था/ जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रो के आस-पास 100 मीटर की परिधि की के अन्तर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञाएं पारित की है जो इस प्रकार है। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास ध्वनि विस्तारण यन्त्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आईटी0 गैजेट्स ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। कोई भी व्यक्ति कोविड-19 प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेसिंग नियम का न तो उल्लंघन करेगा और न ही किसी को उल्लंघन करने हेतु दुष्प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा हेतु परीक्षार्थिओं को उनके परीक्षा केन्द्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की रुकावट नहीं डालेगा और न ही ऐसा कृत्य करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा।

# यूरिया की किल्लत और काला बाजारी से किसान परेशान

**संवाददाता।** खागा (फतेहपुर)



**बुन्देलखण्ड** क्षेत्र में किसान इन दिनों खाद की किल्लत से परेशान हैं। आला-अधिकारी चुनाव संबंधी कार्यों में व्यस्त हैं। अधिकारियों के दूसरे कार्यों में व्यस्त होने का फायदा खाद कारोबारी जमकर उठा रहे हैं। बीते कई दिनों से क्षेत्र में यूरिया की कालाबजारी हो रही है। किसानों को प्रति बोरी 50 से 70 रुपये अधिक चुकाने पड़ते हैं। इस समस्या का निस्तारण निकालने के लिए शुक्रवार को बुंदेलखण्ड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय व स्वयंसेवकों ने एसडीएम खागा प्रभाकर त्रिपाठी को ज्ञापन देकर ठोस कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय अध्यक्ष ने एसडीएम को बताया कि वर्तमान समय में गेहूं की फसल में यूरिया की जरूरत है। समितियों में या तो खाद की अनुपलब्धता है या फिर किसानों को जरूरत के मुताबिक नहीं मिल पा रही है। सचिव किसानों के साथ भेदभाव करते हैं। जिसके चलते उन्हें प्राइवेट दुकानों पर जाना पड़ता है। बुंदेलखंड में खाद की कमी के बीच बढ़ती मांग के कारण प्राइवेट दुकानदार भी कालाबजारी पर उतारू हैं। प्रति बोरी 50 से 70 रुपये अधिक दाम पर किसानों को यूरिया खाद मिल पा रही है। 266.50 रुपये प्रति बोरी से मिलने वाली यूरिया खाद क्षेत्र के विभिन्न कस्बा व गांवों की दुकानों पर 340 से 350 रुपये में बिक रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में यूरिया खाद की एक बोरी 370 रुपये तक बेची जा रही है। किसानों को मजबूरी में महंगे दाम पर यूरिया खरीदनी पड़ रही है। विभागीय अधिकारी इसे अनदेखा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा किसानों को अधिक पैसे देकर भुगतना रहा है। एसडीएम ने आश्वस्त किया है कि थोक व फुटकर दुकानदारों के यहां औचक निरीक्षण करके कालाबजारी समाप्त की जाएगी। पकड़े जाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला, वार्ड सभासद सूरज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र सैनी, आदि मौजूद रहे।

# घर पर ही सही देखभाल से कोरोना को दें मात

**संवाददाता।** फतेहपुर

**कोविड-19** के मामले बढ़ जरूर रहें हैं लेकिन पहली दो लहर जैसी गंभीर स्थिति संक्रमितों में इस बार नहीं देखी जा रही है। बहुत से लोगों में तो कोई खास लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं, फिर भी उनकी रिपोर्ट पाजिटिव आ रही है। ऐसी स्थिति में घर पर ही रहकर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए और स्वास्थ्य महानिदेशालय से जारी दवाओं का सेवन करते हुए कोरोना को आसानी से मात दिया जा सकता है। इसके साथ ही सरकार द्वारा कोविड की जांच, उपचार और रेफर के लिए बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर से संक्रमितों की निगरानी की जा रही है और जरूरी परामर्श भी दिए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशालय ने इस बार कोविड को मात देने के लिए समिति द्वारा निर्धारित दवाओं की सूची जारी करने के साथ ही कोरोना से निपटने के लिए की गईं तैयारियों और बरती जाने वाली सावधानियों का भी जिक्र किया है। पत्र के मुताबिक इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर से होम आइसोलेशन के पात्र मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति की निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी होम आइसोलेटेड मरीज के लक्षण युक्त हो जाने या उसे चिकित्सकीय सहायता की जरूरत होने पर इलाज व संदर्भन की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा जन सामान्य को कोविड से बचाव के उपायों और प्रदेश में उपलब्ध कोविड की जांच व इलाज की उपलब्ध सेवाओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है। चिकित्सीय सलाह की सुविधा पूरे समय के लिए उपलब्ध है। ई-संजीवनी एप के माध्यम से घर पर ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मुफ्त कंसल्टेंसी की सुविधा दी जा रही है। सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मुफ्त कोविड टीकाकरण किया जा रहा है। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त कोविड जांच और लक्षण युक्त व्यक्तियों के लिए उपचार की सुविधा मौजूद है। विशेष परिस्थितियों में हेल्पलाइन नंबर- 1800-180-5145 और 104 नंबर की भी मदद ली जा सकती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि परिवार में कोई व्यक्ति कोविड पाजिटिव है तो होम आइसोलेशन के नियमों का पालन करें और घर से बाहर न निकलें। इसके अलावा यदि खुद कोविड के लक्षणों से ग्रसित हैं तो खुद को परिवार के अन्य सदस्यों से दूर रखें और घर से बाहर न निकलें।

जहानाबाद में होम आइसोलेशन में रहने वाली 46 वर्षीया रश्मि (बदला हुआ नाम) ने बताया कि कोविड पाजिटिव की रिपोर्ट आने के बाद उन्हें घर पर ही मेडिकल किट मुहैया करा दी गई थी और दिन में तीन-चार बार इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से फोन पर हालचाल ली जाती है और आक्सीजन लेवल की भी जानकारी ली जाती है। इन परिस्थितियों में हेल्पलाइन या डाक्टर से संपर्क करें: लगातार कई दिनों तक 101 डिग्री से अधिक का बुखार, सांस फूलना और सांस लेने में परेशानी होना, पल्स आक्सीमीटर से नापने पर आक्सीजन का स्तर 94 फीसद से कम आना, भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर।

# घर-घर पहुंचेंगी टीमें, कोरोना को लेकर करेंगी जागरूक

● जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य व विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार की अध्यक्षता में जनपद के स्वास्थ्य विभाग व विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ दिनांक 24 जनवरी से 29 जनवरी 2022 तक (26 जनवरी 2022 को छोड़कर) जनपद के समस्त घरों का भ्रमण सुनिश्चित किये जाने को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गयी। उन्होंने बताया कि उप्र शासन द्वारा प्रदेश में कोविड संवेदीकरण, कोविड रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चें एवं गर्भवती महिलाओं एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कोविड टीकाकरण की पहली खुराक से वंचित व्यक्तियों के चिन्हिकरण एवं सुचीबद्ध किये जाने के निर्णय के क्रम में बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि इस समेकित प्रयास में गृह भ्रमण हेतु टीमों एवं पर्यवेक्षकों का दो दिन में प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित टीमें अभियान दिवसों में गृह भ्रमण के दौरान प्रत्येक घर का भ्रमण करेंगी और कोविड संक्रमण के रोक.थाम व बचाव के विषय में लोगों को संवेदीकरण करने के साथ.साथ कोविड के लक्षणयुक्त (सर्दी, खाँसी, जुकाम, बुखार, साँस लेने में तकलीफ) व्यक्तियों का चिन्हीकरण व सुचीबद्ध करगे तथा ड्रग किट का वितरण एवं कोविड सैम्पलिंग कराया जायेगा। प्रशिक्षित टीमें अभियान दिवसों के दौरान नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को सुचीबद्ध व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जिनके द्वारा कोविड टीके की पहली खुराक नहीं प्राप्त की गयी हो का चिन्हीकरण एवं सुचीबद्ध कर कोविड टीकाकरण सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ ही 15 से 17 वर्ष बच्चों को सुचीबद्ध कर उन्हें भी कोविड टीकाकरण से आच्छादित किया जायेगा।

डीएम ने जिला पंचायती राज अधिकारी एवं नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी साथ ही साथ ग्राम निगरानी समिति एवं मोहल्ला निगरानी समिति द्वारा घर.घर भ्रमण के दौरान पूर्ण सहयोग प्रदान करें और आवश्यकतानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर चिपकाया जाये। डीएम ने जनपदवासियों से कहा कि कोविड संक्रमण से रोक थाम, बचाव एवं कोविड टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित हो इसके लिये सभी जनपदवासी उनके घरों पर आने वाली टीमों को सही सही सूचना प्रदान करें और जनपद को कोविड संक्रमण से सुरक्षित रखने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा नागरिक कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का सदैव प्रयोग तथा 2 गज की दूरी अपनायें। बैठक में सीडीओ, सीएमओ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला सर्विलान्स अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं ब्लाक स्तर से समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सामु. स्वा0 केन्द्रए उपस्थित रहें।

## नए स्ट्रेन को डब्ल्यूएचओ ने चिंता का विषय बताया

**प्रयागराज।** कोविड 19 की शुरुआत के बाद से सभी सामूहिक रूप से एक बेहद भयानक समय से गुजर रहे हैं। पिछले कुछ समय से कोरोना के मामलों में आई गिरावट ने कुछ राहत पहुंचाई थी लेकिन इसके नए वेरिएंट ओमीक्रोन का बढ़ता प्रकोप एक बार फिर नए रिकॉर्ड बना रहा है। पॉलिसी बाजार डॉटकॉम के प्रमुख स्वास्थ्य बीमा अमित छाबड़ा ने कहा कोरोना की तीसरी लहर आने की संभावना बढ़ने के साथ हमें पहले से भी ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। नया स्ट्रेन जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा चिंता का विषय घोषित किया गया है। अब सतत्तर से अधिक देशों में मौजूद है और भारत में भी बेहद तेजी से फैल रहा है। खतरनाक वर्तमान स्थिति ने स्वास्थ्य बीमा को न सिर्फबहुत जरूरी बना दिया है। बल्कि अब हमें अपने लिए सबसे सही स्वास्थ्य बीमा चुनने से पहले उपलब्ध विभिन्न विकल्पों को ध्यान से समझने की भी जरूरत है।ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की बात आते ही बहुत सारे विकल्प हमारे सामने होते हैं।

## कोविड 19 के कार्यों में न बरती जाए लापरवाहीः डीएम

● डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न


बैठक करते डीएम संजय कुमार

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को संगम सभागार में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गयी। बैठक में कोविड 19 संवेदीकरण और नियंत्रण तथा कोविड 19 के लक्षण युक्त व्यक्तियों नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों 60 वर्ष के अधिक आयु के कोविड 19 टीके की पहली खुराक न प्राप्त करने वालों के चिन्हीकरण किया जाये। डीएम ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया है कि माइक्रो प्लान के अनुसार जनपद में टीमों का गठन किया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टीम में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अनिवार्य रूप से रखा जाए। डोर टू डोर सर्वे में उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों डीपीआरओ एवं डीपीओ को निर्देशित किया है कि डीपीओ अपने सारे सीडीपीओ के साथ बैठक करके माइक्रो प्लान बनवा लें तथा प्रत्येक टीम में एक आशा एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री रहेगी। यह सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि डोर टू डोर सर्वे में सहायक पंचायत राज अधिकारी एवं रोजगार सेवक सहयोग करेंगे। जो भी डाटा आयेगा सर्वे के दौरान जो लक्षणयुक्त पाये जायेंगे उन्हें मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी तथा जो मरीज गम्भीर रूप से पीड़ित होंगे। उन्हें सम्बंधित टीम अपने अधीक्षक को सूचित करेगी और अधीक्षक उन्हें आगे के लिए रेफर करेंगे तथा डोर टू डोर सर्वे में जो भी अभी तक किन्हीं कारणों से छूटे है। उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण सुनिश्चित किया जायेगा। कोविड 19 के लक्षण वाले व्यक्तियों को टीम के द्वारा मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए एवं कोविड 19 केंद्र में सूचीबद्ध निकटवर्ती जांच केंद्रों के बारे में बताया जाए। सर्वेक्षण टीम द्वारा घर घर जाकर जागरुकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया गया। विभिन्न संचारी रोगों तथा कोविड 19 संक्रमण के खतरे एवं बचाव के विषय में जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए।

## नाबालिग बालिका से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**मिल्कीपुर अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय के दिशा निर्देश में अपराध पर रोकथाम एवं अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खंडासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नाबालिक दलित बालिका से छेड़खानी करने के आरोपी अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए अपचारी को पुलिस टीम थाने ले आई जहां उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमे के आरोप में थानाध्यक्ष ने जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष खण्डासा संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक चन्द्रमणि यादव हमराही सिपाहियों शिवम चौधरी व बृजेश यादव के साथ थाना क्षेत्र में सघन चेकिंगए चेकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति व क्षेत्र भ्रमण करते हुए वांछित अभियुक्तों की तलाश में मशगूल थे। इसी बीच थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 315/2021 धारा 354, 504, 506 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2) 5 एससी एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त लाल बाबू उर्फ हफीज अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी ग्राम सिड़सिड़ पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए बाल अपचारी को पुलिस टीम थाने ले आई जहां उसे थानाध्यक्ष ने जेल भेज दिया।

# संघ से जुड़े राजेश खरे को पश्चिमी से प्रत्याशी बनाने के लिए उठी मांग

● धार्मिक नगरी चित्रकूट को अलग पहचान दिलाने की मुहिम का अहम हिस्सा रहे राजेश खरे को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**शहर पश्चिम** विधानसभा नागरिक विकास मंच के तत्वावधान में आगामी माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अहम बैठक शुक्रवार को कालिंदीपुरम स्थित गेस्ट हाऊस में हुई। अध्यक्षता भानु प्रकाश सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मांग की गयी कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से शहर पश्चिम विधानसभा से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व कार्यवाहक महासचिव राजेश खरे को अवसर दिया जाए।राजेश खरे को शहर पश्चिम विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलते राजेश खरे

का उम्मीदवार बनाए जाने की मांग उठाई है। अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को 8300 लोगों का समर्थन पत्र भेजा गया है। लोगों ने सर्वसम्मति से कहा कि राजेश खरे भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में खासा सक्रिय हैं। वह जनता के मध्य रहते हैं। पश्चिम विधानसभा नागरिक विकास मंच का कहना है कि राजेश खरे जुझारू योग्य एवं ईमानदार व्यक्तित्व के नेता हैं। वह उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 27 वर्षों से वकालत कर रहे हैं। समाज हित के लिए कई जनहित याचिकाएं भी दाखिल की हैं।

25 साल पूर्व विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में चार बार पदाधिकारी रह चुके हैं। महासचिव का भी दायित्व संभाल चुके हैं। राजेश खरे कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। राजेश खरे 30 वर्षों से पश्चिम विधानसभा में रहकर लोगों की समस्याओं को निस्तारण करवा रहे हैं। राजेश मूल रूप से चित्रकूट के हैं चित्रकूट को जिला बनाओ डिग्री कॉलेज स्टेडियम और अन्य सामाजिक समस्याओं का आंदोलन कर समस्या का समाधान कराया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनके नेतृत्व में कई आंदोलन किये गए। चाहे पश्चिम उत्तर प्रदेश का आंदोलन रहा हो न्याय मूर्तियों के नियुक्त का आंदोलन हो अधिवक्ताओं की हर समस्याओं में हमेशा खड़े रहने वाले राजेश खरे की पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में अच्छी पैठ है। वह जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराने में भी अगुआ की भूमिका में रहते हैं।

उन्होंने पश्चिम विधानसभा नागरिक विकास मंच भी बनाया है।बैठक में लोगों ने जानकारी दी कि विधानसभा में 14 से 15 हजार अधिवक्ता निवास कर रहे हैं। उनकी बिरादरी के लगभग 18 से 20 हजार कायस्थ वर्ग सहित अधिकांश अधिवक्ता व्यापारी किसान वर्ग शिक्षक पत्रकार मजदूर वर्ग सहित सभी लोगों ने समर्थन किया है। लोग एक स्वर से पश्चिम विधानसभा का बदलाव चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।

बैठक का संचालन धीरज मिश्रा ने की। बैठक में कमलेश त्रिपाठी राजकुमार मिश्रा रजनीश श्रीवास्तव धीरेंद्र उपाध्याय जे पी श्रीवास्तव पूनम श्रीवास्तव वीरेंद्र सिंह दिवाकर विक्रम सिंह संजय श्रीवास्तव मनीष द्विवेदी कमल देव पांडेय मनोज मिश्रा रत्नाकर द्विवेदी अवध नारायण राय राजेश यादव बी के श्रीवास्तव रत्ना रानी नीलम रस्तोगी अशोक चौहान गुलाब सिंह डा बी के सिंह राजेश पांडेय पवन श्रीवास्तव आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### निसंतानता बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में से एकः डा अंजली

**प्रयागराज।** नि:संतानता भारत में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है लेकिन इस ओर ज्यादातर लोगों का ध्यान नहीं गया है। खासकर पुरूष नि:सन्तानता के मामले में तो स्थिति अधिक गंभीर है। आमतौर पर पुरुषों को लगता है कि निल शुक्राणु में पिता नहीं बना जा सकता है लेकिन आधुनिक माइक्रो टीसा तकनीक से शून्य शुक्राणु में अपने शुक्राणु से पिता बना जा सकता है। इन्दिरा आईवीएफप्रयागराज ने निल शुक्राणु के कारण पिता बनने से वंचित पुरूष में इस तकनीक से पिता बनने की उम्मीद जगायी है। दंपत्ति की शादी को ग्यारह वर्ष का समय हो गया था लेकिन पुरुष में शुन्य शुक्राणु की स्थिति के कारण परिवार पूरा नहीं हो पाया था। इन्दिरा आईवीएफ प्रयागराज की सीनियर कन्सल्टेंट डा अंजली शर्मा ने बताया कि प्रयागराज सेंटर में पहली बार माइक्रो टीसा तकनीक से शुक्राणु निकाल कर सफलतापूर्वक इक्सी प्रक्रिया की गयी। दंपत्ति काफी प्रयासों के बाद भी कसीव नहीं कर पा रहे थे। दोनों की जाचे की गयी तो पत्नी की सारी रिपोर्ट्स सामान्य आयी लेकिन पुरुष के शुक्राणु निल थे। फोकल स्परमेटोजेनेसिस की स्थिति में पुरुष के शुक्राणु निकालने के लिए इक्सी प्रक्रिया के तहत दीसा किया गया। इसमें स्वस्थ शुक्राणुओं की प्राप्ति हुई। डा अंजली शर्मा डा सुएवा डा अमित त्रिपाठी डा मधुलिका की टीम द्वारा इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। सेंटर की आईवीएफ स्पेशलिस्ट डा सुएवा डा मधुलिका ने बताया कि इन्दिरा आईवीएफने बताया कि पुरूष नि:संतानता के मामलों में पुरूष के स्वयं के शुक्राणु से आईवीएफ इक्सी तकनीक के माध्यम से संतान प्राप्ति की जा सकती है।

### आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की जानकारी 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक करनी होगी

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त ध्रोल आब्जर्बर नवदीप रिनवा ने चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के तहत बताया कि राजनीतिक पार्टियों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की जानकारी अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक करनी होगी। आयोग द्वारा बनाये गये इसके साथ एक केवाईसी ऐप बनाया है जिस पर उम्मीदवारों के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का सभी पार्टियों को कड़ाई से पालन करना होगा। मण्डलायुक्त ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के आधार पर कई राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के चयन के 48 घंटे के अंदर समाचार पत्रोंए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और पार्टी की वेबसाइट पर इसके बारे में पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें चयन का कारण बताना जरूरी होगा।

### विधान सभ निर्वाचन के लिए खर्च सीमा हुई 40 लाख

**अयोध्या।** डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशों के क्रम में बताया कि विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग की अधिसूचना एसओ 72 (ई) के द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 90 संशोधन के अन्तर्गत लोकसभा एवं विस निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकतम निर्वाचन व्यय को बढ़ाया गया है। प्रकाशन तिथि से उप्र के लिए विस निर्वाचन क्षेत्र के लिए अब यह सीमा रू 40,00,000.00 कर दी गयी है। डीएम ने रिटर्निंग आफिसरों एवं अन्य संबंधितों तथा समस्त राजनैतिक दलों के संज्ञान में लाये जाने के निर्देश दिये हैं।

### 24 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका दिवस

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) और संस्कृति मंत्रालय ने 24 जनवरी 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाये जाने के निर्देश दिये है। कोविड महामारी के दृष्टिगत कार्यक्रम का आयोजन कोविड के उचित व्यवहार का पालन करते हुए और अधिमानत: वर्चुअल/ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जा सकता है। कार्यक्रमों में बालिकाओं के मूल्य पर पोस्टर, स्लोगन.लेखन, ड्राइंग, वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर गौशालाओं का हुआ औचक रात्रि कालीन निरीक्षण

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन ने गौशालाओं की स्थिति की वास्तविक समीक्षा हेतु जनपद के समस्त 9 विकासखंड एवं चार नगरीय निकायों में संचालित गौआश्रय स्थलों के निरीक्षण के अचानक आदेश निर्गत किए। इस आदेश के बाद प्रशासनिक आला अचानक गौशालाओं पर पहुंचकर गौशालाओं में स्थापित सुविधाओं यथा अलावए पानी, भूसा, चोकर उपस्थित सफाई कर्मचारियों/चौकीदारों की उपस्थिति का निरीक्षण किया।

गौ आश्रय स्थल सैदपुर भीतरी में वीरेंद्र सिंह जिला विकास अधिकारी, सिसवा में वीरेंद्र सिंह जिला विकास अधिकारी, मिर्जापुर अकबरपुर में सत्य प्रकाश मिश्रा जिला संयोजक, प्रतापपुर चमुर्खा में अनुपम सिंह खंड विकास अधिकारी कटेहरी, टीकम पारा में अनुपम सिंह खंड विकास अधिकारी कटेहरी, भड़सारी में डॉक्टर अवतार सिंह सीवीओ व पीयूष राय खंड विकास अधिकारी टांडा, इल्तिफातगंज में संकर्षण लाल अधिशासी अभियंता, उमरा मिरानपुर में राजमंगल चौधरी खंड विकास अधिकारी बसखारी, अखलासपुर में सुभाष चन्द सरोज खंड विकास अधिकारी रामनगर व एसडीएम आलापुर एतेंदुआई खुर्द में दिनेश प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी जहांगीरगंज, लालमन पुर में दिनेश प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी जहांगीरगंज, पटोहा गाने पुर में जेपी सिंह एडीओ पंचायत जलालपुर, कल्याणपुर में अनुराग सिंह खंड विकास अधिकारी जलालपुर, मालीपुर में अनुराग सिंह खंड विकास अधिकारी जलालपुर, जलालपुर काजी में डीबी सिंह अधिशासी अभियंता नपा जलालपुर, रतना में अरुण कुमार पांडे खंड विकास अधिकारी भियांव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा कठोर निर्देश दिए गए कि यदि किसी गौशाला में ठंड, भूख से मृत होती है तो जिम्मेदार कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। छुट्टा गोवंश अनिवार्य रूप से गौशालाओं में संरक्षित किया जाए एवं अधिकारी लगातार गौ शालाओं का निरीक्षण करते रहे।


## डीएम के आदेश पर छुट्टा पशुओं को पहुंचाया गया पशु आश्रय केंद्र

**संवाददाता।** किछौछा अम्बेडकरनगर

**नवसृजित** नगर पंचायत जहांगीरगंज व नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में छुट्टा घूम रहे गोवंशो को जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा व नवसृजित नगर पंचायत जहांगीरगंज के कर्मचारियों द्वारा पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में छुट्टा घूमकर फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले गोवंशो को पकड़कर नगर पंचायत द्वारा बसखारी विकासखण्ड अन्तर्गत उमरापुर चहोड़ा घाट व तेदुवाई कला में बने पशु आश्रय केन्द्र भेजा गया। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन के आदेश पर चलाये जा रहे इस अभियान के तहत कुल 38 गोवंशो को पकड़ कर पशु आश्रय केंद्र भेजा गया।इस सम्बन्ध में अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छंद रूप से टहल रहे गोवशो द्वारा फसलों को नुकसान किया जा रहा था जिसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा आदेशित किया गया था कि ऐसे जानवरों को पकड़कर पशु आश्रय केंद्र भेजा जाय।

## उपभोक्ता पूर्ण जानकारी लेकर ही निवेश करें गाढ़ी कमाईः एके. झा

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या



**मिल्कीपुर तहसील** क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार मे शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता केंद्र का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक एके झा ने किया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक राजेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव आदि मौजूद रहे। वित्तीय साक्षरता केंद्र पर आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक एके झा ने कहा कि उक्त केंद्र पर लोग प्रतिदिन वित्तीय सलाह एवं बैंकिंग समस्याओं हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकिंग नियमों की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता केंद्र की स्थापना की गई है। लोगों को अपने पैसे के सुरक्षित निवेश के लिए केंद्र पर जानकारी लेते हुए निवेश करें। ऐसे बहुत मामले आए हैं जिनमें लोगों ने जानकारी के अभाव में पोंजी कंपनियों में निवेश कर दिया और उन्हें अपनी गाढ़ी कमाई से हाथ धोना पड़ा। लोग सरकार की योजनाओं में अपना पैसा निवेश पर अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि बैंक के विभिन्न खाते और उनके फायदेए आर्थिक आयोजन से अपने लक्ष्य को पूरा करना तथा बैंक से जुड़ने के फायदेए व्यवसाय एवं कृषि ऋण आदि की पूरी जानकारी वित्तीय साक्षरता केंद्र पर ग्राहकों को निरंतर प्रदान किए जाने हेतु केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक राजेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव, निदेशक संजीव कुमार, इंडियन बैंक मिल्कीपुर के प्रबंधक आशीष कुमार, आईएसएमडब्लू के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अजय कुमार, आदि मौजूद रहे।

# इग्नू केंद्र पाठ्यक्रमों को और विकसित करेगाः डॉ मनोरमा

● लोहिया अवध विवि के इग्नू अध्ययन केन्द्र ने किया इंडक्शन एवं कैरियर डेवलपमेन्ट का आयोजन ●इग्नू सिविल सेवा की तैयारियों का एक सशक्त माध्यमः ज्योति वर्मा

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विवि के इग्नू अध्ययन केन्द्र द्वारा शुक्रवार को नव.प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन एवं कैरियर डेवलपमेन्ट प्रोग्राम का वर्चुअल आयोजन किया गया। अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ की डॉ. मनोरमा सिंह ने समस्त प्रवेशित छात्रों को पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कोविड के प्रभाव से शिक्षा जगत में आनलाइन शिक्षा प्रणाली पर ध्यान दिया जा रहा है। इग्नू भी दूरस्थ छात्रों को आनलाइन शिक्षा बढ़ावा दे रहा है। इस माध्यम से दी जा रही शिक्षा से छात्र भी लाभान्वित हो रहे है। इग्नू अध्ययन केन्द्र पाठ्यक्रमों को और उन्नत तरीके से विकसित कर छात्रों को सुविधाएं प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईआरएस ज्योति वर्मा ने कैरियर डेवलपमेन्ट में सिविल सर्विसेज की तैयारी कैसे करें। इस पर छात्रों का ध्यान केन्द्रित किया। इग्नू के स्टडी मैटेरियल सिविल सेवा के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। इण्टरमीडिएट किए हुए छात्रों को सिविल सर्विसेस की तैयारी समय रहते हुए शुरू कर देनी चाहिए। इग्नू सिविल सेवा की तैयारियों का एक सशक्त माध्यम है। प्रवेश लेकर छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं या सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते है। सेवारत कर्मियों के लिए इग्नू के माध्यम से अपने अध्यापन का कार्य आगे बढ़ा सकते है।

इग्नू की सहायक क्षेत्रीय निदेशक अनामिका सिन्हा ने प्रवेशित छात्रों को अध्ययन सामग्री से अवगत कराते हुए आनलाइन काउन्सिलिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम के अनुसार 14 अध्ययन केन्द्र चयनित किये गये हैं। जिसके द्वारा नव.प्रवेशित छात्रों का व्हाटसअप ग्रुप बनाकर आनलाइन काउन्सिलिंग की जाएगी।

अवध विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इग्नू अध्ययन केन्द्र द्वारा पाठ्य सामग्री को मुहैया कराया जायेगा। छात्रों को अपने अध्ययन केन्द्र के सम्पर्क में बने रहना चाहिए। वर्तमान में इग्नू द्वारा आनलाइन शिक्षण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. रामजीत यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राजेश कुमार एवं समस्त नव.प्रवेशित छात्र.छात्राएं आनलाइन जुड़े रहे।

## अंकुर चंद्रा ने डिप्टी जीएम एनसीआर का पदभार संभाला



**प्रयागराज।** वरिष्ठ रेल अधिकारी अंकुर चंद्रा ने उप महाप्रबंधक सामान्य उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। श्री चंद्रा ने मन्नू प्रकाश दुबे की जगह कार्यभार ग्रहण किया है। श्री दुबे का स्थानांतरण निदेशक ट्रैफिक ट्रांसफॉर्मेशन के रूप में रेलवे बोर्ड में होने से पद रिक्त था। सीपीआरओ डा शिवम शर्मा और सीनियर पीआरओ डा अमित कुमार मालवीय ने बताया कि अंकुर चंद्रा 2004 बैच के भारतीय रेलवे स्टोर सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने पूर्व में उत्तर मध्य रेलवे में उप मुख्य सामग्री प्रबंधक के रूप में और वर्कशॉप प्रोजेक्ट आर्गेनाइजेशन पटना और पतरातू डीजल शेड पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

# मंदिरों का अधिग्रहण करना बंद करे सरकारः स्वामी ब्रम्हाश्रम

● अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय
●कहा, अयोध्या काशी के बाद अब मथुरा में भव्य मंदिर निर्माण हो
●संत महात्माओं ने आगामी विस चुनाव में भाजपा का किया समर्थन


बैठक के बाद इकट्ठा संत महात्मा।

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद की बैठक माघमेला के सेक्टर पांच स्थित चरखी दादरी आश्रम हरियाणा के शिविर में हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से परिषद के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में संत महात्माओं ने निर्णय लिया कि सरकार मंदिरों के अधिग्रहण को शीघ्र बंद करे। क्योंकि यह सनातन धर्म की परंपरा रही है कि मंदिरों से ही संस्कृत विद्यालय और आश्रम चलते हैं। ऐसे में अगर किसी मंदिर का फिर से सरकार अधिग्रहण करती है या जिन मंदिरों का अधिग्रहण कर चुकी है उनको शीघ्र मुक्त नहीं करती है तो बड़ी संख्या में देश भर से संत महात्मा राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह बातें अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने माघमेला स्थित में संतों को संबोधित करते हुए कहीं। आजादी के बाद से सनातन धर्म और सनातन धर्म के लोग सरकारों के निशाने पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक भी मस्जिद या चर्च का सरकार ने कभी अधिग्रहण नहीं किया है न ही वहां क्या हो रहा है। इसकी जांच करने की कोई जमहत उठाई है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि सरकार पहले समानता की नीति बनाये और उसके बाद कोई कदम धर्म के मामले में उठाये। सरकार ने अभी तक जिन मंदिरों का अधिग्रहण किया है। उसको शीघ्र मुक्त करे और कोई भी मंदिर अब अधिग्रहित न करें। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा कि अगर सरकार ऐसा करने से बाज नहीं आती है तो बड़ी संख्या में संत महात्मा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। संत महात्मा सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संरक्षक जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी महेशाश्रम महाराज ने कहा कि संत महात्मा सरकार द्वारा सनातन धर्म के संरक्षण की सराहना करते हैं। सरकार ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण शुरू किया है। सभी संत महात्मा सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मथुरा में भी भव्य मंदिर का निर्माण करवाए। जगदगुरु स्वामी महेशाश्रम महराज ने कहा कि भाजपा सरकार ने सनातन धर्म को संरक्षण दिया है। सनातन धर्म को एक नई पहचान दी है। अयोध्या मंदिर का जहां भव्य निर्माण शुरू किया है वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर का भी भव्य निर्माण कराया है। भाजपा सरकार मथुरा में भी भव्य मंदिर का निर्माण कराए। अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के महामंत्री पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम राष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी आचार्य देवेंद्र ब्रह्मचारी आचार्य सत्यम आचार्य अनुज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दंडी संन्यासी मौजूद रहे।

## मद्य निषेध
### प्रबंधन की समस्या

**बिहार** को मद्य निषेध के प्रबंधन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पटना उच्च न्यायालय ने हाल ही में आश्चर्य प्रकट किया था कि राज्य पुलिस और एक्साइज़ अधिकारियों की 'शराब स्मगलरों के साथ मिलीभगत' है। इस बीच दिल्ली के साथ अपनी अलग समस्यायें हैं। उसकी नई एक्साइज़ नीति सरकार की इस घोषणा पर मौन है जिसके चलते मदिरापान की आयु 25 साल से घटा कर 21 की गई थी। इसका कारण है कि नगरनिगम चुनाव होने वाले हैं और विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया था। मध्य प्रदेश में भी नई एक्साइज़ नीति बनी है जिसमें हवाईअड्डों और मॉल में शराब की बिक्री के साथ एक करोड़ या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों के लिए घर पर बार लाइसेंस देने की व्यवस्था है। फरवरी के बाद शराब इसलिए भी सुर्खियों में रहेगी क्योंकि पुलिस चुनाव वाले राज्यों में छापे मार कर मतदाताओं को आकर्षित करने वाली अवैध शराब पकड़ेगी। लेकिन यह संकट केवल अवैध शराब बिजनेस का नहीं है। इसका संबंध नैतिकता बनाम राजस्व की दुविधा से है जिसने भारत में शराब की बिक्री पर हो रही बहस पर कब्जा कर लिया है। नैतिकता पर हमेशा पैसे की जीत हुई है। भारत दुनिया में अधिकतम शराब बनाने और उपभोग करने वाला देश है। लगभग 10 मिलियन खुदरा दूकानों तथा 5 लाख से अधिक पबों से बिकने वाली शराब से हर वर्ष 2.6 ट्रिलियन राजस्व प्राप्त होता है। राज्यों में मदिरा पर टैक्स की लगभग समान दरें हैं। लगभग 600 मिलियन भारतीय मदिरापान की आयु से ऊपर हैं। लगभग 50 मिलियन भारतीयों की आयु 18-45 साल है और मदिरा उद्योग उन पर निशाना लगा रहा है। तेज शहरीकरण और लाभदायक जनसंख्या संरचना से मदिरा उद्योग फल-फूल रहा है। निम्न और उच्च मध्य वर्ग की खरीद



क्षमता में वृद्धि इसमें सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। आधुनिक प्रवृत्तियों और बदलते सामाजिक मानकों ने मदिरा उपभोग को परिवार परिवेशों में भी स्वीकार्य बना दिया है। आज पहले की तुलना में अधिक महिलायें शराब पी रही हैं। मदिरा उद्योग प्रथम और दूसरी श्रेणी वाले शहरों को लक्षित कर रहा है जहां मांग सर्वाधिक है। अब लोगों की पसंद गुणवत्तापूर्ण मदिरा पर केन्द्रित हो रही है तथा प्रीमियम व आयातित मदिरा की मांग बढ़ रही है। युवा वयस्कों के लिए बियर और वाइन आवश्यक पदार्थ तथा पसंदीदा पेय बन रहे हैं। भारत की विडंबना है कि मदिरा का बिजनेस तथा नैतिकता की लहरें समान रूप से पुरानी पड़ रही हैं। संविधान ने सरकार को 'मद्यनिषेध लागू करने' की सलाह दी है, पर देश की अर्थव्यवस्था सरकार से कहती है कि वह इससे मुंह मोड़ ले। इस प्रकार गुजरात तथा हाल ही में बिहार को छोड़ कर मद्य निषेध अधिकांशत: कागजों के बजाय सोच में है। हमारी पार्टियों और नेताओं के मन में पैदा अविश्वास के कारण इस मामले पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पा रहा है और हम आश्चर्यजनक स्थितियों का शिकार बनते हैं। 18 वर्षीय कोई नौजवान धूम्रपान कर सकता है और वोट दे सकता है, पर वह 25 वर्ष की आयु तक मदिरापान नहीं कर सकता है। मद्यनिषेध के पहले की तुलना में आज बिहार के नशेड़ी को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है क्योंकि उसे शराब लेने के लिए राज्य की सीमा तक जाना पड़ता है। समस्या का समाधान मदिरा पर प्रतिबंध लगाने के बजाय जिम्मेदारी से मदिरापान है। लेकिन सवाल है कि लोगों के लिए इसका निर्णय कौन करेगा? क्या राज्यों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं में हस्तक्षेप का अधिकार है? क्या वे मदिरापान पर उस स्थिति में नैतिक नियंत्रण लगा सकते हैं, जबकि वे इस बिजनेस से मिलने वाले राजस्व पर अत्यधिक निर्भर हैं? क्या यह कहना उचित होगा कि हम समस्या से दूर भाग रहे हैं?

# पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

**चरणजीत चन्नी, भगवंत मान, सुखवीर बादल और कैप्टेन अमरिंदर सिंह के नाम आने के बाद अब लगभग निश्चित है कि पंजाब में अचानक कोई और मुख्यमंत्री नहीं बनेगा।**



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के वरिष्ठ स्थानीय संपादक हैं)



आम आदमी पार्टी-आप ने कामेडियन से राजनेता बने भगवंत मान को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पार्टी के भीतर और बाहर लंबे समय से व्याप्त सस्पेंस समाप्त हो गया है क्योंकि इस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पसंद मनवाने का प्रयास कर रहे थे और उनकी संख्या बढ़ती जा रही थी। जहां तक प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री चेहरे का सवाल है, अब तक कांग्रेस संकेत दे रही थी कि वह चरणजीत सिंह चन्नी को पसंद करेगी जिन्होंने लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह के बाहर जाने के बाद मुख्यमंत्री बनने पर अपने संक्षिप्त कार्यकाल में खास छाप छोड़ी है। इसके बाद पंजाब चुनावों में तीसरा गंभीर आयाम शिरोमणि अकाली दल का है जहां नेतृत्व पहले से विरासत पर आधारित है और यह पार्टी अध्यक्ष सुखवीर सिंह बादल के पास आ गया है। उनके पिता प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर अब उनकी आयु 90 साल से अधिक है। हालांकि, पिछले पांच साल में वे कभी-कभी सार्वजनिक रूप से सामने आते रहे हैं, पर निश्चित रूप से उन्होंने अपने बेटे के लिए रास्ता खोला है। सुखवीर बादल 2012-2017 तक पार्टी के शासनकाल में उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं जब उसका भाजपा के साथ गठबंधन था। इस बार शिरोमणि अकाली दल ने विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर भाजपा के साथ दो दशकों से भी लंबा गठबंधन तोड़ दिया है और बहुजन समाज पार्टी के साथ गठजोड़ किया है। गठबंधन के सत्ता में आने पर बसपा को उप मुख्यमंत्री पद का प्रस्ताव किया गया है।

यदि पंजाब लोक कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सत्ता में आता है तो निश्चित रूप से पटियाला राजपरिवार के अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे, हालांकि सीट साझा समझौते के कारण उनकी नई पार्टी को भाजपा से कम सीटें मिलेंगी। लेकिन इस गठबंधन ने जमीन पर ज्यादा प्रयास नहीं किए हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति कोई आकर्षण नहीं है।

शहरी क्षेत्रों में भाजपा के प्रभावक्षेत्र वाले कुछ स्थान हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे दो अंकों में पहुंचता हुआ नहीं देख रहे हैं। हालांकि, हाल में वाम, दक्षिण व मध्य से कुछ आक्रामक संकेत जरूर मिल रहे हैं, पर राजनीतिक विश्लेषकों ने इस गठबंधन को सत्ता का गंभीर दावेदार नहीं माना है। उनका कहना है कि पटियाला राजपरिवार का कांग्रेस से अलग होकर चुनावों में उतरना राजनीतिक पुनर्जीवन के गंभीर प्रयास के बजाय ज्यादातर एक 'सत्ता से वंचित राजा का अहंकार' है। वर्तमान समय में टेली-वोटिंग अभियान के बाद पार्टी में लोकप्रिय मान को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के पीछे आप की रणनीति जनता में सालों से उनके प्रति जारी आकर्षण का लाभ उठाना है। टेली-वोटिंग के लिए एक फोन नंबर का प्रचार करना तथा मतदाताओं से मिस्ड काल, एसएमएस व वाट्सएप से संपर्क करने के लिए कहने से पार्टी को मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में सहायता मिलती है। इसमें राजनीतिक ताजगी का एक आश्चर्यजनक तत्व भी शामिल है। यह अपने किस्म की पहली कार्रवाई थी और ऐसे अनोखेपन से पार्टी को मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने में सहायता मिलती है। याद करें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'चाय पर चर्चा' तथा 2017 के विधानसभा चुनाव में अमरिंदर सिंह के अभियान 'कैप्टेन के साथ काफी' ने दोनों नेताओं को शिखर पर पहुंचाने में सहायता की थी। निश्चित रूप से इन लोकप्रिय नारों के पीछे रहे प्रशांत किशोर आजकल जैसे अध्ययन अवकाश पर हैं और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की विजय के बाद वे किसी के लिए ऐसे नारे नहीं गढ़ रहे हैं।

'आप दा सीएम' टेली-वोटिंग कार्यक्रम में 21 लाख लोगों ने अपनी राय आप द्वारा 13 जनवरी को वोटिंग के लिए दिए नंबर पर प्रकट की जिनमें से 93.3 प्रतिशत ने भगवंत मान को पंजाब के मुख्यमंत्री की अपनी पसंद बताया। निश्चित रूप से लक्ष्य और वास्तविकता के बीच अनेक बाधायें होती हैं और यह नियम किसी अन्य क्षेत्र के बजाय राजनीति पर ज्यादा लागू होता है। अब यह निश्चित है कि पंजाब में मुख्यमंत्री पद का और कोई उम्मीदवार अचानक सामने नहीं आएगा, जबकि पहले लगभग सभी पार्टियों का यही विश्वास था। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में आप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और उसने विपक्षी नेता का पद अकाली दल से छीन लिया था। लेकिन उस समय उसने कोई मुख्यमंत्री चेहरा सामने नहीं रखा था और निश्चित रूप से वह यह गलती 2022 में नहीं दुहराना चाहता था। दूसरी ओर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, हालांकि उसने 2017 में चुनाव के थोड़ा पहले ही कैप्टेन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। चूंकि निर्वाचन आयोग के कोविड-19 दिशानिर्देश के कारण किसी सार्वजनिक प्रचार अभियान की अनुमति नहीं है और कोई बड़ी रैली नहीं की जा सकती है, इसलिए कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व यानी राहुल व प्रियंका गांधी को अब तक चन्नी या सिद्धू के साथ मंच पर आने का मौका नहीं मिला है जिससे कोई अनुमान लगाया जा सके।


लेकिन कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल से संकेत दिया है कि चन्नी उसके उम्मीदवार हो सकते हैं। उसने बालीवुड अभिनेता तथा दानदाता सोनू सूद के साथ एक वीडियो क्लिप का साझा किया है जिसमें वे जनता से ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते दिखते हैं जो सामान्य पृष्ठभूमि से आया हो। इस प्रकार उनका संकेत चन्नी की ओर है। वीडियो में निवर्तमान मुख्यमंत्री के विजुअल हैं जिससे इस अनुमान को बल मिला है कि आलाकमान ने एक प्रकार से उनके नाम को अनुमति दे दी है। समझा जाता है कि फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में खामी पर पैदा विवाद में चन्नी की तार्किक व भावनात्मक अपील ने उनकी स्थिति मजबूत की है। इसके साथ ही चन्नी ने सुनियोजित ढंग से अपनी 'आम आदमी' वाली छवि बनाई है और इस प्रकार वे आप के वोटों में सेंधमारी करना चाहते हैं।

लेकिन कांग्रेस आलाकमान अच्छी तरह जानता है कि पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू बिना कोई विरोध किए अपने सिवा मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में किसी अन्य का नाम स्वीकार नहीं करेंगे। इसीलिए शायद वह कोई आधिकारिक घोषणा न कर फिलहाल शांति बनाए रखना चाहता है। उचित समय आने तक सबको खुश रखने के लिए 'सामूहिक नेतृत्व' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन सिद्धू आलाकमान से मुख्यमंत्री का नाम घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि 'दूल्हे बिना बारात कैसी'। स्पष्ट रूप से वे चुनाव अभियान को विवाह के जुलूस जैसा समझ रहे हैं जिसमें दूल्हा मुख्यमंत्री उम्मीदवार की तरह है। लेकिन ऐसा लगता है कि सबको खुश रखने की सर्वोच्च नेतृत्व की मजबूरियों के चलते इस 'शादी के जुलूस' में कोई 'दूल्हा' नहीं होगा। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस बाकी सबको संकेत देना जारी रखेगी कि चन्नी उसकी पसंद हैं। आश्चर्यजनक रूप से आप के टेली-वोटिंग अभियान में सिद्धू को दूसरा सर्वाधिक पंसदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताया गया है और पार्टी उनको तीन प्रतिशत से अधिक वोट देती है। इस सवाल पर पंजाब में बहुत से लोगों की दो व्याख्यायें हैं। पहला, सिद्धू आप में चले जाएंगे और दूसरा, आप ने टेली-वोटिंग की ऐसी विधि अपनाई जिसमें सिद्धू भी तस्वीर में आ गए। लेकिन राजनीतिक अनुमानों के बावजूद पार्टी की नजरों में सिद्धू का चेहरा उसके अपने मुख्यमंत्री चेहरे मान के बाद आता है। यह स्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं व केन्द्रीय नेतृत्व में समान रूप से स्वीकार्य है। इस प्रकार विभिन्न टीमों के कप्तान के रूप में भगवंत मान, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखवीर सिंह बादल तथा अमरिंदर सिंह के नाम सामने हैं। चुनाव परिणाम इनमें विजेता का निर्धारण करेंगे।

# बजट में व्यापार संबंधों पर ध्यान जरूरी

"वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी तो उनके पास बातचीत करने के लिए एक कठिन संतुलन अधिनियम होगा। सबसे पहले, वह अपने पिछले साल के सपने बजट के खिलाफ होंगी, जिसे अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने सुधारवादी, साहसी और दूरदर्शी कहा था। यह तर्क दिया जा सकता है कि शोर-शराबे वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कोविड लहरों के घातक प्रभाव के दबाव और दबाव को देखते हुए, प्रस्तावित सुधारों में से कई बजट दस्तावेज़ में बने रहे। दूसरे, इस वर्ष का बजट उत्तर प्रदेश सहित महत्वपूर्ण राज्य चुनावों की पूर्व संध्या पर प्रस्तुत किया जाएगा, जो राज्य सभा की रूपरेखा तय करेगा, और इसलिए आने वाले महीनों में सुधारों को आगे बढ़ाने की सरकार की क्षमता। आरफॉर्मिस्ट नीति दस्तावेज जरूरी नहीं कि लोकलुभावन हो और इसलिए इसमें मतदाता अपील बहुत कम होती है। तीसरा, वह आबादी के एक बड़े हिस्से से बात करेंगी, जिनमें से कई ने महामारी के कारण अपनी आजीविका खो दी है, यहां तक कि वे ईंधन की कीमतों से प्रेरित मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं और जीवन रक्षक महामारी दवाओं पर खर्च बढ़ा रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि के खिलाफ विदेशी व्यापार संबंध, द्विपक्षीय या मुक्त व्यापार है, जिसे भारत ने निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया है, ताकि धन का प्रवाह बरकरार रहे। भारत वर्तमान में 16 मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहा है, जबकि व्यापारिक ब्लॉकों के साथ सात मौजूदा समझौतों का उन्नयन कर रहा है।




ब्रिटेन की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सचिव ऐनी मैरी ट्रेवेलियन कुछ दिनों पहले भारत में थीं, जब भारत और यूके ने मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू करने की घोषणा की। अगले साल के मध्य तक पूरा करने का लक्ष्य है। भारत चाहता है कि दोनों देशों के बीच पेशेवरों की मुफ्त आवाजाही पर प्रतिबंध हटा दिया जाए, वीजा शुल्क में कमी हो, भारत के कृषि हितों की रक्षा के लिए रेलिंग हो और इसके टीकों, पूर्व-मिश्रित चाय और कॉफी, यार्न आदि के लिए बेहतर पहुंच हो। बदले में ब्रिटेन ब्रिटिश व्हिस्की और कारों पर भारत द्वारा लगाए गए कष्टदायी शुल्क को कम करना चाहता है। हालांकि, चाल इस तरह के व्यापार सौदों के लाभों को घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाताओं को बेचने में निहित है। बजट की दौड़ में, भारत ने कई वर्षों में पहली बार अपनी संरक्षणवादी छवि को त्याग दिया है और भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शक्तिशाली व्यापारिक ब्लॉकों के साथ जुड़ने को तैयार है। जब बाहरी आर्थिक संबंधों की बात आती है, तो भारत के लिए प्रतिस्पर्धा में बढ़त लाने के लिए एनडीए सरकार ने अब तक समान जीएसटी, दिवाला और दिवालियापन संहिता, श्रम संहिता आदि जैसे घरेलू सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया था।

हालांकि, अब वापस ले लिए गए कृषि क्षेत्र के सुधारों के संभावित लाभों पर सभी घटकों को एक साथ एकजुट करने में विफलता भविष्य के खतरे का संकेत है। यदि वित्त मंत्री को भविष्य के व्यापार समझौते के अनुकूल बजट का अनावरण करना है, तो उन्हें भारत में कई आयातित सामानों के लिए उच्च सीमा शुल्क और अन्य करों पर बंद दरवाजे खोलने होंगे। अधिकांश आयातित उत्पादों पर ये उच्च शुल्क या कर घरेलू उपभोक्ताओं पर एक बड़ा बोझ पैदा करते हैं या, वे कई बार कम गुणवत्ता वाले घरेलू रूप से निर्मित समान वस्तुओं के लिए समझौता करते हैं।

इसमें से अधिकांश स्थानीय निर्माताओं और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए किया जाता है। इन दरवाजों को खोलने के लिए कोई भी कदम, एक मजबूत अर्थव्यवस्था से कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मुफ्त आवाजाही की अनुमति देता है, लगभग शून्य इनपुट शुल्क और करों पर, जबकि साझेदार देश में समवर्ती लाभ होते हैं, निश्चित रूप से एक लोकलुभावन कदम है और एक पुशबैक का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, पिछले साल के बजट में घोषित और 300 करोड़ से कम मूल्य के सेंट्रा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निजीकरण का प्रयास एक कानूनी चुनौती में चला गया है और सरकार एक अनुकूल फैसले के लिए जोर देने में जल्दबाजी नहीं करती है।

इसलिए, वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।

## आप की बात

### सुरक्षित रेल यात्रा

**इस** वर्ष जनवरी महीने प0 बंगाल के जलपाईगुड़ी में शाम को बीकानेर गोहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर कर एक दूसरे डिब्बो पर चढ़ गए। इस दुर्घटना में 9यात्रियों की मौत और 40 यात्री घायल हो गए।काफी वर्षो से रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। रेल में दुर्घटनाओं का कारण रेल पटरियां व सम्बंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एल एच बी कोचों की संख्या की जरूरत है। भारतीय रेलवे को यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिये और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आधुनिक कोचों के लिये भारी धनराशि की व्यवस्था को करना होगा। जर्मनी में विकसित यह कोच एन्टी टेलीस्कोपी माना जाता है।जो टकराने पर मुड़ते नही है।ये कोच स्टेनलेस स्टील और इनके भीतर की डिजाइन एल्युमिनियम से बनाई जाती है। जो टिकाऊ और अधिक यात्रियों को ले जाने मे सक्षम है। जो परंपरागत कोचों से हल्के होते है। जलपाईगुड़ी में घटी दुर्घटना ने सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता को उजागर किया है। भारत देश मे मॉनव संसाधन की कमी नही है। पटरियों की देखभाल के लिये खलासियों, रेलपथ निरीक्षकों की नियुक्तियां रेल मंत्रालय को करना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### विचारणीय प्रश्न

**दुनिया** के सौ से ज्यादा अरबपति एक अपील लेकर सामने आए हैं। उनका कहना है कि उन पर जो टैक्स लगाया जा रहा है, वह काफी नहीं है। उनसे और ज्यादा टैक्स लिया जाए। इस अपील के पीछे कुछ ही दिनों पहले आई वह स्टडी रिपोर्ट है, जो बताती है कि दुनिया में अमीर और गरीब के बीच का अंतर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल चैरिटी ऑक्सफैम द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के दस सबसे अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति महामारी वाले उन दो वर्षों में दोगुना बढ़ाकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर कर ली, जब दुनिया के ज्यादातर लोग तरह-तरह की तकलीफों से गुजरते हुए गरीबी में और गहरे धंस गए। ऐसे में इन 102 अरबपतियों ने अपनी इस साझा अपील के जरिए यह बात उठाई है कि मौजूदा टैक्स सिस्टम न्यायपूर्ण नहीं है। इसे जानबूझकर ऐसा रखा गया है, जिससे अमीर और अमीर, गरीबी और गरीब होते जाएं। इसीलिए इस सिस्टम में बदलाव लाते हुए अमीरों पर और ज्यादा टैक्स लगाने की पहल की जानी चाहिए। सिर्फ टैक्स बढ़ा देना इस समस्या का समाधान नहीं है वही अमीर लोग जो अपील लेकर गए हैं ,खुद भी तो दान और सहायता के रूप में अपने हाथों से बड़ी धनराशि खर्च कर के गरीबों को राहत प्रदान कर सकते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### धारावाहिकों में बदलाव

**एक** वो समय था, जब शक्तिमान, हमलोग, चाण्क्य, साराभाई इत्यादि जैसे कार्यक्रम अपनी कहानियों द्वारा लोगों में? तालमेल तथा आत्मीयता बढ़ाने हेतु समाज को मनोरंजन के साथ नई सोच से रू-ब-रू कराने का कार्य किया करते थे और आज का यह समय है?, जब ऊल जलूल बातो के आधार पर कुछ धारावाहिक सिर्फ लोगों को भर्मित कर अपना लाभ देख रहे हैं। जहां रिस्तों में सामंजस्य बैठाकर मनोरंजन करना निर्माताओं का लक्ष्य हुआ करता था वह अब सिर्फ लड़ाई-झगड़े, रिस्तों में कड़वाहट दर्शाने तक ही सीमित रह गया है। आखिर क्या कारण है कि आज धारावाहिक मनोरंजन का मूल उद्देश्य भूल चुके हैं? शायद, टीआरपी की दौड़ में सबसे आगे निकलकर अपनी लोकप्रियता का डंका बजाना। कारण कुछ भी हो लेकिन ये साफ है की अब धारावाहिक निर्माता लोगो की ना सोचकर खुद के बारे में ज्यादा सोचने लगे हैं। आज जिस तरह से टीआरपी के लालच में मनोरंजन के नाम पर कुछ भी परोसा जा रहा है उस पर नकेल कसना जरूरी और अहम आवश्यकता है।

- **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यदि** जांच हुई होती तो दुनिया को पता चलता कि जो बाटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी बताकर मारे गए थे उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

- **मौला ताकीर रज़ा खान**
इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल प्रमुख

**चार** साल तक अलग रहने के बाद मैं परिवार के साथ एकजुट होने हेतु कहमती समय बिताना और सामान्य जीवन में वापस लौटना चाहता हूं।

- **एडवर्ड लेंग**
हांगकांग एक्टिविस्ट





**अमेरिका** में 5-जी स्थिति से पार पाने के लिए भारत हमारे वाहकों के साथ निकट समन्वय से काम कर रहा है।

- **अरुण कुमार**
डीजीसीए प्रमुख

भाजपा ने सीतापुर के पांच प्रत्याशियों की जारी की सूची...

# ज्ञान, रामकृष्ण, सुरेश, आशा, सुनील वर्मा बने फिर भाजपा प्रत्याशी







● सेउता, मिश्रिख, हरगांव, महमूदाबाद, लहरपुर में वही रहे प्रत्याशी

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा ने** यूपी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। शुक्रवार की शाम जारी इस सूची में 85 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं।

सीतापुर की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा ने सिटिंग विधायकों पर भरोसा जताया है। सेवता से ज्ञान तिवारी, मिश्रिख से रामकृष्ण भार्गव, लहरपुर से सुनील वर्मा व हरगांव से सुरेश राही को टिकट दिया गया है। जबकि महमूदाबाद से 2017 में हार का स्वाद चखने वाली आशा मौर्या पर ही भाजपा ने फिर दांव लगाया है।

सदर, सिधौली, बिसवां और माहोली सीट से अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं।

भाजपा हाईकमान की ओर से जारी सूची में सीतापुर की पांच विधानसभा सीटों पर सिटिंग विधायकों पर ही भरोसा जताए जाने के बाद जिले की सियासत अचानक तेज हो गई है। सेवता, मिश्रिख, लहरपुर, हरगांव और महमूदाबाद से घोषित प्रत्याशियों व उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ये गुणा-भाग भी लगाया जाने लगा है कि बाकी बची चार सीटों में से बिसवां व महोली में भी क्या भाजपा टिकट रिपीट करेगी। जबकि सिधौली और सदर सीट पर भाजपा की तलाश अभी जारी है।

# मंत्री की बर्खास्तगी न होना दुखद: राकेश टिकैत

● लखीमपुर जाते समय मीडिया से बोले किसान नेता

संवाददाता। सीतापुर



**गुरूवार को** सीतापुर पहुंचे किसान नेता राकेष टिकैत ने मीडिया से बातचीत की। राकेष टिकैत लखीमपुर में तिकोनिया में हिसा में मारे गए किसानों के परिजनों से वह मिलेगें व जेल में बंद किसानों से भी बातचीत करेंगे। सीतापुर पहुंचने पर राकेश टिकैत का किसानों ने स्वागत भी किया। उनके साथ में किसान नेता उमेश पांडेय, शिवप्रकाश सिंह, पिंदर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि लखीमपुर कांड मैं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का इस्तीफा ना होना दुखद है इसलिए वह दो दिन के दौरे पर लखीमपुर जा रहे हैं लखीमपुर कांड के मृतक परिजनों से भी मिलेंगे लखीमपुर जाते हुए पहुंचे सीतापुर, सीतापुर के नैपालापुर चौराहे पर मीडिया से हुए मुखातिब, सीतापुर के किसान नेताओं ने किया उनका स्वागत, राकेश टिकैत लखीमपुर जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम में होंगे शामिल, तिकुनिया हिंसा मामले में जेल में बंद 7 किसानों से करेंगे कल मुलाकात, परिजनों से भी करेंगे मुलाकात।

# चरागाह की भूमि को एसडीएम के आदेश पर कराया मुक्त

● एंटी भू माफिया के अंतर्गत हुई कार्रवाई से मचा हड़कंप

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**दबंगों द्वारा** चरागाह समेत अन्य ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे करके उन्हें खेतों में बदलने वाले लोगों के विरुद्ध एसडीएम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए खेतों में खड़ी फसल को जुतवाकर उसे मुक्त करा दिया है। इससे हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आलमपुर में चरागाह की भूमि गाटा संख्या 419 पर ग्राम निवासी अर्जुन, धनिराम तथा राजाराम आदि ने कब्जा करके उसे खेत में बदल दिया और उसमें रबी की फसल बो दी थी। इस मामले की जानकारी होने पर एसडीएम देवेन्द्र पाल ने कड़ा रवैया अपनाया और तहसीलदार अंबिका चौधरी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की टीम को भेजकर खेतों में बोई गई फसल को ट्रैक्टर से जुतवाने के बाद इस जमीन को मुक्त करा दिया। अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध एंटी भू माफिया कानून के तहत कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं।

गौरतलब है कि ग्राम आलमपुर में भू माफिया के लोगों ने तांडव मचा रखा है। अब तक सौ हेक्टेयर से अधिक ग्राम समाज, पशुचर, खलिहान यहां तक की चकरोड पर कब्जे करके उनको खेतों में बदल दिया। यही नहीं इसी से सटी वन विभाग की आरक्षित भूमि पर भी अवैध कब्जे करने के साथ साथ मिट्टी माफिया के लोगों ने कम से कम दस बीघा जमीन को खोदकर उसे तालाब में बदल दिया। इसके अलावा वन विभाग की आरक्षित भूमि के साथ साथ पशुचर भूमि पर भी खुदाई की गयी थी। इसकी शिकायतें होनें के बाद भी संबंधित लेखपाल समेत राजस्व कर्मचारी खामोश बैठे रहे और कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पशुचर और ग्राम समाज की जमीनों पर इस तरह से कब्जे होने के कारण पशुओं के लिए भोजन के स्रोत समाप्त हो गए जिसके कारण तमाम पशु लोगों के अपने खेतों में प्रवेश कर उनमें खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। एसडीएम की इस कड़ी कार्रवाई से वर्ष 2012 में यहां तैनात रहे एसडीएम संजीव कुमार सिंह की स्मृतियां ताजा हो गई क्योंकि उन्होंनें कार्रवाई करते हुए काफी पशुचर भूमि अवैध कब्जेदारों से खाली कराई थी लेकिन उनके स्थानांत्रण के बाद उन सभी लोगों ने संबंधित लेखपाल और ग्राम प्रधान से सांठ गांठ करके उनपर अवैध कब्जे पुन: कर लिए थे।

## प्रॉपर्टी डीलर द्वारा पैसा हड़पे जाने से क्षुब्ध दंपति ने की आत्महत्या

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**मेहनत करके** एक एक पैसा जोड़कर प्लॉट खरीदने वाले दंपति के पैसे को जब प्रॉपर्टी डीलर ने हड़प लिया और दंपति को कहीं कोई न्याय नहीं मिला तो उन्होंनें मौत को गले लगाकर इस संसार को छोड़ देने का निर्णय ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम केसरीपुर निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी सोनिका के साथ लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। कुछ समय पहले सोनिका गांव आई थी। बताया गया है कि सुनील ने थोड़े थोड़े पैसे बचाकर लखनऊ में एक प्लॉट खरीदा था। इसमें तीस हजार रुपए देना बाकी रह गया था। प्रॉपर्टी डीलर ने सुनील को बुलाकर धमकाया कि यदि तत्काल पैसे नहीं दिए तो वह प्लॉट को दोबारा बेच देगा। सुनील पैसे का जुगाड़ कर ही रहा था कि प्रॉपर्टी डीलर ने उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री किसी दूसरे व्यक्ति के नाम कर दी। इसकी जानकारी गुरूवार की शाम सोनिका को गांव में हुई। इसपर उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। उधर जब इस फांसी लगाने की सूचना सुनील को मिली तो उसने भी फांसी लगा ली। परिवार में दो दो मौतों से कोहराम मच गया है।

सिधौली में विधायक और पूर्व विधायक के बीच जोरआजमाइश का अन्तिम चरण...

# सपा मनीष रावत को या फिर हरगोविन्द भार्गव को देगी टिकट?

● सपा में टिकट की लड़ाई हारने वाले पर दांव लगाए बैठी है भाजपा, सिधौली विधानसभा क्षेत्र में दो बार दो-दो विधायक भी चुने गए

संवाददाता। सीतापुर




**सीतापुर की** सदर विधानसभा सीट के बाद सिधौली विधानसभा सीट पर भी राजनीति का अजब-गजब खेल देखने को मिल रहा है, वर्ष 2017 में बसपा से विधायक हरगोविन्द भार्गव ने सपा के पूर्व विधायक मनीष रावत को हराया था, इस चुनाव का बदला लेने के लिए मनीष रावत सपा में तैयारी कर रहे है, लेकिन हरगोविन्द भार्गव से उनका मुकाबला टिकट को लेकर उनकी पार्टी में ही हो गया। हरगोविन्द भार्गव ने बसपा छोड़कर सपा ज्वाइन कर ली। अब विधायक हरगोविन्द भार्गव और पूर्व विधायक मनीष रावत के बीच सपा से टिकट पाने को जोरआजमाइश अन्तिम चरण की ओर है। टिकट वितरण पर पैनी नजर भाजपा ने गड़ा रखी है, क्योंकि सिधौली विधानसभा क्षेत्र में पिछले 42 सालों से चुनाव जीतने की बाट जोह रही भाजपा को उम्मीद है कि जिसका टिकट कटेगा उसको वह लपक लेगी।जिसके सहारे कमल खिलाने की कोशिश करेगी। सिधौली विधानसभा सीट का गठन 1951 में हुआ था, पहले और दूसरे चुनाव में दो विधायक चुने गए थे। सिधौली बेस्ट से बैजूराम और ताराचन्द्र माहेश्वरी यह दोनो कांग्रेस के विधायक थे। 1962 में सिधौली विधानसभा क्षेत्र का नाम बाड़ी सुरक्षित हो गया था, सीतापुर की यह ऐसी इकलौती विधानसभा सीट है जहां से 7 बार श्यामलाल रावत को जनता ने विधायक चुना। राम लहर या मोदी लहर यहां की जनता कभी नहीं बही, 1980 में भाजपा से रामलाल को विधायक चुना था, उसके बाद से सबसे खराब स्थिति में भाजपा सिधौली में रहती है। 2012 में सपा से विधायक चुने जाने वाले मनीष रावत टिकट को लेकर 2007 और 2017 में विधायक चुने गए डा. हरगोविन्द भार्गव से जंग लड़ रहे है। इस जंग में हारने वाले पर भाजपा दांव लगाए बैठी है।

# सीएमओ ने बताया कोविड संक्रमण से बचाव के लिए क्या-क्या करें

● खूब करें गरारे

● साफ-सफाई का रखें ध्यान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**कोविड संक्रमण** काफी तेजी से फैल रहा हैं। जरुरी है कि पूरी सतर्कता और सावधानी बरतकर इससे बचा जाए। छोटी-छोटी सावधानियों को अपनाकर आप भी संक्रमण से बच सकते हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुछ जरूरी दिशा निर्देश आम जनमानस के लिए जारी किए गए हैं।

सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है की आप सभी कोविड नियमों का पालन करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनमानस को यह सलाह दी जाती हैं कि वर्तमान में फैल रहे संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए निम्न उपायों का धर्मनिष्ठा से पालन करें। जिसमें अपने नाक व मुँह को अच्छे मास्क से ढक कर रखें दिन में कई बार नमक व विटामिन सी, जैसे-नींबू, मौसमी, संतरा इत्यादि डालकर गरारे करें। लोगों से कम से कम मिलें, सामाजिक दूरी को बनाए रखें। किसी वस्तु, सब्जी, दूध के पैकेट इत्यादि को पोटैशियम परमैंग्नेट से डी-संक्रमित करके ही छुएँ और उसका प्रयोग करें, बार-बार साबुन से हाथ धोएं तथा मुँह व नाक को हाथ से न छुएं। यह संक्रमण गले व नाक में तेजी से बढ़ता हैं। अत: गले में दर्द, जुकाम, सरदर्द, बुख़ार इसके सामान्य लक्षण हैं। ऐसे में बाम, प्लेनबाम डालकर बफारा, इन्हेलेशन या भाप लें। उपरोक्त बताई गई विधि को अपनाकर आप इसके फैलाव प्रसार को रोकने में सहायक हो सकते हैं। संक्रमित होने पर घबरायें नहीं बल्कि सरकार द्वारा दी जा रही नि:शुल्क दवा तुरंत प्रारंभ कर दें जो आपको घर में ही उपलब्ध कराई जायेगी। आवश्यकता होने पर कोविड कंट्रोल रूम के इन फोन नंबरों 7269039532, 7269039540, 7269039586, 7269039587, 8917009946 व 8933009927 से संपर्क कर सकते हैं।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे वांछित, वारंटी व संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त इरफान पुत्र कल्लू निवासी मोहम्मदपुर अमीननगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# कोविड संक्रमण से बचाव का अचूक उपाय है टीकाकरण: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले में कोविड वैक्सीनेशन से वंचित एवं द्वितीय टीकाकरण से छूटे हुए लोग तथा विशेषकर 15.18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों के साथ-साथ 60 वर्ष से अधिक बुजुर्गों व फ्रंटलाईन वकर्स अपनी अनुमन्य डोज़ की खुराक लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि कोविड की तीसरी लहर प्रारंभ हो चुकी है। वर्तमान में प्रदेश व जनपद में काफी संख्या में कोविड के सक्रिय केस है। कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लगाने से इस रोग के प्रति सुरक्षा चक्र सुदृढ़ हो जाता है तथा काफी हद तक कोविड-19 संक्रमण से बचाव हो जाता है।

## मदरसा अनवारूल उलूम में लगा टीकाकरण सत्र

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वीरपाल की उपस्थिति में तहसील व विकास खंड धौरहरा के मदरसा अनवारूल उलूम में शुक्रवार को वैक्सीनेशन सत्र आयोजित हुआ। टीकाकरण टीमों ने 14 वर्ष से अधिक उम्र के 65 बच्चों को वैक्सीन लगाई। इस मदरसे में 14 वर्ष से ऊपर के 104 बच्चे नामांकित हैं। जिसमें पहले 25 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। आज 65 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ। समाचार लिखे जाने तक टीकाकरण जारी रहा। टीकाकरण के दौरान मदरसे के प्रधानाचार्य मोहम्मद साहबान एवं शिक्षक मोहम्मद कुर्बान मौजूद रहे।

जिले में शहरी एवं नगरीय क्षेत्रों में गठित निगरानी समितियों को सक्रिय होकर वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता अभियान चलाएं। प्रत्येक निगरानी समिति टीम भावना से काम करके यह सुनिश्चित कराए कि उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति वैक्सीनेशन से वंचित नहीं है। उन्होंने ग्राम प्रधानए ग्राम सचिवए लेखपालए एएनएमए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रीए कोटेदार सक्रिय होकर अपने क्षेत्रों में वैक्सीनेशन के न केवल फायदे बताएं बल्कि उन्हें वैक्सीनेशन में फैसिलिटेट कराएं। यदि कोई दिक्कत या असुविधा आए तो वह उन्हें अथवा सीएमओ को सूचित करें।

### वैक्सीनेशन में आए दिक्कत तो जारी नंबरों पर करें संपर्क

**डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपना वैक्सीनेशन अवश्य करा लें। जिनकी दूसरी डोज लगनी शेष है, वह तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर नि:शुल्क वैक्सीनेशन करा सकते हैं। किसी भी असुविधा की दशा में एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 05872-258221, 05872-258222, 05872-258223, 05872-258225, 7269039532, 7269039540, 7269039586 व 7269039587 संपर्क स्थापित करके वैक्सीनेशन के संबंध में जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर वर्ग भी अपना वैक्सीनेशन अवश्य करा लें। दिनचर्या में मास्क के प्रयोग को शामिल करें। कोविड-19 प्रोटोकाल का भी अनुपालन सुनिश्चित करें।

### वैक्सीनेशन अभियान में जुटें निगरानी समितियां:डीएम

**डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि

## वैक्सीनेशन प्रोग्रेस से एमओआईसी के कामकाज की होगी मार्किंग

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र से मंगलवार की देर शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने वर्चुअल सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर, सभी एसडीएम, बीडीओ व एमओआईसी से वैक्सीनेशन की प्रगति बढ़ाने की रणनीति पर मंथन हुआ।

डीएम के साथ एनआईसी के वीडियो कंचन सिंह हॉल में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ आरपी दीक्षित की मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एमओआईसी से उनके ब्लॉक में वैक्सीनेशन की प्रोग्रेस जानी। वैक्सीन से वंचित लोगों को टीका लगाने की रणनीति जानी। पूरी ऊर्जा, मनोयोग से फील्ड में वैक्सीनेशन को बढ़ाने, उसकी फीडिंग पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके सहयोग के लिए राजस्वए विकास व पंचायती राज विभाग को फील्ड में दी गई। उनका सहयोग लेकर वैक्सीनेशन की प्रगति बढ़ाने में बेहतर परिणाम दिखावे। आने वाले 02 दिन वैक्सीनेशन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैए इसलिए पूरी ऊर्जा के साथ संसाधनों का ऑप्टिमम उपयोग करते हुए बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं।

आशा-आंगनबाड़ी समेकित रूप से गांव का भ्रमण करके वैक्सीनेशन से वंचित लोगों को चिन्हित करके उनका टीकाकरण कराएं। सभी एमओआईसी का पूरा प्रयास हो कि उनके क्षेत्र में कोई भी टीकाकरण से वंचित ना रहे।

उन्होंने वैक्सीनेशन में फिसड्डी ब्लॉक पलिया एवं रमियाबेहड़ के एमओआईसी से कारण जाना एवं प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद एमओआईसी से उनकी कार्ययोजना जानी। प्रत्येक ब्लॉक में 05 टीमें विद्यालयों में अनुमन्य आयु वर्ग के किशोरों का वैक्सीनेशन के लिये लगाए। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक ब्लॉक में आशावार वैक्सीनेशन के कामकाज को स्वयं देखेंगे।

# सर्वाधिक मतदान दर्ज करने वाले तीन सेक्टर व एक ज़ोन के मजिस्ट्रेट होंगे सम्मानित

● आरओ व एआरओ से लेकर सचिव, प्रधान, पूर्व प्रधान व कोटेदारों का भी होगा सम्मान

● 23 फरवरी को 80% मतदान के संकल्प के साथ खीरी करेगा मतदान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद खीरी में सभी विधानसभाओ में तीन सेक्टर व एक जोनल ऐसे चिन्हित किए जाएंगे। जहां सर्वाधिक वोटिंग होगी। ऐसे सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा के तीन सर्वाधिक मतदान वाले बूथों के लेखपाल, सचिव, प्रधान, पूर्व प्रधान व कोटेदार भी सम्मानित होंगे। वहीं जिन तीन विधानसभा में सर्वाधिक मतदान होगा। उनके आरओए एआरओ, बीडीओ, सीडीपीओ, एमओआईसी व बीएलओ को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के चौथे फेज में 23 फरवरी को खीरी जिले में मतदान होगा। प्रशासन ज़िले में 80 फीसदी से अधिक मतदान हेतु स्पेशल अवेयरनेस कैंपेन चला रहा है। इस कैंपेन के जरिए चरणबद्ध रूप से तहसील, ब्लाक स्तर पर वॉलिंटियर भी तैयार किए जा रहे हैए जो तहसील व ब्लाक स्तर में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में विशेष प्रयास करेंगे। जनपद खीरी में 80 प्रतिशत कीर्तिमान लक्ष्य को पाने हेतु सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के विद्यालयों के जरिए भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इन विद्यालयों में मतदाता जागरूकता विषयक विविध प्रतियोगिताएं होगी।

### डीएम ने इनको लिखा पत्र, मांगा सहयोग

**जिला** मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए सभी विधानसभाओं में कार्यरत बूथ स्तरीय अधिकारी अपने मतदेय स्थल, कार्यक्षेत्र में आम जनमानस को एवं जिले के सरकारीए वित्त पोषित एवं निजी क्षेत्र के शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत शिक्षक गण इस पुनीत कार्य में सहयोग देकर स्वयं एवं विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनमानस को मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने में अपनी महती योगदान सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किए है।

## चोरों ने काटे चंदन के 15 पेड़, मौके पर पहुंची पुलिस

संवाददाता। ओयल-खीरी

**पिछले** कुछ सालों से यह देखा जा रहा है कि जनवरी माह की शुरुआत होते ही कस्बा ओएल में चंदन पेड़ों के तस्कर चंदन के पेड़ ठंडक और धुंध के कारण काट ले जाते हैं। ऐसा है कुछ हादसा मोहल्ला शिवाला ओएल निवासीगण लोकतंत्र सेनानी लाल सिंह, लोकतंत्र सेनानी शिव कुमार अवस्थी व विक्रम सिंह के साथ में हुआ। अज्ञात चोरों द्वारा लाल सिंह के 6 पेड़, शिव कुमार अवस्थी 7 पेड़ व विक्रम सिंह के 2 पेड़ 20 जनवरी की रात्रि काट डालें। पेड़ गिरने की आवाज से जागे लोकतंत्र सेनानी लाल सिंह खास ने पर पर चोर एक पेड़ मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। इससे पहले भी यह लोग कई बार चंदन के चोरों का शिकार बन चुके हैं। घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष खीरी मौके पर पहुंचकर स्थल जांच की तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# भाजपा ने उरई से गौरीशंकर, माधौगढ़ से मूलचंद्र को बनाया प्रत्याशी

## ● कालपी से निषाद पार्टी के छोटे सिंह हो सकते हैं प्रत्याशी

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**सामान्य** विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा पिछले कई दिनों से जनपद की उरई, माधौगढ़, व कालपी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर चल रही चर्चाओं पर शुक्रवार की देर शाम उस दौरान विराम लग गया जब भाजपा हाईकमान द्वारा उरई व माधौगढ़ विधानसभा सीटों से वर्तमान विधायकों के नामों पर अपनी मुहर लगाकर उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया। जबकि कालपी विधानसभा सीट पर अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया। इस बार में अब राजनैतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों की मानें तो निषाद पार्टी से पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान के चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है।


भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर वर्मा, मूलचंद्र निरंजन।

भाजपा हाईकमान द्वारा देर शाम घोषित प्रत्याशियों की सूची में 221 उरई विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक गौरीशंकर वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में 1 लाख 40 हजार 485 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के महेंद्र कठेरिया को हराया था। उस दौरान महेंद्र कठेरिया को 61 हजार 606 वोट मिले थे। इसीक्रम में 219 माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक मूलचंद्र निरंजन के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है। जबकि कालपी विधानसभा सीट से अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इसको लेकर भाजपा खेमे में ही नहीं बल्कि दूसरे राजनैतिक दलों में अटकलबाजियों का दौर शुरू हो गया है। राजनैतिक हल्कों में इस बात की भी चर्चायें चल रही है कि निषाद पार्टी का भाजपा का गठबंधन होने के बाद कालपी विधानसभा सीट निषाद पार्टी के हिस्से में आयी है। ऐसी स्थिति में अब कालपी विधानसभा सीट से गठबंधन से कौन प्रत्याशी होगा इस बात की विधानसभा क्षेत्र में चर्चाओं का दौर चल निकला। वहीं भाजपा के दोनों वर्तमान विधायकों के टिकट फाइनल होने के बाद समर्थकों में खुशी का इजहार करते देखे गये। सूत्रों की मानें तो निषाद पार्टी से पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान के चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत, सात गंभीर

**चित्रकूट।** अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मृत्यु हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मृत्यु हो गई। आठ सवारियों से भरा आटो पलटने से एक ने मौके पर दम तोडा, जबकि सात लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। पहला हादसा ब्लाक क्षेत्र के खोही मैनहाई में हुआ। बिहारा के हाउलीपुरवा के सन्ना (40) पुत्र गरीबदास घर से पूजा का सामान लेने हाउलीपुरवा गया था। दोपहर को बाइक से गांव लौटते समय बेकाबू पिकअप की ठोकर से उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। आक्रोशित परिजनों ने जाम लगा दिया। पिकअप चालक पिकअप समेत फरार हो गया। लोगों ने पिकअप चालक पर कार्यवाही और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने



की मांग करने लगे। सूचना पर परिक्रमा मार्ग चौकी प्रभारी भागीरथ पाण्डेय ने कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुलवाया। मऊ तहसील क्षेत्र के पिपरोदर गांव का मिठाईलाल (42) पुत्र राजभवन आटो लेकर रैपुरा जा रहा था। आटो में सात सवारियां बैठी थीं। रामनगर मोड के पास तेज रफ्तार आटो अचानक पलट गया। हादसे में सभी सवारियां घायल हो गई। डॉक्टरों ने मिठाईलाल को मृत घोषित कर दिया। अन्य सात घायलों का इलाज जारी है।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बहरपुर गांव निवासी 23 वर्षीय राजेश पुत्र हरीसिंह बाइक से आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं बड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय श्यामलाल पुत्र लटोरा, मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी 42 वर्षीय प्रेमनारायण पुत्र घनाराम मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। मगझवां थाने के गिरवर गांव निवासी 20 वर्षीय गुड़िया पत्नी श्रीधर ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं कोतवाली के अकौना गांव निवासी 18 वर्षीय जीतेंद्र पुत्र रामबाबू ने जहर खरा लिया।

### बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के सैदपुर गांव में बच्चों को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस व कोतवली पुलिस ने दोंनो पक्षों से हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाया है। सैदपुर गांव निवासी लखनलाल पुत्र हरिसिंह, प्रमोद पुत्र हरिसिंह, पवन पुत्र प्रमोद ने बताया कि बच्चों को लेकर हुये विवाद में गांव की आकांक्षा पुत्री मंगल सिंह, कुलदीप पुत्र किशन कुमार व शिवम पुत्र सुदर्शन सिंह आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्हे लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। मारपीट से लखनलाल, प्रमोद, पवन गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष के कुलदीप, शिवम, आकांक्षा ने भी मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने कोतवाली में एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा जानमाल की धमकी व पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा लगाये जाने का युवक ने आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।
इटैलियाबाजा गांव निवासी वीरनारायण राजपूत पुत्र कल्लू ने बताया कि गांव के कुछ लोग उसे व उसके पिता को जान से मारने की धमकी और पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा में फंसने की धमकी दे रहे है। बताया कि 29 अक्टूबर और 26 दिसंबर 21 को उक्त लोगों ने रात करीब आठ बजे घर में आकर उसके पिता को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था। जिसकी उसके पिता ने जरिया थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि पुलिसा ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे उक्त लोगों के हौंसले बुलंद है। जरिया थानाध्क्ष ने बताया कि बताया कि पहले दोनों पक्षों का मामला दर्ज किया गया था। दोनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी। अभी उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है।

### युवक के साथ की मारपीट, कैमरा और रुपये छीने

**राठ (हमीरपुर)।** फोटो खीचने के लिये गये युवक के साथ दो युवकों ने कैमरा और रुपये छीन लिये। साथ ही युवक ने मारपीट मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के छोटी जुल्हेटी शिवम पैलेस निवासी योगेन्द्र पुत्र भूपसिंह ने बताया कि वह फोटो शूट का कार्य करता है। गुरूवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसे सेना रोड से दो अज्ञात युवक फोटो शूट कराने के बहाने से नवोदय विद्यालय और इंडस वैली पब्लिक स्कूल के पास ले गये। बताया कि वहां पर उसने अपना कैमरा फोटो शूट के लिये निकाला तो अज्ञात युवकों ने उसका कैमरा छीन लिया और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। आरोप लगाया कि विरोध करने पर उक्त युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी जेब में पड़े 9 हजार रुपये छीन लिये। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आपसी विवाद लग रहा है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### लघु शंका को बैठे वृद्ध की जेसीबी लोडर की टक्कर से मौत

**जगम्मनपुर (जालौन)।** रात के अंधेरे में सड़क के किनारे नाली पर लघु शंका निवारण को बैठे वृद्ध की जेसीबी लोडर की टक्कर लगने से मृत्यु हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर निवासी कृष्ण मुरारी तिवारी उम्र लगभग 63 वर्ष (अविवाहित) अपने बड़े भाई कृष्ण गोपाल के पुत्र गगन बिहारी के देखरेख में किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे थे। गुरुवार की रात लगभग 9 बजे कृष्ण मुरारी लघुशंका करने के लिए अपने कमरे से बाहर सड़क के किनारे नाली पर बैठकर बैठे थे उसी समय जेसीबी मशीन जिसे ग्राम जगम्मनपुर का ही एक युवक चलाता है उसी रास्ते से गुजरी, रास्ते के चबूतरों को बचाने के लिए जेसीबी के आगे का लोडर (सूपड़ा) ऊपर उठा हुआ था जिसके कारण चालक को नाली के किनारे बैठा वृद्ध नहीं दिखाई दिया और और बीमार रहने के कारण वृद्ध कृष्णमुरारी अपना बचाव करने के लिए उठ भी नही पाये परिणाम स्वरूप लोडर का धक्का लगने से वह आगे गिर पड़े जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी होने पर घायल कृष्ण मुरारी के परिजनों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया व घटना की सूचना जगम्मनपुर पुलिस चौकी को दी, पुलिस ने तत्काल मौके कर पहुंचकर जेसीबी को अपने नियन्त्रण में ले लिया। कुछ देर बाद जेसीवी मालिक की बुलैरो कार से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल के मृत होने की सूचना रात में ही जगम्मनपुर पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के तहत मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने की कार्रवाई

**कोंच(जालौन)।** विधानसभा आम चुनाव के तहत आगामी 10 फरवरी को होने वाले मतदान को शांति सुरक्षा व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने को लेकर स्थानीय प्रशासन अराजकतत्वों, समाज विरोधी लोगों लोगों पर पूरी तरह नकेल कसता हुआ दिखाई दे रहा है। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अब तक 950 लोगों के खिलाफ107/116 की कार्यवाही की है। 71 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट व 4 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही कर उन्हें नोटिस थमाकर जिला बदर कर दिया।वहीं 2 लोगों के खिलाफएचएस (हिस्ट्रीशीटर) की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गयी है। प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने कहा है कि शांतिपूर्ण मतदान में खलल डालने का मंसूबा पालने वालों को कड़ा सबक सिखाया जायेगा।

### सीएमओ को ज्ञापन सौंप मांग पूरी करने को कहा

**मौदहा (हमीरपुर)।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्क्स एसोसिएशन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप उन्हें पूरा करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्क्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रामजीवन सोनी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि कोविड-19 की रोकथाम व टीकाकरण कार्य में सभी कर्मचारी तन मन से कार्य में जुटे हुए हैं इसलिए उनके कार्य के दिन व घंटे निश्चित हों, कोविड-19 के काम में लगे हुए कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित अतिरिक्त मानदेय व प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए, कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश, अवकाश के दिन कर्मचारियों से काम लेने पर उन्हें अतिरिक्त मानदेय मिलना चाहिए तथा टीकाकरण कार्य में घर घर जाकर एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों टीकाकरण का कार्य संपन्न कर रही है लेकिन लाभार्थियों के घर ना मिलने पर लक्ष्य पूरा न होने पर किसी कर्मचारी के खिलाफकोई कार्यवाही नहीं की जानी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में नारायणदास कौशल, मूलचंद्र, दिनेश खरे, विनोद खरे, जगमोहन व मूलचंद प्रजापति आदि स्वास्थ्य कर्मी रहे।

टीईटी परीक्षा रविवार को

# रोज रोज लगने वाले जाम से हजारों परीक्षार्थी भारी असंजमस में

**संवाददाता।** हमीरपुर

**आगामी** रविवार को जिले में सम्पन्न होने जा रही टीईटी परीक्षा में परीक्षार्थी यहा के जाम को लेकर बहुत ही असमंजस मे फंसा है। हालाकि इसके लिये प्रशासन ने कोई फिलहाल पुख्ता प्रबंध नही किये गये है।

जानकारी के मुताबिक जिले में एक सप्ताह से हमीरपुर कानपुर मार्ग में चार से सात घंटे तक जाम लगता है रविवार को शिक्षक पात्रता की परीक्षा में मुख्यालय में सात हजार नौ सौ आठ परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगे दो पाली में होने वाली परीक्षा में सुवह मीटिंग में ग्यारह केंद्रो में 4700 परीक्षार्थी परीक्षा देगे व शाम मीटिंग में आठ केंद्रो में तीन हजार दो सौ आठ परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगे। इसके लिये कुरारा व झलोखर समेत मुख्यालय में भी केंद्र बनायेगये। रोडबेज बसो में मुफ्त यात्रा करने को लेकर रोडबेज विभाग बडे ही असंमजस में है हालाकि शासन से इस मामले में कोई गाइडलाइन नही आयेगी पचास बसो का बेड़ा हमीरपुर डिपो में मे जो सभी बसे अपनी मियाद पूरी करने के बाद रोडो में दौड़ रही है। यहा कानपुर सागर मार्ग में लगने वाले जाम में बसे कितने समय तक परीक्षार्थियो को पहुचा पायेगी कानपुर के घाटमपुर में बन रहे ओवरब्रिज के चलते कई कई घंटे तक वाहन फंसे रहते है। इस हालात में परीक्षार्थी टीईटी परीक्षा समय में पहुच पायेगे या नही इसको लेकर तरह तरह की चर्चाए की जा रही है। हालाकि रोडवेज हमीरपुर के एआरएम इस मामले में काफी सक्रिय दिखायी दे रहेहै उन्होने कोई अव्यवस्था न हो इसके लिये राठ डिपो से दस बसे मंगा ली है। ताकि कोईपरीक्षार्थियो को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मामले में पुलिस सीओ सदर विवेक यादव का कहना है कि टीईटी परीक्षा में पुलिस की सामान्य डियूटी लगा दी गयी है। रोड डायवर्जन का कोई रास्ता नही है फिलहाल प्रयास किया जायेगा कि जाम न लगने पाये।

# कोरोना की तीसरी लहर के प्रति डीएम ने किया कर्मचारियों को सतर्क


जंगली क्षेत्र के गांवों में वैक्सीनेशन का जायजा लेते डीएम।

## ● बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने मानिकपुर ब्लाक के जंगली क्षेत्र के सकरौंहा व मऊ गुरदरी में वैक्सीनेशन का औचक निरीक्षण कर प्रधानों से कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए अपने गांव के लोगों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन करायें। जो लोग बाहर रहते हैं, उनके परिजनों से जानकारी कर वैक्सीनेशन करवायें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने ग्रामीणों से अपील किया कि साठ वर्ष से ऊपर के लोग शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करायें। जिनके घर में 15 से 18 वर्ष के बच्चे-बच्चियां हैं, उनका भी वैक्सीनेशन कराकर 84 दिन बाद दूसरा डोज हर हाल में लगवायें। 31 जनवरी तक वैक्सीनेशन शत-प्रतिशत हो जाये। शासन की मंशानुसार कोरोना की तीसरी लहर से बचाने को आशा, एएनएम, आंगनबाडी व पंचायत सहायकों से कहा कि वैक्सीनेटर को लेकर घर-घर जाकर वैक्सीनेशन कराकर समय से फीडिंग करायें। जिलाधिकारी ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिये कि टीमों के साथ लेखपाल व सचिव को भी घर-घर जाकर अपने क्षेत्र में वैक्सीनेशन के कार्य करायें। प्रभारी डॉक्टर को निर्देश दिये कि जिन हेल्थ वर्करों, आंगनबाडी कार्यकत्रियों आदि कर्मचारियों के दूसरे डोज के नौ माह पूरे हो गये हैं, उन्हें बूस्टर डोज लगवाये। इस मौके पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, बीडीओ सुनील सिंह, प्रभारी डॉ राजेश सिंह समेत लेखपाल-सचिव व प्रधान आदि मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले में जारी है कोरोना का कहर, सीएमओ ने दिए सतर्कता बरतने की हिदायत

**चित्रकूट।** जिले में कोरोना का कहर जारी है। गुरुवार को जहां 67 नये पॉजिटिव मिले थे, वहीं शुक्रवार को 19 नये पॉजिटिव केस मिलने से हड़कंप मचा है।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि जिले में 1365 जांच में दस लोगों को कोरोना हॉस्पिटल खोह में भर्ती कराया है। एक्टिव केसों की तादाद 172 हो गई है। मानिकपुर रेलवे स्टेशन में आठ लोग पॉजिटिव मिले। राजापुर तहसील में छह पॉजिटिव मिले। रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराने आये ग्रामीण जांच दौरान छह लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।


मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेन्द्र द्विवेदी

मऊ तहसील में आठ पॉजिटिव पाये गये। शुक्रवार को 1285 की जांच में आरटीपीसीआर से पॉजिटिव केस नौ, एंटीजन पॉजिटिव केसों की तादाद दस, कुल धनात्मक केस 172 हैं। डिस्चार्ज मरीजों की तादाद 24 है।

# भयमुक्त चुनाव को लेकर सख्त हुए एसपी

## ● सात पर गुण्डाएक्ट, छह पर मिनी गुण्डाएक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर कार्यवाही जारी है। पुलिस ने सात के खिलाफ गुंडा एक्ट व छह के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

शुक्रवार को राजापुर थानाध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने सुशील द्विवेदी पुत्र नत्थू निवासी राजापुर, पंकज शुक्ल पुत्र रामनरेश निवासी भदेहदू, लालमणि शुक्ला पुत्र श्यामसुन्दर निवासी मिश्रनपुरवा के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। राजापुर पुलिस ने दीनानाथ पुत्र चुनबाद, लल्ली उर्फ गुलाब पुत्र चुनबाद, विजय पुत्र रामचन्द्र, फद्दाली पुत्र गोरेलाल यादव, श्यामबहादुर पुत्र फद्दाली निवासी रुपौलिहन टोला के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की


एसपी धवल जायसवाल

कार्यवाही की है। मानिकपुर थानाध्यक्ष गिरेन्द्र सिंह ने लहुरा रैदास पुत्र बडका निवासी पोखरीपुरवा, श्यामबाबू पुत्र रामआसरे निवासी इन्दिरानगर के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। बहिलपुरवा थानाध्यक्ष राजोल नागर ने सौरभ पटेल पुत्र शिवनरेश निवासी शीतलपुर तरौंहा, शिवचरन पुत्र बाबूलाल पटेल निवासी गदाखान के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। बरगढ थानाध्यक्ष शिवमूरत यादव ने बसंतलाल पुत्र अनिल द्विवेदी निवासी सेमरा के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

## फोर्स ने गश्तकर बिना भय के वोटिंग करने का दिया संदेश

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा क्षेत्र में विधानसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज चित्रकूट धाम मंडल के पुलिस महानिरीक्षक एस के भगत तथा पुलिस अधीक्षक हमीरपुर कमलेश कुमार दीक्षित ने कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज के पोलिंग बूथ तथा नारायच गांव स्थित पोलिंग बूथ का गहनता से निरीक्षण किया और साथ में जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के पश्चात पुलिस के आला अधिकारी चुनावों को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं,और समय-समय पर जनपद के सभी पोलिंग बूथों का गहनता से निरीक्षण भी कर रहे हैं। हालांकि जनपद पुलिस पैरामिलिट्री फोर्स के साथ जनपद के सभी संवेदनशील अतिसंवेदनशील श्रेणी के पोलिंग बूथों में फ्लैग मार्च कर विधानसभा चुनावों को भय मुक्त तथा कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने का संदेश भी दे रही है। ऐसे में आज पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल तथा पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने मंडल के संवेदनशील कस्बे का निरीक्षण कर सम्बंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। पोलिंग बूथ का निरीक्षण करने से पूर्व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कोतवाली मौदहा का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर उन्होंने सभी संवेदनशीलध्अतिसंवेदनशील श्रेणी में आने वाले बूथों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके बाद वह कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज स्थित पोलिंग बूथ पर पहुंचे जहां पर कालेज के प्रधानाचार्य कौशल किशोर दिहौलिया से बूथ संबंधी जानकारी लेते हुए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस दौरान पत्रकार वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी लोग भयमुक्त होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और उन्होंने चुनावों में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि यदि किसी ने चुनाव में कोई खलल पैदा की तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल सहित सभी अधीनस्थ मौजूद रहे।

# जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापक मिले अनुपस्थित, रोका वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

**राठ (हमीरपुर)।** बीएसए आरके श्रीवास्तव ने राठ व गोहांड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोहांड कस्तूरबा स्कूल में तैनात फुल टाइम शिक्षिका अनुपस्थित मिली तथा



आनलाइन कक्षा संचालित नहीं मिली। जिस पर बीएसए ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं कुम्हरिया गांव में स्थित जूनियर हाईस्कूल में निरीक्षण के दौरान एक सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिलने पर एक माह का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को राठ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर दो फुल टाइम, दो पार्ट टाइम और एक लेखाकार पद खाली है। जिसे पूरा करना है। स्कूल बाथरूम में नमी पाई गई। इसके बाद गोहांड स्थित कस्तूरबा गांधी का निरीक्षण किया। जहां स्कूल की वार्डन साक्षी शर्मा अनुपस्थित पाई गई। बताया कि बिना किसी परमिशन के वह छुटटी पर गई है। जिस पर पूछताछ की जायेगी। बताया इस विद्यालय की बिल्डिंग में भी नमी पाई गई। इसके बाद जूनियर हाईस्कूल का निरीक्षण किया। जहां सहायक अध्यापक अनुज तिवारी अनुपस्थित मिले है। जिनका वेतन रोकर कार्रवाई की जायेगी। बताया कि दोनों कस्तूरबा विद्यालयों की बिल्डिंग में नमी मिलने पर उनके दुरूस्तीकरण के लिये भी डीसी से बात की गई है।

# हाईवे किनारे से दो सैकड़ा भेंड़ें बकरियां लादकर ले गये बदमाश

**कोंच (जालौन)।** कोंच सर्किल के थाना एट इलाके में हाईवे किनारे डेरों में बंद दो सैकड़ा भेड़ों व बकरियों को अज्ञात बदमाश डीसीएम व पिकप में लाद कर फरार हो गए। आवाज सुनकर जागे भेड़ मालिक जब उन बदमाशों से उलझ गया तो उसको लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने भागते समय करीब एक दर्जन भेड़ों को वाहन से रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चोरी हुई और मारी गई भेड़-बकरियों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। भेड़ मालिक की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल कर थाने को सूचना दी। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है जल्द ही मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

एट थाना क्षेत्र के कानपुर झांसी हाईवे एनटीपीसी प्लांट से कुछ दूरी


बदमाशों द्वारा वाहन से रौंदी गयी भेड़े।

पर खाली पड़ी जमीन पर झोपड़ी बनाकर भेड़ पालन का कार्य कर रहे केलम खान व सहयोगी कैलाश खान निवासी एट ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया कि वह रात में अपनी झोपड़ी में सो रहे थे और बगल में बने खुले बाड़े में करीब पांच सौ भेड़ों व बकरियों का झुंड रस्सियों से बंधा हुआ था। रात करीब 1 बजे डीसीएम व पिकप आई, उसमें सवार करीब एक दर्जन बदमाशों ने हाईवे किनारे वाहन खड़े कर भेड़ों को वाड़े से ले जाकर वाहनों में लादना शुरू कर दिया। भेड़ों और बकरियों की आवाजें सुनकर जब वह लोग जागे तो बदमाशों ने उन पर डंडा से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गए और उनको चुप रहने के लिए कहा कि अगर आवाज निकाली तो जान से मार देंगे। डर के मारे वह चुपचाप घायल अवस्था में झोपड़ी में बैठे रहे कुछ देर बाद जब डीसीएम व पिकप में भेड़ बकरियां लाद कर बदमाश भागने लगे तभी कुछ भेड़ें उनकी डीसीएम की चपेट में आ गई जिन्हें रोंदते हुए वे मौके से फरार हो गए। घायल केलम खान चीखने चिल्लाने लगा तो आवाज सुनकर आसपास सो रहे परिजन भी जाग गए। केलम खान के मुताबिक भेड़ों और बकरियों की कीमत लाखों में है। घटना की सूचना उन्होंने यूपी डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी ने थाना पुलिस को पूरी जानकारी दी।

# बरवारा टीम ने 65 रनों से मैच जीतकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के पुरवा तरौंहा में कालिका देवी क्रीडा स्थल में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट चौलेंज कप 2022 के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में चकमाली स्पोर्टिंग क्लब अमानपुर का मुकाबला बरवारा स्पोर्टिंग क्लब के बीच हुआ। शुक्रवार को मैच की शुरुवात मुख्य अतिथि/व्यापार मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल व संरक्षक रामकरण त्रिपाठी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करने के बाद शुरु कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बरवारा ने 13.1 ओवर में 120 रन बनाकर आलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए चकमाली क्लब की टीम की शुरुवात खराब रही। 55 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन पहुंच गई। बरवारा टीम ने 65 रन से मैच जीतकर


मुख्य अतिथि का स्वागत करते संरक्षक।

सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बरवारा के रामतिवारी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने शानदार 12 रन बनाकर दो विकेट झटके। मैच दौरान मैच प्रभारी गौरव मिश्रा, राजेन्द्र त्रिवेदी, मनोज मिश्रा, मनोज पाण्डेय, स्कोरर रमेश मिश्र, अंकुर त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा, अम्पायर ललित, अंकुर, शरीफ हसन, अजय यादव समेत भारी तादाद में दर्शक मौजूद रहे।

# गहोई समाज हर व्यक्ति के सुख दुख में हमेशा खड़ा रहेगा:भूपेंद्र

## ● गहोई सेवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दिलायी पद, गोपनीयता की शपथ

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को गहोई सेवा मंडल उरई की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव करवाकर चुनाव समिति द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों, सदस्यों का अनुमोदन रजिस्टार चिट फर्म सोसायटी चिटफंड झांसी मंडल झांसी को भेजा गया था जिसे रजिस्ट्रार द्वारा 19 जनवरी 2022 को अनुमोदन कर दिया गया। नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्य को चुनाव समिति के द्वारा निर्वाचित प्रमाण पत्र वितरित किए गए इसके बाद सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव आधिकारी इं. अजय इटौरिया, डा. दिलीप सेठ जीवन राम गुप्ता, परमात्मा शरण गुप्ता ने दिलाई।

गहोई सेवा मंडल में अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता टोनी उपाध्यक्ष पद के अमित कुरेले लालू मंत्री, सुरेश मिसुरहा राजू के कोषाध्यक्ष, सुनील मेहतेले, सहमंत्री विवेक नगरिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए इंजीनियर राम कुमार कनकने अनिल सेठ सिंटेक्स प्रमोद गुप्ता लोहारी, पंकज कसाव, अनूप पहारिया, बंटी, बृजमोहन पिपरसैनिया मामा पवन नाछोला, राजकुमार सुहाने आशीर्वाद टीवी, विजय सेठ सिल्लू, नरेंद्र कुमार कनकने सुनील सोनी, मनोज विश्वरी, रामकिशोर गेड़ा, अजय रेजा, मंजू गोहन, बलवीर इटोदिया, राहुल सुहाने, अखिल सोनी डकोर, संतोष सोनी, श्रीप्रकाश कंथरिया नूरपुर, अरविंद तरसौलिया, महावीर शरण सेठ, रविकांत महतेले, मनीष छीरोलिया, ललित कुमार, आशीष जैसारी, प्रगति गहोई, गोल्डी ने पद व गोपनीयता की शपथ ली और सभी ने एक सुर में समाज के बंधुओं से पूरे जोश के साथ कहा कि हम गहोई समाज के हर व्यक्ति के सुख दुख में हमेशा खड़े रहेंगे समाज का कोई भी व्यक्ति सेवा मंडल कभी भी आवाज लगाएगा तो सेवा मंडल उसके साथ कदम से कदम मिलाकर उसका साथ देगा साथ ही अध्यक्ष भूपेन टोनी, मंत्री सुरेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि हम विशेष रूप से अपने उन सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने चुनाव के वक्त अपना नामांकन वापस लिया इस कारण आज हम सभी इस स्थिति में पहुंचे कि हम समाज सेवा के लिए खड़े हो पाए हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 22 जनवरी, 2022



# एसपी ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**अमेठी।** आज पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय पुलिस/केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ कस्बा जगदीशपुर में एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च कर बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी बटप्ळप्स् एप के संबंध में जागरुक एवं आम जनमानस में सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया तथा शासन द्वारा जारी कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करने हेतु जागरुक किया गया।


स्थानीय पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च करते एसपी

## पुलिस अधीक्षक ने थाना जगदीशपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

**जगदीशपुर, अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह द्वारा थाना जगदीशपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर व उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थनापत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये तथा संतरी पहरा व अन्य उपस्थित कर्मचारीगणों से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया एवं कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिये बूस्टर डोज लगवाने व आगामी विस चुनाव की तैयारियों के संबंध में भी निर्देशित किया गया एवं अब तक चुनाव के संबंध में की गई। कार्यवाही की जानकारी ली गयी।

## आमने-सामने की बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के जौनपुर नहर पर दो बाइकों की आमने.सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजा का पुरवा मजरे तिलोई के निवासी मोहम्मद सईद उर्फ कल्लू का 28 वर्षीय पुत्र लईक अपनी पत्नी इशाबुल अपनी 3 माह की बच्ची को लेकर के से अपनी ससुराल जामो थाना क्षेत्र के गोरियाबाद के निकट सूरतगढ़ जा रहा था कि जौनपुर नहर पर ही विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य बाइक पर सवार दुर्गेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी नसरतपुर थाना मोहनगंज व कुलदीप पुत्र लल्लन निवासी सराय जायस की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई । गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय चिकित्सालय तिलोई लाया गया जहां चिकित्सको ने लईक (28) व दुर्गेश (25) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन के नामांकन कार्य के लिए कलेक्ट्रेट के छह न्यायालय कक्ष चयनित

संवाददाता। **रायबरेली**

**विधान सभा सामान्य** निर्वाचन-2022 के निर्वाचन हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लिए निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। उक्त निर्वाचन के नामांकन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु नामांकन कक्षों का अधिग्रहण किया गया है, जिसमें सुरक्षा एवं जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 177 बछरावां (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष चयनित स्थल प्रस्तावित किया गया है।

इसी प्रकार विधानसभा 179 हरचन्दपुर का नामांकन स्थल अतिरिक्त मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष, विधानसभा 180 रायबरेली का नामांकन स्थल अपर जिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, विधानसभा 181 सलोन (अ0जा0) नामांकन जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, विधानसभा 182 सरेनी का नामांकन स्थल बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी न्यायालय कक्ष चयनित, 183 ऊँचाहार विधानसभा के नामांकन अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) न्यायालय कक्ष चयनित स्थल प्रस्तावित किया गया है।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी रायबरेली वैभव श्रीवास्तव ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए कलेक्ट्रेट में अवस्थित उपरोक्त न्यायालय कक्षों को उक्त कार्य के निमित्त तत्काल प्रभाव से नामांकन प्रक्रिया होने तक के लिए अधिग्रहित किया है।

## कोरोना खत्म नहीं हुआ है इसलिए पूरी सतर्कता बरतने की जरूरतः डीएम

**रायबरेली।** डीएम वैभव श्रीवास्तव ने कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए बताया है कि जनपद रायबरेली में कोविड-19 वैक्सीनेशन प्रतिदिन किया जा रहा है। जनपद में 18 वर्ष से ऊपर लोगों के कोविड टीकाकरण की प्रथम डोज 100 प्रतिशत से अधिक वैक्सीनेशन लगाई जा चुकी है और 67 प्रतिशत से अधिक 18 वर्ष से ऊपर लोगों को द्वितीय डोज लगाई जा चुकी है। पिकॉशन डोज 59 प्रतिशत से अधिक लोगों को लगाई जा चुकी है। 15 से 17 वर्ष के बच्चों का प्रथम डोज 55 प्रतिशत से अधिक लगाई जा चुकी है। जनपद में अबतक कुल 35 लाख 44 हजार 516 प्रथम व द्वितीय डोज का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जनपद के 15 ब्लॉक सहित शहरी क्षेत्र में लोगों को कोरोना टीकाकरण की प्रथम डोज शत प्रतिशत कोरोना टीकाकरण कराया जा चुका है। जतुवा टप्पा, नसीराबाद ब्लाक रोहनिया में भी लगभग शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण लोगो का कराया जा चुका है।

# कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व विधायक रामलाल अकेला का जन्मदिवस



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर स्थित प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बछरावां विधानसभा के पूर्व विधायक व जनमानस के लोकप्रिय नेता रामलाल अकेला का जन्म दिवस केक काटकर व मिष्ठान वितरित करके हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सावधानी के साथ समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों को पता कर प्रचार प्रसार करने की सलाह दी वही इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, पूर्व क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष विक्रांत अकेला, वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता रानू अकेला, निजामुद्दीन, पूर्व सभासद वीरभान सिंह, मुस्ताक रायनी, पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव सहित संख्या में समाजवादी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चलो मिलके सबको जागरूक मतदाता बनाएं

**बछरावां रायबरेली।** चुनाव आयोग के आदेशनुसार साथ ही हम सभी का हक है कि अपने मत का सही इस्तेमाल करे साथ ही अन्य लोगो को भी प्रेरित कर इस मुहिम में शामिल हो जिसमें सावधानी भी बरतनी जरूरी है। इस मत से हम राज्य एवं देश को एक मिसाल कायम करने में सहायक होते है जिससे देश का हर नागरिक आत्मसम्मान के साथ मताधिकार का प्रयोग करता है युवाओ में इसका असर ज्यादा देखने को मिलता है इस समय सभी पार्टियों में भगदड़ के साथ ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का शिलशिला जारी है कोई किसान की बात सुनने को तैयार नही है उसको यह नही मालूम कि जनता ही उसे चुनती है। जो उसके हित की बात करे, इसलिए वह मताधिकार का प्रयोग करता है इस बार आयोग काफी सुविधाओं के साथ मताधिकार के प्रति लोगो को जागरूक कर रहा है साथ ही उनको कोई दिक्कत न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। सरकार को गाइडलाइन के अनुसार इस महामारी में सावधानी के साथ ही अपने मताधिकार का प्रयोग करे।

# आरआरएसआईएमटी में मैक्सवोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज़ ने किया कैम्पस प्लेसमेंट

**अमेठी।** जनपद के मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड टेक्नोलोजी (आरआरएसआईएमटी) में शुक्रवार को मैक्सवोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट किया गया। इस दौरान कोविड.19 के दिशानिर्देशों का विशेष ध्यान रखा गया। संस्थान की प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के एचआर प्रबन्धक संतोष कुमार और हारून मोहम्मद ने सबसे पहले छात्रों को प्री.प्लेसमेंट चरण मे कंपनी के जाब प्रोफाइल के बारे मे विस्तार से बताया। प्री.प्लेसमेंट टाक के बाद साक्षात्कार का चरण संपन्न हुआ।


कैंपस सिलेक्शन के लिए इंटरव्यू देते हुए छात्र

प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया कि यह कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लीथियम बैट्री उत्पादन का कार्य करती है। उन्होने बताया कि बीटेक और एमबीए के मिलाकर कुल 59 छात्र इस कैम्पस प्लेसमेंट मे भाग लिए हैं। कंपनी द्वारा जिन छात्रों का साक्षात्कार लिया गया है इनमे सफल छात्रों के नाम बाद मे घोषित किए जाएंगे तथा कंपनी द्वारा सभी सफल छात्रों का अंतिम राउंड कंपनी के कार्यालय मे आयोजित होगा। संस्थान की निदेशक डॉ0 चंदारानी ने कैम्पस प्लेसमेंट मे भाग लेने वाले सभी छात्रों को सफलता हेतु शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि संस्थान छात्रों के प्लेसमेंट के लिए आगे भी अवसर प्रदान करता रहेगा।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही साथ ही महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर/भिनगा के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा रमेश मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 407/2021 धारा 376, 323, 504, 506 व 3/4 पोक्सो अधि. से संबंधित वांछित अभियुक्त तफ्शीर अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी भभरापुर थाना कोतवाली भिनगा श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर प्राइवेट बस अड्डा कस्बा भिनगा से गिरफ्तार किया गया।

### विभिन्न गांवों व मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया

**जामों, अमेठी।** अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ने आगामी विधान सभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाक्षेत्र जामों के ग्राम बाजगढ़, लोरिकपुर, बाबूपुर, जोरावरपुरा व अचलपुर में पुलिस बल के साथ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया एवं गांवों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, एस.10, डिजिटल वालेंटियर्स के साथ गोष्ठी कर ग्रामवासियों को आगामी विधान सभा चुनाव में शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया गया तथा गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनी गई व थानाध्यक्ष जामों को शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

### मार्ग खराब, लोग परेशान

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत गांव अलीगंज के निकट से भक्तिनकापुरवा होते हुए सरायपरसू को जाने वाली मार्ग खस्ताहाल है। जिस मार्ग से लोग गिरकर चोटिल होते है जिसको बनवाने की मांग ग्रामीणो ने किया है। जिस मार्ग से कई गांवो के लोगो का आना जाना होता है। उधर एसडीएम ने बताया कि बदहाल मार्ग को दुरूस्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### झुलसे मासूम की हालत बिगड़ी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव मनीपुरभटेहरी निवासी आदर्श 4 वर्ष पुत्र दीपक को अलाव तापते दौरान झुलसने से गंभीर हालत होने पर उसको अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। जिसके बाद फिर उसकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पानी की टंकी से टोटियों में पानी न आने पर नाराजगी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के गांव पूरे भद्दी मजरे पचखरा निकट जलनिगम का पानी का टंकी है। जिस टंकी के अन्तर्गत दर्जनो गांवो मे टोटियां बिछाई गई है। जिसमे गांव पचखरा समेत कई गांव मे टोटियों मे पानी तक नही आता है जबकि उसमे महज शीशी की आवाज आता है। उधर जलनिगम के जेई ने बताया कि जांच करने के बाद हम कुछ बता पाएंगे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आज

**अमेठी।** एडीएम (वि/रा) एसपी सिंह ने बताया कि 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को गरिमापूर्ण ढ़ग से मनाये जाने के दृष्टिगत समस्त तैयारियों को ससमय सुनिश्चित कर रूपरेखा तैयार करने हेतु 22 जनवरी को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 05.00 बजे समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त आहूत बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि गणतंत्र दिवस मनाये की जाने सम्बन्धी समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण किया जा सके।

### स्व. कमल नयन वर्मा की पुण्यतिथि का आयोजन

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी ने स्व.कमल नयन वर्मा जी की पुण्यतिथि का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक भवन मे उनके चित्र पर उपस्थित कांग्रेस जनो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्व.कमल नयन वर्मा जी एक लम्बे अर्से तक जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन रहे तथा सतांव विधानसभा से तीन बार कांग्रेस पार्टी के विधायक भी रहे।

### पौराणिक मंदिर हिंगलाज धाम पर देवी महायज्ञ का आयोजन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के दादरा गांव स्थित पौराणिक मंदिर देवी हिंगलाज धाम पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महायज्ञ एवं संगीतमयी प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है ।गुरुवार को कथा शुरू होने से पूर्व दुःख दुरिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया । सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने भाग लिया और देवी मां हिंगलाज का दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। मुसाफिरखाना तहसील मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर उत्तर दिशा में दादरा गांव के पौराणिक मंदिर हिंगलाज धाम पर विगत 37 वर्षो से लगातार देवी महा भागवत कथा का कार्यक्रम होता चला आ रहा है ।

## मतदाता जागरूकता के लिए चार विधाओं पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** सीडीओ/प्रभारी अधिकारी स्वीप ईशान प्रताप सिंह की अगुवाई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड इकौना के जगतजीत इंटर कॉलेज में 4 विधाओं पर प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता, वाद.विवाद प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में हिना सिद्दीकी प्रथम, आस्था मिश्रा द्वितीय, शिखा शर्मा तृतीय, वाद.विवाद प्रतियोगिता में चंद्रप्रभा प्रथम, खुशी कौशधान एवं रिंकी तिवारी द्वितीय एवं आयुषी मिश्र तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में निशा गुप्ता प्रथम, रुपा कश्यप और श्रद्धा गुप्ता द्वितीय, पल्लवी शुक्ल एवं संस्कृति जायसवाल तृतीय रही। तथा स्लोगन प्रतियोगिता में कृष्णा सिंह प्रथम, रिंकी तिवारी द्वितीय, कोमल गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। जिला बेसिक अधिकारी प्रभुराम चौहान, विद्यालय के प्रधानाचार्य भुदेश्वर पांडेय विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में पांचवे दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

संवाददाता। महराजगंज- रायबरेली

**क्षेत्र के** पूरे स्वयंबर सिंह मजरे ज्योना गांव में ग्राम प्रधान उमेश कुमार कुन्नू के यहां चल रही है, श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को पांचवे दिन कथावाचक पंडित चंद्रिका प्रसाद महाराज गौरी शंकर धाम पारा कला द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बड़े ही सुरम्य ढंग से वर्णन किया गया।

जिसका रसपान कर श्रोता भाव विभोर हो उठे बताते चलें कि पूरे स्वयंबर सिंह मजरे ज्योना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित श्री चंद्रिका प्रसाद द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला तथा माखन चोरी एवं भगवान श्री कृष्ण द्वारा पूतना वध कालियामसन गोवर्धन पर्वत धारण गायों को चराने गांव की गोपियों के घर में घुसकर दूध दही एवं माखन




खाने सहित अन्य प्रसंगों का वर्णन किया गया कथा प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि मथुरा के राजा कंस ने भगवान को अपना काल मानकर बाल रूप में ही राक्षसों को द्वारिका में भेज कर अनेक प्रकार से मरवाने का प्रयास किया परंतु उसकी सारी योजनाएं विफल रही, इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए कथा का समापन आरती के पश्चात हुआ इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में श्यामलाल सपत्नीक सहित एवं ग्राम प्रधान उमेश कुमार कुन्नू राम कुमार राज कुमार अंजनी कुमार शशी शर्मा सहित भारी तादाद में लोग लोग उपस्थित रहे।

# कोरोना प्रोटोकाल के साथ खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम आयोजित

**अमेठी।** जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने व इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वींकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। जनपद के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 119 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। एसीएमओ ने बताया कि खुशहाल दिवस के इस मौके पर पीपीआईयूसीडी .21 आईयूसीडी 16ए माला एन.145, कंडोम.1200, अंतरा.15, छाया.128, ईसीपी.24 का लोगो ने लाभ उठाया। खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनपद के सीएचसीए पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी ;एचआरपीद्ध वाली महिलाएं ए लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को परिवार नियोजन संबंधी जानकारी दी गई। इस विशेष दिन पर प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी साधन अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव की जानकारी दी जाती है। ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव हुए एक वर्ष से कम समय हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च संकट गर्भावस्था की रही हैए ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाता है।

# ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन



**श्रावस्ती।** विस सामान्य निर्वाचन को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप श्रावस्ती में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जा रही हैं। ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी आशुतोष, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके हरित, भारतीय जनता पार्टी के अनिल मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी के अजहर हुसैन मंसूरी, सपा के सर्वजीत यादव, राष्ट्रीय लोकदल के राजकुमार ओझा सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**श्रावस्ती, इकौना-भिनगा।** इकौना मार्ग पर ब्रहस्पतिवार की देर रात ग्राम अंधर पुरवा मोड़ पर एक मारुति कार व बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गईए इस दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगो ने दोनों घायलों को निजी वाहन से सीएचसी इकौना मे भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने पैर में फ्रैक्चर होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रिफर कर दिया है । जनपद बलरामपुर देहात कोतवाली के ग्राम गिद्धरहिया निवासी 19 वर्षिय रोहित वर्मा व 20 वर्षिय अतुल वर्मा पुत्र अवध नरेश वर्मा व बहन जानकी देवी 17 वर्ष लगभग तीनों बाइक से सकट पूजा का सामान देकर अपनी बड़ी बहन के घर भंगहा बाजार गांव धोबहा से वापस लौट रहे थे जब उनकी बाइक थाना इकौना के ग्राम अंधर पुरवा के निकट मोड़ पर पहुची तभी इकौना से भिनगा की तरफजा रही एक मारुति कार से बाइक में टक्कर हो जाती है इस दुर्घटना में व बाइक चला रहे रोहित के पैर मे गंभीर चोट लग गयी।

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अवसर पर कन्या भोज व हवन यज्ञ



**बछरावां रायबरेली।** कस्बे के लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग स्थित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही नव दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस विश्राम के पश्चात दसवें दिन हवन यज्ञ तथा कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज कथा हवन इत्यादि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी की देख रेख में संपन्न हुआ। भोज मे सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। तथा जय श्री श्याम के जयकारों से संपूर्ण कस्बा गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास परमानंद जी महाराज ने कहा कि जिस नगर में श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान होता है, वह नगर तथा कथा का रसपान करने वाले श्रद्धालुओं का जीवन तो धन्य होता ही है उसके साथ साथ पूर्वजों को भी इसका लाभ प्राप्त होता है। आयोजक मंडल से रामबालक महाराज, आचार्य पंडित धीरज तिवारी, सहायक आचार्य रामकुमार, तथा सेवादार भगवान कुमार अवस्थी, पत्रकार दीप चंद्र मिश्रा, सेवानिवृत उप निरीक्षक टी एन अवस्थी, बृजेश कुमार (मूणू मिश्रा), राजकुमार मिश्रा, सूर्यकांत द्विवेदी, अभिनव अवस्थी, प्रवीण शुक्ल, अमन तिवारी, प्रशांत मोहन त्रिवेदी, टोनी मिश्रा, पत्रकार आलोक चौधरी, पत्रकार अंकुर चौधरी सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया शहीद हेमू कलाणी का बलिदान दिवस

संवाददाता। रायबरेली

**शहीद हेमू कलाणी** का 79वॉ बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। डिग्री कालेज चौराहा स्थित हेमू कलाणी पार्क में सिन्धु समाज के अलावा अन्य समाज सेवियों ने उनकी मूर्ति पर माल पहना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्वराज सेना से मुड़कर हेमू कलाणी स्वतन्त्रता प्राप्ति के मुहिम में जुट गए। गोपनीय सूत्रों से उनके साथियों को जानकारी मिली कि बालूचिस्तान में चल रहे आजादी आन्दोलन को कुचलने के लिए 23 अक्टूबर, 1942 की रात्रि हथियारों से भी टेऊन्न क्रेटा नगर जाएगी और सक्कड, रोहणी से होकर गुजरेगी। हेमू कलाणी ने उसको रोकने का निर्णय लिया और अपने-अपने सहयोगियों नन्द और किषन के सहयोग से रेल की पटरी उखाड़ फेकी। गष्त कर रहे सिपाहियों ने देख लिया। उनके दोनो साथी छिप गए लेकिन हेमू कलाणी वहीं डटे रहे। उन्हें पकड़ लिया गया और जेल में उनके ऊपर कोड़े बरसाये गये। देष द्रोह के अपराध में मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी। ब्रिटिष सेना के शत्रु मानते हुए कर्नल गिडेसन ने उनकी सजा फांसी में बदी दी। 21 जनवरी, 1943 को उन्हें फांसी दी गयी। सिन्धु समाज के अलावा कई लोगों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष संजीव जीवनानी ने कहा कि 19 वर्ष की उम्र में बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं, वहीं हेमू कलाणी ने अपना भविष्य न देखा अपनी जान देष पर कुर्बान कर दी। युवाओं को उनसे सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। घनश्याम अटलानी, पेथू राम, रूच्चूमल, सत्यानन्द सावलानी, विषम्भर जीवनानी, नरेन्द्र सिंह फौजी, श्याम साधू, राजेष श्रीवास्तव, हरि ओम सोनकर, बब्बी शुक्ला, सतीष अटलानी, सन्तोष चैनानी आदि लोग रहे।


कलाणी पार्क में सिन्धु समाज के अलावा अन्य समाज सेवियों ने उनकी मूर्ति पर माला पहना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# बालू की जगह मिट्टी डालकर धन के बंदरबांट की साजिश

**संवाददाता।** बस्ती

**● महादेव सिंह मार्ग निर्माण में मानक के विपरीत हो रहा कार्य**

**रुधौली** के महादेव सिंह सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी खुलकर सामने आया। आम लोगों के बीच खुले आम बालू के स्थान पर मिटटी डालकर इंटरलाकिगं करवा रहा है। हालांकि इसका विरोध क्षेत्र के लोगों ने खूब किया मगर उनकी सुनी ही नहीं, जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

वर्षो से बहुप्रतीक्षित महादेव सिंह मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ होते ही नगर वासियो ने निर्माण कार्य में मानक के विपरीत कार्य किए जाने का विरोध करने लगे। इन लोगों का कहना है, कि एक तो बड़ी मुस्किल से सड़क बन रही है, उसे भी ठेकेदार और विभाग के लोग मिलकर सत्यानाश कर दे रहे है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आदित्य दुबे, अनिल शुक्ला, रामकुमार शर्मा का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मानक की अनदेखी करते हुए सड़क पर मिट्टी डाल कर इंटरलाकिंग किया जा रहा है, जिसे किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब मिट्टी डाल कर इंटरलाकिंग किया जा रहा है, इससे सड़क कुछ ही दिनों बाद टूट जाएगी। बताया कि धन का बंदरबांट करने के लिए ही मिटटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मौके पर जेई यह देखने नहीं आते ही सड़का निर्माण गुणवत्तापरक हो रहा या फिर गुणवत्ताविहीन। बताया कि कमीशनबाजी के चलते सड़क को ही बर्बाद करने की योजना विभाग और ईकेदार मिल कर बना रहे है। बता दें कि महादेव सिंह मार्ग रुधौली कस्बे का दिल माना जाता था। क्योंकि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग से निकल कर महेश प्रताप इंटर कॉलेज व दिलेश्वरी इंटर कॉलेज व बुद्धी बाजार होते हुए बखिरा जाने वाले मार्ग में मिल जाता है। जिस पर विद्याथियों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक आते जाते है। दो दशक पूर्व इस मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था किन्तु रखरखाव के अभाव में इसकी हालात बद से बदतर हो गयी। मामूली बरसात हो जाने के पर चलना मुश्किल हो जाता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जल जमाव बना रहता है। नगर पंचायत बनने पर लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही इसके दिन बहुरेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नगर पंचायत से इस मार्ग के निर्माण की कोशिश की गई लेकिन लोक निर्माण विभाग के पेंच के चलते कार्य नहीं हो पाता था। अंततः सब कुछ ठीक होने के बाद नगर पंचायत से इस मार्ग का निर्माण शुरू हुआ तो सड़क निर्माण में मानक के विपरीत कार्य किये जाने का आरोप लग गया। इस संबंध में अवर अभियंता से जानकारी की कोशिश की गयी किन्तु बात नहीं हुई। अधिशासी अधिकारी अवनीश सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि मिट्टी ऐसी जगह पर डाली गई होगी जहां पर गहराई ज्यादा होगी। उन्होंने इस मामले में जेई से बात करने की बात कही। साइट पर सीआईबी बोर्ड पर नहीं लगाया गया, जिससे लोगों को पता ही नहीं चल रहा है, कि इस सड़क की कार्यदाई संस्था कौन है, और कितने लागत की है। बताया जाता है, सीआईबी बोर्ड यानि सिटीजन इंफारमेशन बोर्ड न लगाने के पीछे गोलमाल की मंशा छिपी रहती है। जबकि बोर्ड लगाने का नियम है, और इसके लिए पांच हजार के बजट का प्राविधान भी है।



रुधौली में मानक विहीन हो रहा सड़क का निर्माण — पायनियर

# बजाज चीनी मिल ने किया 70 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान: डीएम

**गोंडा।** शुक्रवार को बजाज कुन्दरखी चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का बकाया मूल्य का एकमुश्त 46.74 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बताया कि हाल ही में विधान सभा में पारित गन्ना मूल्य भुगतान एक्ट के तहत चीनी मिल पर शिकंजा कसा गया था। जिसके फलस्वरूप बजाज चीनी मिल कुन्दरखी द्वारा विगत 20 दिन में 70 करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किए गए गन्ना मूल्य भुगतान में 45.74 करोड़ रूपए चीनी मिल द्वारा एक मुश्त दिया गया है। जिसमे विगत वर्ष 24 जनवरी 2021 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि 01 जनवरी 2022 को भुगतान हेतु आदेश के बाद बजाज चीनी मिल ने अब तक 70 करोड़ रूपए से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि प्रदेश के गन्ना आयुक्त संजय भूस रेड्डी द्वारा बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान की प्रतिदिन व्यक्तिगत स्तर पर समीक्षा की जा रही है। साथ ही उनके द्वारा निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्तर पर गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान मे लापरवाही न की जाय। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन गन्ना मूल्य भुगतान की रिपोर्ट जिला गन्ना अधिकारी के माध्यम से मंगवाई जा रही है तथा निर्देशित किया है कि पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार मिल से किसानों का गन्ना मूल्य हर हाल भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

# 37 सेंटरों पर दो पालियों में होगी टीईटी परीक्षा, तैयारी पूरी

**संवाददाता।** बस्ती

**● पहली पाली दस से साढ़े 12 बजे, और दूसरी पाली ढ़ाई बजे से पांच बजे तक**

**उ. प्र.** शिक्षक पात्रता परीक्षा यानि टीईटी 23 जनवरी को होने जा रही है। इस परीक्षा में 28 हजार अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। पहली पाली में 17 हजार और दूसरी पाली में 11 हजार परीक्षार्थी भाग लेगें। दो पालियों में होने वाले इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए 37 केंद्र बनाए गएं है। दो पालियों में परीक्षा होगी, पहली पाली सुबह दस से साढ़े 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा ढ़ाई बजे से पांच बजे तक होगी। परीक्षा का सकुशल संपन्न कराने के लिए दोनों पालियों में 74 स्टैटिक मजिस्टेट और इतनी ही संख्यां में पर्यवेक्षक लगाए गएं है। जिन 37 केंद्रों पर 23 जनवरी को टीईटी की परीक्षा होने जा रही है, उनमें राजकीय इंटर कालेज बस्ती, राजकीय बालिका इंटर कालेज बस्ती।, केडीसी, शिवहर्ष उपाध्याय इंटर कालेज बस्ती, महिला महाविधालय, खैर इंटर कालेज, बेगम खैर इंटरकालेज, एपीएन डिग्री कालेज, सक्सेरिया इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, पांडेय इंटर कालेज, श्रीमती पांडेय इंटर कालेज, जनता शिक्षा निकेतन इंटर कालेज ओड़वारा, कृषक इंटर कालेज बेलाड़ी, शिवमोहरनाथ इंटर कालेज, नगर बाजार बस्ती, श्रीहंसराज इंटर कालेज गनेशपुर, किसान इंटर कालेज मरहा कटया, इंदिरा गांधी इंटर कालेज कप्तानगंज, देशराज इंटर कालेज वाल्टरगंज, विजय प्रताप इंटर कालेज महसों, गन्ना विकास इंटर कालेज मुंडेरवा, औधैगिक विकास इंटर कालेज बिहरा बाजार, नेशनल इंटर कालेज हर्रैया, श्रीराम पब्लिक स्कूल पुराना डाकखाना, सेंटल एकाडमी सिविल लाइन, सरस्वती विधा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विधालय रामबाग, सरस्वती बालिका विधा मंदिर रामबाग, यूनिक साइंस एकेडमी रौता चौराहा, द सिटी मांटेसरी स्कूल मालवीय रोड, पंडित राजन महिला डिग्री कालेज द्विजेश मार्ग बस्ती, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. शिवा कालोनी, सेंट जेवियर सीनियर सेकेडी स्कूल, दिल्ली स्कूल आफ एक्सिलेंस हवेली खास, कपिल गगां पब्लिक स्कूल रेलवे स्टेशन, सरला इंटरनेशनल एकेडमी प्लास्टिक कांपलेक्स एवं श्रीराम सहाय कन्या महाविधालय महरीपुर बस्ती।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत वितरण 31 तक

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत शनिवार 22 जनवरी से 31 जनवरी तक के मध्य निःशुल्क वितरण कराये जाने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न गेहूँ एवं चावल का निःशुल्क वितरण शनिवार 22 जनवरी से प्रारम्भ होकर आगामी 31 जनवरी तक सम्पन्न होगा। इस दौरान अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट 03 किग्रा गेहूँ व 02 किग्रा चावल का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा 26 जनवरी तथा 27 जनवरी को उपलब्ध रहेगी तथा योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 31 जनवरी रहेगी।

# विपक्ष की कमजोरी का लाभ भाजपा को मिलेगा: राजेंद्र पांडेय

**● संस्कृति, राष्ट्रवाद, राम मंदिर एवं काशी विश्वनाथ कारीडोर के सहारे बनेगी भाजपा की सरकार ● बसपा की दुकान बंद हो गई तो सपाई आपस में लड़ रहे ● जिले के पांचों सीटो पर लहराएगा भगवा ● सदर विधायक दयाराम की स्थित काफी मजबूत**

**संवाददाता।** बस्ती

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं सदर विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र पांडेय का दावा है, कि जिले में पांचों सीटों पर भगवा लहराएगा। कहा कि भाजपा संस्कृति, राष्टवाद, राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कारीडोर के सहारे प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। जिले के पांचों सीटों में सदर सीट को सबसे मजबूत मानते कहा कि यहां पर वर्तमान विधायक दयाराम की स्थित अन्य विधानसभाओं में से सबसे अधिक मजूबत है। कहा कि इन्हीं के प्रयास से ही बंद पड़ी मुंडेरवा चीनी मिल चालू हो सकी, जिसका लाभ इन्हें चुनाव में मिलेगा। कहा कि वह जीत की मिठाई खा और खिलाकर ही यहां से जाएगें। कहा कि जिले में संगठन की मजबूती का लाभ सभी पांचों विधानसभाओं में पार्टी को मिलेगा। एक बातचीत में उन्होंने कहा कि जिले में विपक्ष के कमजोर होने का लाभ भाजपा को मिलेगा। कहा कि एक तरफ बसपा की दुकान बंद हो गई तो दूसरी तरफ सपा के लोग आपस में लड़ रहे हैं। जिले में भाजपा को 50 फीसद से अधिक मत मिलेगा, वैसे उनका लक्ष्य 50 से 60 फीसद मत का है। कैडर के लोगों को प्राथमिकता न दिए जाने के सवाल पर कहा कि जो चार चरण के प्रत्याशियों की घोषणा हुई उसमें अधिकतर कैडर के लोगों को ही पार्टी ने मौका दिया। जिले के एक-एक विधायकों की स्थित के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सबसे मजबूत स्थित सदर विधानसभा के विधायक दयाराम चौधरी की बन रही है। उन्होंने यह भी माना कि आज भी अधिक भाजपा के प्रत्याशी मोदी और योगी के दम पर चुनाव जीतते है। इसका मतलब यह नहीं कि जीतने वाले विधायकों का महत्व कम हो गया, या फिर उनका योगदान नहीं रहा। आपसी गुटबाजी के सवाल पर कहा कि यह रोग अभी तक भाजपा के लोगों को नहीं लगा। उन्होंने कई कड़वे सच को स्वीकार भी किया और कहा कि राजनीति में अगर दुश्मन भी मिलते हैं, तो वे मुस्कराते हुए ही मिलते है। वर्तमन में हो रहे उठापटक के बारे में कहा कि इसका हरहाल में भाजपा को लाभ मिलने वाला है। अगर सपा सरकार बनाने का सपना देख रही है, तो उसका सपना-सपना ही रह जाएगा।



राजेंद्र पांडेय

## पीपीई किट व ग्लब्स पहन वोट डालेंगे कोविड पाजिटिव मतदाता

**बस्ती।** निर्वाचन आयोग को जितना इस बार कोविड को लेकर जितनी सावधानी बरतनी और धन खर्च हो रहा है, उतना इससे पहले किसी भी चुनाव में नहीं हुआ, यहां तक ही हाल ही में सपंन्न हुए पंचायती चुनाव में भी इससे आधी व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके पीछे आयोग का मतदाताओं को हर हाल में कोविड से बचाना और उन्हें बूथ तक लाना है। प्रशासन भी इसे लेकर काफी सतर्क दिखाई दे रहा है। कोविड पाजिटिव मतदाताओं को पहले तो 12 डी के तहत उन्हें घर पर ही पोस्टल बैलेट के जरिए वोट करने की छूट दी गई, मगर कोई मतदाता यह चाहता है, कि वह पोलिंग बूथ पर ही जाकर वोट करेंगे, तो ऐसे मतदाताओं के लिए पीपी किट, हैंडग्लब, सेनेटाइजर जैसी व्यवस्था की गई। प्रत्येक पाजिटिव मतदाता को मतदान करने से पहले उन्हें पीपी किट और हैंडग्लब पहनाया जाएगा। इतना ही नहीं पीठासीन अधिकारी को भी पीपी किट और हैंडगल्ब पहननना होगा। इस तरह के मतदाताओं के लिए तीन सौ पीपी किट की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक मतदाताओं के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है, अगर कोई नहीं पहन कर आता है, उसे बूथ पर ही मास्क दिया जाएगा। इसके लिए लगभग 30 लाख मास्क की आवश्यकता बताई जा रही है। प्रत्येक पोलिगं पार्टी का एक साथ छह मास्क और एक-एक 100 एमएल. वाला सेनेटाइजर उपलब्ध कराया जाएगा। मतदान करने से पहले भी मतदाताओं को थर्मल स्कैनिगं से और सेनेटाइजर से गुजरना पड़ेगा। है। हैंडग्लब लगाकर ही वोट करने की इजाजत होगी। कहा जा रहा है, कि यह सारी सावधानी इस लिए बरती जा रही है, ताकि पंचायत चुनाव जैसी स्थित न होने पाएं। मतदाताओं के साथ प्रशासन मतदान कर्मियों की सुरक्षा का भी बखूबी ध्यान रख रहा है। प्रशासन की मंशा न सिर्फ सकुशल मतदान संपन्न कराना ही नहीं बल्कि मतदान कर्मियों और अधिकारियों को कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान करना है।

# पानी के लिए तरस रही शहर की आधी आबादी

**संवाददाता।** बस्ती

**● पिछले एक सप्ताह से आवास विकास कालोनी, बैरिहवां और ब्लॉक रोड के हजारों घरों में नहीं जा रहा पानी ● गैस पाइप लाइन की खुदाई में दर्जन से अधिक स्थानों पर पानी का पाइप ही कट गया ● जलकल की जेई अर्चना ने ड्रिल मशीन को जब्त किया और खुदाई को रोकवाया ● जलकल विभाग का पूरा अमला पानी की बहाली में लगा हुआ**

**गैस** पाइप लाइन बिछाने वाली टोरंटो कंपनी की लापरवाही और मनमानी के चलते शहर की आधी आबादी पिछले एक सप्ताह से पानी के लिए तरस रही है। इस कंपनी के आदमियों ने आवास विकास कालोनी, बैरिहवा और ब्लॉक रोड़ पर लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर खुदाई कर दी, जिसके चलते पानी वाला पाइप जगह-जगह फट गया। जलकल विभाग की अवर अभियंता अर्चना बताती है, कि एक लिकेज को किसी तरह ठीक किया जाता है, तो दूसरी तरह पाइप फटने की जानकारी मिलती। कहती है, जलकल का पूरा स्टाफ पिछले एक सप्ताह से सिर्फ लिकेज को ठीक करने में लगा हुआ, इसके चलते जेसीबी तक से खुदाई करनी पड़ रही है, जिसके चलते पूरे शहर की सड़क बर्बाद हो गई है। बताया कि जब मना करने के बाद कंपनी के लोगों ने डिल मशीन से खुदाई करना बंद नहीं किया, उनकी मशीन को ही जप्त कर लिया गया, और कह दिया गया कि अगर फिर कहीं मशीन से खुदाई की गई तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शहर की सबसे घनी आबादी वाली आवास विकास कालोनी में पांच हजार से अधिक लोग रहते हैं, जरा अंदाजा लगाइए कि अगर लगभग दो हजार घरों में पिछले एक सप्ताह से पानी नहीं मिलेगा तो उस परिवार के लोगों की क्या स्थित होगी, वह तो अच्छा हुआ कि ठंड का मौसम है, वरना हाहाकार मच जाता, वेसे ही अधिकतर घरों के लोग खासतौर पर महिलाओं और बच्चों को पानी न मिलने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, कईघरों में तो पाइप फट जाने से दूषित पानी आ रहा है, और घर के लोग मजबूरी में इसी से काम चला रहे हैं। आवास विकास में लगभग एक दर्जन स्थानों पर पाइप फटा हुआ, जिसे ठीक कराने में जलकल विभाग के पसीने छूट रहे है। यही हाल हजारों की आबादी वाले बैरिहवां और ब्लॉक रोड की है। जेई अर्चना कहती है, कि अगर पाइप डालने वाली कंपनी मैनुअल खुदाई करते तो उन्हें पानी के पाइप के होने का अंदाजा हो जाता, मगर यह लोग अपनी सुविधा के लिए डिल मशीन से खुदाई कर रहे है। जिसके चलते जगह-जगह पानी वाला पाइप फट जा रहा है। कहा कि अगर फिर कहीं कंपनी ने मशीन से खुदाई की तो कंनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वैसे शहर के लोग खुद ही मशीन से खुदाई करने का विरोध कर रहे है। जेई ने कहा भी अगर किसी को भी मशीन से खुदाई करते मिले तो फौरन उसे रोकवा दे, और इसकी सूचना वह मेरे मोबाइल नंबर 7897771589 पर दें सकते है।

# टीईटी परीक्षा केन्द्रों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**● नकलविहीन परीक्षा कराये जाने का दिया निर्देश**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से आगामी उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0 टी0ई0टी0) को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में परीक्षा केंद्र बनाए गए विद्यालयों - मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, खलीलाबाद इंटर कॉलेज, गन्ना विकास इंटर कॉलेज, ए0बी0एम0 इंटर कॉलेज, कुड़ी लाल रुंगटा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रेखा पाठक संकटा प्रसाद इण्टर कालेज, खलीलाबाद का भ्रमण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा की निगरानी में परीक्षा शुरू होने से लेकर परीक्षा समाप्ति तक निर्बाधरुप से रिकॉर्डिंग के साथ परीक्षा कराई जाएगी तथा सभी अभ्यर्थियों से कोविड-19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन कराया जाए।




निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी — पायनियर

# एसपी के निर्देश पर 75 अपराधियों का किया गया सत्यापन

**● दो लुटेरे पाये गये मृत**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**अपर** पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर अखिल कुमार पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती राजेश मोदक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2022 के दृष्टिगत चुनाव को सकुशल, भयमुक्त व निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के कुल 75 लुटेरे अपराधियों के सत्यापन का अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना/चौकी/हल्का प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सभी लुटेरे अपराधियों के घर पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान 11 लुटेरे जेल में निरुद्ध पाये गये, 36 लुटेरे घर पर मौजूद मिले, 22 लुटेरे परदेश में पाये गये परदेश में निवास करने वाले लुटेरों का सत्यापन दूरभाष द्वारा किया गया, 02 लुटेरे मृत पाये गये। शेष लुटेरे अपराधी जो कि फरार/लापता पाये गये जिनके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग के दौरान मौजूद मिले लुटेरे अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। समस्त थाना प्रभारियों को लुटेरे अपराधियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे कि चुनाव के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।



अपराधियों का सत्यापन करती पुलिस

# खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी, पांच की दुकानें निलंबित

**संवाददाता।** गोंडा

**● तीन की जमानत राशि जब्त**

**जिलाधिकारी** के सख्त निर्देश के बावजूद सरकारी गल्ला देने मे गड़बड़ी करने वाले कई कोटेदार फंस गए हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे मनबढ़ कोटेदारों के खिलाफकड़ा एक्शन लेते हुए दुकानें निलंबित करने तथा जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की है।

बताते चलें कि शासन के निर्देशानुसार माह दिसम्बर 2021 से माह मार्च 2022 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को प्रत्येक माह खाद्यान्न के साथ साथ 01 किग्रा खाद्य तेल 01 किग्रा आयोडाइज्ड नमक एवं 01 किग्रा साबूत चना का निःशुल्क वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। विभिन्न स्तरों से प्रायः ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप लाभार्थियों, कार्डधारकों को वितरित किये जाने वाले निःशुल्क खाद्यान्न व अन्य सामग्री के वितरण के समय उपभोक्ताओं को अनुमन्य मात्रा में खाद्यान्न न देकर घटतौली की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त कुछ विक्रेताओं द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री न देकर धनराशि की वसूली की जा रही हैं। विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में खाद्य विभाग एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उचित दर विक्रेताओं के द्वारा किये जा रहे आवश्यक वस्तुओं के वितरण की गहन जॉच करायी गयी। जॉच में पायी गयी गम्भीर अनियमितताओं के फलस्वरूप तहसील करनैलगंज के विकास खण्ड कटरा बाजार अन्तर्गत ग्रामसभा राजगढ अमीन के उचित दर विक्रेता मदन चन्द्र, विकासखण्ड करनैलगंज अन्तर्गत ग्रामसभा अहिरौरा के विक्रेता अख्तर व ग्रामसभा पैरोरी के विक्रेता कृष्ण मुरारी ओझा, तहसील मनकापुर के विकासखण्ड मनकापुर अन्तर्गत ग्रामसभा मिश्रौलिया गोसाई के विक्रेता करम अली तथा तहसील सदर के विकासखण्ड झंझरी अन्तर्गत ग्रामसभा बूढा देवर के उचित दर विक्रेता तापेश्वरी प्रसाद के उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबन्ध पत्र निलम्बित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ उचित दर विक्रेताओं के वितरण में आंशिक कमियों परिलक्षित हुई, जिसमें तहसील सदर के विकासखण्ड इटियाथोक अन्तर्गत ग्रामसभा भवानीपुर कला के विक्रेता धर्मेन्द्र कुमार , ग्रामसभा रमवापुर नायक के विक्रेता ओमप्रकाश एवं विकासखण्ड मुजेहना के विक्रेता सालिकराम द्वारा जमा प्रतिभूति की राशि पांच हजार रूपए शासन के पक्ष में जब्त कर भविष्य में वितरण के प्रति अपेक्षित सुधार हेतु कठोर चेतावनी दी गयी है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जनसामान्य/कार्डधारकों को सूचित किया है कि यदि किसी उचित दर विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण की अनियमितता की जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी के साथ-साथ जिला पूर्ति कार्यालय में मिलकर अथवा दूरभाष संख्या- 05262-230352 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि किसी उचित दर विक्रेता के विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरूद्ध दुकान निलम्बन, निरस्तीकरण के साथ-साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा। उन्होंने बताया है कि माह के द्वितीय वितरण चक शनिवार 22 जनवरी से प्रारम्भ होगा, जिसमें अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाना है। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने दुकान से सम्बद्ध समस्त कार्डधारकों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार निःशुल्क खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे जॉच की प्रक्रिया निरन्तर जारी रखें।

## ...अब सड़क किनारे की जमीन नहीं घोषित होगी आबादी

**संवाददाता।** बस्ती

**विशेष भूमि** अध्याप्ति अधिकारी ने जनपद बस्ती के सदर, हर्रैया, रुधौली एवं भानपुर के एसडीएम तथा जनपद संतकबीरनगर के खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा तहसील के एसडीएम को पत्र लिखकर उनसे सड़क किनारे की जमीन का धारा-80 यानि आबादी घोषित न करने की कार्रवाई करने को लिखा है। इस आदेश के बाद उक्त तहसीलों के सभी सड़क के किनारे की जमीन अब आबादी घोषित नहीं होगी। इसका अधिकतर लाभ जमीनों को कारोबार करने वाले ही उठाते रहे हैं, या फिर वे जमीनों के मालिक जिन्हे बैक से लोन लेना रहता है, वह धारा-80 कराना चाहते है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी की ओर से यह कार्रवाई बस्ती एवं जनपद संतकबीरनगर में विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहरित करने को लेकर की गई।

# सदाबहार है चाय



माधव सारदा ने इस गर्म पेय की बिक्री में वृद्धि के कारणों को सूचीबद्ध किया।

चाय भारत और दुनिया भर में सबसे पसंदीदा पेय पदार्थों में से एक है। लोगों ने प्राचीन काल से चाय का आनंद लिया है और इसे अपनी मूल संस्कृति के सबसे पोषित भागों में से एक मानते हैं। इस सुपर बेवरेज के प्रति भारतीयों के प्यार ने देश में चाय उद्योग को एक वफादार ग्राहक आधार दिया है, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से विकास हुआ है।

एक्सपर्टमार्केटसर्च डॉट कॉम के अनुसार, भारतीय चाय उद्योग के 2021-26 की अवधि में लगभग 4.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने और इस अवधि के अंत तक 1.40 मिलियन टन के अनुमानित मूल्यांकन तक पहुंचने की उम्मीद है।



भारत में चाय उद्योग के परिदृश्य को निर्धारित करने वाले कुछ रुझान इस प्रकार हैं-

## एक वेलनेस सुपरफूड के रूप में चाय

चल रही कोविड महामारी की स्थिति के कारण, सिद्ध स्वास्थ्य लाभ के साथ चाय का एक बड़ा पुनरुत्थान हो रहा है। हल्दी, अश्वगंधा, मोरिंगा, तुलसी आदि जैसे आयुर्वेदिक अवयवों के साथ प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली चाय और सुपरफूड बड़ी मांग में हैं।

न्यूमर रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 443 मिलियन भारतीय सहस्राब्दी हर महीने अपने स्वास्थ्य और कल्याण पर 4,000 रुपये से अधिक खर्च करते हैं। स्थापित कंपनियों और स्टार्ट-अप दोनों ने इस प्रवृत्ति को पकड़ लिया है और अभूतपूर्व वृद्धि देखी है।

## प्रीमियम चाय के लिए ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकता

वैश्वीकरण के आगमन और इंटरनेट की बढ़ती पैठ के साथ, उपभोक्ता मांग की जटिलताओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जैसे-जैसे वैश्विक बाधाओं को दूर करने और ई-कॉमर्स के आगमन के कारण उपलब्ध चाय की विविधता बढ़ी, समझदार ग्राहकों ने चाय ब्रांडों द्वारा पेश किए जा रहे उत्पादों में नवीनता और विविधता की तलाश शुरू कर दी।

ऐसे में प्रीमियम चाय की मांग बढ़ गई है। इन प्रीमियम चायों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली, विशेषता और स्वाद वाली चाय शामिल हैं। युवा पीढ़ी इनका लुत्फ उठा रही है।

> वैश्वीकरण के आगमन और इंटरनेट की बढ़ती पैठ के साथ, उपभोक्ता मांग की जटिलताओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

## पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ पैकेजिंग

पिछले कुछ वर्षों में चाय की पैकेजिंग ने एक लंबा सफर तय किया है। पेय बाजार में आज के कई शीर्ष ब्रांडों के लिए स्टैंड अप पाउच पसंदीदा विकल्प बन गए हैं। चाय की पैकेजिंग के लिए स्टैंड-अप पाउच पत्तियों को ताजा रखते हैं और बाहरी तत्वों से बचाते हैं। जिपर पाउच बैग प्राकृतिक पत्तियों के लंबे शेल्फ जीवन को बनाए रखने में मदद करते हैं।

ये चाय पाउच रिसाइकिल करने योग्य, लैंडफिल फ्रेंडली हैं, और पारंपरिक बॉक्स या कार्टन की तरह फटते, फाड़ते या टूटते नहीं हैं। स्टैंड-अप पाउच का विस्तृत चेहरा आपकी कंपनी की ब्रांडिंग और डिज़ाइन के लिए एकदम सही सतह के रूप में कार्य करता है।

## बढ़ती ब्रांड चेतना

कॉरपोरेट इवेंट्स और त्योहारों पर चाय के पैकेज गिफ्ट करने का चलन बन गया है, ब्रांड चेतना चलन में है। लोग अब उत्तरोत्तर असंगठित क्षेत्र के उत्पादों के बजाय ब्रांडेड लेबल का चयन कर रहे हैं। इससे चाय के ब्रांडों में वैश्विक निवेश में वृद्धि हुई है, जिनकी कहानी कहने के लिए और एक स्केलेबल बिजनेस मॉडल के साथ है।

नीलसन की अंतर्दृष्टि के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता इन दिनों खाद्य लेबल को पहले से कहीं अधिक देखते हैं और उन उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने को तैयार हैं जो कटौती करते हैं, विशेष रूप से अतिरिक्त पोषक तत्वों वाले। वे विश्वसनीय ब्रांडों के प्रति भी अधिक वफादार होते हैं।

ब्रांड वरीयता में उछाल स्वास्थ्य और स्वच्छता कारकों के प्रति झुकाव के कारण भी आया है। चूंकि आम तौर पर लोग उम्मीद करते हैं कि कोई उत्पाद ब्रांडेड होने पर प्रीमियम और विश्वसनीय होगा।

## चाय बुटीक और कैफे की बढ़ती संख्या

चाय के स्टॉल पूरे भारत में एक आम दृश्य हैं, लेकिन वे आम तौर पर खंडित और असंगठित होते हैं। भारत भर में उभर रही चाय कैफे श्रृंखला उपभोक्ताओं को घर में खपत और सड़क के किनारे साधारण स्टॉल के बीच एक विकल्प दे रही है। आधुनिक कॉफी श्रृंखलाओं के समान चाय के आउटलेट वाली कई कंपनियां उभरी हैं, और धीरे-धीरे भारत में चाय उद्योग में क्रांति ला रही हैं। ये कंपनियां युवा भारतीयों को चाय के ढाबों के उन्नत संस्करण की पेशकश कर उनसे अपील करने की कोशिश कर रही हैं और उनके प्रयास रंग ला रहे हैं। इनमें से कुछ स्टार्ट-अप अब राष्ट्रीय श्रृंखलाएं हैं। ये टी चेन ओपन-एयर चाय विक्रेताओं के लिए एक बेहतर विकल्प हैं, जो उपभोक्ताओं को बैठने और स्नैक्स के साथ अधिक आरामदेह वातावरण प्रदान करते हैं।

**(लेखक एक विशेषज्ञ टी टेस्टर और गोल्डन टिप्स टी के प्रबंध निदेशक हैं।)**



# शाकाहारी बनाम पौधे आधारित आहार

**शब्द - शाकाहारी और पौधे-आधारित - अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं। आरती गिल ने सूक्ष्म अंतरों की ओर इशारा करते हुए सीधे समझाया।**

दुनिया भर में शाकाहार और पौधों पर आधारित जीवन की बढ़ती लोकप्रियता के साथ इन दोनों जीवन शैली के बारे में अभी भी बहुत भ्रम है। उनके बीच विभिन्न समानताओं के कारण लोग उनका परस्पर उपयोग करते हैं। लेकिन पौधे आधारित आहार शाकाहारी आहार के समान नहीं हैं। अनिवार्य रूप से, एक शाकाहारी आहार प्रत्येक पशु उत्पाद को आहार से हटा देगा। दूसरी ओर, पौधे-आधारित आहार में पूरी तरह से या अधिकतर पौधे-आधारित खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। कई विशेषज्ञों द्वारा पौधों पर आधारित आहार को एक स्वस्थ विकल्प के रूप में माना जाता है क्योंकि ये अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को खत्म करते हुए साबुत अनाज, ताजे फल और सब्जियां जैसे पौधे आधारित खाद्य पदार्थ खाने से अधिकतम पोषण प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।



शाकाहारी शब्द पहली बार 1944 में डोनाल्ड वाटसन द्वारा गढ़ा गया था, जो एक पशु अधिकार अधिवक्ता और वेगन सोसाइटी के संस्थापक थे। इसका अर्थ है एक व्यक्ति जो नैतिक कारणों से जानवरों और पशु-व्युत्पन्न उत्पादों से परहेज करता है। कोई व्यक्ति जो शाकाहारी आहार का अधिक बार पालन करता है, न केवल अपने आहार से बल्कि अपनी दैनिक जीवन शैली से भी जानवरों और पशु-व्युत्पन्न उत्पादों को समाप्त कर देता है। एक शाकाहारी आहार में केवल पौधे आधारित खाद्य पदार्थ होते हैं और डेयरी, मांस, मुर्गी पालन, मछली, अंडे और यहां तक ?ंकि शहद हर पशु उत्पाद को समाप्त कर देते हैं। अधिकांश लोग जो शाकाहारी बनते हैं वे आमतौर पर नैतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारणों से परिवर्तित होते हैं। अधिकांश स्वास्थ्य पोषण विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि सिर्फ इसलिए कि किसी चीज को शाकाहारी करार दिया जाता है, इसका सीधा मतलब यह नहीं है कि वह स्वस्थ है। शाकाहारी संस्कृति की लगातार बढ़ती लोकप्रियता ने शाकाहारी फास्ट-फूड जैसे शाकाहारी चिप्स, शाकाहारी कुकीज़ और बहुत कुछ की एक पूरी नई श्रेणी को जन्म दिया है। अन्य प्रकार के जंक फूड की तरह शाकाहारी जंक फूड में अधिक कैलोरी और कम पोषण होता है।

जबकि पौधे-आधारित शब्द का प्रयोग आमतौर पर आहार के संदर्भ में किया जाता है, लोगों की बढ़ती संख्या ने अपने जीवन के अन्य पहलुओं में अन्य पौधों पर आधारित उत्पादों को अपनाना शुरू कर दिया है क्योंकि पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ इनके कई लाभ हैं।

पौधे आधारित आहार में, मुख्य रूप से पूरे खाद्य पदार्थ खाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो शून्य या कम प्रसंस्करण से गुजर चुके हैं। भोजन जितना संभव हो अपनी प्राकृतिक और प्राचीन अवस्था में है। ये शरीर द्वारा बेहतर अवशोषित होते हैं और एडिटिव्स जैसे हानिकारक अवयवों की अनुपस्थिति के कारण लंबे समय तक खपत के लिए सुरक्षित होते हैं। पौधे आधारित आहार में सब्जियां, फल, साबुत अनाज (क्विनोआ, फारो, जौ, दलिया), पौधे आधारित तेल (एवोकैडो, जैतून, कैनोला), नट और बीज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

हरी सब्जियां और ताजे फल अपने मूल रूप में सबसे अच्छे रूप में खाए जाते हैं क्योंकि इनमें विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सिडेंट जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की एक बड़ी मात्रा होती है। बादाम और एवोकाडो जैसे पौधे आधारित वसा भी स्वस्थ वसा के उत्कृष्ट स्रोत हैं। यदि आपके पास हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास है या आपको शरीर से चेतावनी संकेत मिल रहे हैं, तो पौधे आधारित आहार पर स्विच करना सबसे अच्छा है; बस इसके अनगिनत लाभों के कारण।

चाहे आप पौधे पर आधारित हों या शाकाहारी, स्वस्थ शरीर के लिए दो कारकों को ध्यान में रखना चाहिए :

मैक्रो और माइक्रो की सही मात्रा के साथ संतुलित आहार का सेवन

स्वच्छ पोषण, हानिकारक रसायनों, एडिटिव्स, कृत्रिम मिठास के बिना

इन कारकों पर नज़र रखने से यह सुनिश्चित होगा कि आप अपने दैनिक आहार से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करें।

**(लेखक ओजिवा की सह-संस्थापक हैं)**



# लाल सिंह चड्ढा 14 अप्रैल को ही रिलीज होगी

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा 14 अप्रैल को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह जानकारी निर्माताओं ने शुक्रवार को दी और फिल्म रिलीज की तारीख में बदलाव की अटकलों को खारिज किया।

इस सप्ताह की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि लाल सिंह चड्ढा की रिलीज स्थगित कर दी गई है और यह 11 अगस्त को रिलीज हो सकती है।

सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए, फिल्म के निर्माता आमिर खान प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम के जरिए एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि फिल्म की रिलीज की तारीख में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

बयान में कहा गया, आमिर खान प्रोडक्शंस लाल सिंह चड्ढा की रिलीज की तारीख बैसाखी, 14 अप्रैल 2022 है। हम एक बार फिर उन सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने इस फिल्म को बनाने में हमारा समर्थन किया है। लाल सिंह चड्ढौ में करीना कपूर खान, मोना सिंह सहित अन्य कलाकार हैं।



# रेमो डि सूजा ने अपने साले जैसन वाटकिंस को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** नृत्य-निर्देशक तथा फिल्मकार रेमो डि सूजा ने शुक्रवार को अपने साले जैसन वाटकिंस के निधन पर शोक व्यक्त किया। वाटकिंस (42) ने बृहस्पतिवार को यहां मिल्लत नगर में अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी। डि सूजा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि वह अपने साले के निधन की खबर सुनकर दुखी हैं। उन्होंने लिखा, भाई आपने हमारा दिल तोड़ दिया। आपकी आत्मा को शांति मिले।

खबरों के अनुसार वाटकिंस एक नृत्य निर्देशक थे और कई परियोजनाओं में डि सूजा के साथ काम कर चुके थे। ओशिवारा पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है क्योंकि मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया है।

# आठ साल बाद टीवी पर वापसी करेंगे विक्रांत मेसी



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मेसी आठ साल बाद टीवी पर वापसी करेंगे। वह कहानी नवभारत की नाम की एक डॉक्युमेंटरी सीरीज की एंकरिंग करते नजर आएंगे, जो देश के इतिहास एवं विकास यात्रा में आने वाले अहम पड़ावों को बयां करेगी। टाइम्स नाउ नवभारत 26 जनवरी को एक विशेष एपिसोड के जरिए इस सीरीज की शुरुआत करेगा। मेसी के मुताबिक, वह इस सीरीज की एंकरिंग के लिए इसलिए राजी हुए, क्योंकि यह भारत के इतिहास का सटीक विवरण देती है।

अभिनेता ने कहा, मैं छोटे पर्दे पर लौटने के लिए इसलिए प्रेरित हुआ, क्योंकि वहां ज्ञानवर्धक सामग्री का भंडार है। जब हम देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, तब यह सीरीज मुझे टीवी पर वापसी कर अपने प्रशंसकों से संवाद करने का सबसे उपयुक्त मौका लगी। यह विस्तृत रिसर्च पर आधारित गैर-फिक्शन शो है। मैं अपनी जिंदगी में पहली बार ऐसा कोई शो कर रहा हूं। अपर्णा सान्याल के निर्देशन में बनी दस भागों वाली डॉक्युमेंटरी सीरीज कहानी नवभारत की 30 जनवरी से शुरू होगी। इसका प्रसारण हर रविवार को किया जाएगा। विक्रांत इससे पहले 2014 में प्रदर्शित कॉमेडी शो अजब गजब घर जमाई में छोटे पर्दे पर नजर आए थे।

# सुशांत राजपूत के जन्मदिन पर रिया चक्रवर्ती ने वीडियो पोस्ट किया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने शुक्रवार को सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपना एक पुराना वीडियो पोस्ट किया। शुक्रवार को दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत का 36वां जन्मदिन है।

34 वर्षीय अभिनेता 14 जून, 2020 को उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे।

सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने चक्रवर्ती पर अभिनेता को आत्महत्या के लिए उकसाने और उनकी संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। रिया चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर अपना और सुशांत का एक छोटा वीडियो साझा किया जिसमें वे कैमरे के लिए अजीबोगरीब पोज देते नजर आ रहे हैं।

29 वर्षीय अभिनेता ने पोस्ट को दिल वाली इमोजी के साथ कैप्शन दिया, आपकी बहुत याद आती है।

राजपूत के परिजनों द्वारा चक्रवर्ती के खिलाफ कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किए जाने के बाद, रिया चक्रवर्ती के खिलाफ उनके व्हाट्सएप चैट के आधार पर मादक पदार्थ की कथित खरीद को लेकर भी एक जांच शुरू की गई थी।



जांच की शुरुआत मुंबई पुलिस ने की थी जिसके बाद इसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) को अभिनेता की मौत के विभिन्न कोणों की जांच के लिए शामिल किया गया था। मेरे डैड की मारुति और जलेबी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाली चक्रवर्ती ने राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में यहां 28 दिन जेल में बिताए थे।

# भारत की लगातार दूसरी हार, सीरीज गंवाई

## दक्षिण अफ्रीका ने वनडे मैच में सात विकेट से आसान जीत दर्ज की

### ●मलान ने 91 और डिकॉक ने 78 रन की बेहतरीन पारी खेली

**भाषा** । पार्ल

**दक्षिण** अफ्रीका ने दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया को एकतरफा तरीके से सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका ने 288 रन के टारगेट को 48.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। यानेमन मलान ने सबसे ज्यादा 91 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने 78 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट खोकर 287 रन बनाए। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 85 और कप्तान केएल राहुल ने 55 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने नाबाद 40 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से तबरेज शम्सी ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। सिसांदा मलागाए मार्करमए केशव महाराज और एंडिले फेलुकवायो ने एक-एक विकेट लिया। टीम इंडिया ने पहले दो विकेट 64 के स्कोर पर गंवा दिए थे। उसके बाद नंबर चार पर ऋषभ पंत बैटिंग के लिए आए।

पंत ने मैदान पर आने के साथ ही आक्रामक अंदाज में खेल दिखाया। उन्होंने 43 गेंदों पर अपना पचासा पूरा किया। ऋषभ मैदान के चारों ओर बड़े शॉट्स लगा रहे थे और उनकी बल्लेबाजी को देखकर ऐसा लग रहा था कि वह अपना शतक पूरा करने में सफल होंगे। हालांकि ऐसा ना हो सका और वह 85 रन बनाकर तबरेज शम्सी की गेंद पर आउट हुए। ऋषभ के वनडे करियर की ये सबसे बढ़िया पारी रही।

वहीं दूसरे मैच में विराट कोहली बिना खाता खोले ही आउट हो गए। उनका विकेट केशव महाराज के खाते में आया। 50 ओवर फॉर्मेट में पहली बार किसी स्पिन गेंदबाज ने कोहली को शून्य पर आउट किया। साथ ही विराट 2019 के बाद पहली बार वनडे क्रिकेट में 0 पर आउट हुए। कोहली से पहले शिखर धवन 29 रन बनाकर एडेन मार्करम की गेंद पर आउट हुए थे।


ऋषभ पंत ने भारत के सर्वाधिक 85 रन बनाए


अर्धशतक पूरा करने के बाद कप्तान लोकेश राहुल

**स्कोर बोर्ड**

**भारत** :लोकेश राहुल का वान डेर डुसेन बो मगाला 55, शिखर धवन का मगाला बो मार्कराम 29, विराट कोहली का बावुमा बो महाराज 00, ऋषभ पंत का मार्कराम बो शम्सी 85, श्रेयस अय्यर पगबाधा शम्सी 11, वेंकटेश अय्यर स्टं. डिकॉक बो फेहलुकवायो 22, शारदुल ठाकुर नाबाद 40, रविचंद्रन अश्विन नाबाद 25
अतिरिक्त: 20
कुल: 50 ओवर में छह विकेट पर: 287 रन
विकेट पतन: 1-63, 2-64, 3-179 , 4-183, 5-207 , 6-239
गेंदबाजी: एनगिडी 8-0-35-0, मगाला 8-0-64-1, मार्कराम 8-0-34-1,महाराज 9-0-52-1, फेहलुकवायो 8-0-44-1, शम्सी 9-0-57-2

**दक्षिण अफ्रीका**: यानेमन मलान बो बुमराह 91, क्विंटन डिकॉक पगबाधा शारदुल 78, तेंबा बावुमा का एवं बो चहल 35, ऐडन मार्कराम नाबाद 37, रेसी वान डर डुसेन नाबाद 37
अतिरिक्त: 10
कुल: 48.1 ओवर में तीन विकेट पर: 288 रन
विकेट पतन:1-132, 2-212, 3-214
गेंदबाजी: बुमराह 10-0-37-1, भुवनेश्वर 8-0-67-0, अश्विन 10-1-68-0, चहल 10-0-47-1, शारदुल 5-0-35-1, वेंकटेश 5-0-28-0, श्रेयस 0.1-0-1-0

### भारत टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच पाकिस्तान से खेलेगा

**दुबई**। भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाले टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया जिसका फाइनल 13 नवंबर को खेला जाएगा। भारत पिछले साल दुबई में टी-20 विश्व कप के मैच में पाकिस्तान से हार गया था। यह किसी भी प्रारूप के विश्व कप में भारतीय टीम की अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के हाथों पहली हार थी।

भारत सुपर-12 के ग्रुप दो का अपना दूसरा मैच 27 अक्टूबर को सिडनी में क्वालीफायर (ग्रुप ए का उप विजेता) से खेलेगा। इसके बाद वह 30 अक्टूबर को पर्थ में दक्षिण अफ्रीका और दो नवंबर को एडीलेड ओवल में बांग्लादेश से भिड़ेगा। भारतीय टीम सुपर-12 का अपना आखिरी मैच छह नवंबर को एमसीजी में ग्रुप बी के विजेता से खेलेगी। टूर्नामेंट का दूसरे दौर यानि सुपर-12 की शुरुआत 22 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन और मेजबान आस्ट्रेलिया तथा पिछली बार के उप विजेता न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच से होगी। यह मैच सिडनी में खेला जाएगा। सुपर-12 में आस्ट्रेलिया को ग्रुप एक में विश्व में नंबर एक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान तथा ग्रुप ए के विजेता और ग्रुप बी के उप विजेता के साथ रखा गया है।

# युवा टीम आज युगांडा से भिड़ेगी

**अंडर-19 विश्व कप**

**भाषा** । टारूबा ( त्रिनिदाद )

**कई** क्रिकेटरों के कोविड-19 की चपेट में आने के कारण भारत के पास कमजोर युगांडा खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी में शनिवार को होने वाले अंतिम लीग मैच के लिए चुनने के लिए केवल 12 खिलाड़ी ही उपलब्ध होंगे क्योंकि यहां पृथकवास में चल रहे टीम के छह में से पांच सदस्य पॉजिटिव आए हैं। केवल वासु वत्स ही नेगेटिव आए हैं लेकिन ऐसी संभावना है कि टीम प्रबंधन उसी अंतिम एकादश को उतारेगा जिसने बुधवार को आयरलैंड को 174 रन से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया था।

कप्तान यश धुल, उप कप्तान शेख राशिद और अराध्य यादव रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव आए थे और ताजा आरटी-पीसीआर रिपोर्ट में भी ए पॉजिटिव आए हैं। वहीं मानव पारिख पहले नेगेटिव आए थे, पर अब वह भी पॉजिटिव आए हैं। सिद्धार्थ यादव आयरलैंड मैच से पहले आरटी-पीसीआर जांच में पहले ही पॉजिटिव आए थे। भारतीय टीम भाग्यशाली रही जो पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थी और शनिवार को अंतिम ग्रुप मैच में आसान प्रतिद्वंद्वी से भिड़ेगी। भारत निश्चित तौर पर चाहेगा कि इन सभी खिलाड़ियों की नॉकआउट चरण से पहले वापसी हो जाए।

आलराउंडर मानव प्रकाश और वासु वत्स का परीक्षण नेगेटिव आया था लेकिन उनमें संक्रमण के लक्षण थे और इसलिए उन्हें अलग थलग कर दिया गया था। युगांडा के खिलाफ मैच औपचारिक होने के बावजूद भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खिलाड़ी कोविड के कारण मानसिक तनाव में होंगे और जो खिलाड़ी पिछले मैच में चूक गए थे वे नॉकआउट से पहले मैच अभ्यास चाहेंगे।

अब तक सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगकृष रघुवंशी ने शानदार फॉर्म दिखाई है और उनसे टीम को फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर गति से रन बनाने की आवश्यकता है। धुल की गैरमौजूदगी में टीम की अगुवाई करने वाले निशांत सिंधू भी अच्छी लय में दिख रहे हैं। टीम के पास निचले मध्यक्रम में राजवर्धन हेंगारगेकर के रूप में अच्छा आक्रामक बल्लेबाज है। युगांडा ने अब तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसने पहला मैच आयरलैंड से 39 रन से गंवाया जबकि दक्षिण अफ्रीका ने उसे 121 रन से करारी शिकस्त दी थी।

टीमें- भारत: यश धुल (कप्तान), शेख राशिद (उप कप्तान), आराध्या यादव, दिनेश बाना, राज बावा, अनीश्वर गौतम, राजवर्धन हेंगारगेकर, हरनूर सिंह, मानव पारख, विक्की ओस्तवाल, अंगकृष रघुवंशी, रवि कुमार, गर्व सांगवान, सिद्धार्थ यादव, निशांत सिंधु, कौशल तांबे और वासु वत्स। युगांडा: पास्कल मुरुंगी (कप्तान), मुनीर इस्माइल (उप कप्तान), ब्रायन असाबा, इसहाक अटेगेका, जोसेफ बगुमा, साइरस काकुरु, क्रिस्टोफर किडेगा, रोनाल्ड लुटाया, जुमा मियाजी, मैथ्यू मुसिंगुज़ी, अकरम नुसुबुगा, एडविन नुवागाबा, पायस ओलोका, रोनाल्ड ओमारा और रोनाल्ड ओपियो।

## इंग्लैंड व पाक क्वार्टर फाइनल में

**भाषा** । बासेटेरे (सेंट कीट्स)

**कप्तान** टॉम प्रेस्ट के नाबाद 154 रन की मदद से पूर्व चैंपियन इंग्लैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 189 रन से करारी शिकस्त देकर अंडर-19 विश्व कप सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। प्रेस्ट ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखी।

उन्होंने 119 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा जैकब बेथेल ने 62, विलियम लक्सटन ने 47 और जार्ज थामस ने 41 रन का योगदान दिया जिससे इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 362 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लेग स्पिनर रेहान अहमद (30 रन देकर चार विकेट) की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए यूएई को 38.2 ओवर में 173 रन पर आउट कर दिया। यूएई की तरफ से सातवें नंबर के बल्लेबाज अली नासिर ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। उधर टारोबा में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 24 रन से हराकर सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ग्रुप सी के इस मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को नौ विकेट पर 239 रन ही बनाने दिए लेकिन उसके बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा पाए और उसकी टीम निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 215 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों बिलाल सईदी (81 गेंदों पर 42), नांगेलिया खरोटे (32 गेंदों पर 12) और अल्लाह नूर (49 गेंदों पर 28) ने बेहद धीमी बल्लेबाजी की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा।

एजाज अहमद अहमदजई ने 39 और नूर अहमद ने 18 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 29 रन बनाकर स्थिति संभालने की कोशिश की लेकिन वे हार का अंतर ही कम कर पाए।

## बीसीसीआई व टीम मालिक आईपीएल के बैकअप स्थलों पर चर्चा करेंगे

**नई दिल्ली**। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) टीमों के मालिक शनिवार को वर्चुअल बैठक में लीग के आगामी चरण के लिए संभावित बैक-अप स्थलों पर चर्चा करेंगे। देश में कोविड-19 की तीसरी लहर के चलते इसकी नीलामी के स्थल पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में निर्धारित है।

एक टीम अधिकारी ने कहा कि मालिको को चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है और यह वर्चुअल बैठक होगी। बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता इसे भारत में आयोजित करने की है लेकिन अगर कोविड-19 हालात खराब होते हैं तो इसके लिए एक बैक-अप योजना तैयार रखने की जरूरत है। आईपीएल 2020 का चरण संयुक्त अरब अमीरात में कराया गया था ।

# सिंधु महिला एकल के सेमीफाइनल में

**सैयद मोदी बैडमिंटन**

### ●एचएस प्रणय हारे

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**पीवी** सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में इंट्री कर ली। टूर्नामेंट में टॉप सीड पीवी सिंधु ने एक घंटा पांच मिनट चले मैच में थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग को 11-21, 21-12, 21-17 से मात दी।



दूसरी ओर पांचवीं वरीय भारत के एचएस प्रणय का सफा क्वार्टर फाइनल में हार से खत्म हो गया। उन्हें फ्रांस के अर्नाड मर्केल ने 59 मिनट चले मैराथन मुकाबले में सीधे गेम में 21-19, 21-16 से हराया। इस मैच में मर्केल के खेल का एचएस प्रणय के पास कोई जवाब नहीं था। अर्नाड ने अपनी तेजी से जीत अपनी झोली में डाल ली। मर्केल की अब सेमीफाइनल में भारत के मिथुन मंजूनाथ से टक्कर होगी। महिला एकल के मुकाबले में पवी सिंधु थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला गेम 11-21 से गंवा बैठी। सिंधु सुपानिदा के खिलाफ सहज नहीं नजर आई और अहम मौकों पर चूक उन्हें भारी पड़ी। दूसरे गेम में सिंधु ने वापसी करते हुए 21-12 से जीत दर्ज की। तीसरा गेम भी कांटे का रहा जिसमें थाई प्रतिद्वंद्वी ने कई मौकों पर बराबरी की। सिंधु ने हालांकि 17-16 से बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और सुपानिदा कातेथोंग को 21-17 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस तरह पीवी सिंधु ने दिल्ली में हुए इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में सुपानिदा कातेथोंग के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। सेमीफाइनल में सिंधु की भिंड़ंत पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया से होगी, जिन्होंने एक अन्य मैच में चेक रिपब्लिक की ट्रेजा सावाबिकोवा को 21-8, 21-14 से मात दी। मिक्स युगल के क्वार्टर फाइनल मुकाबलो में भारत के एमआर अर्जुन व त्रिशा जॉली की जोड़ी ने उलटफेर किया। इस जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फ्रांस की आठवीं सीड विलियम विलेगर व एन्ने ट्रान को 24-22, 21-17 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने कोर्ट पर शानदार जुगलबंदी व तेजी से प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को खूब छकाया।

महिला एकल में भारत की मालविका भनसोड ने आकर्षी कश्यप को 42 मिनट चले मैच में 21-11, 21-11 से मात दी।

## पठान बंधुओं के शानदार खेल से इंडियन महाराजा की आसान जीत

**भाषा** । मस्कट

**पठान** बंधुओं युसुफ और इरफान के शानदार खेल के दम पर भारतीय टीम इंडियन महाराजा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट में एशियन लायन्स को छह विकेट से हराया। युसुफ ने 40 गेंदों पर पांच छक्कों और नौ चौकों की मदद से 80 रन बनाए जबकि कप्तान मोहम्मद कैफ ने नाबाद 42 रन की पारी खेली जिससे इंडियन महाराजा ने 176 रन का लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते हुए ही हासिल कर दिया। एशियाई टीम की तरफ से शोएब अख्तर ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। महाराजा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। इरफान पठान ने अपने पहले ओवर में मोहम्मद हफीज (16) और मोहम्मद यूसुफ (एक) के विकेट निकाल दिए। उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए तथा बाद में 10 गेंदों पर नाबाद 22 रन की पारी भी खेली।

# नडाल और बार्टी चौथे दौर में, ओसाका बाहर

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी** । मेलबर्न

**स्पेन** के छठे वरीय राफेल नडाल ने आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के पुरुष एकल मुकाबले में कारेन खाचानोव की चुनौती समाप्त करते हुए चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में गत चैम्पियन नाओमी ओसाका उलटफेर का शिकार हुईं। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी ऐश बार्टी आराम से अगले दौर में पहुंच गईं।

रोलां गैरां के 13 बार के चैम्पियन नडाल ने 28वें वरीय खाचानोव को 6-3, 6-2, 3-6, 6-1 से पराजित किया। रिकार्ड 21वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब की कोशिश में जुटे नडाल का सामना इस दौर में पहली बार वरीय खिलाड़ी से हुआ।

नडाल को तीसरे सेट में थोड़ी परेशानी हुई जब रूस के छह फुट छह इंच लंबे खिलाड़ी ने उनकी सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली और यह सेट 57 मिनट में अपने नाम कर लिया, लेकिन 35 साल के नडाल ने जल्द ही संभलते हुए चौथे सेट में दो बार ओलंपिक रजत पदक विजेता की सर्विस तोड़ दी।

नडाल अभी रिकार्ड 20 पुरुष एकल खिताब के मामले में रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की बराबरी पर हैं। ओसाका तीसरे दौर में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से 4-6, 6-3, 7-6 से हारने के बाद बाहर हो गई। 20 साल की अनिसिमोवा ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में तीसरे सेट में टाईब्रेकर से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए और फिर ऐस लगाकर मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने ओसाका के 21 के मुकाबले 46 विनर्स लगाए। अनिसिमोवा ने मैच के पहले गेम में दो बार डबल फॉल्ट करके 13वीं वरीयता प्राप्त ओसाका को शुरुआती ब्रेक दिया।

अगले दौर में अनिसिमोवा का सामना बार्टी से होगा जिन्होंने 30वीं वरीय कैमिला जार्जी पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। यह मैच ओसाका-अनिसिमोवा के मैच से बाद में शुरू हुआ था लेकिन इससे पहले खत्म हो गया। बार्टी ने इसमें केवल आठ गेम गंवाए। विम्बलडन और 2019 फ्रेंच ओपन चैम्पियन बार्टी 1978 के बाद घरेलू चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली आस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में जुटी हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 15वीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में हराकर के चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबोरा क्रेसीकोवा से होगा जो पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके आगे बढ़ने में सफल रही।

अजारेंका ने 17 विनर जमाए जबकि स्वितोलिना ने लगातार सहज गलतियां की। मेलबर्न पार्क में 2012 और 2013 में खिताब जीतने वाली अजारेंका ने यह मैच 6-0, 6-2 से जीता। क्रेसीकोवा ने 26वीं वरीयता प्राप्त एलेना ओस्टापेंकों से पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके 2-6, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई।

अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने 28वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से जबकि जेसिका पेगुला ने नूरिया परिजास डियाज को 7-6 (3), 6-2 से पराजित करके चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राडू एल्बोट पर 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और अब उनका सामना डेनिस शापोवालोव से होगा। शापोवालोव ने 23वें नंबर के खिलाड़ी रेली ओपेल्का को 7-6, 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

विम्बलडन के उप विजेता माटियो बेरेटिनी ने 18 वर्षीय स्पेन के कार्लोस एल्काराज को 6-2, 7-6, 4-6, 2-6, 7-6 से शिकस्त दी। सर्बिया के मिओमीर केसमानोविच पहली बार मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे। उन्होंने 25वें वरीय लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7, 6-2, 7-5 से हराया। अब वह 17वें वरीय गेल मोंफिल्स के सामने होंगे जिन्होंने क्रिस्टियन गारिन की चुनौती 7-6, 6-1, 6-3 से समाप्त की।


रूसी खिलाड़ी कारेन खाचानोव पर जीत दर्ज करने के बाद खुशी जताते राफेल नडाल


इलिना स्वितोलिना के खिलाफ खेलतीं विक्टोरिया अजारेंका


ओसाका को हराने के बाद खुशी जतातीं अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा

# आस्ट्रेलिया ने इंडोनेशिया को 18 गोलों से रौंदा

**महिला एशियाई कप**

### ●कप्तान सैम केर ने मारे पांच गोल

**भाषा** । मुंबई

**कप्तान** सैम केर (पांच गोल) के शानदार प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां एएफसी महिला एशियाई कप के अपने शुरूआती मैच में निचली रैंकिंग की इंडोनेशियाई टीम को 18-0 गोलों से रौंद दिया।

चेल्सी की स्ट्राइकर केर को हाल में फीफा की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की उप विजेता चुना गया था। उन्होंने टूर्नामेंट के इस चरण की पहली हैट्रिक की। मैच से पहले वह आस्ट्रेलिया के सर्वकालिक (महिला और पुरूष खिलाड़ियों में) शीर्ष गोल स्कोरर सूची में टिम काहिल से एक गोल पीछे थीं लेकिन मैच के बाद वह उनसे चार गोल आगे निकल गईं। उनके 105वें मैच में 54 गोल हो गए हैं। सबसे ऊंची और सबसे नीची रैंकिंग वाली टीमों के बीच ग्रुप बी का मैच पूरी तरह से एकतरफा साबित हुआ जिसमें 2010 की चैम्पियन ने इंडोनेशिया के खिलाफ इच्छानुसार गोल दागे। इंडोनेशिया की टीम 1989 में खेलने के बाद पहली बार टूर्नामेंट में जगह बना सकी है।

नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए ग्रुप बी के एक अन्य मैच में थाईलैंड की गोलकीपर डब्ल्यू बूनसिंग की 81वें मिनट में की गई गलती से फिलीपींस ने 1-0 गोल से जीत हासिल की। फिलीपींस के लिए चांडलर मैकडेनियल ने 20 गज की दूरी से शॉट लगाया लेकिन बूनसिंग इसे रोक नहीं सकी और यह दनदनाता हुआ गोल में पहुंच गया। यह थाईलैंड के खिलाफ पिछले 13 मैचों में फिलीपींस की पहली जीत है। केर इस साल के प्रतिष्ठित महिला बैलन डि ऑर पुरस्कार में तीसरे स्थान पर थीं। वह आस्ट्रेलिया के लिए गोल करने वाली आठ खिलाड़ियों में एक रहीं। यह आस्ट्रेलिया की एएफसी महिला एशियाई कप में सबसे बड़ी जीत है। केर ने नौंवे मिनट में एमिली वान एगमंड के पास पर अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। इस गोल से वह काहिल के रिकार्ड की बराबरी पर आ गईं। दो मिनट बाद उन्होंने फिर एमिली वान एगमंड के पास पर दूसरा गोल दाग दिया। केर ने फिर 26वें, 36वें और 54वें मिनट में अपने अन्य तीन गोल किए। एमिली वान एगमंड ने भी हैट्रिक करते हुए 39वें, 57वें, 59वें और 69वें मिनट में चार गोल कर डाले। रैंकिंग पर 11वें स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया के लिए हेले रासो (24वें, 88वें), एली कारपेंटर (34वें, 49वें) और किया सिमोन (68वें, 71वें) ने दो दो गोल किए। कैटलिन फूर्ड (14वें), मैरी फाउलर (17वें) और एवी लुईक (79वें) के नाम एक एक गोल रहे। रासो ने 20 साल में टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत का अंतिम 18वां गोल किया।

### मौजूदा चैंपियन अल्जीरिया अफ्रीकन कप से बाहर

डोआला (कैमरून)। मौजूदा चैंपियन अल्जीरिया का लचर प्रदर्शन जारी रहा और वह आइवरी कोस्ट से 3-1 गोल से हारकर अफ्रीकन कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग चरण से बाहर हो गया।

आइवरी कोस्ट की एकतरफा जीत का मतलब है कि खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा अल्जीरिया एक भी जीत दर्ज किए बिना ग्रुप ई में सबसे निचले स्थान पर रहकर बाहर हो गया। एक अन्य पूर्व चैंपियन घाना भी अपने ग्रुप में कोई मैच जीतने में नाकाम रहा और आखिरी स्थान पर रहने के कारण बाहर हो गया। अफ्रीका की इन दो शीर्ष टीम को जहां बाहर का रास्ता देखना पड़ा वहीं कोमोरोस और गाम्बिया पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहे।